# दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com

www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 | अंक : 150 | पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर | पृष्ठ : 08, | मूल्य : 2 रुपये, | शनिवार 30 जुलाई 2022 | (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)


## संक्षिप्त समाचार

### यात्रियों के लिए बड़ी राहत! 500 पैसेंजर ट्रेनें शुरु करने का आदेश

नई दिल्ली। रेल मुसाफिरों के लिए ये बड़ी राहत की खबर है. रेल मंत्रालय ने आदेश जारी कर दिया है कि एक हफ्ते में बंद पड़ी सारी ट्रेनें शुरू की जाएं. रेल मंत्रालय ने करीब 500 बंद पैसेंजर ट्रेनें फिर से शुरू करने का आदेश दिया है. इसके साथ ही करीब 100 मेल एक्सप्रेस ट्रेनें भी अगले एक हफ्ते में पटरी पर दौड़ने लगेंगी। कोविड के पहले करीब 2800 पैसेंजर ट्रेनें चलती थीं. अभी सिर्फ 2300 पैसेंजर ट्रेनें ही चल रही हैं. कोविड के कारण रोक दी गई ट्रेनों में शामिल, अंतिम 500 ट्रेनें जो रुकी हुई थीं, अब उनके शुरू हो जाने से देश के करीब 150 से ज्यादा शहरों के यात्रियों को राहत मिलेगी।

कोविड से पहले करीब 1900 मेल एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही थीं, जबकि इस वक्त करीब 1770 मेल एक्सप्रेस

ट्रेनें चल रही हैं, लेकिन अब फूल स्ट्रेंथ में ट्रेनें चलाने के रेल मंत्रालय के आदेश के बाद अगले एक हफ्ते में 1900 से ज़्यादा मेल एक्सप्रेस ट्रेनें चलने लगेंगी।

रेलवे ने कोविड के दौरान गृह मंत्रालय के आदेश से यात्री ट्रेनें तो रोक दिया था, लेकिन उस दौरान ट्रैफिक से खाली पड़े ट्रैक के मेंटेनेंस का काम तेज कर दिया था. पूरे कोविड काल में रेलवे ने देश भर में ट्रैक मेंटेनेंस का जबरदस्त काम किया।

अब कोविड का खतरा काफी हद तक कम हो जाने के बाद रेलवे ने अपने सभी पीएसयू सहित देश भर में फैले अपने संस्थानों को पूरी क्षमता से काम करने का निर्देश भी जारी कर दिया है. अब रेलवे के सभी इंफ्रास्ट्रक्चर बिल्डिंग साइटों पर भी पूरी क्षमता से काम शुरू कर दिया गया है।

### राष्ट्रमंडल गेम्स की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में पाकिस्तान के सुलेमान बलोच की धूल चटा दी

नई दिल्ली। भारत के अनुभवी मुक्केबाज शिवा थापा ने शुक्रवार को बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल गेम्स की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में पाकिस्तान के सुलेमान

बलोच की धूल चटा दी है। शिवा थापा ने 63.5 किग्रा भार वर्ग के राउंड 32 के मुकाबले में 5–0 से एकतरफा जीत दर्ज की है।

2015 विश्व चौंपियनशिप में कांस्य पदक जीत चुके शिवा थापा का पहला दिन जीत के आगाज के साथ खत्म हुआ। महिला बॉक्सिंग की बात करें तो टोक्यो ओलंपिक गेम्स की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन 30 जुलाई को न्यूजीलैंड की एरियन निकोलसन के खिलाफ रिंग में उतरेगी।

### मुंबई के एक फिल्म सेट में लगी भीषण आग, मौके पर दमकल की 10 गाड़ियां

मुंबई। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के उपनगर अंधेरी (पश्चिम) में शुक्रवार को एक फिल्म के सेट में अचानक आग लग गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बगल में

चित्रकूट ग्राउंड में स्थापित एक फिल्म सेट में आग लग गई। जिसके तुरंत बाद दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। मंबई फायर ब्रिगेड के मुताबिक, शाम करीब 4रू30 बजे लिंक रोड पर स्टार बाजार के पास अंधेरी पश्चिम क्षेत्र में लेवल 2 में आग लगने की सूचना मिली। दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग कथित तौर पर 1000 वर्ग फुट क्षेत्र की एक दुकान में लगी है। अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

फिल्म सेट पर लगी आग इतनी ज्यादा भीषण थी कि दूर से लोगों को धुएं के काले गुबार दिखाई दे रहे थे। हालांकि किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। दमकलकर्मी आग बुझाने में जुटे हुए हैं। मुंबई से आए दिन आग लगने की खबरें सामने आती हैं। इससे पहले माह की शुरुआत में एक सुपरमार्केट में भीषण आग लगी थी।

नगर निकाय के एक अधिकारी ने बताया था कि पवई इलाके के एक सुपरमार्केट में लगी आग की घटना में किसी के भी घायल होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा था कि पवई के हीरानंदानी क्षेत्र में मुख्य सड़क पर हाइको सुपरमार्केट में सुबह आग लगी। मौके पर दमकल की कम से कम नौ गाड़ियां और अन्य उपकरण भेजे गए।

# खेलों में कोई हारता नहीं, विजेता और भावी विजेता होते हैं: मोदी ने किया शतरंज ओलंपियाड का उद्घाटन

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

चेन्नई। दुनिया भर से 44वें शतरंज ओलंपियाड में भाग लेने यहां पहुंचे खिलाड़ियों का स्वागत करने के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को टूर्नामेंट के आरंभ की घोषणा करते हुए 'अतिथि देवो भव' की भारत की परंपरा का उल्लेख किया और कहा कि खेलों में कोई हारता नहीं है क्योंकि इसमें विजेता और भावी विजेता होते हैं।

भारत में पहली बार हो रहे 44वें शतरंज ओलंपियाड का प्रधानमंत्री मोदी ने आज यहां जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम पर तमिलनाडु की संस्कृति को दर्शाते रंगारंग कार्यक्रम में उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडु के महान संत तिरूवल्लुवर का जिक्र करते हुए कहा,'' संत तिरूवल्लुवर ने कहा था कि आजीविका कमाने और घर बनाने का एक ही लक्ष्य होता है कि वह आतिथ्य से परिपूर्ण हो। हम पूरा प्रयास करेंगे कि आपका प्रवास सुखद हो और आप अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखा सकें।'' उन्होंने कहा ,'' खेल सुंदर है क्योंकि इसमें लोगों को , समाज को जोड़ने की ताकत है।

यह टीमवर्क को बढावा देता है। दो साल पहले कोरोना महामारी की शुरूआत हुई और दुनिया थम गई लेकिन ऐसे समय में खेल आयोजनों ने दुनिया को जोड़ा। हर टूर्नामेंट ने महत्वपूर्ण संदेश दिया कि हम एकसाथ अधिक मजबूत है। मुझे यही भावना यहां दिख रही है।'' बर्मिंघम में आज ही से राष्ट्रमंडल खेलों का भी आगाज हो रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा ,'' अंतरराष्ट्रीय खेलों के लिये आज अच्छा दिन है। यहां 44वां शतरंज ओलंपियाड शुरू हो रहा है और ब्रिटेन में हजारों खिलाड़ी राष्ट्रमंडल खेलों में भाग ले रहे हैं। मैं यहां एकत्र हुए सभी खिलाड़ियों को शुभकामना देता हूं। उम्मीद करता हूं कि भारत की अच्छी यादें लेकर आप जायेंगे। भारत आपका हमेशा खुलेदिन से स्वागत करेगा।''

उन्होंने कहा ,''खेलों में कोई हारता नहीं है। इसमें विजेता होते हैं और भावी विजेता होते हैं।'' शतरंज ओलंपियाड का आयोजन यहां से 50 किलोमीटर दूर मामल्लापुरम में हो रहा है। पहली बार ओलंपियाड भारत में हो रहा है और इसमें रिकॉर्ड खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। ओपन वर्ग में 188 और महिला वर्ग में 162 खिलाड़ी उतरेंगे। इसकी मशाल रिले पिछले 40 दिन में 75 शहरों में होती हुई यहां पहुंची है।

उन्होंने आगे कहा ,'' 44वें शतरंज टूर्नामेंट में कई मायनो में कई बातें पहली बार हो रही है।यह पहली बार भारत में शतरंज के जन्मस्थान पर हो रहा है। यह तीन दशक में पहली बार एशिया में हो रहा है। पहली बार इसमें सर्वाधिक देश और टीमें भाग ले रही हैं। इसमें महिला वर्ग में सर्वाधिक प्रविष्टियां मिली है और पहली बार शतरंज में मशाल रिले हुई है।''

उन्होंने कहा ,'' यह शतरंज ओलंपियाड सभी की यादों में हमेशा रहेगा। हमारी स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में मशाल 75 शहरों में 27000 किलोमीटर का सफर तय कर चुकी है। इसने युवाओं को शतरंज खेलने के लिये प्रेरित किया और यह गर्व की बात है कि शतरंज ओलंपियाड की मशाल रिले हमेशा भारत से शुरू होगी। हर भारतीय की ओर से मैं फिडे को इसके लिये धन्यवाद देता हूं।'' भारत को विश्वनाथन आनंद समेत कई महान खिलाड़ी देने वाले तमिलनाडु और शतरंज के संबंध के बारे में उन्होंने कहा ,'' हमारी संस्कृति में खेलों को हमेशा पूज्य माना गया है। तमिलनाडु में तो चतुरंग वल्लभनाथन का मंदिर भी है और इस मंदिर की शतरंज से जुड़ी रोचक कहानी है कि ईश्वर भी शतरंज खेलते थे।''

उन्होंने कहा ,'' तमिलनाडु का शतरंज से खास संबंध है और यह भारत में शतरंज की महाशक्ति है जिसने देश को कई ग्रैंडमास्टर दिये। यह श्रेष्ठतम मस्तिष्कों, जीवंत संस्कृति और दुनिया की सबसे पुरानी तमिल का घर है। उम्मीद है कि आपको चेन्नई , महाबलीपुरम और आसपास के इलाके देखने का समय मिलेगा।''

प्रधानमंत्री मोदी ने देश में खेल संस्कृति के विकास पर जोर देते हुए कहा ,'' कोरोना के बाद हमें मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का महत्व समझ में आया। यही वजह है कि देश में खेल प्रतिभाओं को बढावा देने और खेल संस्कृति के विकास की जरूरत है।''

उन्होंने कहा ,'' भारत में खेलों के लिये इससे बढिया समय नहीं है। भारत ने ओलंपिक, पैरालम्पिक , बधिर ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और नये खेलों में भी चमके।'' उन्होंने कहा कि भारत की खेल संस्कृति मजबूत हो रही है और इसके लिये युवाओं की ऊर्जा और उन्हें मिल रहे अनुकूल माहौल को श्रेय जाता है।

जमीनी स्तर से खिलाड़ी आ रहे हैं और यह सुखद है कि महिलायें खेल क्रांति की अगुवाई कर रहीं हैं। इस मौके पर तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि, मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और खेलमंत्री अनुराग ठाकुर भी मौजूद थे।

खेलमंत्री ठाकुर ने कहा ,'' सिर्फ तीन महीने में इस टूर्नामेंट का आयोजन कर पाना आसान नहीं था। दुनिया में कोई नहीं कर सकता लेकिन भारत ने कर दिखाया।'' ओलंपियाड रूस में होना था लेकिन यूक्रेन पर रूस के सैन्य हमले के बाद उससे मेजबानी छीन ली गई।

भारत को ऐन मौके पर इसकी मेजबानी मिली। टूर्नामेंट में भारत की तीन तीन टीमें ओपन और महिला वर्ग में उतरेंगे। महान शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद खेल नहीं रहे हैं लेकिन खिलाड़ियों के मेंटोर की भूमिका में होंगे।

# नाराजगी, तालमेल की कमी के बीच महामहिम की योगी कैबिनेट संग चाय पर चर्चा

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

लखनऊ।उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार जिनके कार्यप्रणाली का चर्चित मॉडल दूसरे राज्यों में भी अपनाए जाने की बात अब होने लगी है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने भी अपने सूबे में जरूरत पड़ने पर योगी मॉडल अपनाए जाने की बात कही है। लेकिन योगी सरकार को लेकर बीते दिनों खबर ये आई कि उनकी कैबिनेट में ऑल इज नॉट वेरी वेल। राज्यमंत्री दिनेश खटीक और जितिन प्रसाद की नाराजगी की खबर, नौकरशाही को लेकर बढ़ रहे असंतोष व तालमेल की खबर भी समय–समय पर सामने आने लगी। तमाम अटकलों के बीच यूपी की पूरी कैबिनेट ने बीते दिनों राजभवन जाकर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की है। वैसे तो इस बैठक को लेकर कोई जानकारी आधिकारिक रूप से राजभवन या राज्य सरकार की ओर से सामने नहीं आई है। लेकिन अंग्रेजी अखबार इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में कहा गया है कि योगी सरकार के सभी मंत्रियों ने आनंदीबेन पटेल को अपने काम और विभागों व आगे की योजनाओं के बारे में जानकारी दी है।

राज्यपाल संग राज्य के सभी मंत्रियों की मीटिंग को सामान्य नहीं माना जा रहा है। वैसे तो अमूमन गणतंत्र दिवस के मौके पर राज्यपाल की तरफ से मुख्यमंत्री समेत मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों को डिनर पर बुलाया जाता रहा है। लेकिन हाल के दिनों में योगी सरकार में हुए तबादलों को लेकर उठे सवाल और मंत्रियों के असंतोष की खबरों के मद्देनजर इस मीटिंग के कई राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। आनंदी बेन पटेल की चाय पर चर्चा के दौरान सीएम के साथ 18 कैबिनेट मंत्री, 22 राज्य मंत्री व 12 स्वतंत्र प्रभार मंत्री पहुंचे थे। इस दौरान सरकार के 100 दिनों के कार्यों को लेकर चर्चा हुई। कहा जा रहा है कि मंत्रियों ने अपे 100 दिनों के कार्यों का लेखा–जोखा राज्यपाल को शेयर किया। वहीं आगे के छह महीने के कामों की रूप रेखा भी बताई।

बता दें कि योगी सरकार में मंत्रियों के भीतर उपजे असंतोष की बात दिल्ली दरबार तक पहुंची। इसके बाद केंद्रीय नेतृत्व और पीएम मोदी एक्शन मोड में आए। सूत्रों की माने तो केंद्र सरकार के इशारे पर ही राज्यपाल ने मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्रियों को एक मंच पर बुलाया। जिससे सभी मंत्रियों के बीच आपसी तालमेल बन सके और उन्हें गुजरात मॉडल की तर्ज पर एकजुट होकर काम करने की सलाह भी दी गई।

# लाल किले के आसपास होगी कड़ी सुरक्षा, एंटी ड्रोन रडार सिस्टम से होगी निगरानी

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस नजदीक है और इस बार स्वतंत्रता दिवस को लेकर देशभर में खासा तैयारियां की जा रही हैं. क्योंकि देश में इस साल स्वतंत्रता दिवस खास तरीके से मनाया जाएगा. देश की आजादी को 75 साल पूरे हो चुके हैं. ऐसे भी देशभर में श्आजादी का अमृत महोत्सवश् की थीम पर अलग–अलग कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं. आजादी के इस अमृत महोत्सव में किसी तरीके का कोई खलल ना पड़े और पूरा देश पूरे उत्साह और शांति से स्वतंत्रता दिवस मना सके. इसके लिए सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं. खास तौर पर देश की राजधानी दिल्ली में 15 अगस्त के लिए सुरक्षा को लेकर प्रशासन और दिल्ली पुलिस अलर्ट पर है।

दिल्ली का लाला किला 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा है. जहां पर प्रधानमंत्री देश का राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं और पूरे देश को संबोधित करते हैं. ऐसे में लाल किले पर सुरक्षा के बेहद ही कड़े और चाक–चौबद इंतजाम किए जाते हैं. 15 अगस्त के लिए दिल्ली पुलिस हो या फिर अन्य सुरक्षा एजेंसियां उन सभी के लिए सुरक्षा एक बड़ी चुनौती होती है. जिसके लिए महीनों पहले से ही तैयारियां कर ली जाती हैं. 15 अगस्त के लिए लाल किले की सुरक्षा में कोई चूक ना हो इसके लिए उत्तरी जिले की पुलिस कड़े इंतजाम कर रही है।लाल किले से लेकर पूरे जिले में 15 अगस्त को लेकर सुरक्षा के खास इंतजाम किए जा रहे हैं. चाहे लाल किले के आसपास हो या फिर सड़कों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर दिल्ली पुलिस की ओर से कड़ी नजर रखी जा रही है. लाल किले पर किए जा रहे इंतजामों को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक इस बार लाल किले की एक भव्य तस्वीर 15 अगस्त के मौके पर देखने को मिलेगी. आजादी के अमृत महोत्सव की थीम पर यहां पर स्वतंत्रता सेनानियों की पेंटिंग्स नजर आएंगी. लाल किले से पूरे देश बल्कि दुनियाभर को देश की आजादी के 75 साल पूरे होने पर एक बड़ा संदेश देने की कोशिश की जाएगी। हर साल 15 अगस्त पर लाल किले की सुरक्षा को लेकर आसपास कंटेनर खड़े किए जाते हैं और इस बार भी यह काम शुरू कर दिया गया है. जो की लाल किले की अभेद्य सुरक्षा में तैनात किए जा रहे हैं. इसके साथ ही लाल किले के आसपास से 200 मीटर तक के दायरे में पैरामिलिट्री फोर्स को भी तैनात किया गया है. स्वतंत्र दिवस समारोह के दौरान आतंकी किसी बड़ी साजिश को अंजाम ना दे सकें. इसके लिए सभी सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं. लाल किले की सुरक्षा के लिए न केवल दिल्ली पुलिस बल्कि अर्द्धसैनिक बल, एसपीजी,एनएसजी को भी तैनात किया गया है।

सुरक्षा की तैयारियों में लगे अधिकारियों के मुताबिक इस बार लाल किले पर एंटी ड्रोन रडार सिस्टम लगाए जाएंगे. जिससे कि लाल किले के आस–पास यदि कोई संदिग्ध ड्रोन नजर आता है तो ये एंटी ड्रोन रडार सिस्टम उस रडार ड्रोन को ढूंढ कर जाम कर देगा. इसकी रेंज करीब 5 किलोमीटर तक बताई जा रही है हालांकि अभी इसको लेकर ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर 10 अगस्त से पहले ही यह ड्रोन लाल किले के आसपास लगा दिए जाएंगे।

## राष्ट्रपत्नी टिप्पणी को लेकर अधीर रंजन ने महामहिम से मांगी माफी, बोले- यह जुबान फिसलने की वजह से हुआ

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर माफी मांगी। दरअसल, कांग्रेस नेता ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपत्नी कहकर संबोधित किया था। जिसके बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस पर आदिवासी विरोधी होने का आरोप लगाया। साथ ही सत्तारूढ़ पार्टी ने कहा कि सोनिया गांधी के बारे में क्या कहते हैं ? शशि थरूर की पत्नी और रेणुका चौधरी के बारे में क्या कहा ? मैंने राष्ट्रपति से समय मांगा, मैं उनसे बात कर माफी मांगूंगा।

सोनिया गांधी मांगें माफी।

अधीर रंजन की टिप्पणी को भाजपा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस पर हमला बोला था। इसके अलावा लगातार भाजपा नेता सोनिया गांधी और कांग्रेस पार्टी को निशाना बना रहे हैं। भाजपा नेता डॉ. भारती प्रवीण

इस मामले में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से माफी मांगनी चाहिए।

अधीर रंजन ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर माफी मांगी। उन्होंने पत्र में लिखा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि यह जुबान फिसलने की वजह से हुआ। मैं माफी मांगता हूं और आपसे अनुरोध करता हूं कि आप इसे स्वीकार करें। इसके साथ ही कांग्रेस नेता ने शनिवार को राष्ट्रपति से मिलने के लिए समय मांगा है।

इससे पहले अधीर रंजन चौधरी ने आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा था कि मेरे जुबान से गलती से राष्ट्रपत्नी निकला, मैंने अपनी गलती स्वीकारी...वे चुनाव के दौरान पवार ने कहा था कि एक बार फिर कांग्रेस की आदिवासी विरोधी और महिला विरोधी मानसिकता सामने आई है। अधीर रंजन चौधरी द्वारा देश की प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति के प्रति अपमानजनक टिप्पणी की गई है। इससे हमारे देश, संविधान, महिलाओं और जनजातीय समाज की गरिमा को ठेस पहुंची है।

उन्होंने कहा था कि मैं कांग्रेस से कहना चाहती हूं कि क्या हमारे देश में आदिवासियों को कोई अधिकार नहीं है। इस तरह से अपमान करने वालों से हम कहना चाहते हैं कि राष्ट्रपति पद की गरिमा का ध्यान रखो। इस कृत्य के लिए सोनिया गांधी जी को ही माफी मांगनी चाहिए।

## मुख्तार अंसारी के करीबियों पर लटक रही गिरफ्तारी की तलवार, कई ठिकानों पर छापेमारी शुरू

मऊ।मऊ के बाहुबली विधायक रहे मुख्तार अंसारी के परिवार पर कानून का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है. माफिया के बेटे और मऊ के बड़बोले शूटर अब्बास अंसारी को भगोड़ा घोषित किया जा चुका है जबकि मुख्तार अंसारी की पत्नी अफशां अंसारी और उनके दोनों साले अनवर रजा, सरजिल रजा को भी पुलिस खोज रही है। गाजीपुर, मोहम्दाबाद, महरुपुर, मऊ, लखनऊ आदि कई ठिकानों पर पुलिस लगातार दबिश दे रही है और गाजीपुर में तो कई जगह पुलिस टीम मुनादी कर लोगों को ये जानकारी भी दे रही है कि इन सभी लोगों पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है.फिलहाल इन सभी के लिए वारंट जारी होते ही छापेमारी शुरू हो गई है। इस बारे में पुलिस अधीक्षक गाजीपुर ने अपडेट देते हुए बताया कि गाजीपुर में अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण के लिए लगातार ऐसे लोगों पर शिकंजा कसा जा रहा है. अंसारी परिवार पर 3 दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं. जबकि धवस्तीकरण की कार्रवाई में गाजीपुर में 20 करोड़ से ऊपर की संपत्ति पर कार्रवाई की जा चुकी है। इसी के साथ लगभग 59 करोड से ज्यादा की संपत्ति गाजीपुर में 14 ए के तहत कुर्क की जा चुकी है जबकि पुराने असलहों के 86 लाइसेंस निरस्त किए जा चुके हैं. एसपी ने बताया कि इन लोगों के साथ इनके नजदीकी लोग भी राडार पर है. गाजीपुर के नंदगंज थाना में दर्ज एक मुकदमे में कानूनी कार्रवाई जारी है. उन्होंने बताया कि ऐसे माफियाओं के करीबियों पर भी पुलिसिया कार्रवाई होगी।

## नागरिकों और उनकी संस्कृति से बनता है राष्ट्रः एनईपी 2022 के 2 साल पूरे होने पर बोले अमित शाह

राम कृपाल सिंह
नेशनल ब्यूरोचीफ

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दो साल पूरे होने पर एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सभी लोग अलग–अलग दृष्टि देखते हैं। कोई इसमें रोजगार देखता है, कोई बच्चों की अभिव्यक्ति दिखती है, किसी को बेरोजगारी की समस्या का समाधान इत्यादि चीजें दिखाई देती होंगी।

उन्होंने कहा कि कोई भी देश जमीनों, नदियों, पहाड़ों आदि से नहीं बनता बल्कि उसके नागरिकों से बनता है और उसके नागरिकों से मिली हुई जनता की संस्कृति और संस्कार से इस राष्ट्र का निर्माण होता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रतिभावान नागरिक बनाने की मूल कल्पना के साथ बनाई गई नीति है।

अमित शाह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने बहुत कम शब्दों में अच्छे तरीके से शिक्षा का उद्देश्य आलिखित किया था। जो शिक्षा आमजन को जीवन के संघर्ष के लिए समर्थ नहीं बनाती, जो शिक्षा बच्चे को चरित्रवान नहीं बनाती, जो शिक्षा बच्चे में परोपकार का भाव नहीं पैदा करती वे शिक्षा, शिक्षा कहलाने के लायक नहीं है।

# संक्षिप्त समाचार

## 05 अगस्त 2022 को रोजगार मेले में प्रतिभाग करें

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिला रोजगार सहायता अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में पुरुष/महिला अभ्यर्थियों के लिए दिनाँक 05.08.2022 को जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर कानपुर देहात में प्रातः 10 बजे रोजगार मेले एवं करियर कांउसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों का सेवायोजन कार्यालय का पंजीकरण आवश्यक होगा, जिसे सरल प्रकिया द्वारा बेवसाइड WWW.SEWAYOJAN.UP.NIC.IN से किया जा सकता है। अभ्यर्थी अपने पंजीयन आई०डी० की सहयता से उपरोक्त बेवसाइड पर लॉगिन करें एवं रिक्तियों की जानकरी प्राप्त करे। आई०टी०आई० एवं नान आई०टी०आई० अभ्यर्थी रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है।उन्होंने यह भी अवगत कराया कि आयोजित रोजगार मेला पूर्णतया ऑफलाइन है। इसमें अभ्यर्थियों को नियोजकों ६ कम्पनियों से साक्षात्कार के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर कानपुर देहात में उपस्थित होना अनिवार्य है।

## मिशन शक्तिकार्यक्रम प्रा वि बाघपुर द्वितीय विकास खंड मैथा में प्रतिभाग किया गया

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। मिशन शक्ति नोडल महिला कल्याण अधिकारी प्रतिमा श्रीवास्तव कानपुर देहात के द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम प्रा वि बाघपुर द्वितीय विकास खंड मैथा में प्रतिभाग किया गया। महिला कल्याण अधिकारी ने बालिकाओं को कन्या सुमंगला योजना विधवा पेंशन बाल सेवा योजना टोल फ्री नम्बर के बारे में जानकारी दी। बालिकाओं से स्वच्छता तथा माहवारी प्रबंधन विषय पर चर्चा कर जागरूकता प्रदान की। उन्होंने बच्चों को बताया कि आप सुरक्षित स्पर्श की पहचान करें और गलत महसूस होने पर अपने बड़ो , शिक्षकों या बहनों को किसी भी गलत बात की तुरंत जानकारी दें, डरें नही।मैथा ब्लॉक मिशन शक्ति नोडल श्रीमती अंजलि गौड़ ने बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी और कहा कि बालिकाओं को बिना डरे कोई भी समस्या हो तो हेल्पलाइन नम्बर पर सूचना दे।कार्यक्रम में शर्मिष्ठा मलिक, रश्मि यादव, अनिता गुप्ता, सुप्रिया, प्रियंका, सरोजा, कोमल ने प्रतिभाग किया।

## विद्युत की समस्या हेतु दर्ज कराए शिकायत

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं त्वरित निस्तारण हेतु शासन के निर्देशानुसार एकीकृत टोल फ्री नम्बर – 1912 पर शिकायत दर्ज कराये जाने की व्यवस्था विद्यमान है। विगत जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी महोदय के समक्ष विद्युत विभाग से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हो रही हैं जिनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभाग को प्रेषित की जा रही हैं और विभाग द्वारा ऐसी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण भी किया जा रहा है। विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों को प्राप्त किये जाने एवं उनके त्वरित निस्तारण हेतु और अधिक सुविधा प्रदान किये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय के दूरभाष नम्बर 05111–271433 पर शिकायत दर्ज कराने की भी व्यवस्था की गयी है। अतः जनपद के विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि वह अपनी विद्युत से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की समस्या/शिकायत को एकीकृत टोल फ्री नम्बर – 1912 तथा जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय के दूरभाष नम्बर 05111 –271433 पर दर्ज कराकर उसका समाधान करा सकते हैं।

## उन्नतिशील सब्जी की फसल एवं पुष्प प्रजाति के अनुदान प्राप्त करने हेतु करे आवेदन

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। कानपुर देहात जनपद के कृषक बन्धुओं को जिला उद्यान अधिकारी ने सूचित किया है कि उन्नतिशील सब्जी की फसल एवं पुष्प प्रजाति के अनुदान प्राप्त करने हेतु अपना आवेदन पत्र के माध्यम से सीधे ऑनलाइन कराते हुये राज्य सेक्टर योजना अनुसूचित जाति औद्यानिक विकास कार्यक्रम में वर्ष 2022–23 में शाकभाजी कार्यक्रम में कद्दू वर्गीय लौकी कार्यक्रम 6.0 हे०. संकर टमाटर–10.0 हे. संकर मिर्च – 2.0 हे० आई०पी०एम०–5.0 हे०. सकर शिमला मिर्च– 2.0 हे0. खरीफ प्याज 5.0 हे०. गेंदा कार्यक्रम 1.0 हे0, मौन वंश एवं मौन गृह संख्या 100 कृषकों को 75 प्रतिशत एवं 90 प्रतिशत अनुदान पर कृषकों को फसल उत्पादन पर देय है। कृषक अपना आवेदन ऑनलाइन कराने के पश्चात ऑफलाइन आवेदन के साथ खतौनी, बैंक पास बुक, आधार कार्ड, दो फोटो इत्यादि की छाया प्रतियाँ कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, कानपुर देहात (विकास भवन माती) में प्राप्त करायेगे। प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धान्त पर डी०बी०टी० प्रक्रिया से कृषकों का चयन किया जायेगा। इच्छुक कृषक दिनाक 30 जुलाई 2022 तक अपना आवेदन करा सकते हैं। उद्यान विभाग की बेवसाइट dbt.horticulture.com पर किया जायेगा।

## नगर क्षेत्र में चुंगी नंबर 4 के पास स्थित मजार पर सेवा करने वाले सेवादार ने अज्ञात लोगों पर रात्रि में उस पर हमला करने का लगाया आरोप

जालौन। नगर क्षेत्र में चुंगी नंबर 4 के पास स्थित मजार पर सेवा करने वाले सेवादार ने अज्ञात लोगों पर रात्रि में उस पर हमला करने का आरोप लगाया है। जिसमें सेवादार घायल हुआ है। हालांकि अभी मामले की तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस के संज्ञान में मामला आने पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा निवासी इश्तियाक खां चुंगी नंबर 4 के पास स्थित मजार पर रहकर सेवादारी करते हैं। उनके भाई इशाक ने बताया कि रात में भी भाई मजार पर ही रहते हैं। रात्रि करीब 2 बजे भाई मजार के बाहर सो रहे रहे थे। तभी कुछ अज्ञात लोग आए और उनके भाई पर हमला कर दिया। उनके साथ मारपीट की गई और किसी धारदार हथियार से उनकी आंख के पास हमला किया गया। जिसमें आंख चोटिल हो गई। जब वह चिल्लाए तो हमलावर जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। बताया कि भाई पर दो साल पूर्व भी मारपीट की गई थी। उक्त संदर्भ में कोतवाल शैलेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है, लेकिन अभी तक पुलिस को तहरीर नहीं मिली है। पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।

# कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के आदेश संख्या लेखाकार नीलामी 2022/23 दिनांक 05/05/2022 के द्वारा विकासखंड महसी प्रांगण में निर्मित आवासीय भवनों स्टोर रूम व अवशेष संबंधी नीलामी तिथि दिनांक 10/05/022 निर्धारित की गई थी परंतु कतिपय कारणों से नीलामी ना होने कारण नीलामी की कार्यवाही को अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दिया गया थां अतः उक्त भवनों की नीलामी की तिथि दिनांक 05/08/22 दिन शुक्रवार समय 10:00 बजे विकासखंड मुख्यालय पर नियत की जाती है।

खंड विकास अधिकारी
महसी बहराइच

## धान प्रदेश की मुख्य खाद्यान्न फसल है : जिला कृषि रक्षा अधिकारी श्री सलीमुद्दीन

कानपुर नगर। जिला कृषि रक्षा अधिकारी श्री सलीमुद्दीन ने बताया है कि धान प्रदेश की मुख्य खाद्यान्न फसल है। विगत वर्ष में प्रदेश के कुछ जनपदों में मिथ्या कण्डुआ के प्रकोप से अंशिक क्षति के दृष्टिगत इस रोग से बचाव एवं प्रबन्धन हेतु कृषकों के मध्य व्यापक प्रचार–प्रसार कर जागरूकता होना आवश्यकता है। इस रोग के पहिचानध्लक्षण बालियों निकलने के पश्चात् ही परिलक्षित होती है। इस रोग के स्पोर्स हवा द्वारा फैलते है। इस रोग का फैलाव पुष्पावस्था में होता है। प्रकोप के पश्चात् धान की बाली के दाने पीले और काले रंग के आवरण से ढक जाते है, जिनको हाथ में पीले, कालक अथवा हरे रंग के पाउडर जैसे रोग के स्पोर्स लग जाते है। इससे बीज के अंकुरण में 30 प्रति0 तक की कमी आती है। उन्होंने बताया है कि अत्यधिक नमी के साथ 25–35 डिग्री सेल्सियस तापमान तथा पुष्पावस्था के दौरान छिटपुट वर्षा इस रोग के प्रकोप को अनुकूल है। इसके साथ ही अत्यधिक नाइट्रोजन युक्त उर्वरकों का प्रयोग इस रोग के फैलाव में सहायक है। उन्होंने बताया है कि रोग का प्रबन्धन निम्न बातों का ध्यान रखने से कण्डुआ से नुकसान नही होगा। जिसमें खेत की मेडों और सिंचाई की नालियों को खरपतवार रहित बना देना चाहिए, ताकि रोग के कारक को दूसरा विकल्प न मिल सके, धान की नर्सरी की बुवाई हेतु प्रमाणित एवं स्वस्थ बीज का प्रयोग करना चाहिए, धान की अगेती एवं पछेती प्रजातियों इस रोग से कम प्रभावित रहती है, मध्यम अवधि की प्रजातियों इस रोग के प्रति अधिक संवेदनशील है, रासायनिक विधि से थीरम द्वारा 25 ग्राम प्रति किग्रा बीज की दर से बीजशोधन इस रोग को नियंत्रित करने का सर्वोत्तम उपाय है, भूमि शोधन हेतु नीम की खली 150 किग्रा0 प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि रोग के लक्षण दिखाई देने पर निम्नानुसार संस्तुत फफूंदीनाशकों का प्रयोग करना चाहिए। जिसमें कॉपर हाइड्रोऑक्साइड 77प्रति0 डब्लू0पी0 की 1000 ग्राम मात्रा 750 लीटर पानी में मिलाकर अथवा कॉपर हाइड्रोऑक्साइड 53.8प्रति0 डी0एफ0 की 525 ग्राम अथवा फ्लोपैयराम 17.7 प्रति0टेबुकोनाजोल 17.7प्रति0 एस0सी0 की 550 ग्राम अथवा पीकोसिस्टररोबिन 25प्रति0 डब्लू0जी0 की 350 से 400 ग्राम मात्रा को 500 लीटर पानी में मिलाकर प्रति हेक्टेयर की दर से इस्तेमाल करें।

## मण्डलायुक्तने जनपदों में बैंक स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं केनिराकरण हेतु समीक्षा बैठक की

• जिलाधिकारी कृषि आधारित क्रेडिट कार्ड क्रियान्वयन में बैंक स्तर पर आ रही समस्याओं को बैठक कर करें दूर : मण्डलायुक्त

• वकर्स अपने बैंको में गरीबों को आ रही छोटी–छोटी समस्याओं को दूर कर लक्ष्य के अनुरूप कार्य करें

लखनऊ। मण्डलायुक्त डा0 रोशन जैकब ने आज आयुक्त सभागार में कृषि आधारित योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु मण्डल के जनपदों के जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक, बैंकर्स व विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में डा0 रोशन जैकब ने कहा कि मण्डल के अन्तर्गत आ रहे जनपदों में बैंको के स्तर पर संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, बैंकर्स व क्रेडिट कार्ड के किसान, बचत खाता समूहों के सदस्य तथा ग्राहकों की बैठक करा कर समस्याओं को दूर किया जाये।

बैठक में मण्डलायुक्त को बताया गया कि राजस्व विभागों के तालाबों के पट्टे धारकों से उनके निजी जमीन का बन्धक कराने या एफ0डी0 कराने व लाभार्थी का जिस ग्राम सभा में तालाब है यदि वह उस ग्राम सभा का सदस्य नही है तो बैंक द्वारा के0सी0सी0 निर्गत करने से मना कर दिया जाता है, के0सी0सी0 निर्गत होने के पश्चात भी लाभार्थी को ऋण विलम्ब से उपलब्ध नही कराया जाता है।

इसी तरह मत्स्य गतिविधि (प्रति व्यक्ति) जाल, नाव, आइसबाक्स, साइकिल विघ आइस बाक्स, मत्स्य फुटकर विक्रेता जिन्दा मछली विक्रय केन्द्र आदि परियोजनाओं के लाभार्थियों को जिनकी रियाती ऋण की सीमा 50 हजार से कम है के लिये बैंको द्वारा के0सी0सी0 निर्गत करने में उदासीनता दिखायी देती है। आयुक्त ने कहा कि अग्रणी बैंक प्रबन्धक, बैंकर्स से वार्ता कर सभी छोटी–छोटी आ रही समस्याओं को दूर करें। उन्होंने कहा कि जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक बैंकर्स, सभी कार्य समय से लक्ष्य के अनुरूप करें। आयुक्त ने कहा कि स्वंय सहायता समूह का बैंक खाता खुलवाने की प्रक्रिया आसान कर कार्य करें। साथ ही बैंक शाखा प्रबन्धकों द्वारा समूह की महिलाओं के साथ अच्छा व्यवहार करें ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जोड़ कर आत्म निर्भर बनाया जा सकें। उन्होंने कहा कि मण्डल के जनपदों में विभिन्न बैंको में पशुपालन व डेयरी विभाग द्वारा जमा किये गये आवेदन पत्रों के सापेक्ष यथा समय पशु पालक किसानों को बुलाकर क्रेडिट कार्ड बनाने की प्रक्रिया को सरल भाव से बनाने में रूचि ले इनकी सूची लम्बी है इस हेतु ब्लॉक स्तर पर कैम्प लगाकर लक्ष्य को पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि बैंकर्स विशेष व्यवस्था करके गुणवत्तापूर्ण कार्य करें। समूह खाता खोलने में आ रही दिक्कतों को दूर करने हेतु जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक अपने–अपने जनपदों के बैंकर्स व किसान भाइयों के साथ व स्वंय सहायता समूह के मुख्य सदस्य के साथ 'साप्ताहिक' बैठक कर सभी समस्याओं को दूर करें। यह योजनायें उ0प्र0 सरकार की प्राथमिकताओं में है इसमें किसी तरह की हिलाहवाली बर्दास्त नही की जायेगी। कार्य को लक्ष्य के अनुरूप अंजाम देकर लाभार्थियों को लाभान्वित करें।

## जनपद में सबसे अधिक 35 ट्यूबेक्टामी (महिला नसबंदी) आपरेशन किए : महिला चिकित्साधिकारी गरिमा सिंह

जालौन। जुलाई माह में चले जनसंख्या पखवाड़े में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात महिला चिकित्साधिकारी गरिमा सिंह ने जनपद में सबसे अधिक 35 ट्यूबेक्टामी (महिला नसबंदी) आपरेशन किए। साथी चिकित्सकों ने उन्हें बधाई दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात महिला डॉक्टर गरिमा सिंह की तैनाती के बाद से सीएचसी में महिला मरीजों को काफी लाभ मिला है। पहले जहां उन्हें सीजेरियन डिलीवरी के लिए प्राइवेट अस्पतालों में जाना पड़ता था।

जहां समय और धन काफी खर्च होता है। गरिमा सिंह की तैनाती के बाद सीएचसी में है महिलाओं को सीजेरियन डिलीवरी की सुविधा मिल रही है। इससे उनके समय और धन दोनों की ही बचत हो रही है। अबकी जुलाई माह में जनसंख्या पखवाड़े में डॉ. गरिमा सिंह को डकोर और जालौन स्थित सीएचसी में महिला नसबंदी ऑपरेशन की जिम्मेदारी मिली। जिसमें उन्होंने दोनों स्थानों पर जनपद में सर्वाधिक 35 महिला नसबंदी ऑपरेशन किए। जिनमें सीएचसी में 6 एवं डकोर में 29 ऑपरेशन किए हैं। उनकी इस उपलब्धि पर साथी चिकित्सकों ने उन्हें बधाई दी।

# मेनोपॉज क्लीनिक का उद्घाटन मुख्य अतिथि डा0 राजशेखर, मंडलायुक्त कानपुर द्वारा किया गया

कानपुर। मरीजों को उच्च कोटि के चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने हेतु हैलट के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में दिनांक 21–7–2022 को शुरू की गई स्पेशलिटी क्लीनिक की श्रृंखाला मे, आज दिनांक 29–07–2022 को मेनोपॉज क्लीनिक का उद्घाटन मुख्य अतिथि डा0 राजशेखर, मंडलायुक्त कानपुर द्वारा किया गया । उद्घाटन में डॉ संजय काला, प्राचार्य जीएसवीएएम मेडिकल कॉलेज विशेष अतिथि के तौर पर सम्मलित हुए तथा उन्होंने चमबपसपजल बसपदपब के लिए स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के प्रयासों के लिए विभागाध्यक्ष डा नीना गुप्ता को बधाई दी। कार्यक्रम में डॉ.रिचा गिरी (उप – प्राचार्य ), डॉ .आर के मौर्या (एसआई सी एलएलआर अस्पताल) भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ राजशेखर ने बताया कि उमदवचनेंस महिलाओं में होने वाली कैल्शियम की कमी, स्थानीय उपलब्ध खाद्य पदार्थों से काफी हद तक पूरी की जा सकती है । उन्होंने ओपीडी में आने वाली सभी महिलाओं को खाद्य पदार्थों की फोटो एवं नाम की सूची बटवाए जाने का सुझाव दिया तथा इस कार्य हेतु मदद देने का आश्वासन भी दिया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नीना गुप्ता ने बताया कि मेनोपॉज अर्थात रजो – निवृत्ति स्त्री के जीवन चक्र का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह अमूमन 45 से 50 साल की उम्र में होता है परंतु विगत वर्षों में ऐसा देखा जा रहा है कि भारत एवं अन्य एशियाई देशों में मेनोपॉज की यह उम्र और घट गयी है।

यह वह समय है जब महिलाएं ,चाहे वह कामकाजी हो या गृहणी, अपनी जिम्मेदारियों के लिए पूरी तरीके से समर्पित होती हैं। शारीरिक एवं मानसिक रूप से इस समय उनके ऊपर काफी दबाव होता है, ऐसे में मेनोपॉज से होने वाली परेशानियां जैसे ओस्टेपोरोसीस के फ्रैक्चर, अत्यधिक रक्तस्त्राव, मूत्र सम्बन्धी परेशानिया या कमजोरी उनके स्वस्थ जीवन में बाधा बन सकती है। मेनोपॉज क्लीनिक का उद्देश्य महिलाओं एवं साथ ही साथ पुरुषों को भी जागरूक करना है तथा इन परेशानियों का निदान करना है मेनोपॉज क्लीनिक की इंचार्ज प्रोफेसर शैली अग्रवाल व सह इंचार्ज डॉक्टर गरिमा गुप्ता है। डॉ नीना गुप्ता ने बताया कि भारत में 2023 तक लगभग 40 करोड़ महिलाएं मेनोपॉज के पड़ाव में होंगी । अतः उनके स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के निदान के लिए इस प्रकार की क्लीनिक काफी मददगार साबित हो सकती हैं । मेनोपॉज क्लीनिक के सह इंचार्ज डॉ .गरिमा गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर लगभग 80 महिलाओं की बोन मैरो डेंसिटी (ठडक) करने के लिए निशुल्क कैंप भी लगाया गया है। क्योंकि यह पाया गया है कि 50 वर्ष की उम्र में महिलाओं में वेजमवचवतवेपे ( उम्र के साथ होने वाली हड्डियों की एक कमजोरी ) होने के लगभग 40: संभावना होती हैं और उम्र के साथ यह प्रतिशत बढ़ता जाता है । समय पर ठडक करा लेने से और उसके बाद ओस्टेपोरोसीस का इलाज कर लेने से इससे होने वाले फ्रैक्चर को कम किया जा सकता है ।

# सूचना/संस्कृति विभाग के तत्वाधान में जनपद स्तरीय सांस्कृतिक प्रतिभा खोज का किया गया आयोजन

• जनपद के 48 सांस्कृतिक दल द्वारा किया गया प्रतिभाग

लखनऊ। प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, संस्कृति अनुभाग लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत जनपद स्तर पर ''सांस्कृतिक प्रतिभा खोज'' का आयोजन बौद्ध प्रेक्षागृह ,अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध, शोध संस्थान, गोमतीनगर में उपनिदेशक सूचना की देख–रेख में किया गया है, जिसमें जनपद के 48 मण्डलीयध्दलों द्वारा विभिन्न विधाओं पर प्रतिभाग करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ए0/बी0/सी0 श्रेणी निर्णायक मण्डल द्वारा दिया गया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट श्री आन्नद कुमार सिंह व उपनिदेशक सूचना डा0 मधु ताम्बे द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। नगर मजिस्ट्रेट द्वारा उपस्थित सभी कलाकारो का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि आप सभी सर्वश्रेष्ठ है इस प्रतियोगिता में बिना परिणाम का अपना शत–प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि हमारी प्राचीन लोक विद्या गायन, वादन को भारत सहित विश्व में एक नई पहचान मिले इसी सन्दर्भ में इस प्रतियोगिता का आयोजन शासन की मंशा के अनुरुप किया जा रहा है। सांस्कृतिक विभाग उ0प्र0 द्वारा जिला प्रशासन एवं मण्डलीय जिला सूचना कार्यालय के सहयोग से आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत जनपद लखनऊ सांस्कृतिक प्रतिभा खोज आयोजन किया गया। जिसमें 57 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, 48 प्रतिभागियों व 1 प्रतिभागी संयुक्त रुप से भाग लिया। जिसमें 21 प्रतिभागी ए0 श्रेणी, 12 प्रतिभागी बी0 श्रेणी, 9 प्रतिभागी सी0 श्रेणी में चयन किया गया। तथा 5 प्रतिभागी का चयन ने कोई भी श्रेणी नहीं प्राप्त हुई। जनपद स्तरीय सांस्कृतिक प्रतिभा खोज आयोजन के निर्णायक मण्डल में अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी/अध्यक्ष श्री अमित कुमार, डा0 सीमा भारद्वाज प्राध्यापक भातखण्डे राज्य संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री श्याम नारायण चौधारी, व श्रीमती ज्योति भाटिया कार्यक्रम अधिशासी दूरदर्शन केन्द्र, श्री गौरव पाठक प्रभारी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र, श्री नवीन श्रीवास्तव प्रबन्धक सांस्कृतिक दल उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, डा0 मधु ताम्बे उपनिदेशक सूचनाध्सदस्य सचिव की उपस्थिति में किया गया।

अन्त में उपनिदेशक सूचना डा0 मधु ताम्बे ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और सभी उपस्थित कलाकरों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी कलाकारों द्वारा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रर्दशन किया गया है। उन्होंने निर्णायक मण्डल के सभी सदस्यों, उपस्थित कलाकारों एवं मीडिया बन्धुओं को धन्यवाद देते हुए हदृय से आभार व्यक्त किया।

# मोहर्रम की व्यवस्थाओं की तैयारी के सम्बन्ध में मंडलायुक्त द्वारा मंडल के सभी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से संवाद किया गया

• सभी व्यवस्थाए समय से कराई जाए सुनिश्चित : मण्डलायुक्त

लखनऊ। मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में मोहर्रम की व्यवस्थाओं की तैयारी के सम्बन्ध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयुक्त सभागार में बैठक आहूत की गई। मण्डलायुक्त ने कहा कि चन्द्रदर्शन के अनुसार इस वर्ष मोहर्रम का माह 30 अथवा 31 जुलाई 2022 से प्रारम्भ होना है और 12वीं मोहर्रम तक विशेष रूप से संवेदनशील है जिनमें 1वीं, 7वीं, 8वीं, 9वीं व 10वीं मोहर्रम की तिथियां अति संवेदनशील है। मोहर्रम के माह में शिया समुदाय द्वारा मजलिसध्मातम का आयोजन किया जाता है। बैठक में मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि मोहर्रम के अवसर पर निकाले जाने वाले जलूसों के लिए नगर निगम, लेसा, जल संस्थान, चिकित्सा, लोक निर्माण, जल निगम, एल0डी0ए0 सहित अन्य विभागों द्वारा की जाने वाली तैयारियॉ जल्द से जल्द अवश्य पूरी कर ली जाये।पीस कमेटी की बैठक थाने, तहसील स्तर पर करे और साथ ही साथ परम्परागत तरीके से जुलूस निकलवाये तथा प्रत्येक रास्ते की निगरानी शत प्रतिशत कराली जाए अगर रास्ते मे बिजली के तार ढीले हैं तो उन्हें तत्काल सही करें और रास्ते मे कही पेड़ के डाल लटके हो उन्हें काट दिया जाए तथा महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाये।

उन्होने अधिकारियों से कहा कि जलूसो के मार्गो का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित कर लें कि उनके विभाग द्वारा मोहर्रम के जलूसों के दृष्टिगत जो भी तैयारी की जानी है उसे निर्धारित समय में पूरी कर ली जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि मुहर्रम में निकाले जाने वाले जलूसों एवं मजलिसों के अवसर पर शान्ति व्यवस्था अवश्य बनायी रखी जाये। उन्होने सभी सम्बधित अधिकारियों से कहा कि संवेदनशीलता एवं मुस्तैदी से ड्यूटी का निर्वाहन करे। मंडलायुक्त ने कहा है कि मरम्मत आदि के कार्य भी निर्धारित समय में पूर्ण कियें जाये। उन्होने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर, बैनर, झण्डिया यदि कही लगायीध्चस्पा की जाती है तो उन्हे प्राथमिकता के आधार पर हटवाया जाये। सडक के किनारे भवन निर्माण सम्बन्धी सामग्री कहीं पर एकत्र हो तो उसे भी हटवाये जाने की कार्यवाही की जाये। मण्डलायुक्त ने कहा कि गत वर्षो की भांति समस्त व्यवस्थाए इस प्रकार सुनिश्चित की जाये की कहीं पर भी विभागीय व्यवस्थाओं के अभाव में शान्ति व्यवस्था पर कोई समस्या न उत्पन्न होने पाये। मोहर्रम की तारीखों में निकाले जाने वाले जलूसों के मार्गो पर समुचित सफाई, चूने का छिड़काव, पानी का छिड़काव, सुदृढ़, मार्ग प्रकाश व्यवस्था, पेचवर्क मरम्मत तथा टूटी सडकों की मरम्मत समयानुसार कराने छुट्टा जानवरों को पकडने के लिए गैंग की तैनाती, सफाई गैंग की तैनाती, एवं पानी के टैंकर की व्यवस्था के साथ दोनो ओर लगने वाली सबीलों के पानी के टैंकरों को समय से रिफलिंग कराये जाने हेतु नगर निगमध्जल संस्थान को निर्देश दिये है। जलूसों के आगे प्रकाश व्यवस्था, फोकस लाइट लगे हुए वाहन का प्रबन्ध जो जुलूस के आगे–आगे रहते है को व्यवस्थित करने के निर्देश नगर निगम को दिये है। उन्होने पुराने शहर व सड़को के पेचवर्क, मलवा उठाने, टूटी नालियों को ठीक करवाने तथा सफाई कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी श्री सूर्यपाल गंगवार ने लेसा को पुराने लखनऊ के सम्पूर्ण क्षेत्र में बिजली के खम्भों से लटकेध्टूटे तारों को ठीक कराने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने चिकित्सा विभाग के सम्बधित अधिकारियो को निर्देश दिये है कि जलूसों के दौरान एम्बुलेंस तथा डाक्टरों की टीम की व्यवस्था समयानुसार की जायें तथा अस्पतालों को सर्तक रहने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निरन्तर जल आपूर्ति के सम्बन्ध में कहा है कि जुलूस के मार्ग पर एवं मजलिसो के स्थानों पर भी टैंकरो की व्यवस्था समयानुसार करा ली जाये तथा, जलूसों के दौरान यातायात पुलिस अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा, होमगार्ड आदि की भी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिये गये है। जिलाधिकारी ने नागरिक सुरक्षा संगठन के अधिकारियों को निर्देश दिये है कि सभी थाना क्षेत्रों में शान्ति समितियों व विशेष पुलिस अधिकारियों की बैठक कर शान्ति व्यवस्था में उनका व्यापक सहयोग पूर्व वर्षो की भांति प्राप्त करें, इसके अतिरिक्त मोहर्रम की सभी महत्वपूर्ण तिथियों पर वार्डेन्स की तैनाती करके सूची जिलाधिकारी व पुलिस आयुक्त को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर श्रीमती लक्ष्मी सिंह(आईजी) श्री डी० के० ठाकुर (पुलिस कमिश्नर लखनऊ) श्री रणविजय यादव (अपर आयुक्त प्रशासन) जल संस्थान, जल निगम, सिविल डिफ्रेन्स सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की सेहत में हुआ सुधार,परिवारीजनो में छाया खुशी का माहौल

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। शिव कमल तिवारी पुत्र दिलीप कुमार तिवारी निवासी फैजुल्लागंज को बीती छब्बीस जुलाई को फतेहपुर बेलहरा जाते समय बेहटा कुर्सी रोड हो ंडा एज ंसी के सामने,लखनऊ से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी थी जिससे उनको काफी गंभीर चोटें लग गई थीं। स्थानीय लोगों द्वारा जिसकी सूचना मिलते ही तत्काल मां सेवा संकल्प संस्थान जानकी पुरम लखनऊ के अध्यक्ष सतेन्द्र वर्मा द्वारा आनन फानन में बेहटा पहुच कर शिव कमल को हर संभव प्रयास करते हुए अपने निजी वाहन से घटना स्थल हरदोई रोड पर स्थित कैरियर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के इमरजेंसी विभाग में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें एन आई सी यू लखनऊ स्थानांतरित किया गया जहां पर डॉक्टरों के द्वारा शिव कुमार के स्वस्थ्य में सुधार बताया गया।उक्त की जानकारी पाकर माननीय अध्यक्ष को बड़े ही संतोष की अनुभूत हुई।संस्था के कर्मचारियों में उल्लास वातावार देखा। और संपूर्ण इलाज के दौरान समय समय पर परिवारीजनो की हर संभव मदद भी की गई। जिससे परिवारीजनों द्वारा मां संकल्प सेवा संस्थान के अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया गया तथा उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों की परिवारिजन प्रशंसा करते नहीं थक रहे ।

### जनपद में व्यापारिक सुरक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। पुलिस लाइन सभागार में जनपदीय व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी द्वारा व्यापार मंडल के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के साथ व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई । व्यापारियों द्वारा गोष्ठी के दौरान सड़क जाम, अतिक्रमण आदि मुद्दों पर पुलिस सहायता एवं साथ ही साथ रिक्शा के संचालन को भी नियमित करने को कहा गया। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी द्वारा सभी व्यापारी संगठनों से यह अनुरोध किया गया कि प्रतिष्ठानों पर अधिक से अधिक सी.सी. टी.वी लगाएं तथा सड़कों पर भी सीसीटीवी का कैमरा फोकस करें । बड़े मार्केट में स्थानीय चौकीदारों को भी लगाया जाए ताकि चोरी आदि की घटनाओं पर रोक लगे और तत्काल पुलिस को सूचना मिल सके।

### पढ़ाई का मतलब केवल नौकरी ही नहीं : संतोष श्रीवास्तव

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। पढ़ाई केवल नौकरी के लिए नहीं की जाती है पढ़ाई का मतलब होता है खुद को जाने और प्रत्येक क्षेत्र में जानकारी हासिल करें।उक्त विचार जनकल्याण किसान एसोसिएशन की मार्गदर्शक श्रीमती संतोष श्रीवास्तव ने शुक्रवार को देवा विकासखंड स्थित श्याम बाल विद्या मंदिर तकाजीपुर में गरीब व असहाय बच्चों को ड्रेस वितरित करते समय मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संगठन के चेयरमैन धर्म कुमार यादव ने कहा कि विद्यालय के प्रबंधक संजय यादव जी ने अपने विद्यालय द्वारा आज दर्जनों गरीब व असहाय बच्चों को निःशुल्क ड्रेस वितरण किया है जिसके लिए मैं धन्यवाद देता हूँ। अन्त में विद्यालय प्रबन्धक ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी अंजनी कुमार,प्रधानाचार्य राजकुमार, शिव बहाल मौर्या सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोचा

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी।कोतवाली नगर पुलिस द्वारा फर्जी कम्पनियां बनाकर प्लाट खरीदने व आरडीएफडी की मिच्योरिटी देने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम जनपद के विभिन्न थानों में पंजिकृत मुकदमों में वांछित आरोपी संगम कुमार वर्मा पुत्र स्व.रामसुधार वर्मा निवासी काजीपुर थाना फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के निशांदेही पर एक सीपीयू, एक मॉनीटर, एक यूपीएस, कम्पनी द्वारा प्रयोग किये जाने वाले पिलर एजेन्ट व ग्राहक एवं कम्पनी सम्बन्धी लेखा जोखा रजिस्टर–12, कम्पनी द्वारा प्रयोग किये जाने वाली फाइल –08, कम्पनी कैटलॉग–01 बण्डलॉ कम्पनी रसीद पासबुक 02, माइक्रो फाइनेंस के फार्म व चेक कुल 46 बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध जनपद में कई अभियोग पंजीकृत हैं।

### अवैध तमंचे के साथ आरोपी हुआ गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स बाराबंकी। थाना दरियाबाद पुलिस द्वारा एक आरोपी को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से एक तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस हुआ बरामद।जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना दरियाबाद पुलिस टीम द्वारा आरोपी राजू वर्मा पुत्र रामदुलारे निवासी रजागंज मजरे खेदीपुर थाना पटरंगा जनपद अयोध्या को चमरौली रोड से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद कर थाना दरियाबाद पर आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा गया।

## एक मुश्त शास्ति समाधान योजना में लाभ लेने की तिथि बढ़ी

• 26 अगस्त तक एक मुश्त शास्ति समाधान योजना का ले लाभ : एआरटीओ

विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह ने वाहन स्वामियों को सूचित करते हुए बताया कि उक्त 'एक मुश्त शास्ति समाधान योजना' के अन्तर्गत बकाया कर पर लगने वाले शास्ति से शत–प्रतिशत छूट प्राप्त करने हेतु शासन द्वारा वाहन स्वामियों को उक्त लाभ प्राप्त करने हेतु एक अवसर प्रदान करते हुए समय को बढ़ाते हुए 26 जुलाई से बढ़ाकर 26 अगस्त कर दिया।

'एक मुश्त शास्ति समाधान योजना' के तहत 26 जुलाई तक कार्यालय द्वारा कुल 321 आवेदन प्राप्त किये गये हैं, 127 आवेदनों का पूर्ण निस्तारण करते हुए 62.16 लाख रुपये बकाया कर जमा हुआ है। अतः उक्त योजना के अन्तर्गत बकाया कर पर लगने वाले शास्ति से शत–प्रतिशत छूट प्राप्त करने हेतु ऐसे वाहन स्वामी जिनकी वाहनों के प्रति कर (टैक्स) बकाया है, वे अविलम्ब 'एक मुश्त शास्ति समाधान योजना' के अन्तर्गत 26 अगस्त तक स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से आवेदन करते हुए टैक्स जमा कर सकते हैं।

## इंस्पेक्टर बलवंत शाही को किया सम्मानित

नवीन भसीन

सम्पूर्णानगर,खीरी। थाना प्रभारी बलवंत शाही के उप निरीक्षक से प्रोन्नत होकर इंस्पेक्टर बनने की खुशी में शुक्रवार को क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने थाने पहुंचकर इंस्पेक्टर श्री शाही के

गले में माला पहना व उपहार भेंट कर सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दी। बताते चलें 25 मार्च को बलवंत शाही ने सम्पूर्णानगर थाने की कमान संभाली थी, उनका चार माह से उत्कृष्ट कार्य देखने को मिल रहा है। क्षेत्र में समस्त तरह के गैरकानूनी कार्यो पर काफी हद तक लगाम लगी है। जबसे श्री शाही ने कार्यभार संभाला है तब से अभी तक क्षेत्र में किसी भी प्रकार की चोरी की सूचना नहीं है। काफी हद तक कच्ची शराब के धंधे पर लगाम लगी है। श्री शाही अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में काफी सक्रियता रखते हैं। समय–समय पर तमाम अभियान चलाकर अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण रखने में काफी कारगर साबित रहे हैं। श्री शाही काफी व्यवहार कुशल इंसान हैं, छोटे–छोटे विवादों को थाना स्तर पर ही निस्तारण करा दिया करते हैं। वहीं क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ बैठक करके क्षेत्र का हालचाल लेते रहते हैं, अभी तक उनके कार्यकाल के दौरान पढ़ने वाले समस्त धर्म के पर्व शालीनता के साथ संपन्न हुए।

इस दौरान मुफ्ती इमरान खान, गुलाम रसूल अंसारी, अब्दुल मन्नान अंसारी, रिजवान खान, शमीम अहमद, शमशाद खान, रईस इदरीसी, युसूफ खान सहित दर्जनों की तादाद में मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे।

## शास्त्र फैक्ट्री का पुलिस ने किया पर्दाफाश एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार मौके से असलहा किए बरामद

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई (जालौन)। घर मे अवैध तरीके से शस्त्र बना रहे रहे दो सगे भाइयों में एक को पुलिस ने किया गिरफ्तार तो वही पुलिस के आने से पहले एक भाई भाग निकला। आवास की जब तलाशी ली गई तो तमंचे पुलिस ने बरामद किया।जिसका शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ने खुलासा किया। कुठौंद और गोहन में चोरी और अन्य घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह के आधा दर्जन सदस्यों को भी एसओजी ओर सर्विलांस ने दबोच लिया।पकड़े गए बदमाशो के पास से भी चोरी का सामान बरामद किया इसका भी खुलासा पुलिस कप्तान ने किया। बताते चले कि एसओजी ओर सर्विलांस टीम के प्रभारी योगेश पाठक ओर

उनकी टीम के सिपाहियों दुआरा लगातार अपराधियो की धड़पकड़ की जा रही है कई बड़े मामले जिनमे स्थानीय पुलिस कुछ न कर सकी उन मामलों को भी सर्विलांस ओर एसओजी ने खुलासा करके आरोपियों को जेल भेज दिया।आज फिर से इन दोनों टीमों ने अवैध शस्त्र में लिप्त युवक को दबोच लिया तो वही कुठौन और गोहन छेत्र में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने बाले गिरोह के आधा दर्जन सदस्यों को पकड़ने में सफलता हांसिल की।खुलासा करते हुए पुलिस कप्तान रवि कुमार ने बताया कि ग्राम घमनी में घर मे दो भाई अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री संचालित कर रहे थे जिसमें मुखविर की निशानदेही पर एसओजी ओर सर्विलांस की टीमो ने घर मे छापेमारी की।इस दौरान एक भाई संजय मौके से भाग निकला जबकि भाग रहे दूसरे भाई चंदू पुत्र भूप सिंह को पकड़ लिया जब मकान की तलाशी ली गई तो तीन 315 बोर के बने तीन अधबने तमंचे ओर कारतूस बरामद किए।

तो वही कुठौन और गोहन में चोरी की अंजाम देने बाली घटनाओं को लेकर एसओजी ओर सर्विलांस ने ऐसे आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया जो काफी समय से लूट,चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे पकड़े गए लोगो के पास से चोरी का सामान भी बरामद किया गया पकड़े गए आरोपियों में विमल तिवारी, कुलदीप, अंशुल, अजय,मोहित शामिल है इनके पास से नगदी,सोना, तमंचा, ओर बाइक भी बरामद की गई।

## सैम से सामान्य श्रेणी में पहुचे 106 बच्चों के पोषण अभिभावकों को मिला न्यूट्रीशन गार्जियन अवार्ड

• डीएम के हाथों सम्मानित हुए ज़िम्मेदार, जनपद के 177 बच्चों ने कुपोषण को दी मात

अमन सिंह लखीमपुर,खीरी। खीरी जिले में अभिनव मुहिम संपूर्ण सुपोषण अभियान के तहत शुक्रवार की शाम कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने 106 शख्सियतों को न्यूट्रीशन गार्जियन अवार्ड से नवाजा। इन सभी 106 शख्सियतों ने डीएम के आवाहन पर 118 तीव्र अति कुपोषित स्वयं श्रेणी के बच्चों को गोद लेकर कुपोषण से मुक्ति दिलाई।

डीएम ने बताया कि संपूर्ण सुपोषण अभियान के तहत अबतक जिले के तीव्रअति कुपोषित सैम श्रेणी के 177 बच्चों को कुपोषण से मुक्ति मिली, जो अब पूर्ण रुप से स्वस्थ हैं। अब यह बच्चे सामान्य बच्चों की तरह जीवन जीएंगे। पुरस्कार पाकर अधिकारी कर्मचारियों ने अन्य बच्चों को गोद लेने की इच्छा जताई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के आह्वान पर लेखपाल सुनील, प्र. सीडीपीओ राधारानी, प्रधानाध्यापक रेखा गुप्ता, पायल गुप्ता, रितु अवस्थी व दीप शिखा ने 02–02, इ. प्रधानाध्यापक शिल्पी अवस्थी व सोनी गुप्ता ने 03–03 बच्चों को गोद लेकर सैम से सामान्य श्रेणी तक पहुंचाया। डीएम ने इन सभी शिक्षकों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए न्यूट्रीशन गार्जियन अवार्ड से नवाजा। डीएम ने एसडीएम अनुराग सिंह, डीसी–एनआरएलएम राजेंद्र श्रीवास, बीडीओ पीयूष सिंह, अरुण कुमार सिंह, एडीओ पंचायत बलराम कुमार, सीडीपीओ माजदा बानो, मंजू दुबे, मुख्य सेविका लक्ष्मी देवी, बीईओ राकेश कुमार, सोमनाथ, एमओआईसी अमित सिंह, बीडीओ मोहम्मदी, प्रधान आलिया बेगम, रंजीत कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी मनीष कुमार, एआरपी नीरज कुमार त्रिपाठी, राममिलन भार्गव, राम किशोर शुक्ला, राजेश कुमार पांडे, शैलेंद्र दीक्षित, लेखपाल कृष्ण कुमार, सुनील, राजकुमार, ग्राम सचिव योगेंद्र, आशुतोष कुमार, प्रधानाध्यापक

/सहा. अध्यापक अरविंद शुक्ला, उमेश मिश्रा, दुर्गेश नंदन त्रिपाठी, अवधेश द्विवेदी, चंद्र प्रकाश मिश्रा, कपीस त्रिवेदी ओम प्रकाश शुक्ला, सरोज वर्मा, मो. जाकिर, सुनील वर्मा, अरुण कुमार, कृष्ण मुरारी पांडेय, आनंद शंकर तिवारी, धीरेंद्र शुक्ला, राम सुमिरन, आशीष मिश्रा, अभिषेक वर्मा, संजीव कुमार, समीर सिंह, सत्येंद्र सिंह, अभिनव वर्मा, नरेंद्र, सुनील कुमार, मुनव्वर, राजकुमार, जगन्नाथ, विरेंदरमीत कौर, प्रीति चड्ढा, राजकुमार, संदीप गौतम, प्रमोद वर्मा, हरिओम तिवारी, अनूप मिश्रा, गुरु प्रसाद, अर्चना प्रजापति, विजय भारती, भानु प्रकाश त्रिपाठी, आरती शुक्ला, राजकुमार वर्मा, हरिओम मिश्रा, सुनील कुमार, पूनम वर्मा, अभितेंद्र मिश्रा, सोनम बानो, सतीश कुमार, निधि गुप्ता, संजीव कुमार, संदीप कुमार, वकील अहमद, कल्पना राज, जाहिद, अर्चना, मनोज शुक्ला, शालू मिश्रा, किरण, अलका कश्यप, लाल सिंह, दीपा वर्मा, गुरशरण कौर, शशि कुमारी, कुलदीप गौतम, संतोष बाजपेई, ममता वर्मा, सीमा मिश्रा, नेहा को सम्मानित किया।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक, दिए निर्देश

विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। शुक्रवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ समिति की बैठक हुई। जिसमें मुख्य रुप से सीडीओ अनिल सिंह, सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे। बैठक के शुरू में सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र ने बैठक के एजेंडा बिंदु सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति बताई। बैठक में जिला स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों, स्वास्थ्य संकेतको की अद्यतन स्थिति, प्रगति पर बिंदुवार समीक्षा हुई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि पूरे स्वास्थ्य महकमे को फील्ड में एक्टिवेट करें व स्वास्थ्य संकेतको में बेहतर परफॉर्मेंस दिखाएं। सभी अधीक्षक लीडरशिप रोल लेते हुए अपने–अपने ब्लॉक में स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराते हुए इसकी डेली मॉनिटरिंग करें। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने समीक्षा करते हुए कहा की जन्म मृत्यु पंजीकरण, आरसीएच सहित अन्य पोर्टल पर डाटा एंट्री ससमय शत–शत सुनिश्चित की जाए। उन्होंने रोगी कल्याण समिति ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की अद्यतन स्थिति जानी, नियमित बैठक के कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान अंत्योदय गोल्डन कार्ड बनाने, योजना के तहत उपचारित मरीजों की ब्लॉक वार प्रगति जानी।

डीएम ने चिकित्सालयो में ओपीडी प्रगति, आयुष्मान भारत–पीएम जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड वितरण, उसके सापेक्ष उपचारित लाभार्थियों की अद्यतन स्थिति, जन्म पंजीकरण, स्टिलबर्थ रेश्यो, जननी सुरक्षा योजना, पीएम मातृत्व वंदना योजना, संस्थागत प्रसव, राष्ट्रीय दृष्टिहीनता निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, वेक्टर जनित रोग, न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, ईसंजीवनी आईपीडी, ओपीडी, संचारी रोग सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की, जरूरी दिशा निर्देश दिये। बैठक में एसीएमओ डॉ. अश्विनी, डॉ. बीसी पंत, डॉ. अनिल गुप्ता, सीएमएस डॉ. हर्षवर्धन, डॉ. ज्योति मेल्होत्रा, डिप्टी सीएमओ डॉ. लालजी पासी, डीपीएम अनिल यादव, बीएसए डॉ. लक्ष्मी कांत पांडेय, डीपीओ सुनील कुमार श्रीवास्तव, सभी एमओआईसी, सीडीपीओ मौजूद रहे।

## अब दूसरी डोज के छह माह बाद ही लग जाएगी प्रिकॉशन डोज

विमलेश भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। कोरोना की चौथी संभावित लहर के दृष्टिगत 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को अब छह माह बाद ही प्रिकॉशन डोज लग सकेगी। इससे पहले यह डोज दूसरी डोज के 9 माह बाद लगाई जाती थी।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में निःशुल्क प्रिकॉशन डोज लगाई जा रही है। यह पूरी तरह से निःशुल्क है। इसका शुभारंभ सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी द्वारा जिला पुरुष चिकित्सालय में 15 जुलाई 2022 को किया गया था, तभी से जिला महिला अस्पताल और जिला पुरुष अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप केंद्रों पर 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को प्रिकॉशन डोज लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि इससे पहले कोविडशील्ड और कोवैक्सीन दोनों ही वैक्सीनों की प्रिकॉशन डोज दूसरी डोज के 9 माह बाद लगाई जाती थी, लेकिन संभावित चौथी कोरोना लहर को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिगत इसमें तीन माह घटा दिए गए हैं। जनपद में 2214731 का लक्ष्य निर्धारित है, जिसमें करीब 5.6 प्रतिशत लोगों को प्रिकॉशन डोज लगाई जा चुकी है। साथ ही उन्होंने यह भी अपील की कि जिन लोगों ने अभी तक प्रिकॉशन डोज नहीं लगवाई है, वह सभी तत्काल प्रभाव से अपने नजदीकी केंद्र में जाकर प्रिकॉशन डोज लगवा लें। यह पूरी तरह सुरक्षित है और कोरोना वायरस से बचाव की

लड़ाई में बेहद कारगर साबित हो रही है।

• अभी बेहद जरूरी है कोविड के नियमों का पालन

सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने सभी से अपील की है कि वैक्सीनेशन के साथ ही कोविड नियमों का पालन भी अवश्य करें। दो गज की दूरी मास्क है जरूरी के साथ ही हाथों को सैनिटाइज करना और भीड़भाड़ के क्षेत्र में जाने से बचना, कोविड से लड़ाई में देश को मजबूत करेगा। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से भी अनुरोध किया कि हाथों में गलब्स पहनकर और कोविड नियमों का पालन कर स्वयं और स्वयं के परिवार को सुरक्षित रखने के साथ ही समाज में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करें।

## विश्व बाघ दिवस पर आयोजित हुई चित्रकला प्रतियोगिता

• प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को शील्ड व मेडल देकर किया गया सम्मानित

श्रद्धा सिंह भदौरिया

लखीमपुर,खीरी। विश्व बाघ दिवस के अवसर पर द नेचर सोसाइटी ने तेज महिंद्रा सरस्वती विद्या मंदिर व पलिया मॉन्टेसरी स्कूल को लेकर एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें कई छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों ने अपनी अपनी कला का अच्छा प्रदर्शन किया। जिसमें प्रथम स्थान सरस्वती विद्या मन्दिर के अनेक शाह व द्वितीय स्थान सोनाली तथा पलिया मॉन्टेसरी स्कूल की छात्रा सलोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शेष छात्रों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर द नेचर सोसाइटी के अध्यक्ष शेखर श्रीवास्तव व उपाध्यक्ष अभिषेक कनौजिया ने बाघ दिवस की जानकारी विद्यालय के छात्र छात्राओं को दी। सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य वीरेंद्र वर्मा ने भी विश्व बाघ दिवस पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को जागरूक किया। इस मौके पर द नेचर सोसाइटी से रवि शर्मा, मनोज गुप्ता, विक्रम, युवराज, नाज़रुन, आदित्या, ममता, चंचल, खुशबू, राधिका, कीर्ति, अंजली तथा सरस्वती विद्या मंदिर के आचार्य प्रेम प्रकाश राना, सुनील शुक्ला व रविन्द्र मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

• प्रतिभाओं को निकालना ही हमारा मूल उद्देश्य : शेखर श्रीवास्तव

द नेचर सोसायटी के अध्यक्ष शेखर श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी संस्था समय–समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है, जिसमें बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभाओं को विकसित करना व उनको उनके लक्ष्य तक पहुंचाकर उत्साहित करता रहता है। यही इसका मूल उद्देश्य भी है।

## सम्पादकीय....

### भारतीय वैदिक सनातन संस्कृति की शक्ति ही भारत को विश्व गुरु स्थापित करेंगीं

भारत का सांस्कृतिक, सनातनी इतिहास सदैव गौरवपूर्ण रहा है। वेदों, शास्त्रों ,पुराणों और सनातन संस्कृति एवं संस्कार में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि ईस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण निरूपित कर वृहद वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे । प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए। जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति ,राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान,शक्तिहीन,भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता ,शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊर्जावान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त ,कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरूप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है। अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी किसी भी राष्ट्र में सदैव विकास वैभव और आर्थिक तंत्र को मजबूत करने की संभावनाएं अवस्थित रहती हैं। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी, भुखमरी ,बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं। हमारा देश स्वतंत्रता के बाद से ही आवाज की कमी भूख गरीबी भ्रष्टाचार काला धन हवाला कुपोषण बेरोजगारी की बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या के बावजूद ऐतिहासिक तौर पर देश सांस्कृतिक वैचारिक और संस्कारी ग्रुप से सदैव समृद्ध रहा है और धार्मिक रूप से भी देश में ज्ञान की जड़े बहुत गहराई तक हैं। भारत को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने के लिए वेद, पुराण, उपनिषद, गीता ,रामायण ,महाभारत महा ग्रंथों की पृष्ठभूमि बड़ी ही शक्तिशाली है। देश में अनेक साधु संत ज्ञानी जिनमें मोहम्मद मूसा कबीर, रैदास, नामदेव, तुकाराम चौतन्य, तुलसीदास शंकरदेव जैसे महापुरुषों ने देश के सांस्कृतिक आध्यात्मिक विकास मैं अभूतपूर्व योगदान दिया है। भारत में अनेक विदेशी आक्रमणों को झेल कर उन्हें आत्मसात किया है किंतु हमारी संस्कृत पाली एवं प्राकृत भाषा अन्य भाषाओं के साथ आज भी समृद्ध है। भारत में अनेक भाषा क्षेत्र एवं बोलियां हैं किंतु हिंदी, पंजाबी, गुजराती, बांग्ला, मराठी ,असमिया भाषाएं उसी तरह पल्लवित पुष्पित हो रही हैं जैसे की संस्कृत और प्राकृत पाली भाषा होती रही है। भारत में स्वाधीनता के बाद विकास के प्रगति के पथ पर वैज्ञानिक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया और पृथ्वी से लेकर नभ तक हर क्षेत्र में मानव की अतीव उत्कंठा ,जीजिविषा के कारण हमने चांद पर भी अपने वायुयान भेजें हैं। देश के नागरिकों की भौतिकवादी सुविधा के लिए भी हमने वतानुकुलित यंत्र ,वायुयान तेज चलने वाली ट्रेनें और वायुमंडल में अनेक ऐसे तथ्यों को जो आज तक छुपे हुए थे उजागर कर अपने महत्व के लिए इसका उपयोग करना शुरू किया है। यह कहावत आशाओं पर आकाश टिका हुआ है और आकाश का कोई अंत नहीं यानी मनुष्य की इच्छाओं का कोई अंत नहीं है मनुष्य पर सही प्रतीत होती है।इसी तरह प्रगति और विकास का भी कोई अंत या अनंत नहीं है। भारत देश में वैश्विक स्तर पर राजनैतिक सामाजिक वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर काफी प्रगति की एवं विश्व में योग अध्यात्म दर्शन का लोहा भी मनवाया है। मनुष्य की अभिलाषा का कोई निश्चित लक्ष्य नहीं है, मनुष्य मूल रूप से अत्यंत महत्वकांक्षी,लोलुप एवं इच्छाओं का दास हुआ करता है, ऐसे में पूर्व में किए गए कार्यों को निरंतर सुधार कर उसे नए रूप में प्राप्त करना मनुष्य की अभिलाषा हो सकती है,पर इसके लिए अथक मेहनत संघर्ष आत्मविश्वास एवं संयम की आवश्यकता होगी तभी जाकर हम अपने नए–नए लक्ष्यों को विकास तथा प्रगति के पैमाने पर टटोलकर आगे बढ़ा सकते हैं। पर लक्ष्य की प्राप्ति के साधन जरूर सच्चे ,पवित्र और मानव कल्याण की ओर अग्रेषित होने चाहिए, तब ही विकास प्रगति चाहे वह आध्यात्मिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक अथवा वैज्ञानिक ही क्यों ना हो सफल हो सकती है।

संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़

# अन्तर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस 30 जुलाई 2022 पर विशेष

- चन्दनं शीतलं लोके,चन्दनादपि चन्द्रमाः !
- चन्द्रचन्दनयोर्मध्ये शीतला साधुसंगतिः !!

सृष्टि सृजनकर्ता नें अनमोल खूबसूरत मानवीय जीव को इस अनमोल धरा पर अनमोल बौद्धिक क्षमता का धनी बनाया!! फिर इस मानवीय जीव नें अपनी बौद्धिक क्षमता को खूब निखारा और इस हद तक पहुंच गया कि अपने सृजनकर्ता को ही एक तरह से विज्ञान के रूप में चुनौती देने पर उतारू हो गया है। परंतु इसी मानवीय जीव का अगर हम दूसरा पक्ष देखें तो अपने सृजन से ही एक अनमोल रिश्ते नातों की श्रंखला की चौन बनाया है जैसे पैदा होते ही उसे जन्म देने वाले माता–पिता भाई–बहन चाचा चाची नाना–नानी पति–पत्नी सहित अनेकों रिश्तो की एक डोर बनाई है परंतु इन सबसे हटकर एक अन्य महत्वपूर्ण रिश्ता बनाया जिसे मित्र, दोस्त, फ्रेंड सहित अनेक नामों से पुकारा जाता है यह रिश्ता बहुत प्यारा होता है जिसका मूल्य समय आने पर उपरोक्त रिश्ते नातेदारी से भी महत्वपूर्ण ज्ञात होता है, जब विपत्तियों में उसका साथ मिलता है जिसका हमने जीता जाता उदाहरण अभी दो वर्ष पूर्व से देख रहे हैं कि कोविड–19 जैसी गंभीर महामारी में इस दोस्त रूपी अनमोल रिश्तो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई!! जबकि रिश्तेनाते रिश्तेदारों के भी पीछे हटने की नौबत आन पड़ी थी। चूंकि 30 जुलाई 2022 को अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस है, हालांकि भारत में मित्रता दिवस 7 अगस्त 2022 को मनाया जाएगा, इस विषय को नजर अंदाज करना साहित्यकार के लिए कठिन है इसीलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से मित्रता पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम मित्र की करें तो, जीवन में मित्र का होना बहुत जरूरी है। एक मित्र ही होता है जिसके साथ हम बहुत कुछ बाँट सकते हैं। जो हमारे कई राजों का राजदार होता है। वो मित्र एक पिता हो सकता है, एक पत्नी हो सकती है, कुदरत हो सकती है। कोई भी हमारा मित्र हो सकता है बस जरूरत है तो उसे दिल से अपनाने की जीवन में सभी को एक सच्चे दोस्त की जरूरत पड़ती है जिसके साथ वह सुख दुःख बाँट सके। मित्रता एक ऐसा खूबसूरत रिश्ता है जिसे मनुष्य स्वंग बनाता है। बुरे समय में सच्चा मित्र हमे सही उपाय बताता है जिसकी वजहसे हम मुसीबत से निकल पाते है। सच्चा मित्र हमे गलत राह पर चलने से रोकता है और सही सलाह देता है।

साथियों बात अगर हम सच्चे मित्र की करें तो, मित्रता अनमोल रत्न के समान होती है। जीवन में सच्चा मित्र मिलना सौभाग्य से कम नहीं होता है। वह मनुष्य के सुख को बढ़ा देता है और उसके दुःख को बाँट लेता है। सच्चा मित्र मुश्किल घड़ी में अपने दोस्त का साथ देता है। सच्चा मित्र हो तो जिन्दगी के मुश्किल भरे पल भी सरल हो जाते है। भगवान् श्रीकृष्ण और सुदामा की दोस्ती की मिसाल सभी देते है। उनकी मित्रता का उदाहरण आज भी दिया जाता है। मित्रता में कोई भेदभाव नहीं होता है। कौन कितना अमीर है , कौन कितना गरीब इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। सच्चा मित्र रोशनी की भाँती अपने मित्र को सही राह दिखाता है।सच्चा मित्र का साथ ऐसा होता है जैसे अँधेरे में रोशनी और मुश्किल हालतों में हौसला।

साथियों मुश्किल हालातों में सच्चा मित्र हमेशा साथ देता है और अपने मित्र को संभालता है। जीवन के मुश्किलों को सरल एक सच्चा मित्र बना सकता है। वह अपने मित्र का हमेशा भला चाहता और उसकी परवाह करता है। सच्चे मित्र की कदर हमेशा करनी चाहिए। एक सच्चा मित्र जीवन में मानसिक संतुष्टि लाता है। वह हमारी खामियों को नजर अंदाज करके हम जैसे है वैसे ही अपनाता है। सच्चा मित्र सही माईनो में अनमोल रत्न और कीमती संपत्ति के भाँती होते है।संपत्ति और धन को वापस पाया जा सकता है , लेकिन सच्चे मित्र की मित्रता खोने से वह वापस नहीं आती है। साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस की करें तो, वर्ष 2022 में अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस की थीम दोस्ती के माध्यम से मानवीय भावना साझा करना पर आधारित है। संयुक्त राष्ट्र ने इस दिन को दोस्ती को बढ़ावा देने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों और गतिविधियों को आयोजित करने के लिए सरकारों और सामुदायिक समूहों को प्रोत्साहित करके शांति, एकता, सहयोग और खुशी के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए चुना है। हालांकि भारत में फ्रेंडशिप डे अगस्त के पहले रविवार को मनाया जाता है, इस साल भारत में फ्रेंडशिप डे 7 अगस्त को मनाया जाएगा। साथियों दरअसल, इंटरनेशनल फ्रेंडशिप डे एक पहल है, जिसके बाद यूनेस्को द्वारा शांति की संस्कृति को परिभाषित करने वाले प्रस्ताव का अनुसरण किया जाता है। दुनिया भर में खुशी और एकता के संदेश को फैलाने के लिए एक आदर्श समाधान के तौर पर यह दिवस अस्तित्व में आया. इस दिन लोग अपने लॉन्ग डिस्टेंस फ्रेंड्सके साथ मिलकर हैंग आउट पार्टी या फिर शॉर्ट ट्रिप कीयोजना बनाकर इस दिन को सेलिब्रेट करते हैं, ऐसा करके लोग अपनी दोस्ती के रिश्ते को मजबूत और इस दिवस को यादगार बनाने की कोशिश करते हैं।

साथियों बात अगर हम संस्कृति के श्लोकों में मित्रता के बखान की करें तो,(1) चन्दनं शीतलं लोके,चन्दनादपि चन्द्रमाः ! चन्द्रचन्दनयोर्मध्ये शीतला साधुसंगतिः !! इस दुनिया में चन्दन को सबसे अधिक शीतल माना जाता है पर चन्द्रमा चन्दन से भी शीतल होती है लेकिन एक अच्छे मित्र चन्द्रमा और चन्दन दोनों से शीतल होते हैद्य (2) न सख्यमजरं लोके हृदि तिष्ठति कस्यचित्। हमेशा किसी भी मनुष्य के हृदय में मित्रता नहीं बनी रहती है। मित्रता या तो समय के साथ कम हो जाती है या क्रोध के कारण समाप्त हो जाती है। न दरिद्रो वसुमतो नाविद्वान् विदुषः सखा। साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस के इतिहास की करें तो, विश्व मैत्री दिवस का विचार पहली बार 1958 में परागवे में डॉ. रेमन आर्टेमियो ब्राचो द्वारा सुझाया गया था। इससे विश्व मैत्री धर्मयुद्ध का गठन हुआ। इस फाउंडेशन के प्रयासों के कारण, संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने 30 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस के रूप में मान्यता दी। संयुक्त राष्ट्र के सदस्य राष्ट्र इस दिनको स्थानीय रीति–रिवाजों और संस्कृति के अनुसार मनाते हैं। 1998 में, विन्ने द पूह को संयुक्त राष्ट्र में एक कार्यक्रम में मैत्री के वैश्विक राजदूत के रूप में नामित किया गया था। साथियों इंटरनेशनल फ्रेंडशिप डे के जश्न को साल 2011 में शुरु किया गया था, जब संयुक्त राष्ट्र ने लोगों के बीच एकता और विश्वास के सबसे प्रसिद्ध रूप यानी दोस्ती और उसके महत्व को मजबूत बनाने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया था। आधिकारिक निकाय चाहता था कि लोग गरीबी, दरिद्रता प्रदूषण, बेरोजगारी, भूख और बीमारी से ग्रसित दुनिया के समस्याग्रस्त परिदृश्य के बीच इन संबंधो व सुंदर बंधनों का जश्न मनाएं. फ्रेंडशिप डे दुनिया भर में दयालुता और एकजुटता के साथ चिह्नित करने का एक उत्सव है, जो लंबे समय तक जीवित रहने और पनपने के लिए बेहतर जगह बनाता है। अंतर्राष्ट्रीय मैत्री दिवस एक संयुक्त राष्ट्र (यूएन) दिवस है जो उस भूमिका को बढ़ावा देता है जो दोस्ती कई संस्कृतियों में शांति को बढ़ावा देने में निभाती है। किसी ने खूब कहा है,

एक चिंगारी आग से कम नहीं होती,
सादगी श्रृंगार से कम नहीं होती,
ये तो सिर्फ सोच का फर्क है,
वरना दोस्ती भी प्यार से कम नहीं होती।।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस 30 जुलाई 2022 पर विशेष है।दोस्ती के माध्यम से मानवीय भावना साझा करना जीवन जीने की अनमोल कला है!!चलो इस बार कुछ ऐसा अनमोल फ्रेंडशिप डे मनाते हैं, आपसी दुश्मनी को भुलाकर सभी को गले लगाते है।

–संकलनकर्ता लेखक –
किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

# पीपल्स कल्चरल सेंटर के सहयोग से स्पिड संस्था द्वारा बाल यौन शोषण एवं दुर्व्यवहार के विरुद्ध जागरुकता : डॉ. माध्वी बोरसे

देश में बच्चे कितनी विकट स्थितियों से गुजर रहे हैं, इसका अंदाजा केवल कुपोषण और अशिक्षा के आंकड़ों से नहीं लगाया जा सकता। कुछ ऐसे मामले हैं जहां आंकड़े खामोश हो जाते हैं या फिर उनकी आवाज इतनी मद्धिम हो जाती है कि कुछ सुनाई नहीं देता। बच्चों का यौन शोषण ऐसा ही एक मामला है, बच्चों के अधिकार व बाल शोषण के विरुद्ध नेशनल एक्शन कोआर्डिनेशन ग्रुप के माध्यम से जागरूकता अभियान का आयोजन केंद्रीय दिल्ली के क्षेत्र में पीपल्स कल्चरल सेंटर के सहयोग से स्पिड संस्था द्वारा विभिन्न वर्गो जैसे आंगनवाड़ी व आशा वर्कर, अध्यापक, मीडिया, पुलिस व डॉक्टर आदि के साथ बाल शोषण के विरुद्ध सही व अधिक जानकारी हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर रही है । दिल्ली के करोल बाग स्थित होटल हेरिटेज में मीडिया कर्मचारियों के साथ एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

कार्यशाला की शुरुआत श्री अवधेश यादव (मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष–स्पिड) द्वारा कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रतिभागियों वह अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला की कार्यसूची पर प्रकाश डालते हुए की गई ।

जिसके बाद सीडब्ल्यूसी के पूर्व मेंबर मोहम्मद मोहतमिम द्वारा कार्यशाला के विषय में बात करते हुए बताया गया कि बच्चों को पोक्सो एक्ट के विषय में अधिक से अधिक जानकारी देनी चाहिए वह साथ ही पोक्सो एक्ट के अनुसार कितने प्रकार के अपराध होते हैं यह भी बताया साथ ही इन्होंने अपने अनुभव के आधार पर यह भी साझा किया कि बच्चों को बाल यौन से संबंधित शिक्षा भी देनी चाहिए जिससे कि बच्चे बाल यौन जैसे विषयों पर अधिक जानकारी रख सकें वह अपने आप को मजबूत बना सकें ।

मो. मोहतमिम द्वारा निर्भया कांड के बाद बाल कानून में आए बदलाव के विषय में भी सभी के साथ साझा किया गया ।

मो. मोहतमिम के सत्र के बाद मीडिया प्रतिभागियों में से सवाल पूछा गया कि ष्क्या हमेशा लड़कियां ही पीड़ित होती है या लड़के भी पीड़ित हो सकते हैं ? जिसका जवाब देते हुए बताया गया कि बाल यौन शोषण के अंतर्गत लड़कियां ही नहीं बल्कि लड़के भी पीड़ित हो सकते हैं । जिसके बाद श्री अवधेश यादव ने एडवोकेट स्वाति रॉय का स्वागत करते हुए आग्रह किया जिसके बाद एडवोकेट रॉय ने भी पोक्सो एक्ट के बारे में बताते हुए साझा किया कि पोक्सो एक्ट के अनुसार यदि किसी बच्चे के साथ किसी प्रकार का शोषण होता है और यदि कोई व्यस्क व्यक्ति बच्चे के साथ शोषण होते हुए देख रहा है या बच्चे ने उस व्यक्ति को उसके साथ होने वाले शोषण के बारे में बताया है । और यदि वह व्यक्ति उस बच्चे की सहायता ना करते हुए 24 घंटे के भीतर बच्चे के साथ हो रहे शोषण की जानकारी पुलिस में नहीं देता तो वह व्यक्ति भी दोषी माना जाता है और उसके ऊपर कानूनी कार्यवाही की जाती है साथ ही एडवोकेट रॉय ने मीडिया साथियों को यह राय दी कि किसी भी बच्चे से संबंधित केस में रिपोर्टिंग करते हुए बच्चे की जानकारी मीडिया में अधिक साझा ना करें क्योंकि इससे उस बच्चे व परिवार पर अच्छा प्रभाव नहीं पड़ता हैद्य बल्कि बच्चे के साथ संवेदनशीलता अपनाते हुए बच्चे की गोपनीयता वह गौरव को बनाए रखने पर अधिक बल देना चाहिए । जबकि रिपोर्ट लिखते समय आरोपी के विषय में अधिक से अधिक लिखना चाहिए जिससे कि पीड़ित बच्चे को जल्द से जल्द इंसाफ मिल सके ।

साथ ही एडवोकेट रॉय ने बाल शोषण के शिकार हुए बच्चों के लिए मिलने वाले कंपनसेशन आदि के विषय में भी मीडिया को जानकारी साझा की ।

एडवोकेट स्वाति रॉय के सत्र के बाद मीडिया साथियों के द्वारा भी अनेकों सुझाव दिए गए व सवाल पूछे गए जैसेरू मीडिया साथियों ने , साथ ही युवा क्रांतिकारी लेखक डॉ. विक्रम चौरसिया ने भी विभिन्न एक्ट को ध्यान में रखते हुए कई सुझाव दिए और निम्न कारण भी बताएं, सुझाव दिया कि टीवी पर बहुत से विज्ञापन बार–बार दिए जाते हैं जोकि बच्चों पर बुरा प्रभाव डाल सकते हैं ऐसे विज्ञापन पर रोक लगाना चाहिए ।

वही डॉ. माध्वी बोरसे ने अपनी बात रखी की अखबार में भी बहुत सी अनुचित फोटो अधिक मात्रा में होती है जिससे भी बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ता है और अक्सर लड़कियों के साथ होने वाले शोषण को तो मीडिया में दिखाया जाता है परंतु लड़कों के साथ होने वाले शोषण को बहुत कम मीडिया में दिखाया जाता है जबकि लड़कों के साथ होने वाले शोषण को भी दिखाना चाहिए जिससे कि लड़के भी उस पीड़ा के प्रति संवेदनशील हो सके।

# लोकतंत्र में अमर्यादित भाषा का बढ़ता विषबेल

हमारा देश भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र एक ऐसी शासन व्यवस्था है जिसमें जनता ही सर्वोपरि है। इसमें सभी लोगों को समान अधिकार प्राप्त होता है। एक अच्छा लोकतंत्र वह है जिसमें राजनीतिक और सामाजिक न्याय के साथ – साथ आर्थिक न्याय की भी व्यवस्था हो। परन्तु मेरी राय के अनुसार एक अच्छा लोकतंत्र वह है जिसमें राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक न्याय के साथ लोगों के विचार भी उच्च हों, मर्यादित आचरण के साथ परस्पर प्रेम, शांति सद्भाव कायम रहे। परन्तु वर्तमान में, संसद के भीतर और बाहर जनप्रतिनिधि के द्वारा देश के सर्वोच्च पद पर आसीन महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू पर कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी के द्वारा गलत भाषा का प्रयोग या अशोभनीय टिप्पणी करना बिल्कुल अनुचित है। हमारे संविधान के अनुच्छेद १६ में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लेख है। सभी लोगों को अपनी बात कहने या रखने का अधिकार है। परन्तु इसका तात्पर्य यह नहीं है कि हम अमर्यादित भाषा का प्रयोग करें और लोगों के मन को चोट पहुँचाएँ। जुबान फिसलती नहीं है बल्कि इसे फिसलाई जाती है। हमें सोच समझकर बोलना चाहिए क्योंकि हम स्वयं प्रतिनिधि हैं, संवैधानिक पद पर आसीन हैं, हम स्वयं जनमानस को सलाह देते हैं। ऐसी परिस्थिति में हम हीं बेकाबू हो जाएँगे तो औरों का क्या हाल होगा। सबसे बढ़कर दूसरे देशों में क्या संदेश जाएगा? यही न कि हम अपनी संस्कृति का खिलवाड़ कर रहे हैं। हम अपनी लोकतंत्र की मर्यादा को कलंकित कर रहे हैं।

अपनी वाणी को संयमित, परिमार्जित नहीं वरन् कलुषित कर रहे हैं। मैं सिर्फ कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की टिप्पणी पर ही नहीं बात कर रहा हूँ बल्कि सभी दल के प्रतिनिधियों को यह कहना चाहता हूँ कि हम अपने लोकतंत्र को कितना मजबूत बना सकते हैं, अपने भारत को कितना जीवंत और स्वच्छ दिशा प्रदान कर सकते हैं तथा अपनी वाणी को कितनी मधुरिम, संतुलित और संयमित कर सकते हैं ताकि दूसरे देशों में सार्थक और शुभ संदेश जाए। कोई भी सांसद या उच्च या सर्वोच्च पद पर आसीन किसी भी व्यक्ति के संबंध में ऐसी अशोभनीय टिप्पणी एक बड़े समुदाय को आहत कर सकती है। हमारी एकता को विखंडित कर सकती है। क्या हम यही संदेश दुनिया को देना चाहते हैं कि हमारी एकता छिन्न– भिन्न हो जाए। अतः हमें अमर्यादित भाषा के विषबेल को बढ़ने से रोकना होगा। मिल–जुल कर एक उपाय की खोज करनी पड़ेगी। हमें अशोभनीय टिप्पणी करने वालों के लिए चाहे वह सत्ता पक्ष के हों या विपक्ष के सर्वानुमति से ठोस कानून बनाकर उसे अमलीजामा पहनाया जाना चाहिए। इसमें सरकार के साथ–साथ जनता के विचारों का भी स्वागत किया जाना चाहिए तभी लोकतंत्र की आत्मा ठीक रहेगी तथा हमारा देश आगे बढ़ेगा। तो क्यों न हम अभी से ही अपनी वाणी में बदलाव लाएँ। हमें संत कबीरदास के दोहे को हृदयंगम करना चाहिए : बोली एक अनमोल है, जो कोई बोलै जानि। हिये तराजू तौलि के, तब मुख बाहर आनि।।

देव कांत मिश्र, सुलतानगंज,भागलपुर, बिहार

अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

**राम कृपाल सिंह**
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
**मो. : 9956096265**
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
**DAVP CODE 133691**
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

## आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

## : प्रसारित :

**दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रूखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, भदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र**

# संक्षिप्त समाचार

## शिक्षा से ही चहुंमुखी विकास है सम्भव : मा0 सदस्य अल्पसंख्यक आयोग

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। प्रदेश के मा0 सदस्य अल्पसंख्यक आयोग श्री सम्मान आफरोज खान ने शुक्रवार को जनपद के विकास खण्ड सिरसिया स्थित ऋयंबकेश्वर इण्टर कालेज में शिक्षा के महत्व पर आयोजित गोष्ठी में प्रतिभाग किया। इस दौरान मा0 सदस्य ने कहा कि शिक्षा से ही समाज का चहुंमुखी विकास सम्भव है, इसलिए समाज के हर बेटेध्बेटियों को शिक्षित किया जाए, और यह भी ध्यान रखा जाए कि कोई भी बेटाध्बेटी शिक्षा से वंचित न रहने पावे। क्योंकि शत–प्रतिशत लोग शिक्षित होंगे तो निश्चित ही

हमारे समाज के साथ–साथ प्रदेश एवं देश का चहुंमुखी विकास होगा। विद्यालय में छात्र–छात्राओं को मा0 सदस्य ने शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा पढ़ाई करके निरन्तर आगे बढ़ने के टिप्स भी दिया। मा0 सदस्य ने कहा कि शिक्षा सभी के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है। हम जीवन में शिक्षा के इस उपकरण का प्रयोग करके कुछ भी अच्छा प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षा का उच्च स्तर लोगों को सामाजिक और पारिवारिक आदर और एक अलग पहचान बनाने में मदद करता है। शिक्षा का समय सभी के लिए सामाजिक और व्यक्तिगत रूप से बहुत महत्वपूर्ण समय होता है। उन्होने कहा कि देश एवं प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिससे सभी छात्र–छात्राएं लाभान्वित होकर अपना मुकाम हासिल कर जिले का नाम रोशन करें। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक सन्त प्रकाश, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मंजर हसन, विद्यालय के गुरूजन एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

तदोपरान्त मा0 सदस्य ने विशुनापुर वीरपुर में अल्पसंख्यक कल्याण जागरूकता कार्यक्रम में शिरकत की, और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना और सरकार द्वारा उनके उत्थान हेतु संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी भी दी। इस दौरान मा0 सदस्य के जनसम्पर्क अधिकारी माता प्रसाद वर्मा सहित पार्टी पदाधिकारीगण एवं जनसमुदाय उपस्थित रहा।

## ओपीडी में महिला डॉक्टर नदारद मरीजों ने काटा हंगामा

दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर। जिला महिला अस्पताल की ओपीडी में महिला डॉक्टर नदारद होने पर महिला डॉक्टर का इंतजार कर रही महिलाओं ने जमकर हंगामा काटा। ओपीडी में तैनात दो चिकित्सकों में से एक भी महिला चिकित्सक के ड्यूटी पर मौजूद न होने से सुबह साढ़े ग्यारह बजे तक ओपीडी में दिखाने आयी महिला मरीजों की भीड़

इंतजार करती रही। शुक्रवार को जिला महिला अस्पताल में मरीजों के इलाज को लेकर जिम्मेदार पूरी तरह उदासीन बने हैं। इसके तहत न तो महिला चिकित्सक समय पर ड्यूटी पर पहुंचती हैं और न ही मरीजों का परीक्षण करती है। महिला अस्पताल में दो महिला चिकित्सक डॉ. आशा सचान, डॉ. अंशू मिश्रा की तैनाती है।शुक्रवार को अस्पताल की ओपीडी में मरीजों को देखने के लिए कोई भी महिला चिकित्सक मौजूद नहीं थीं। इस कारण सुबह आठ बजे से ओपीडी में जुटी महिलाओं के सब्र का बांध तीन घंटे तक महिला डाक्टर के न आने से जवाब देने लगा और उन्होंने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ हंगामा शुरू कर दिया। नाराज महिलाओं ने महिला सीएमएस डॉ फौजीया से जिसकी शिकायत की। जिस पर महिला अस्पताल सीएमएस महिला मरीजों पर आग बबूला हो गई। इस दौरान महिला मरीजों ने डीएम से शिकायत करने की बात कही तो महिला सीएमएस ने भी उत्तर में डीएम से चाहे किसी से भी शिकायत कर दो की बात कही।

## वृद्ध किसान ने बीमारी से तंग आकर लगाई फांसी

दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर। सरीला जलालपुर थाना क्षेत्र के धौहल गांव में बीती रात के बृद्ध किसान ने बीमारी से तंग आकर फांसी लगा ली। सुबह होने पर परिजनों ने उसका शव फंदे पर झूलता पाया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

धौहल बुजुर्ग निवासी मृतक के पुत्र जगन्नाथ ने बताया कि उसके पिता परशुराम विश्वकर्मा 65 पुत्र मुरलीधर किसान है, वह कुछ समय से बीमार चल रहे थे वर्तमान में जिला अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था । मात पिता एक ही मकान में साथ रह रहे थे। गुरुवार की रात वह खाना खाने के बाद कमरे में जाकर सो गए। रात को किसी समय उन्होंने रस्सी का फंदा बनाया और दरवाजे में झूल गये, जिससे उनकी मौत हो गई। सुबह होने पर जब मां जागी और कमरे में देखा तो पिता का शव फंदे पर झूल रहा था। उनकी की मौत से घर में कोहराम मच गया और कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।

सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस की मौजूदगी में फंदे पर झूल रहे परसुराम के शव को उतारा गया। परिजनों के अनुसार परसुराम बीमारी से पीड़ित था। उसका उपचार जिलाअस्पताल में चल रहा था, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इसी से क्षुब्ध होकर उसने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। परिजनों द्वारा घटना की तहरीर भी पुलिस को दी गई थी। जलालपुर थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि पुत्र की सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुचीं पूछताछ में प्रथम दृष्टया बीमारी से परेशान होकर फाँसी लगाने का मामला सामने आया है शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

## जनपद में आयोजित किया गया स्वनिधि महोत्सव

दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर। स्ट्रीट वेंडर्स/ रेहड़ी पटरी वाले दुकानदारों को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक श्री शुभम पटेल की मौजूदगी में स्वनिधि महोत्सव का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में किया गया।

ज्ञात हो कि स्वनिधि महोत्सव का आयोजन आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 01 जुलाई से 14 अगस्त तक किया जा रहा है इसमें 29 व 30 जुलाई को स्वनिधि महोत्सव का विशेष आयोजन किया जा रहा है । इसमें प्रधानमंत्री स्व निधि योजना का प्रभावी ढंग से प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक जरूरतमंद व पात्र लाभार्थियों को इस योजना से जोड़ा जा रहा है तथा डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने हेतु स्ट्रीट वेंडर्स को प्रोत्साहित किया जा रहा है । डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए योजना के लाभार्थियों को क्यूआर कोड भी दिया जा रहा है स्ट्रीट वेंडर्स के साथ ग्राहक ऑनलाइन लेनदेन कर सकेंगे। ज्ञात हो कि पहली बार स्वनिधि योजना के अंतर्गत रुपए 10000 एवं उसको जमा करने के बाद, दूसरी बार रुपये 20000 तथा उसको जमा करने के पश्चात रुपए 50000 का ऋण स्ट्रीट वेंडर्स को प्राप्त होता है। जिससे रेहड़ी पटरी वाले दुकानदारों को अपनी जरूरत के लिए इधर–उधर भटकना नहीं पड़ता तथा बैंक के माध्यम से उन्हें आसानी से सब्सिडी युक्त ऋण प्राप्त हो जाता है । प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किया। उन्होंने कहा कि ऋण लेने के पश्चात उसको समय से जमा किया जाए ताकि आगे जरूरत के समय में अधिक धनराशि का आसानी से ऋण प्राप्त कर सकें।

उन्होंने कहा कि डिजिटल लेनदेन का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाए । इस दौरान लाभार्थियों को डिजिटल लेनदेन के बारे में प्रशिक्षित भी किया गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रमेशचंद्र ,समस्त एसडीएम व तहसीलदार, डिप्टी कलेक्टर राजेश कुमार मिश्रा तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थी मौजूद रहे।

## चोरों ने मोबाइल शॉप की दुकान को बनाया निशाना

दैनिक अयोध्या टाइम्स हमीरपुर। सुमेरपुर थाना क्षेत्र के विदोखर पुरई गांव निवासी कमलेश कुमार ने थाना प्रभारी को तहरीर देते हुए बताया है कि प्रार्थी की दुकान श्याम जी मोबाइल शॉप के नाम से विदोखर बस स्टैंड में संचालित है।

जिसमें फोटो कापी, आनलाइन लेन देन व अन्य कार्य किया जाता है। पीड़ित ने बताया की कल रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा दुकान में रखा लैपटाप, 52 हजार रुपए व अन्य उपयोगी सामान चोरी कर लिया गया है। पीड़ित ने बताया कि परिवार के भरण पोषण के एकमात्र जरिया केवल दुकान ही है। दुकान में चोरी हो जाने से परिवार हताश है। पीड़ित ने थानाध्यक्ष से चोरी का माल बरामद करने की गुहार लगाई है।

## विभूतिनाथ मन्दिर एवं प्रमुख शिवालयों पर कजरी तीज एवं सावन मेला के दृष्टिगत चाक चौबन्द की जाय सभी व्यवस्थाएं : जिलाधिकारी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने विकासखण्ड सिरसिया के अन्तर्गत बाबा विभूतिनाथ मन्दिर एवं अन्य प्रमुख शिवालयों पर कजरी तीज एवं सावन मेला के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्थाएं तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिससे मेले में आने वाले मेलार्थियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो। इसलिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारी सभी व्यवस्थाएं पहले से ही चुस्त–दुरूस्त कर लें, ताकि मेले को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराया जा सके। इसके अलावा दर्शनार्थियों के आवागमन में कोई दिक्कत न होने पावे, इसके लिये बैरियर की व्यवस्था के साथ–साथ मेला परिक्षेत्र में वाहनों का आवागमन प्रतिबन्धित रहेगा जिलाधिकारी ने कहा कि मेले में दुकानदार पालीथीन का प्रयोग न करें, इसके लिये मेला में व्यवस्था कार्य देख रहे मन्दिर परिवार के सदस्यगण दुकानदारों को जागरूक करके यह प्रेरित करें कि हम जो भी समान की बिक्री करेगें वह झोले में अथवा कागज के लिफाफे में ही सामग्री देगें, क्योंकि पालीथीन के प्रयोग से पर्यावरण पर तमाम प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ते हैं। इसी के मद्देनजर सरकार ने भी पालीथीन बेचने और उसके प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबन्ध लगाया है। उन्होने कहा कि मेले में आने वाले श्रृद्धालुओं के लिए पेयजल, स्वास्थ्य कैम्प, सफाई व्यवस्था, बैरकेटिंग, शौचालय/वैकल्पिक शौंचालय/मोबाइल टायलेट एवं प्रकाश की व्यवस्था पहले से ही सुव्यवस्थित कर ली जाए, ताकि बेहतर ढंग से मेले को सम्पन्न कराया जा सके। उन्होने कहा कि मेले को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है।

और मेला परिक्षेत्र में मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है जो अपने–अपने निर्धारित स्थलों पर मौजूद रहकर रोस्टर के मुताबिक पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित रखेगें। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि मेलाक्षेत्र में मन्दिर परिसर/मन्दिर जाने वाले सभी कच्चे पक्के मार्गो पर साफ–सफाई आदि व्यवस्थाएं पहले से ही सुनिश्चित कर ली जाएं। इसके अलावा नगर पालिकाध्नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी को मेलार्थियों को शुद्ध पेयजल व्यवस्था तथा अधिशाषी अभियन्ता जल निगम को भी पानी टैंकर की उपलब्धता प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होने निर्देश दिया है कि मेले में स्वास्थ्य कैंप तथा कुशल चिकित्सकों एंव आवश्यक व्यवस्थाओं से सुसज्जित मोबाइल एम्बुलेंस की उपलब्धता मेला समाप्ति तक मेला परिसर में सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि कजरी तीज मेला के समय बहुत से श्रद्धालुओं द्वारा बाबा विभूतिनाथ के जलाभिषेक हेतु रजिया तालाब से जल लेकर आते हैं, श्रृद्धालुओं को जंगली जानवरों से सुरक्षा हेतु पुलिस विभाग और वन विभाग की टीम आपस में सामजंस्य बनाकर एवं स्थलीय निरीक्षण कर जहां उचित प्रतीत हो रजिया तालाब से लेकर मन्दिर तक वाच टावर की व्यवस्था कर मेला के दौरान चौबिसों घण्टे सुरक्षा बलों की तैनाती कर सघन निगरानी भी सुनिश्चित की जाये।

## टीबी रोगी खोजें, 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि पाएं

- विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के दौरान खोजे जा रहे मरीज

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। अब अगर कोई गैर सरकारी व्यक्ति भी टीबी का नया रोगी खोजता है तो उसे सूचनादाता के रूप में 500 रुपये उनके खाते में दिए जाएंगे। यह जानकारी जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ0 संत कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि जुलाई में विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह एवं दस्तक अभियान के दौरान जो आशा कार्यकर्ता नया टीबी रोगी खोज रही हैं, उन्हें सूचनादाता के तौर पर 500 रुपये उनके खाते में दिए जाएंगे। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि 01 जुलाई से 31 जुलाई, 2022 तक के विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह एवं 16 जुलाई से 31 जुलाई, 2022 तक दस्तक अभियान के दौरान क्षय रोगियों को भी ढूंढना है। आशा कार्यकर्ता लक्षण वाले संभावित क्षय रोगियों को ढूंढेंगी। ऐसे रोगियों की लिस्ट तैयार कर वह एएनएम को देंगी और ब्लॉक मुख्यालय को भी उपलब्ध कराएंगी। ऐसे संभावित रोगियों की टीबी जांच कराई जाएगी। जांच में अगर टीबी की पुष्टि ऐसे रोगी में होती है तो जिसको पहली बार यह बीमारी हुई है और जो पहले से निःक्षय पोर्टल पर दर्ज नहीं है तो रोगी को तुरंत पोर्टल पर पंजीकृत किया जाएगा। ऐसे रोगी को इलाज के दौरान 500 रुपये प्रतिमाह की दर से पोषण के लिए खाते में दिये जाएंगे। इसके अलावा जिसकी सूचना के कारण रोगी की पहचान हुई है उसे भी 500 रुपये खाते में दिये जाएंगे। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम समंवयक रवि मिश्रा ने बताया कि अभियान के दौरान यह भी दिशा–निर्देश है कि सांस के गंभीर रोगी (एसएआरआई) और निमोनिया के साथ खांसी के मरीज (आईएलआई) मिलते हैं तो उनकी लिस्ट तैयार करके कोविड जांच के साथ–साथ टीबी की जांच अवश्य करवाई जाए। उन्होंने जनपद वासियों से अपील की है कि अभियान के दौरान जब अंग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता उनके घर टीबी के लक्षणों के बारे में जानकारी मांगें तो सही जानकारी दें। बीमारी को छिपाएं नहीं। टीबी रोगियों के इलाज में गोपनीयता बरती जाती है। लक्षणों के बावजूद अगर कोई बीमारी को छिपा रहा है तो इससे उसके परिवार में भी टीबी के प्रसार का खतरा रहता है। बीमारी छिपाने वालों का समय से इलाज शुरू नहीं हो पाता और टीबी खतरनाक रूप अख्तियार करने लगती है। इसके लक्षण मुख्यतः जैसे दो सप्ताह या अधिक समय तक खांसी आना, खांसी के साथ बलगम आना, बलगम में कभी–कभी खून आना, सीने में दर्द होना, शाम को हल्का बुखार आना, वजन कम होना और भूख न लगना टीबी के सामान्य लक्षण हैं। ऐसे में अगर खांसी का मरीज आता है तो उसके सभी लक्षणों की गहनता से पड़ताल होनी चाहिए और संभावित टीबी मरीज दिखे तो टीबी जांच अवश्य करवाई जानी चाहिए। यदि कोई कोविड मरीज ठीक हो जाता है और उसकी जांच रिपोर्ट निगेटिव आ जाती है, फिर भी खांसी नहीं रूक रही है तो उसकी टीबी जांच अवश्य कराई जानी चाहिए। कोविड के लक्षण वाले व्यक्ति की जांच कराने पर अगर रिपोर्ट निगेटिव है तब भी टीबी जांच अवश्य करवा लें।

## दर्शनार्थियों/कांवरियों को कोई दिक्कत न होने पावे, इसका रखा जाए ध्यान : जिलाधिकारी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने विकासखण्ड सिरसिया के अन्तर्गत बाबा विभूतिनाथ मन्दिर एवं अन्य प्रमुख शिवालयों पर सावन मेला एवं अगामी कजरी तीज के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्थाएं तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिससे मेले में आने वाले मेलार्थियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो। इसलिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारी सभी व्यवस्थाएं पहले से ही चुस्त–दुरूस्त कर लें, ताकि मेले को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराया जा सके। इसके अलावा दर्शनार्थियों के आवागमन में कोई दिक्कत न होने पावे, इसके लिये बैरियर की व्यवस्था के साथ–साथ शिवालय स्थल के पहले ही पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने शिवालय पर स्थित दुकानदारों से अपेक्षा की है कि मेले में पालीथीन का प्रयोग न करें, इसके लिये मेला में व्यवस्था कार्य देख रहे मन्दिर परिवार के सदस्यगण दुकानदारों को जागरूक करके प्रेरित करें कि वे जो भी समान की बिक्री करेगें, वह झोले में अथवा कागज के लिफाफे में ही सामग्री देगें, क्योंकि पालीथीन के प्रयोग से पर्यावरण पर तमाम प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ते हैं। इसी के मद्देनजर सरकार ने भी पालीथीन बेचने और उसके प्रयोग पर प्रतिबन्ध लगाया है। उन्होने कहा कि मेले में आने वाले श्रृद्धालुओ के लिए पेयजल, स्वास्थ्य कैम्प, सफाई व्यवस्था, बैरकेटिंग, शौंचालयध्वैकल्पिक शौंचालयध्मोबाइल टायलेट एवं प्रकाश की व्यवस्था पहले से ही सुव्यवस्थित कर ली जाए, ताकि बेहतर ढंग से मेले को सम्पन्न कराया जा सके। उन्होने कहा कि मेले को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। और मेला को व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों की तैनाती भी की जायेगी। और सुरक्षा के भी पुख्ता इंतेजाम किये जायेंगे। सम्बन्धित अधिकारी अपने–अपने निर्धारित स्थलों पर मौजूद रहकर रोस्टर के मुताबिक पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि मेलाक्षेत्र में मन्दिर परिसरध्मन्दिर जाने वाले सभी कच्चे पक्के मार्गो पर साफ–सफाई आदि व्यवस्थाएं पहले से ही सुनिश्चित कर ली जाएं। इसके अलावा नगर पालिकाध्नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी को मेलार्थियों को शुद्ध पेयजल व्यवस्था प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं नगर पालिकाध्नगर पंचायतों में स्थित शिवालयों के आस–पास की साफ–सफाई सम्बन्धित अधिकारी सुनिश्चित करायेंगे। तथा ग्रामीण क्षेत्रो में स्थित शिवालयों के आस–पास की साफ–सफाई जिला पंचायत राज अधिकारी सुनिश्चित करायेंगे। उन्होने निर्देश दिया है कि मेले में स्वास्थ्य कैंप तथा कुशल चिकित्सकों एंव आवश्यक व्यवस्थाओं से सुसज्जित मोबाइल एम्बुलेंस की उपलब्धता मेला समाप्ति तक मेला परिसर में सुनिश्चित कराने हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि कजरी तीज मेला के समय बहुत से श्रद्धालुओं द्वारा बाबा विभूतिनाथ के जलाभिषेक हेतु रजिया तालाब से जल लेकर आते हैं, की सुरक्षा के मद्देनजर भी पुख्ता इंतेजाम किये जाएं।

## महिला स्वयं सहायता समूह के बैंक क्रेडिट लिंकेज में बैंक सहयोग करें : जिलाधिकारी

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा स्वयं सहायता समूहों के बैंक क्रेडिट लिंकेज के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जनपद के समस्त बैंक प्रबंधकों का सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषयक एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ जिलाधिकारी नेहा प्रकाश द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्याशाला के माध्यम से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संबंध में बैंकर्स को विस्तृत जानकारी दी जायेगी, जिससे स्वयं सहायता समूहों के बचत खाता एवं बैंक क्रेडिट लिंकेज में बैंक प्रबंधकों का अपेक्षित सहयोग मिले एवं जनपद हेतु निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हो सकें। इस कार्यशाला से ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत जिला मिशन प्रबंधक, ब्लॉक मिशन प्रबंधक, बैंक सखी के मध्य सामंजस्य स्थापित होगा। जिससे स्वयं सहायता समूह के सदस्य को अधिक से अधिक आजीविका गतिविधियों से जोडा जा सकेगा। उन्होने कहा की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को अधिक से अधिक रोजगार प्रदान करने हेतु स्वयं सहायता समूहों का अधिक से अधिक वित्त पोषण आवयक है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में अच्छा प्रयास किया जा रहा है। बैंकर्स के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ाने में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान, हैदराबाद से आये नेशनल रिसोर्स पर्सन के द्वारा कार्याला में भारतीय रिजर्व बैंक की स्वयं सहायता समूह के बैंक लिंकेज से संबंधित नई गाइडलाइन के संबंध में बैंक प्रबंधकों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं जिले के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में स्वयं सहायता समूह व संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान, हैदराबाद के द्वारा भी कार्यशाला में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को प्राप्त होने वाले रिवॉल्विंग फण्ड एवं सामुदायिक निवेश निधि, सीओसीओएल0, सीबीओआर0एम0, बैंक सखी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला के अंत में स्वयं सहायता समूहों के सीओसीओएल0 मे बैंक स्तर पर आने वाली समस्यों का समाधान भी रिसोर्स पर्सन के द्वारा किया गया एवं स्वयं सहायता समूह के द्वारा पूर्ण प्रपत्र बैंकों में प्रेषित करने व पंचसूत्र का पालन करने हेतु कहा गया, जिससे बैक प्रबंधकों

के द्वारा अधिक से अधिक सीओसीओएल0 किया जा सके। कार्यशाला में प्रोजेक्टर के माध्यम से फिल्म दिखाकर स्वयं सहायता समूहों के उत्थान पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राम समुझ, डीओसीओ एन0आर0एल0एम0, जिला मिशन प्रबन्धक गौरव धुरिया, अखिलेश, आलोक कुमार, अंजू मौर्या, रामपति एवं समस्त ब्लाक मिशन प्रबन्धक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय सीताद्वार में बिजली महोत्सव का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। संपूर्ण भारत वर्ष में स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (विद्युत मंत्रालय) के सहयोग से प्राथमिक विद्यालय सीताद्वार इकौना में बिजली महोत्सव का आयोजन किया गया। केंद्र और राज्य के सहयोग से विद्युत क्षेत्र में हुए विभिन्न उपलब्धियों को मनाने के लिए बिजली महोत्सव को एक मंच के रूप में मनाया गया। इस दौरान केंद्र सरकार की ओर से बिजली क्षेत्र में हासिल किए गए प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। यह महोत्सव उज्ज्वल भारत उज्जवल भविष्य पॉवर /2047 के तहत पूरे देश में बिजली महोत्सव के तौर पर मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य बिजली क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सार्वजनिक जन भागीदारी और विकास में जमीन से जुड़े लोगों को इसमें सम्मिलित होना सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी आर0पी0 चौधरी ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्युत ऊर्जा के क्षेत्र में भारत सरकार व प्रदेश सरकारों के संयुक्त प्रयासों से हासिल की गई उपलब्धियों को उजागर करते हुए भारत के आम आदमी की प्रगति उसके जीवन को सुगम व खुशहाल बनाकर भारत को एक सुदृढ व आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए कृत संकल्पित प्रधानमंत्री जी के सपनों को पूरा करने में योगदान दे रही। इस दौरान माननीय विधायक रामफेरन पांडे के प्रतिनिधि अवधेश पांडेय ने भी बिजली से क्षेत्र में हो रहे विकास पर प्रकाश डाला और पिछले कुछ वर्षों में बिजली क्षेत्र के अभूतपूर्व वृद्धि पर अपनी राय खुल कर रखी। इस अवसर पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारीध्प्रबन्धक पावर ग्रिड जितेन्द्र नाथ सिंह ने बताया कि यह महोत्सव केंद्र और राज्य दोनो सरकारों द्वारा विद्युत उत्पादन, पारेषण, वितरण व अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में किए गए विभिन्न सुधारों और प्रगति का लेखा जोखा तथा देश में ऊर्जा सुरक्षा के लिए भविष्य के पाठ्यक्रम को प्रदर्शित करने का एक मंच है आम जनता, राय निर्माताओं व नीति निर्माताओं को ऑडियो–विजुअल मीडिया, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों इन्फोग्राफिक्स प्रदर्शन के द्वारा घरेलू विद्युतीकरण, वन नेशन–वन–ग्रिड उपभोक्ता अधिकार, नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति और लाभ विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि आदि विषयों पर लघु फिल्मों की स्क्रीनिंग के माध्यम से संवेदनशील और जागरूक किया गया। इसके अलावा विजन पावर /2047 के अनुरूप सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिभागियों के विचारों का अनुरोध किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक और विद्युत क्षेत्र पर बनी लघु फिल्मों आदि का आयोजन किया गया।

भारी भीड़ को देखते हुए सभी को सामाजिक दूरी और मास्क पहनने जैसे कोविड सुरक्षा संबंधित नियमों का पालन भी कराया गया। इसके साथ ही सभी उपस्थित लोगों को मास्क आदि भी वितरित किए गए।

इस अवसर पर अधिशासी अभियंता विद्युत डीओपी0 सिंह, जिला पंचायत सदस्य अजय त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी, विद्युत विभाग के कर्मचारीगण एवं भारी संख्या में उपस्थित ग्राम वासियों ने भी उत्सव में प्रतिभाग किया।

# संक्षिप्त समाचार

## जुगराजपुरा में गौ सफारी निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सौपा ज्ञापन आवारा घूम रहे जानवरों से किसान परेशान

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। कुठौंद विकास खंड क्षेत्र के ग्राम जुगराजपुरा के ग्रामीणों ने आज शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को ज्ञापन देते हुए गांव गौ सफारी निर्माण करवाये जाने की मांग उठाई जिससे किसानों की फसल नुकसान से बचाया जा सके।

कुठौंद विकास खंड के ग्राम जुगराजपुरा निवासी विश्वनाथ प्रताप सिंह समाजसेवी के नेतृत्व में रामशंकर, दिनेश सिंह, उमेश सिंह, शत्रुघन सिंह, नारायण सिंह, भूपेन्द्र सिंह, मोहित सिंह, मुहर सिंह आदि अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को बताया कि क्षेत्रवासी पिछले दो वर्षों से गौशाला निर्माण हेतु ज्ञापन दे चुके है जिसके निर्माण के लिए कई बार निरीक्षण भी हो चुका है लेकिन अभी तक समस्या का निदान नहीं किया गया है।ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से हमारे यहां आवारा गौवंश के द्वारा फसलों का नुकसान हो रहा है तथा गौ माता कट फट कर लहू लुहान हो रही है तथा फसलों के न होने से किसान आत्महत्या की कगार पर है।ग्रामीणों प्रशासन से मांग उठाई है कि आवारा गौवंशों से हो रहे नुकसान से बचाये जाने के लिए गौशाला का निर्माण तत्काल करवाया जाये।

**जुगराजपुरा में गौ सफारी निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सौपा ज्ञापन आवारा घूम रहे जानवरों से किसान परेशान**

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। कुठौंद विकास खंड क्षेत्र के ग्राम जुगराजपुरा के ग्रामीणों ने आज शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को ज्ञापन देते हुए गांव गौ सफारी निर्माण करवाये जाने की मांग उठाई जिससे किसानों की फसल नुकसान से बचाया जा सके। कुठौंद विकास खंड के ग्राम जुगराजपुरा निवासी विश्वनाथ प्रताप सिंह समाजसेवी के नेतृत्व में रामशंकर, दिनेश सिंह, उमेश सिंह, शत्रुघन सिंह, नारायण सिंह, भूपेन्द्र सिंह, मोहित सिंह, मुहर सिंह आदि अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को बताया कि क्षेत्रवासी पिछले दो वर्षों से गौशाला निर्माण हेतु ज्ञापन दे चुके है जिसके निर्माण के लिए कई बार निरीक्षण भी हो चुका है लेकिन अभी तक समस्या का निदान नहीं किया गया है।ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से हमारे यहां आवारा गौवंश के द्वारा फसलों का नुकसान हो रहा है तथा गौ माता कट फट कर लहू लुहान हो रही है तथा फसलों के न होने से किसान आत्महत्या की कगार पर है।ग्रामीणों प्रशासन से मांग उठाई है कि आवारा गौवंशों से हो रहे नुकसान से बचाये जाने के लिए गौशाला का निर्माण तत्काल करवाया जाये।

## एसओजी और सर्विलांस टीम की सहयोग टीम द्वारा गोहन थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना का एसपी ने किया खुलासा 6 शातिर अभियुक्तों को पुलिस ने असलहा सहित किया गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई(जालौन)।एसपी रवि कुमार ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि बीती 27 जुलाई को रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम महटोली निवासी विशाल सिंह पुत्र संतोष कुमार ने कुठौंद थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था।बाइक सवार दो अज्ञात लोग आए और उसकी

बाइक रोककर उसकी मां के हाथ से बैग छीन ले गए। जिसमें कान के बाला,मंगलसूत्र,पायल, मनचली व 9 हजार रूपये रखे थे।इस पर पुलिस ने वादी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसके चलते प्रभारी निरीक्षक कुठौंद व एसओजी और सर्वलाइंस सेल की संयुक्त टीम ने मिलकर कुठौंद क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर कुठौंद थाना क्षेत्र के निजामपुर बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे रेलवे अंडर पास से 29 जुलाई कि सुबह तड़के 6रू00 बजे आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार हुए अभियुक्तों ने अपना नाम विमल पुत्र रामजी तिवारी निवासी नावर थाना गोहन, मोहित पुत्र प्रेम बाबू निवासी गुपलापुर थाना गोहन, कुलदीप पुत्र इंदर सिंह निवासी रामपुरा थाना माधोगढ़, आंसू उर्फ प्रिंस पुत्र महेंद्र सिंह निवासी सैदपुर उवारी थाना कुठौंद, अंशुल कुमार पुत्र मनीष बाबू निवासी सैदपुर उवारी थाना कुठौंद और अजय पुत्र विजय सिंह निवासी थाना रामपुरा को गिरफ्तार कर लिया। जब पुलिस ने अभियुक्तों की तलाशी ली तो उनके पास से 10 हजार 400 सौ रूपये व जोड़ी सफेद धातु की पायल एक सोने का बाला एक ओम का लॉकेट, मनचली, दो 315 बोर तमंचा, चार कारतूस और दो बाइके बरामद हुई। पुलिस ने जब इन लुटेरों से कड़ाई से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वह लोग सुनसान रास्ता देखते थे जिस पर कोई अकेला व्यक्ति या दंपति को रास्ते पर आता देख उसके साथ मारपीट कर डरा धमका कर लूटपाट की घटना को अंजाम देते थे।

ऐसा ही उन्होंने 9 जुलाई को कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर के पास व 26 जुलाई को थाना गोहन क्षेत्र के गुपलापुर धर्मपुरा रोड पर लूट की घटना को अंजाम दिया था। आज वह किसी और घटना की योजना बना रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। इसके बाद कुठौंद थाना पुलिस ने सभी 6 अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया और युवकों से उनके आपराधिक इतिहास की जानकारी कर रही है।

# पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली का किया निरीक्षण,दिए निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा सुल्तानपुर। जिले में बेहतर कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय कोतवाली में पहुंचकर माता तो की नब्ज टटोली और संबंधित के साथ क्राइम पर नियंत्रण के लिए टिप्स दिए शुक्रवार को जिले के पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा दोपहर करीब 1.30बजे अचानक जयसिंहपुर कोतवाली में पहुंचे। पुलिस अधीक्षक के जयसिंहपुर कोतवाली में पहुंचते ही मातहतो में हड़कंप मच गया। कोतवाली पहुंचकर पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने कोतवाली क्षेत्र में हुई घटनाओं /अपराध के बारे में जानकारी ली।और कोतवाली प्रभारी प्रेमचंद सिंह को घटनाओं के शीघ्र खुलासे के निर्देश दिए।करीब घंटे भर से अधिक समय तक कोतवाली में मौजूद रहकर पुलिस अधीक्षक ने थाने में तैनात मातहतों के पेंच कसे। इस मौके पर थाने के उपनिरीक्षक जगदीश यादव समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## सामुदायिक केंद्र जयसिंहपुर की लापरवाही आई सामने एक्सरे मशीन उपलब्ध होने के बावजूद भी स्टाफ की कमी

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट बाबा संदीप श्रीवास्तव। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत सामुदायिक केंद्र जयसिंहपुर का मामला आया सामने जहां एक तरफ योगी सरकार शिक्षा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए करोड़ों रुपया खर्च कर रही है तो वही इसकी बांगी बयां कर रहे जयसिंहपुर समुदाय स्वास्थ्य केंद्र मे लगा एक्सरे मशीन महीनों से स्टॉप ना होने के कारण बंद पड़ा हुआ जिसके चलते मरीजों को प्राइवेट सैंटरो पर एक्सप्रेस कराना पड़ा है वही बंद पड़े एक्सरे को चालू कराने के लिए ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से भी की विभागीय उदासीनता के चलते हैं अभी तक बंद पड़ा एक्सरे चालू नहीं हो सका जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी लोग देखने को मिल रहा है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 अगस्त दीवानी न्यायालयों में

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव सरन ने बताया कि उ. प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 अगस्त 2022 को प्रातःकाल 10.00 बजे से जनपद की समस्त दीवानी न्यायालयों में कोविड–19 प्रोटोकॉल के अन्तर्गत किया जायेगा। जिला जज तरूण सक्सेना के दिशा निर्देशन में इस राष्ट्रीय लोकअदालत में दीवानी, राजस्व, मोटर वाहन दुर्घटना और पारिवारिक, वैवाहिक, दाम्पत्य विवाद से संबंधित वादों,मुकदमा, लघु एवं शमनीय आपराधिक वाद और धारा 138 एनआईएक्ट के अन्तर्गत चौक बाउन्स के मामले नियत किये जायेंगे।

इनका निस्तारण परस्पर सुलह समझौते अथवा जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर किया जायेगा। प्री–लिटिगेशन स्कीम के अन्तर्गत मोबाइल/टेलीफोन के बकाया बिल और विभिन्न बैंकों के ऐसे बकायेदारों के मामले भी नियत किये जायेंगे, जिन्होंने कई वर्षो के बाद भी बकाया बिल या बैंक ऋण जमा नहीं किया है। ऐसे बकायेदारों को इस अवसर का लाभ अवश्य उठाना चाहिए और इस राष्ट्रीय लोकअदालत में उपस्थित होना चाहिए, जिसका आयोजन सभी के हितों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। समस्त वादकारियों से अपील की जाती है कि लम्बित दीवानी, राजस्व, मोटर वाहन दुर्घटना और पारिवारिक, वैवाहिक/दाम्पत्य विवाद से संबंधित वादों/मुकदमों में सुलह–समझौता करने के इच्छुक व्यक्ति/संबंधित पक्ष समय पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठायें। इसमें किसी प्रकार की समस्या होने पर वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

# कानूनगो द्वारा नाप कर कब्जा न दिलवाये जाने की शिकायत

• पीड़ित ने अपर जिलाधिकारी से उठाई कब्जा दिलवाये जाने की मांग

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। जालौन तहसील क्षेत्र के ग्राम जुगराजपुर मुस्तकिल निवासी भीमसिंह पुत्र नबाब सिंह ने आज शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि उसकी आराजी मौजा जुगराजपुर मुस्तकिल मुकदमा भीसम सिंह बनाम दिनेश सिंह का बटवारा 116 अंर्तगत कुरा बन चुके है। जिसका फैसला एसडीएम जालौन के द्वारा 31 जनवरी 2022 को हो चुका है एवं प्रार्थी को मौके पर कब्जा हेतु एसके भगवतीशरण तिवारी क्षेत्र कुठौंद को कब्जा दिलाने हेतु उक्त पत्रावली 2 जून 2022 पहुंच चुकी है मगर काननूगो आज कल कह कर एक माह से टहला रहे है तथा कब्जा दिलाने की पत्रावली कानूनगो के पास रखी हुई है तथा कानूनगो कब्जा नहीं दिलवा रहा है।जबकि कानूनगो को 31 जून 2022 तक मौके पर कब्जा दिलाना था। पीड़ित अपर जिलाधिकारी से मांग उठाई है कि कानूनगो के विरुद्ध कार्यवाही कर कब्जा दिलवाया जाये।

# भाजपा हर घर तिरंगा अभियान से बहायेंगी देश भक्तिकी धारा : शंकर गिरि

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट विनय सेन

सुलतानपुर। भाजपा 9 अगस्त क्रांति दिवस से 15 अगस्त तक मनाएगी तिरंगा पखवारा ,आजादी के अमृत महोत्सव में हर घर पर लहराएगा तिरंगा ,भाजपाई हर गांव, वार्ड व गली मोहल्लों में निकालेंगे प्रभात फेरी ,भाजपा ने की कार्यकर्ताओं के सहयोग से सवा लाख घरों में तिरंगा लगाने की तैयारी आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर भाजपा धूमधाम से अमृत महोत्सव मना रही है।इस स्वतंत्रता दिवस को ऐतिहासिक बनाने के लिए जिला प्रशासन के साथ– साथ भाजपा जिला इकाई अपने कार्यकर्ताओं के सहयोग से 13 से 15 अगस्त तक सवा लाख घरों में तिरंगा फहराएंगी।11 से 13 अगस्त को प्रत्येक गांव वार्ड व गली–मोहल्लों में वंदे मातरम व राम धुन रघुपति राघव राजा राम गाते हुए प्रभात फेरी निकाली जाएगी।गुरुवार को पयागीपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर हर घर तिरंगा अभियान की तैयारी बैठक हुई।भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आर.ए. वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी शंकर गिरि ने हर घर तिरंगा अभियान की तैयारी बैठक की समीक्षा की।उन्होंने जनप्रतिनिधियों, जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी,मोर्चा प्रकोष्ठ एवं विभाग के संयोजकों, सहित मंडल अध्यक्षों संग बैठक कर हर–हर तिरंगा लगाने की रणनीति तैयार की।उन्होंने कहा भाजपा हर घर तिरंगा अभियान से समाज में देश भक्ति की धारा बहायेंगी। श्री गिरि ने बताया हर घर तिरंगा अभियान 9 अगस्त क्रांति दिवस से 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक चलेगा। 9 व 10 अगस्त को युवा मोर्चा तिरंगा यात्रा निकालेगा। 11 अगस्त को भाजपा पदाधिकारी युवा कार्यकर्ता हाथ में तिरंगा लेकर महापुरुषों के मूर्तियों की साफ–सफाई कर माल्यार्पण करेंगे। 11 अगस्त को ही जनप्रतिनिधि व भाजपा नेता समाज के प्रभावी लोगों के घरों पर तिरंगा झंडा लगाकर उत्सव जैसा माहौल बनाएंगे।13 ,14 एवं 15 अगस्त को कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा टोलिया निकालकर हर घर झंडा पहुंचाने और उस परिवार के सबसे छोटे सदस्य के द्वारा उस घर पर ध्वजारोहण कराकर सेल्फी ली जाएगी। संगठन जिलाध्यक्ष डॉ.आर.ए. वर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यकर्ताओं से हर घर तिरंगा अभियान को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी शिद्दत के साथ जुटने का आह्वान किया।पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया की जिला प्रशासन के अलावा भारतीय जनता पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं के सहयोग से प्रत्येक विधानसभा में 25 हजार व जिले में सवा लाख झंडे लगाने का लक्ष्य रखा है।हर घर तिरंगा अभियान की सफलता के लिए 3,4 व 5 अगस्त को शक्तिकेंद्रों पर तैयारी बैठक होगी।31 जुलाई को पीएम मोदी के मन की बात प्रत्येक शक्ति केंद्रों व बूथ स्तर पर सुनी जाएगी।बैठक का संचालन महामंत्री विजय त्रिपाठी ने किया।बैठक में एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, सदर विधायक सीताराम वर्मा,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार सिंह,जिला उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश जायसवाल,संजय सिंह त्रिलोकचंदी, आलोक आर्या, घनश्याम चौहान, संदीप सिंह, आशीष सिंह रानू ,विवेक सिंह विपिन,नरेंद्र सिंह,राजेश सिंह, प्रदीप शुक्ला, राजित राम, जगदीश चौरसिया, दिनेश श्रीवास्तव,जिला सह प्रवक्ता अशोक सिंह, कृपा शंकर मिश्रा, बबीता तिवारी,अवध कुमार सिंह, चंदन नारायण सिंह,रेखा निषाद, गोविंद तिवारी टाड़ा,गांधी सिंह, पारसनाथ सिंह,बाबी सिंह,संजय सिंह बबलू,ब्लाक प्रमुख राहुल शुक्ला,प्रात्येश सिंह बंटी,नवनीत

सिंह, सर्वेश मिश्रा,डिंपल सिंह ,चंद्र प्रताप सिंह,राजेंद्र वर्मा,अरुण जायसवाल,कुंवर बहादुर सिंह, उपमा शर्मा,डॉ हीरालाल मिश्रा, कृष्ण कुमार सिंह,संजय उपाध्याय,उपमा शर्मा,रामनारायण उपाध्याय, सभाजीत पांडे,इंद्रदेव मिश्रा, सभासद अरुण सिंह, संदीप गुप्ता,रमेश सिंह टिन्नू,प्रवीण मिश्रा, डॉ.संतोष सिंह, मंगरू प्रजापति, अरुण कुमार, विजय सेक्रेटरी, दिनेश चौरसिया,बिन्नू पांडे, मनोज मौर्या,गांधी सिंह विनोद अजय सिंह लीडर,अनिल बरनवाल, डा.बलराम मिश्रा, रेखा बरनवाल, नगर अध्यक्ष आकाश जायसवाल, राजेश चतुर्वेदी, मनोज श्रीवास्तव, राम अभिलाष सिंह,सुभाष वर्मा,संदीप तिवारी, ब्रह्मदेव देव सिंह, देव नारायण तिवारी,भूपेंद्र पाठक, संजय सरोज, नंदलाल पाल, हरि शंकर वर्मा,अखिलेश सिंह, सुनील सोनी, प्रवीण सिंह,संजय कसौधन,संतोष सिंह,राम बहादुर सिंह, सहित जिला पदाधिकारी, ब्लाक प्रमुखगण, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, सभासदों सहित प्रकोष्ठ व विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस को मिली बड़ी सफलता ताबड़तोड़ कार्यवाही, दो फरार अभियुक्तहुए गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ताबड़तोड़ हुई दो हादसों में पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्यवाही की है। जिसमे पुलिस ने फरार चल रहे दो अभियुक्त को पुलिसिया कार्य में तेजी दिखाते हुए गिरफ्तार कर अपनी विधिक कार्रवाई शुरू कर दिया जिसमें पहला मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले सड़क दुर्घटना में एआरटीओ के सिपाही और संविदा चालक की दर्दनाक मौत हो गई थी।

जिसमे फरार चल रहे अमेठी जिले के फुरसतगंज थाना क्षेत्र के पुरेरानी मजरे भदैया महमूदपुर गांव निवासी ट्रक ड्राइवर मुफीस अहमद पुत्र अब्दुल रशीद को पुलिस ने शुक्रवार की शाम को सुलतानपुर बस अड्डे से गिरफ्तार किया। जिसे नियमानुसार विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है बता दे की मंगलवार की भोर गोसाईगंज थाने के लखनऊ बलिया राजमार्ग पर माधवपुर छितौना गांव के पास एआरटीओ प्रवर्तन अधिकारी राकेश कुमार वर्मा अपने हमराही सिपाही अरुण सिंह व संविदा चालक अब्दुल मोबीन के साथ वाहन खड़ी कर चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच सुलतानपुर से कादीपुर की तरह जा रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने सिपाही अरुण सिंह और संविदा चालक अब्दुल मोबीन को रौंद दिया। जिसमे मौके पर दोनो की दर्दनाक मौत हो गई। हालांकि घटना में एआरटीओ राकेश वर्मा बाल बाल बच गए। एआरटीओ की तहरीर पर गोसाईगंज थाने में मु0अ0स0 398/2022 धारा 279, 304ए, 427भाववदवविव के तहत पजीकृत किया गया। जिसपर कार्यवाही करते हुए अभियुक्त मुफीस अहमद को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

दूसरी घटना जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के परसौहा गांव का है। जहां शनिवार की सुबह जमीनी विवाद में सगे भाइयों में हुई मारपीट में सोमवार की शाम एक महिला की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसपर पुलिस ने उसी गांव के नफर वांछित अभियुक्त भूलेश्वर सिंह पुत्र तालुकदार सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दे की शनिवार को दो भाई शिवनरायण सिंह व भूलेश्वर सिंह पुत्रगण तालुकदार सिंह के बीच जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हो गई। जिसमे दोनो पक्षों में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। मारपीट में

शिवनरायण सिंह और उनकी पत्नी रीता सिंह के सिर पर गंभीर चोट लगने से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां चिकित्सकों ने दोनो की हालत काफी नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया। जहां पत्नी रीता की इलाज के दौरान मौत हो गई और पति शिवनारायण सिंह लखनऊ अस्पताल में जीवन और मौत के बीच जंग लड़ रहे है। परिजनों की तहरीर पर जयसिंहपुर पुलिस ने मुवअवसव 253/2022 धारा 323/504/506/308/452 /302/34 भाववदवविव के तहत पंजीकृत कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# मुख्य सचिव द्वारा कमल सरोवर निरीक्षण के दौरान हरिशंकरी पौध का किया गया रोपण

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट वागीश कुमार सुलतानपुर। मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन श्री दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान सखौलीकला वि0ख0 लम्भुआ स्थित निर्माणाधीन कमल सरोवर का निरीक्षण किया गया तत्पश्चात धोपाप धाम स्थित मन्दिर में विधि विधान के साथ पूजन–अर्चन किया इस अवसर पर जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे मुख्य सचिव, उ0प्र0 द्वारा सखौलीकला विकास खण्ड लम्भुआ स्थित निर्माणाधीन कमल सरोवर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव द्वारा हरिशंकरी का पौधरोपण किया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कमल सरोवर का निर्माण पर्यटन के रूप में कराया जाय कमल सरोवर के पास बने किड्स जोन पार्क का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि कमल सरोवर के चारों तरफ मियावाकी पद्धति से पौधरोपण कराया जाय तथा फलदारध्फूलदार पौधरोपण किया जाय उन्होंने कहा कि कमल सरोवर का सौदर्यीकरण कराकर इसे पर्यटन के रूप में विकसित किया जाय, जिससे आस–पास के लोगों को रोजगार मिल सके। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कमल सरोवर का निर्माण गुणवत्तापूर्ण ढंग से ससमय कराना सुनिश्चित करें तथा इसका नामकरण किसी स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर किया जाय तत्पश्चात मुख्य सचिव, उ0प्र0 द्वारा आजादी की 75वीं वर्षगाठ के अवसर पर 11 से 17 अगस्त तक मनाये जाने वाले 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम को जनांदोलन बनाने हेतु स्काउट गाइड तथा एन.सी.सी. के छात्रध्छात्राओं को जागरूकता अभियानध्प्रभात फेरी निकालने हेतु तिरंगा झण्डा प्रदान किया इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह की सखी आरती द्वारा बनाये गये झण्डे को मुख्य सचिव द्वारा प्रतीक स्वरूप खरीदा गया उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि आजादी की 75वीं वर्षगाठ के अवसर पर फहराये जाने वाले तिरंगे को सजोंकर रखें तथा इस अवसर को एक खास दिवस के रूप में मनायें तत्पश्चात मुख्य सचिव, उ0प्र0, जिलाधिकारी व मुख्य विकास

अधिकारी द्वारा धोपाप धाम स्थित मन्दिर में विधि विधान के साथ पूजन – अर्चन किया गया मुख्य सचिव द्वारा धोपाप धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जाने के निर्देश दिये गये।

# नैक द्वारा ग्रेड से मूल्यांकित KNIPSS में अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट विनय सेन

सुलतानपुर में नैक द्वारा ग्रेड से मूल्यांकित कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान में आज भूगोल विभाग में अन्तर्राष्ट्रीय बाघ दिवस ९ के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर सुधांशु प्रताप सिंह नें किया । इस क्रम में इन्होंने बताया कि सन् 2010 में रूस के सेन्ट पिट्सबर्ग में उपस्थित 13 टाइगर रेंज देशों के हस्ताक्षर से 2022 तक बाघों के प्राकृतिक आवास की सुरक्षा, संख्या दोगुनी करने के उद्देश्य व इनके संरक्षण को प्रोत्साहित करने हेतु एक प्रस्ताव पारित किया गया । तभी से प्रत्येक वर्ष 29 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इन्होंने बाघों के राष्ट्रीय संरक्षण प्रयास की ओर इंगित करते हुए बताया कि भारत में 1973 में ही बाघों के आवासों का विकास व इनके संरक्षण हेतु टाइगर प्रोजेक्ट प्रारंभ किया गया व वर्तमान में 53 बाघ अभ्यारण्यों के माध्यम से बाघों के संरक्षण का सरकारी प्रयास प्रगतिशील है। भूगोल विभाग के प्रवक्ता मि० अतुल कुमार वर्मा नें बताया कि भारत में अवस्थित 18 जीवमंडल आरक्षित क्षेत्रों में बाघों के संरक्षण व संवर्धन का ठोस प्रयास अनवरत जारी है। मंच का संचालन करते हुए विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ० आर पी मिश्र नें उपस्थित छात्रध्छात्राओं को सम्बोधित करते हुए स्पष्ट किया कि भारत सदैव जैव संरक्षण को अपनाते आया है। उसी का परिणाम है कि वर्तमान में विश्व की कुल बाघों की संख्या में 2967 बाघ, अकेले भारत में है। कार्यक्रम के समापन उदबोधन में विभाग के अध्यक्ष, प्रोफेसर ओ पी सिंह नें बाघों के संरक्षण की

महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाघ जैवमंडल का सर्वोच्च उपभोक्ता है। अतः पारिस्थितिकी संतुलन में बाघ की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आज के इस पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम में समाजशास्त्र के प्रोफेसर पी के सिंह, लगभग 80 छात्रध्छात्राएं, भूगोल विभाग के लैब असिस्टेंट मि० रामशब्द आदि उपस्थित थे।

## दलसिंहससराय थाना में युवक ने पुलिस की कस्टडी में की खुदकुशी

तारकेश्वर प्रसाद सिंह दलसिंहसराय। बड़ी खबर सामने आ रही है जहां पुलिस की बड़ी लापरवाही देखने को मिली है। दरअसल पुलिस हिरासत में एक युवक ने फंदा से लटककर खुदकुशी कर ली है। मामला दलसिंहसराय थाने का है जहां पत्नी के साथ हुए विवाद में ससुराल वालों की शिकायत पर एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर थाना पर रखा हुआ था। इसके बाद गिरफ्तार युवक ने गुरुवार की देर रात्रि थाना के मुंशी वाले रूम के बगल के कमरें मे खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान समस्तीपुर जिले के मुफस्सिल थाना अंतर्गत हकीमाबाद खराश के रहने वाले मो. गुलाब के रूप में की हुई है। घटना की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। वही डीएसपी दिनेश कुमार पांडे थाना पहुँच कर मामाले की छानबीन मे जुटे हुए हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक मो. गुलाब की शादी चार वर्ष पूर्व दलसिंहसराय के नवादा में हुई थी। शादी के बाद से ही पत्नी के साथ किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था और मामला न्यायालय में चल रहा था। मृतक की बहन ने बताया की मो. गुलाब गुरुवार को अपने काम से दलसिंहसराय आया था। जिसके बाद युवक के साले अपने दोस्तों को लेकर आया और उसे पकड़ कर ले गया, मारपीट किया एंव कान मे तेजाब डाल दिया।जिसके बाद ससुराल वालों ने 112 नंबर पर इसकी शिकायत की। आनन फानन में वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों के द्वारा रात्रि 1:30 बजे अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सिवान में 4 लोगो का आया आतंकी गतिविधियों में जुड़ने का मामल, अलर्ट पर कई थाने की पुलिस

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सिवान गगन कुमार पाण्डेय। सीवान के 4 युवकों का आतंकी गतिविधियों से तार शामिल होने का मामला प्रकाश आया है।इसकी जानकारी गृह मंत्रालय ने सीवान एसपी शैलेश कुमार सिन्हा को दी है। जिसके बाद सीवान पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो गई है। चारों युवक बसंतपुर, महाराजगंज, पचरूखी और बड़हरिया थाना क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं। आरोपित चारों युवकों के नाम और पहचान को गुप्त रखा गया हैं,जिससे जांच में कोई कठिनाई ना हो पाए। एसपी शैलेश कुमार सिन्हा ने संबंधित थानाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि आतंकी गतिविधियों में शामिल होने वाले सभी आरोपितों का जल्द से जल्द साक्ष्य जुटाकर रिपोर्ट विभाग को सौंपे।सीवान एसपी शैलेश कुमार सिन्हा के निर्देश पर भगवानपुर थाना, दरौली, धनौती, रघुनाथपुर, महादेवा, सराय, मैरवा, एमएच नगर थाना, पचरूखी, आंदर थाना, जामो थाना, सिसवन थाना और भगवानपुर थाने को अलर्ट मोड पर रखा गया है। गौरतलब है कि 25 जुलाई को एनआईए की टीम ने सीवान जेल में बंद जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र निवासी याकूब खान को कोर्ट में पेशी के बाद उसे अपने साथ लेकर चली गई थी। कहा जा रहा है कि याकूब आतंकी कनेक्शन से जुड़े कई तरह के राज को खोल सकता है।जिसको लेकर NIA की टीम जिले में इनकी पूरी हिस्ट्री खंगाल रही है। एसपी कार्यालय से जो पत्र जारी किया गया है उसमें कहा गया है कि आरोपित चारों लोगों पर अलग–अलग थानों में पहले से ही कई मुकदमे दर्ज है।

## जीविका के द्वारा रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का किया गया आयोजन

☒ मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा स्टाल लगाकर बेरोजगार युवक– युवतियों का निबंधन किया गया

बोखड़ा। प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बुधनगरा के प्रांगण में शुक्रवार को जीविका की ओर से रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख सुधीर कुमार,जद(यू) प्रखंड अध्यक्ष कामोद कुमार बसंत,जिप सदस्य नंदकुमार कुमार यादव एवं जीविका समन्वयक शंभू कुमार झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इस दौरान प्रमुख सुधीर कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जीविका दीदी सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है।इन्होंने महिलाओं का ग्रुप बनाकर व उन्हें बैंक से ऋण दिलाकर स्वरोजगार के क्षेत्र में क्रांति लाने का काम किया है एवं नशामुक्ति के क्षेत्र में भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने का काम किया है।वहीं तार व खजूर के रस उतारने वाले लोगों को प्रोत्साहित कर नीरा उतारने, उसे संग्रहित कर बिक्री करने, उससे तरह–तरह के मिष्ठान पेड़ा, गुड़ आदि बनाने के कार्य में तकनीकी व आर्थिक सहयोग देने का जो कार्य किया है जो काफी सराहनीय है।प्रमुख ने युवक –युवतियों से जीविका से जुड़कर स्वरोजगार के क्षेत्र में कार्य करने व समाज, राज्य व देश को मजबूत बनाने की अपील की।कार्यक्रम में मौजूद सभी मुख्य अतिथियो ने मेले में लगे सभी स्टाल का निरीक्षण किया। वहीं रोजगार मेले में कुल 14 कंपनियों के द्वारा स्टाल लगाए गए थे। कंपनियों के द्वारा 1654 बेरोजगार युवक – युवतियों का निबंधन किया गया। जिसमें 710 लोगों का चयन किया गया। मौके पर राजद आपदा प्रकोष्ट के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव, मुखिया प्रतिनिधि अखिलेश पटेल,सिकंदर यादव, सुनील पासवान,मधु कुमारी एवं मो फैसल सिद्दीकी,पंसस पंकज कुमार,मो शहजादे,मो बशीर नदाफ,सरपंच कुलदीप यादव के अलावे जिला परियोजना प्रबंधक इन्द्रशेखर इंदु,बीपीए कृष्णदेव ठाकुर,जॉब मैनेजर बिकाश कुमार,कम्युनिकेशन मैनेजर राकेश प्रसाद,ट्रैनिंग ऑफिसर रजनीकांत सिंह, अकाउंटेंट राहुल कुमार झा एवं क्षेत्रीय समयन्वय रोहिनी कुमार चौधरी के अलावे कई लोग उपस्थित थे।

## एमएलसी वीरेंद्र नारायण यादव के अथक प्रयास से सडक का पुनः निर्माण कार्य हुआ शुरु

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) गोरियाकोठी,सिवान। एमएलसी वीरेंद्र नारायण यादव नें पिछले मंगलवार को गोरियाकोठी विधानसभा क्षेत्र के सावना, हुसेपुर, मुस्तफाबाद सारेया,सानी बसंतपुर और पचपकडिया क्षेत्र का भ्रमण कर सिवान लौट रहे थे। इसी दौरान एमएलसी डॉ वीरेंद्र यादव जैसे ही पचपकड़ीया बाजार के समीप चार बजे पहुंचे तो अपने विभिन्न मांगों को लेकर जनप्रतिनि के साथ साथ स्थानीय लोगो ने उनको रास्ते में ही रोक लिया। उसके बाद डॉ वीरेंद्र नारायण यादव अपने गाड़ी से निकल कर फिर

दुकान पर बैठ गए. इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी मुद्दों को उनके समक्ष रखा. इसके बाद श्री यादव ने उनके मुद्दे को निराकरण करने की बात कही. पचपकडिया गाँव के लोगो नें जर्जर सड़क की स्तिथि को एमएलसी के सामने रखा था . एमएलसी वीरेंद्र नारायण यादव नें लोगो को अस्वासन दिया था की शीघ्र ही सडक बनेगा. श्री यादव नें कई आलाधिकारियो को फोन के माध्यम से जर्जर सडक की जानकारी दी थी। कल सुबह से ही ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा महराजगंज कार्यपालक अभियंता पंकज कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर संकेदक अखिलेश उपाध्याय और उनके सहयोगी ओम प्रकाश सिंह और मुरारी उपाध्याय नें पचपकडिया पकड़ी बाजार पर पहुंच पुनः सडक निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है. इस सडक के पुनः निर्माण से स्थानीय लोगो और बाजार के लोगो मे खुशी का माहौल देखने को मिला। स्थानीय ग्रामीण श्याम बाबू नें बताया की इस सडक के पुनः निर्माण कार्य के लिए ग्रामीणों नें पिछले 1 साल से तरस रहे थे. मुख्य सडक पर पानी लगने से आसपास के स्कुल मे पढ़ने वाले बच्चों और बच्चियों को काफी दिक्कत का सामना करना परता था।

## सरकारी विद्यालय के मुख्य गेट पर नल जल की टंकी विद्यालय में कनेक्शन के अभाव में सभी प्यासे

मशरक(सारण)। कहते हैं सरकार द्वारा विकास की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने को कृत संकल्पित है वही प्रखंड स्तर के अधिकारियों की मामूली लापरवाही से सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है वही लोगों द्वारा इसकी शिकायत संबंधित विभाग से की जाती है पर उस पर कोई सुनवाई या समाधान नहीं हो पा रहा है मामला हैं में मशरक प्रखंड क्षेत्र के बंगरा पंचायत के चौनपुर गांव में अवस्थित अवध उच्च विद्यालय में पानी की समस्या। छात्रों समेत एमडीएम योजना बनाने में हो रही पानी की समस्या गंभीर बनी हुई है वही विधालय के मुख्य गेट पर ही नल जल योजना की टंकी बनी है और सुचारू रूप से चालू हालत में हैं पर विद्यालय परिसर में कनेक्शन नही होने के कारण शुद्ध पेयजल की समस्या बनी हुई है। मामले में शुक्रवार को विधालय के शिक्षकों ने बताया कि परिसर में तीन चापाकल हैं जिसमें से दो खराब पड़े हैं वही एक किसी तरह से चल रहा है वही मरम्मत और नल जल योजना से कनेक्शन के लिए पीएचडी विभाग में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है पर उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। अवध उच्च विद्यालय चौनपुर के प्राचार्य महेश प्रसाद चौरसिया ने बताया कि विधालय में शुद्ध पेयजल एक बड़ी समस्या है पर इसका समाधान पीएचडी विभाग चाहें तो मिनटों में कर सकता है पर कोई भी इस समस्या पर ध्यान देने को तैयार नहीं है।

विधालय में प्रतिदिन हजारों की संख्या में छात्रों की उपस्थिति रहती है। आर्मी कैंटिन संचालक रंजन कुमार सिंह बताते हैं कि शुद्ध पीने के पानी के लिए सरकार समुचित व्यवस्था की हैं पर पीएचडी में मची भ्रष्टाचार से अधिकांश पीएचडी के चापाकल खराब पड़े हैं इसका नमूना है विधालय के खराब चापाकल।

## मां का दूध बच्चे के लिए प्राकृतिक इम्यूनिटी बूस्टर सीएस- एक से सात अगस्त तक जिलेभर में मनाया जाएगा विश्व स्तनपान सप्ताह

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। कोरोना आने के बाद से हर व्यक्ति इम्यूनिटी के पीछे भाग रहा है। बाजार में इम्यूनिटी बूस्टर धड़ल्ले से बिक रहे हैं, और घर पर लोग तमाम तरह के उपाय कर रहे हैं। लेकिन अगर बच्चों के लिए प्राकृतिक इम्यूनिटी बूस्टर की बात करें तो वह है माँ का दूध। माँ के दूध में पाये जाने वाले पोषक तत्व बच्चे को जीवन भर इम्यूनिटी प्रदान करते हैं। यह बच्चे के लिए प्रथम टीके के रूप में कार्य करता है, जो कि उसे रोग और मृत्यु से बचाता है। इसी उद्देश्य से जिले में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र लाल ने बताया कि एक से सात अगस्त तक जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों सहित अन्य जगहों पर विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाएगा। स्तनपान सप्ताह के सफल आयोजन को लेकर राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक ने सभी सिविल सर्जन को पत्र जारी किया है। सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र लाल ने बताया कि सदर अस्पताल सहित जिला के सभी स्वास्थ्य संस्थानों को दूध की बोतल मुक्त परिसर घोषित किया जाएगा। विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान जिला स्तर और प्रखण्ड स्तर पर कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही प्रसव केंद्र पर ममता का स्तनपान से होने वाले वाले लाभ के संबंध में उन्मुखीकरण होगा। विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिला योजना समन्वयक (डीपीसी) को नोडल अधिकारी बनाया गया है, वहीं विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के प्रसव केंद्र के पोस्ट नेटल वार्ड की इंचार्ज को इस दौरान उस संस्थान का नोडल पर्सन घोषित किया गया है। विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर स्वास्थ्य संस्थानों में स्तनपान कक्ष बनाया जाएगा। स्तनपान कक्ष का निर्माण विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में स्थापित कंगारू मदर केयर यूनिट के अलावा होगा। विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान किसी एक दिन जिला के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें धात्री माताओं को स्तनपान के महत्व के साथ–साथ शिशु की स्वास्थ्य संबंधी सभी आवश्यक जानकारियां दी जायेंगी। आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान शिशु के जन्म के एक घण्टा के अंदर स्तनपान प्रारंभ करने में मां की सहायता करने के साथ माताओं को छह माह तक अपने शिशु को केवल स्तनपान कराने के लिए प्रेरित करेंगी। सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र लाल ने बताया कि स्तनपान करने वाले शिशुओं का समुचित शारीरिक और मानसिक विकास होता है। वहीं वयस्क होने पर गैर संचारी बीमारियों के होने का भी खतरा कम हो जाता है। माँ के दूध में बच्चे के लिए आवश्यक प्रोटीन, वसा, कैलोरी, लेक्टोज, विटामिन, लोहा, खनिज, पानी और एंजाइम पर्याप्त मात्रा में होते हैं। यह बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, जो भविष्य में उसे कई तरह के संक्रमणों से सुरक्षित करता है।

## अग्निशमन विभाग में 16 साल पुरानी वाहनों के द्वारा किया जा रहा है काम वही अग्निशमन अधिकारी हैं परेशान

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार

सहरसा। जिला अग्निशमन विभाग में 16 सालों से पुराना जर्जर अनफिट वाहनों से काम लिया जा रहा है जिला में अगलगी की घटना घटने ही सबसे पहले लोग अग्निशमन को आग पर काबू पाने के लिए सूचना देते हैं ताकि विभाग से अग्निशमन की गाड़ी मौके पर पहुंची जल्द से जल्द आग पर

काबू पाया जाए इसके लिए अग्निशमन विभाग के कर्मी और अधिकारी को आग पर काबू पाने के लिए काफी मशक्कत करते हैं और आग पर काबू पा लिया जाता है सबसे बड़ी चुनौती उन लोगों के लिए यह होती है कि बड़े वाहनों से आग पर काबू पाया जाता है वहीं वाहन जर्जर हो चुकी है वाहन की स्थिति इस कदर बनी हुई है कि वाहन धीरे–धीरे जमीनदोज होता जा रहा है जिस कारण अग्निशमन विभाग के कर्मी व अधिकारियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है तो वहीं अग्निशमन विभाग में कर्मियों की भी काफी कमी है संसाधन की कमी से जूझ रहा जिला अग्निशमन विभाग अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को मजबूर है बताया जा रहा है कि 4 बड़े वाहन जर्जर हालत में है जो 16 साल पुराने हैं वही जिले में कुल 8 छोटे वाहन पर पूरा जिला निर्भर है सरकारी नियमों के अनुसार 16 साल पुराने या अनफिट वाहनों के परिचालन पर रोक है उसके बावजूद भी किसी तरह अग्निशमन विभाग के अधिकारी इस जर्जर वाहन को चला रहे हैं।

अग्निशमन विभाग के प्रभारी पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि वरीय अधिकारी को इसकी जानकारी दी गई है साथ ही साथ वाटर टैंक का भी मांग किया गया है कर्मी की भी कमी है।

## जमीन पर अतिक्रमण से विद्यालय का नहीं बन पा रहा भवन

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। नगर के वार्ड 15 में स्थित नगरपालिका उर्दू मध्य विद्यालय की स्थिति बदहाल है। इस विद्यालय के पास जमीन तो है, लेकिन कितनी जमीन है यह स्पष्ट नहीं है। अब स्थिति यह हो गई है कि जो विद्यालय की जमीन है उस पर अतिक्रमण हो रहा है। इस जमीन की मापी व पता लगाने के लिए एचएम लगातार पत्राचार कर रहे हैं, लेकिन कोई पहल नहीं हो पा रही है। इसके चलते इस

विद्यालय का भवन नहीं बन पा रहा और वर्तमान में चार कमरों व एक बरामदे में बच्चे बैठ कर पढ़ाई कर रहे हैं। इस विद्यालय में वार्ड नंबर 14 के विद्यालय को भी टैग किया गया है। इस वार्ड के बच्चे भी इसी विद्यालय के भवन में बैठ कर पढ़ते हैं। विद्यालय दो शिफ्ट में चलता है। सुबह में वार्ड 14 के बच्चे पढ़ते हैं। उसके बाद नगरपालिका उर्दू मध्य विद्यालय के बच्चे पढ़ते हैं। नगरपालिका उर्दू मध्य विद्यालय में वर्ग एक से आठ तक में कुल 375 बच्चे नामांकित हैं। इतने बच्चों को बैठने के लिए मात्र चार कमरे हैं। इसके बाद भी कुछ बच्चों को विद्यालय के बरामदे में बैठाया जाता है। इसके चलते बच्चों को भी परेशानी होती है। इस विद्यालय में कुल नौ शिक्षक कार्यरत हैं। लेकिन एक शिक्षक व एक शिक्षिका प्रतिनियोजन पर हैं। विद्यालय में एमडीएम एनजीओ के माध्यम से आता है। विद्यालय के पास वर्तमान समय में जगह की कमी है। परिसर नहीं होने के चलते विद्यालय के सामने गली में खड़ा होकर बच्चे प्रार्थना करते हैं। इस संबंध में एचएम अनिल कुमार ने कहा कि विद्यालय के पास जमीन है, लेकिन उस पर अतिक्रमण होने लगा है। बार–बार पत्राचार किया गया है, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई है।

# संक्षिप्त समाचार

## नवनिर्वाचित विधान पार्षद ने की राहुल गांधी से मुलाकात

अनिल कुमार दैनिक अयोध्या टाइम्स) हरसिद्धि। नवनिर्वाचित विधान पार्षद सदस्य महेश्वर सिंह ने किया कांग्रेस महासचिव राहुल गांधी से उनके दिल्ली आवास पर मुलाकात साथ में मेहता टोला ओलहा के पंचायत पैक्स अध्यक्ष राज किशोर सिंह मौजूद थे।

## अलग-अलग मामले में दो गिरफ्तार

साकेत राज दैनिक अयोध्या टाइम्स बेलछी बेलछी प्रखंड अंतर्गत बेलछी थाना की पुलिस ने अलग–अलग मामलों में 2 लोगों को गिरफ्तार किया! बेलछी थानाध्यक्ष अमरदीप कुमार के नेतृत्व में मस्थू गांव से हत्या के प्रयास मामले में विजय पासवान पिता आनंदी पासवान को गिरफ्तार किया एवं एक अन्य मामले में नकुल कुमार पिता देवेंद्र रावत ग्राम मोगलानी को गिरफ्तार किया!

## पटना से अपने घर हसनपुर लौट रहे छात्र, बुधवार से लापता

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल समस्तीपुर, हसनपुर। समस्तीपुर जिले के हसनपुर मराँची उजागर पंचायत निवासी राजकुमार रजक (शिक्षक)का पुत्र गोविंद कुमार उर्फ दिवाकर जिसकी उम्र 25 वर्ष है। जो कि बुधवार से लापता है, परिजनों ने बताया कि दिवाकर पटना से बुधवार को अपने घर हसनपुर के लिए चला था लेकिन अभी तक घर नही पहुंचा हैं। दिवाकर का मोबाइल भी बंद बता रहा हैं। परिजनों ने गुरुवार को इसकी गुमशुदा होने की सूचना हसनपुर थाना को दी। दिवाकर के अब तक घर नही पहुँचने से परिवार के लोग बहुत परेशान है। इसकी सूचना पर राजद व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष अमित जायसवाल ने बताया कि दिवाकर मेरे मुहल्ले का बहुत ही अच्छा लड़का है पढ़ाई में भी बहुत अच्छे थे इसकी लापता होने की बात सुनकर हैरान हूं। राजद नेता अमित जी ने हसनपुर थाना से उच्च स्तरीय जाँच की मांग करते हुए दिवाकर के परिवार वालों को संयम बरतने की बात कही है और दिवाकर जल्द से जल्द घर लौट जाए इसकी कामना हैं।

## भाजपा युवा मोर्चा का बूथ स्तरीय बैठक का आयोजन

देवेन्द्र कुमार दैनिक अयोध्या टाइम्स बाढ़। अथमलगोला मंडल अध्यक्ष हेमंत राज की अध्यक्षता में भाजपा युवा मोर्चा का बूथ

स्तरीय बैठक अथमलगोला के राकेश विवाह मंडप में किया गया । इस बैठक में मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के विधायक रामसतपुते शामिल हुए। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से यह आग्रह किया कि जल्द से जल्द बूथ स्तरीय कमेटी का गठन करने पर सब मिलकर काम करें। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा किए गए कार्यों को आप लोगों के द्वारा आम जनों तक पहुंचाया जाए। इस बैठक में भाजपा बाढ़ जिला अध्यक्ष डॉक्टर सिया राम सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष संदीप मिंटू , बौद्धिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सत्येंद्र सिंह , जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह राजू ,बाढ़ विधानसभा प्रभारी अवधेश सिंह,युवा जिला अध्यक्ष अवनीत गुंजन,राजीव कुमार, पंकज कुमार, मंडल अध्यक्ष, कल पदाधिकारी सहित युवा मोर्चा के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## समस्तीपुर में बागमती नदी का जलस्तर बीते 24 घंटे में 59 सेमी की बढ़ोतरी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल समस्तीपुर जिले में लगातार बारिश होने की वजह से बागमती नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रही है बीते 24 घंटे में 59 सेमी की बढ़ोतरी हुई है। बागमती नदी के केंद्रीय जल संसाधन विभाग बिशनपुर के प्रेक्षक राजन कुमार ने बताया कि गुरुवार सुबह नदी

का जलस्तर जटमलपुर में 43.720 सेमी था जो शुक्रवार दोपहर बढ़कर 44.310 सेमी पर पहुंच गया। उन्होंने बताया कि नदी के जलस्तर में 59 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हुई है। गुरुवार शाम से शुक्रवार दोपहर 12:00 बजे तक बागमती के जलस्तर में प्रति घंटा 3 से 4 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हो रही थी। हालांकि शुक्रवार दोपहर 12:00 बजे से नदी का जलस्तर स्थिर हो गया।

## 20 अभ्यर्थियों के काउंसलिंग के बाद औपबंधिक नियुक्ति पत्र डीएम ने किया वितरण

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। प्रधान सचिव पंचायती राज विभाग बिहार द्वारा बिहार कर्मचारी चयन आयोग बिहार पटना से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति हेतु 20 अभ्यर्थियों के काउंसलिंग के उपरांत औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरण हेतु समाहरणालय के संवाद कक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में उपस्थित अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण डीएम मुकुल कुमार गुप्ता द्वारा किया गया ।साथ ही सभी अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कर्म के प्रति उन्हें तत्पर रहते हुए उनके कार्य की प्रकृति एवं कार्य क्षेत्र के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डीएम मुकुल कुमार गुप्ता ,डीडीसी सह अपर समाहर्ता कृष्ण मोहन सिंह ,पंचायती राज पदाधिकारी सुजाता राज ,प्रभारी जिला योजना पदाधिकारी राकेश कुमार, जिला पंचायत कार्यक्रम के कर्मी गौरी कांत मिश्र, अजय कुमार ,विजेंद्र कुमार एवं राजेश कुमार उपस्थित थे।

## तरियानी मे जन प्रतिनिधि सम्मेलन कर संगठन को मजबूती पर दिया गया बल

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। भाजपा किसान मोर्चा के दो दिवसीय कार्यक्रम की आज दूसरे व अंतिम दिन जन प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन तरियानी प्रखंड के सलेमपुर पंचायत के मुखिया अंजली देवी के आवास पर आयोजित की गई। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष रामनाथ सुमन के नेतृत्व

में की गई ,जिसमें राष्ट्रीय स्तर के दो पदाधिकारी सर्वेश तिवारी सह मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा एवं बृजपाल सिंह चौहान राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य किसान मोर्चा एवं जिला प्रभारी हरेश सिंह मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे थे।

जन प्रतिनिधि सम्मेलन में जिला अध्यक्ष संजीव कुमार पांडे, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य व पूर्व विधायक ठाकुर रत्नाकर राणा, जिला परिषद उपाध्यक्ष पार्वती देवी, जिला परिषद सदस्य रामकृष्ण कुमार, सहित ने बताया है कि सबका साथ सबका विकास एजेंडे पर भारतीय जनता पार्टी चल रही है ,और यही एजेंडा 2024 में मोदी सरकार को असल मुकाम तक पहुंचाएगी। बैठक में प्रदेश से आए हुए भाजपा पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से अपील किया है कि अभी से ही आपको और तैयारी करनी पड़ेगी, कार्यकर्ताओं को संगठित करने तथा नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए आपको डोर टू डोर जाना पड़ेगा। सलेमपुर के मुखिया पति मनोज कुमार सिंह के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा टीम की ओर से 11टीम के तहत अलग–अलग कार्यक्रम किए जा रहे हैं ।

## जिले के 10 प्रखंडों में चल रहा है कालाजार मरीज खोज अभियान घर-घर जाकर की जा रही है मरीजों की खोज

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। पूर्वी चम्पारण जिले में कालाजार मरीज खोज अभियान की शुरुआत हो चुकी है। जिले के सिविल सर्जन डॉक्टर अंजनी कुमार ने बताया कि जिले में 10 प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को पत्र जारी करते हुए अभियान में सहयोग करने का आदेश जारी किया गया है। सीएस ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंजरिया, बनकटवा, चकिया, ढाका, हरसिद्धि, कल्याणपुर, कोटवा, पहाड़पुर एवं तेतरिया प्रखंडों में कालाजार के उन्मूलन हेतु घर–घर कालाजार के मरीजों की खोज 27 जुलाई से शुरू हुई जो 5 अगस्त तक की जाएगी। सिविल सर्जन ने बताया कि जिले के संबंधित क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता अपने–अपने पोषक क्षेत्र में घर–घर जाकर मरीजों की खोज कर रहीं हैं। साथ ही इस बीमारी के शुरुआती लक्षण, कारण, बचाव एवं उपचार की भी जानकारी दी जा रही है। ताकि ऐसे मरीज शुरुआती दौर में ही बीमारी की पहचान कर समय पर अपना इलाज शुरू करा कर ठीक हो सकें।

वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ शरत चन्द्र शर्मा ने बताया कि जिले में घर–घर कालाजार मरीज खोज अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही लोगों को इस बीमारी से बचाव के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ शरत चन्द्र शर्मा ने बताया की कालाजार मरीजों के जाँच की सुविधा जिले के सभी पीएचसी में निरूशुल्क उपलब्ध है। जबकि, सदर अस्पताल में समुचित इलाज की सुविधा उपलब्ध है भीडीसीओ धर्मेंद्र कुमार व भीडीसीओ कंसल्टेंट अभिषेक कुमार ने बताया कि मरीजों को सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने पर सरकार द्वारा 7100 रुपये की राशि दी जाती है।

पीकेडीएल मरीजों को पूर्ण उपचार के बाद सरकार द्वारा 4000 रुपये श्रम क्षतिपूर्ति के रूप में दिये जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि 15 दिनों से अधिक समय तक बुखार का होना कालाजार का लक्षण हो सकता है। भूख की कमी, पेट का आकार बड़ा होना, शरीर का काला पड़ना भी कालाजार के लक्षण हो सकते हैं। वैसे व्यक्ति जिन्हें बुखार नहीं हो लेकिन उनके शरीर की त्वचा पर सफेद दाग व गांठ बनना पीकेडीएल के लक्षण हो सकते हैं।

## विद्यालय शिक्षा समिति का किया गठन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार

सहरसा जिला के पतरघट प्रखंड अंतर्गत कई पंचायतों में पंचायत के कई मध्य एवं प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा समिति का गठन किया गया। मध्य विद्यालय गोलमा पूर्वी एवं कहरा और कमल जरी उत्क्रमित उच्च मध्य विद्यालय माध्यमिक विद्यालय शिक्षा समिति के गठन को लेकर के जनता दल सत्तारूढ़ दल के सह सचेतक रत्नेश सादा बिहार सरकार के सदस्य प्रखंड विकास पदाधिकारी रचना भारतीय संकुल समन्वयक विद्यालय शिक्षा समिति का गठन सरकारी प्रावधानों के अनुसार किया गया। मौके पर उपस्थित पतरघट मुखिया पति अमित कुमार साह प्रखंड अध्यक्ष श्री राजकुमार साह पूर्व

स्कूल के छात्र छात्राओं के माताओं की आम सभा में बुलाई गई। विद्यालय शिक्षा समिति के गठन को लेकर स्कूल के छात्र छात्राओं के माताओं की आम सभा आयोजित की गयी। अध्यक्षता प्रभारी सोनबरसा विधानसभा जिला परिषद श्री अंजनी सिंह, प्रखंड युवा अध्यक्ष श्री अभिषेक प्रताप सिंह, महादलित जिला अध्यक्ष श्री गोविंद सादा, जदयू नेता श्री चंद्रकीशोर यादव, समाजसेवी विजेंद्र प्रसाद साह एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## विशेष अभियान के दौरान 19 गिरफ्तार : एसपी

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार राय के निर्देश पर शिवहर जिले की सभी थानाध्यक्षों के द्वारा समकालीन अभियान के दौरान 19 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। जबकि 24 जुलाई से 28 जुलाई तक 58 लोगों की कुल गिरफ्तारी की गई है। पुलिस अधीक्षक श्री राय ने बताया है कि अपराध कर्मियों, फिरारियो, शराब कारोबारियों /शराबियों के विरुद्ध शिवहर पुलिस द्वारा चलाया गया था विशेष समकालीन अभियान। टीम में एसडीपीओ संजय कुमार पांडे, मुख्यालय डीएसपी शशि शंकर ,पुलिस निरीक्षक, सभी थानाध्यक्ष के द्वारा प्रभाव कारी कार्रवाई की गई है। इस बाबत जिले में 24 जुलाई से 28 जुलाई तक 58 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें शराबियों एवं शराब कांड से जुड़े 56 अभियुक्त शामिल है। देसी विदेशी शराब को भी जप्त किया गया है। जबकि वाहन चेकिंग के दौरान 21,000 फाइन भी वसूला गया है। जबकि 200 लीटर अर्ध्य निर्मित शराब को विनिस्ट्रि

करण किया गया है। पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार राय ने बताया है कि रेजमा हत्याकांड के सभी नामजद अभियुक्त गिरफ्तार किए जा चुके हैं ,अज्ञात अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। गौरतलब हो कि शिवहर में कुल 11, पिपराही में 18, पूरनहिया में पांच, श्यामपुर भटहा में 8, तरियानी में 11, तरियानी छपरा में 02, तथा हिरम्मा से 3 गिरफ्तारी की गई है।

## 73 वां वन महोत्सव केंद्रीय विद्यालय खगड़ा में आयोजित किया गया, जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में पौधों को लगाने और इसे बचाने की अपील की, मौके पर पौधारोपण भी किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार किशनगंज। जिलाधिकारी किशनगंज श्री श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत 73वां वन महोत्सव 2022 खगड़ा स्थित केंद्रीय विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार के निर्देश के आलोक में वन प्रमंडल अररिया द्वारा इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय परिसर में जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में अधिक से अधिक पौधे लगाने की सलाह देते हुए कहा कि सिर्फ पौधों को लगाना ही नहीं है, बल्कि इसे बचाए भी रखना है। पौधों को बचाकर ही हम पर्यावरण को संरक्षित रख सकते हैं। इसके साथ जल को भी बचाया जाना आवश्यक है और इसे किफायती तरीके से प्रयोग करना होगा। तभी हम पर्यावरण एवं जलवायु में परिवर्तन का सामना करने में सक्षम हो पाएंगे। उन्होंने वर्षा जल संचयन की आवश्यकता पर भी विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी द्वारा वन महोत्सव के दौरान केंद्रीय विद्यालय, खगड़ा परिसर में पौधारोपण भी किया गया। साथ में, डीआईजी, बीएसएफ मुख्यालय, वनों के क्षेत्र पदाधिकारी,उप विकास आयुक्त एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य भी रहे। विभिन्न वक्ताओं ने भी पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला और उपस्थित श्रोताओं से पौधारोपण करने की अपील की। बिहार सरकार जल जीवन हरियाली मिशन के माध्यम से पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए जल के संचयन एवं वृक्षा रोपण पर लगातार कार्य करते हुए जनजागृति लाने का कार्य कर रही है। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएम श्री श्रीकांत शास्त्री, विशिष्ट अतिथि सीमा सुरक्षा बल मुख्यालय,डीआईजी ब्रिगेडियर श्री दिनेश चंद्र मजूमदार, वनों के क्षेत्र पदाधिकारी,नरेश प्रसाद, अध्यक्षा जिला परिषद, नुदरत महजबी, उपविकास आयुक्त मनन राम व अन्य पदाधिकारी, कर्मी और आम जन उपस्थित थे।

## सिंगाही उप स्वास्थ्य केंद्र बना भूत बंगला, खोला स्वास्थ्य विभाग की पोल

☒ सिंगाही स्वास्थ्य उप केंद्र की दयनीय स्थिति, जिला पार्षद निभा पांडे ने व्यवस्थित करने को डीएम से किया अनुरोध

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स) शिवहर। जन आरोग्य प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत की योजना के अंतर्गत गांव में संचालित स्वास्थ्य केंद्र को हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में परिवर्तित किया गया है परंतु पिपराही प्रखंड के बेलवा पंचायत के सिंगाही उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति खुद स्वास्थ्य विभाग के मौजूदा स्थिति की पोल खोल दी है।

गौरतलब हो कि स्वास्थ्य उप केंद्र सिंगाही हेल्थ वैलनेस सेंटर का मूल उद्देश्य लोगों को बीमार होने से बचाना था ,इसमें योगा एवं अन्य जीवन शैली के रोगों की रोकथाम करना है, गंभीर रोगों वाले मरीज की पहचान करना, इसमें रोग के होने से पहले ही इसकी बचाव के उपाय करने को लेकर 23 सितंबर 2019 को बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर कमलों के द्वारा जीर्णोद्धार कार्य संपन्न हुआ था। उक्त सिंगाही स्वास्थ्य उप केंद्र एवं हेल्थ वैलनेस सेंटर का जीर्णोद्धार कार्य 4,57,000 की राशि से की गई थी। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर बिहार सरकार के तत्कालीन सहकारिता मंत्री सह जिला प्रभारी मंत्री राणा रणधीर सिंह के साथ–साथ सांसद रमा देवी, बेलसंड विधायक सुनीता सिंह चौहान ,विधान पार्षद देवेश चंद्र ,विधान पार्षद संजय कुमार सिंह, विधान पार्षद दिलीप राय आदि थे। उक्त वैलनेस सेंटर को सेहत महकमे ने गांव के लोगों की नब्ज टटोलने व सही परामर्श मुहैया कराने के उद्देश्य से हेल्थ एंड

वैलनेस सेंटर की शुरुआत की थी। जिसमें कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के साथ–साथ एएनएम की तैनाती है। परंतु स्वास्थ्य विभाग के लचीलापन रवैया के कारण सिंगाही उप स्वास्थ्य केंद्र हेल्थ वैलनेस सेंटर की स्थिति काफी दयनीय है। यानी बिल्कुल बंद है।कैंपस के अंदर जंगली घास ने कब्जा जमा रखा है। बिजली मीटर ठप है, कमरों में ताला जड़ा हुआ है। यहां तक कि जानवर भी उस कैंपस में जाने से डरते होंगे कि कहीं जंगली घास के बीच सांप आदि ना हो। ऐसा लगता है कि वर्षों से उस कैंपस में किसी आदमी ने पैर तक ना रखा हो। इस बाबत जिला परिषद सदस्य निभा पांडे एवं उनके पति पूर्व मुखिया राज किशोर पांडे ने जिला पदाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता से अनुरोध किया है कि इस मामले को संज्ञान में लेकर गांव के आम जनता को हित में देखते हुए पुनः चालू कराने की मांग की है।

## सलामी परेड के साथ अनुमंडल एवं अंचल पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण दिशा निर्देश

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। संतोष कुमार, भा0पु0से0,पुलिस अधीक्षक, सारण द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय , मढ़ौरा, सारण का वार्षिक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक, सारण द्वारा निरीक्षण हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय मढ़ौरा , सारण पहुँचकर सबसे पहले सलामी परेड लिया गया। इसके उपरांत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी , अनुमंडल कार्यालय मढ़ौरा पर उपस्थित इन्द्रजीत बैठा , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी , मढ़ौरा सहित सभी पुलिस पदाधिकारीयों ६ कर्मियों को निष्पक्षता , पारदर्शिता एवं ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु आवश्यक दिशा – निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय भवन परिसर का भ्रमण कर साफ – सफाई रख – रखाव हेतु आवश्यक निर्देश देने के उपरांत कार्यालय के सभी अभिलेखो एवं पंजीयों की जाँच की गई। जाँच के दौरान अभिलेखो व पंजीयों के संधारण में मिली त्रुटियों के सुधार हेतु कई निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक , सारण द्वारा अपराध नियंत्रण एवं अनुसंधान नियंत्रण के संबंध में कई आवश्यक दिशा – निर्देश दिया गया एवं महत्वपूर्ण कांडो की समीक्षा कर त्वरित निष्पादन कराने हेतु आवश्यक दिशा – निर्देश दिया गया । निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक , सारण द्वारा आगंतुको का विशेष ध्यान रखते हुए कार्यालय में उपस्थित सभी पदाधिकारी ६ कर्मी को आगंतुको के साथ विनम्रता ६ शालीनता पूर्वक पेश आने उनकी समस्यों को हल करने हेतु हर संभव प्रयास करने तथा बैठने के लिए उचित व्यवस्था करने , भाषा का सही प्रयोग करने तथा पीने के लिए पानी की व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिया गया।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय , मढौरा अनुमंडल , सारण के निरीक्षण उपरांत पुलिस अधीक्षक , सारण अंचल पुलिस निरीक्षक कार्यालय , मढौरा अंचल , सारण का वार्षिक निरीक्षण हेतु अंचल कार्यालय मढौरा अंचल पहुँचे। रात्रि होने कारण पुलिस अधीक्षक , सारण द्वारा सलामी परेड नही लिया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय भवन , परिसर का भ्रमण कर साफ – सफाई रख – रखाव हेतु आवश्यक निर्देश देने के उपरांत कार्यालय के सभी अभिलेखो एवं पंजीयों की जाँच की गई । जाँच के दौरान अभिलेखों व पंजियों के संधारण में मिली त्रुटियों के सुधार हेतु कई निर्देश दिया गया । निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक , सारण द्वारा अपराध नियंत्रण एवं अनुसंधान नियंत्रण के संबंध में कई आवश्यक दिशा – निर्देश दिया गया एवं महत्वपूर्ण कांडो की समीक्षा कर त्वरित निषपादन करने ६ कराने हेतु आवश्यक दिशा – निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक , सारण द्वारा आगंतुको का विशेष ध्यान रखते हुए कार्यालय में उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारी ६ कर्मी को आगंतुको के साथ विनम्रता ६ शालीनता पूर्वक पेश आने , समस्यों को हल करने हेतु हर संभव प्रयास करने , बैठने के लिए उचित व्यवस्था करने आदि हर संभव प्रयास करने का निर्देश दिया गया तथा कांडो के अनुसंधान एवं निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

# संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में राधाकृष्णन भवन, मोतिहारी में जनता दरबार का आयोजन किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में राधाकृष्णन भवन, मोतिहारी में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिलाधिकारी महोदय द्वारा 167 फरियादियों की फरियाद को सुना गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को शिकायतों का त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आपूर्ति, भूमि विवाद, पर्चा वितरण ,परिवहन , राजस्व, मद्य निषेध ,शिक्षा, नगर निगम, भू अर्जन, अतिक्रमण , आईसीडीएस ,पेंशन , भूमि विवाद आदि से संबंधित आवेदन को शीघ्र निष्पादन हेतु जिलाधिकारी महोदय ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर सभी संबंधित प्रशासनिक पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### नवनिर्वाचित विधान पार्षद ने की चिराग पासवान से मुलाकात

अनिल कुमार दैनिक अयोध्या टाइम्स) हरसिद्धि। नवनिर्वाचित विधान पार्षद सदस्य महेश्वर सिंह ने किया लोजपा महासचिव चिराग पासवान से उनके दिल्ली आवास पर मुलाकात साथ में मेहता टोला ओलहा के पंचायत पैक्स अध्यक्ष राज किशोर सिंह मौजूद थे।

### वर्षो से जगदीश नंदन सिंह पथ पे जलजमाव की समस्या बनी गंभीर

• जलजमाव की वजह से आवाजाही करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ शिवहर,सीतामढ़ी। आप सभी इस जानकारी से अवगत करा दिया जाए कि पिछले कई वर्षों से जगदीश नंदन सिंह द्वार पथ पर जलजमाव की वजह से लोगों को काफी परेशानी हो रही है बदबू व गंदगी की वजह से बीमारी फैलने की संभावना बनी हुई है वहीं मोहल्ले में लगातार लोग बीमार पड़ते रहे बताया जाता है कि इस जलजमाव की वजह से गंदगी के कारण लोग बीमार पड़ जाते हैं है जलजमाव के कारण लोगों को आवाजाही करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वही स्थानीय लोगो ये बताया इस जलजमाव की वजह से प्रतिदिन कितनी दुर्घटनाएं हो रही है। जिन लोगो को यह जानकारी नही की इस पथ पर कहा गढ़े है उन सभी लोगों का वाहन या खुद व्यक्तिगत लोग भी गिर जाते और दुर्घटना हो जाती है।इसके अलावा अन्य जगह पर बारिश पानी जमा होने की स्थिति बहुत ज्यादा गंभीर बनी हुई जलजमाव की समस्या दूर करने को लेकर न तो प्रशासन गंभीर है और न ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा इस गंभीर समस्या को निजात दिलाने को लेकर बार–बार आग्रह किया जा रहा है लेकिन आज तक इस दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं की जा सकी है . पिछले कई वर्षों से जगदीश नंदन सिंह द्वार पथ पर जलजमाव की वजह से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो गई है जलजमाव के कारण लोगों को आवाजाही करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।आखिर कब तक इस समस्या का समाधान होगा।

### यूरिया के कालाबाजारी पर नियंत्रण करे अधिकारी रुमाकपा

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मोतिहारी। जिले में जारी यूरिया एवम अन्य उर्वरक के कलाबाजारी पर जिला कृषि पदाधिकारी से नियंत्रण करने का मांग भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्कसवादी) ने किया है।पार्टी के जिला मंत्री सत्येंद्र कुमार मिश्रा ने एक जारी पत्र में कहा है कि पूर्वी चंपारण जिले के अंतर्गत सभी किसान कठिन परिश्रम से जैसे तैसे धान का रोपनी किया है तथा गन्ना का फसल लगाया है जिसकी अच्छी पैदावार वास्ते हाल में उर्वरक खाद यूरिया एवं डीएपी का किसानों को आवश्यकता है। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा किसानों को सस्ता एवं सुलभ तरीके से उर्वरक खाद मिल सके इसका प्रबंध सिर्फ कागजी बनकर रह गया है ।जो किसान हैं वह ब्लेक मार्केटिंग का शिकार होते हुए निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर खाद लेने को मजबूर हैं ।



जिसके जिम्मेदार जिला कृषि पदाधिकारी भी है। जारी पत्र में श्री मिश्र ने जिला कृषि पदाधिकारी से मांग किया है कि खाद के कालाबाजारी पर अभिलंब नियंत्रित करते हुए किसानों को सरल एवं सुलभ तरीके से सस्ते दर पर यूरिया तथा अन्य उर्वरक खाद उपलब्ध कराई जाए। अन्यथा हमारी पार्टी आंदोलन करने को बाध्य होगी ।उक्त पत्र के समर्थन में जिला सचिव मंडल सदस्य कामरेड अशोक पाठक एवं जिला किसान कौंसिल के कोषाध्यक्ष कामरेड हरेंद्र सिंह भी सहमति जाहिर की है।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर में पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण जलभराव की समस्या उत्पन्न

जालौन। शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश से नगर पानी पानी हो गया है। पानी की निकासी ठीक न होने के कारण नगर में सी सी मार्गों के ऊपर पानी बहा। सड़कों पर पानी आने के कारण लोग परेशान हुए। नगर में पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है। पानी निकासी ठीक न होने के कारण नगर में जल भराव हो जाता है। शुक्रवार को अपरान्ह हुए झमाझम बारिश के कारण नगर पानी पानी हो गया।लगभग एक घंटे की झमाझम बारिश के नगर में जगह जगह पानी भराव की समस्या हो गयी। मोहल्ला बापूसाहब में पंजाब नेशनल बैंक वाली गली, हरीपुरा में लक्ष्मीकांत साहू के मकान से बालाजी वाइपास तक, मुरलीमनोहर में तालाब के पास, फर्दनवीस में महेश सोनी वकील के घर के सामने, नारोभास्कर आदि जगहों पर जल भराव की समस्या पैदा हो जाती है। सड़कों पर पानी बहने के कारण लोगों को सड़क से निकलने में दिक्कत हुई। बापूसाहब मोहल्ले में पंजाब नेशनल, एक्सेज बैंक आदि है। सड़क पर पानी आने के कारण लोगों को निकलने के लिए इंतजार करना पड़ा तथा पानी उतरने के बाद वह बैंक व दुकानों से बाहर निकल सके।

### छिरिया सलेमपुर के पास बने रैम्प प्लाजा पर बालू ट्रकों अवैध हो रही है वसूली

जालौन। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के छिरिया सलेमपुर के पास बने रैम्प प्लाजा पर बालू ट्रकों अवैध वसूली हो रही है। सांय ढलते ही कुछ लोग एक्सप्रेसवे के पास पहुंच जाते हैं तथा बालू के ट्रकों को एक्सप्रेसवे पर चढ़ाने के नाम वसूली करते हैं। पैसा न देने पर उन्हें एक्सप्रेसवे पर नहीं चढ़ने देते हैं।

प्रधानमंत्री ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे का 16 जुलाई को लोकार्पण कर जनता के लिए खोल दिया है। किन्तु अभी तक निर्माण पूरा न होने के कारण टोल लगना शुरू नहीं हुआ है। टोल से बचने व अच्छी सड़क के चक्कर में मध्य प्रदेश से आने वाले बालू आदि के ट्रक छिरिया सलेमपुर में बने रैम्प प्लाजा से ऊपर चढ़ते है। सांय ढलते ही रैम्प प्लाजा के आसपास छिरिया सलेमपुर निवासी एक युवक एक्टिवा से घूमने लगता है। इसके साथा करीब 8 अन्य युवक रहते हैं जो बंगरा व जालौन की ओर से आने वाले ट्रकों पर नजर रखते हैं। ट्रकों को एक्सप्रेसवे पर चढ़ाने के नाम ये युवक अवैध वसूली करते हैं। इसी वसूली को लेकर प्रदीप कुमार जमुनानगर, संजय कुमार औरइया, प्रभात कुमार राजागंज इटावा का झगड़ा हो गया था। अवैध वसूली को लेकर गुरुवार को हुए झगड़े के विवाद को पुलिस ने आपसी मारपीट दिखा कर शांति भंग की कार्रवाई करके निपटा दिया था। अवैध वसूली में लगा युवक अपने को बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे का कर्मचारी बन कर वसूली करवा रहा है जो व्यक्ति उसका विरोध करता है। वह उसके खिलाफ कार्रवाई करने की धमकी देता है। जब इस संदर्भ में सी ओ उमेश कुमार पांडेय से बात की तो उन्होंने बताया कि उन्हें जानकारी है। वहां पता करके कार्यवाही करेगें। अवैध वसूली कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

### ताजिया के रास्तों और कर्बला की जगह पर किए गए अतिक्रमण और अवैध कब्जों को हटवाकर रास्ता दुरुस्त कराने की मांग

जालौन। ताजिया के रास्तों और कर्बला की जगह पर किए गए अतिक्रमण और अवैध कब्जों को हटवाकर रास्ता दुरुस्त कराया जाए। ताजिया मार्ग की सफाई व्वस्था भी दुरुस्त की जाए। यह बात ताजियादार कमेटी के अध्यक्ष शमशाद ने पीस कमेटी की बैठक में कही।

मुहर्रम के पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन चौकी परिसर में एसडीएम राजेश सिंह की अध्यक्षता एवं सीओ उमेश पांडेय की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिसमें ताजियादार कमेटी के अध्यक्ष शमशाद खां एवं कर्बला कमेटी के अध्यक्ष इमरान अहमद ने बताया कि 7 अगस्त को अलम का जुलूस रात में साढ़े 8 बजे उठेगा, 8 अगस्त को दोपहर में छड़ का जुलूस निकलेगा। 9 अगस्त की रात तकिया मैदान से एवं 10 अगस्त की दोपहर ताजियों का जुलूस तकिया मैदान से उठेगा। उन्होंने मांग की कि उक्त पर्व को देखते हुए 9 अगस्त को फुटकर सब्जी मंडी खाली कराई जाए क्योंकि ताजियों का जुलूस फुटकर सब्जी मंडी में ही पहुंचता है। ताजियों को देखते हुए नगर में ताजिया मार्ग पर जो बिजली के तार नीचे हैं उन्हें ऊंचा कराया जाए। ख्वाजा साहब मैदान में कुछ लोगों ने लकड़ी डाल रखी है उसे हटवाया जाए इसी तरह रास्ते पर भी अतिक्रमण किया गया है, उसे हटवाया जाए। कर्बला मैदान की साफ सफाई कराई जाए क्योंकि ताजियों को वहीं दफन किया जाता है। ताजिया के रास्तों में सफाई के अलावा पेड़ों की भी छंटाई कराई जाए। ताजियादारों की मांग पर एसडीएम ने ईओ सीमा तोमर को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। इस मौके पर ईओ सीमा तोमर, तहसीलदार बलराम गुप्ता, कोतवाल शैलेंद्र सिंह, मेला कमेटी अध्यक्ष नसीम खान, इम्मन शाह, लल्लू राईन, मोहम्मद रफीक, इब्राहीम, सलमान खान, इस्लाम शाह, अकरम खान, उसमान मंसूरी, शहाबुद्दीन आदि मौजूद रहे।

### जनपद भदोही के थाना औराई में मुहर्रम के मद्देनजर पिस मीटिंग का आयोजन किया गया

भदोही। जनपद भदोही की थाना औराई मोहर्रम के मद्देनजर पिस मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें थानाध्यक्ष जनता की समस्या को क्षेत्राधिकारी जनता से पूछा आने वाले 9 तारीख को मोहर्रम का पर्व शांति से मनाएं और आपके आसपास साफ–सफाई का ध्यान दें अब किसी भी चौकदार को किसी भी तरह की परेशानी हो तो वह थाने में संपर्क करें क्षेत्राधिकारी राम लखन मिश्रा थाना प्रभारी अजय सेठ चेयरमैन नुमान अहमद इफ्तिखार अहमद दीवान श्याम श्याम शंकर ओझा चौकदार रीना किन्नर चौकदार मुख्तार अहमद चौकदार रेहान अहमद कृष्ण कुमार सोनी गुड्डू साहू नेहाल अहमद नन्हे ताहिर अहमद रियाज अहमद इदरीश नेता आदि लोग मौजूद रहे । भदोही मोहम्मद मासूम

### नरेश सैनी और डा. अशोक कुमार वर्मा को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए किया सम्मानित

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुखबीर सिंह मैहला ने किया सम्मानित

कुरुक्षेत्र। लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र के प्रांगण में जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुखबीर सिंह मैहला द्वारा डॉ. जगमिंद्र सिंह और डॉ. रमा की उपस्थिति में रक्तदान के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित किया गया. इस अवसर पर सेवानिवृत मुख्य तकनीकी अधिकारी नरेश सैनी को रक्तदान शिविरों में निःस्वार्थ सेवा के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया तो दूसरी और रक्तदान शिविरों के आयोजन और रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए हरियाणा पुलिस के उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को सम्मानित किया गया. एक और नरेश सैनी सदैव बिना स्वार्थ के रक्तदान शिविर में रक्तदान के लिए लोगों को प्रोत्साहित करते हैं तो दूसरी और राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, रक्तदान के क्षेत्र में शतकवीर उपाधि

से अलंकृत, डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा 410 स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित कर चुके हैं और वे स्वयं भी 149 बार रक्तदान कर चुके हैं जिसमे 68 बार वे प्लेटलेट्स दे चुके हैं. उत्तर भारत में रक्तदान के प्रति जागरूकता के लिए उन्होंने वर्ष 2010 से रक्तदान शिविर आयोजित करने आरम्भ किए थे और लोगों को स्थान स्थान पर जाकर जागरूक किया है. डॉ. वर्मा हरियाणा पुलिस रोटी बैंक के प्रधान हैं और प्रेरणा समिति हरियाणा के संयोजक हैं तो दूसरी और नरेश सैनी रोटी बैंक के कोषाध्यक्ष एवं अंकेक्षक के रूप में भी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं. मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुखबीर सिंह ने दोनों को अलग अलग सम्मानित करते हुए बधाई दी. इस अवसर पर सुशील मैहला और अन्य कर्मचारियों ने भी इन्हे बधाई दी.।

## इच्छुक खिलाड़ी एकलव्य क्रीड़ा कोष से आर्थिक सहायता के लिये करें आवेदन

एस०बी० यादव ब्यूरो चीफ अयोध्या टाईम्स अमेठी 29 जुलाई 2022, क्रीड़ाधिकारी आनन्द बिहारी श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि जनपद अमेठी के खिलाड़ियों के लिये एकलव्य क्रीड़ा कोष से आर्थिक सहायता दिये जाने हेतु प्रारूप उपलब्ध है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि इसके आवेदन पत्र की मॉग की जा रही है जो खिलाड़ी इसके दक्षता में आते हो वे आवेदन कर सकते है। उक्त आवेदन पत्र पर सम्बन्धित प्रदेशों खेल संघ की संस्तुति आवश्यक है, इसके अतिरिक्त प्राप्त आवेदन पत्र को खेल निदेशालय, उ0प्र0 खेल भवन लखनऊ भेजा जायेगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी एवं इसके अन्तर्गत आने वाले अपना–अपना आवेदन पत्र शीघ्र कार्यालय में प्रस्तुत कर सकत है। उपरोक्त से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी हेतु जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

## दादरा, ठुमरी, गजल विधाओं के गायक ''बेगम अख्तर पुरस्कार'' हेतु 20 अगस्त, 2022 तक करायें नामांकन

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी

श्रावस्ती, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि प्रदेश के निदेशक संस्कृति विभाग, उ0प्र0, लखनऊ श्री शिशिर के द्वारा अवगत कराया गया है कि मल्लिका–ए–गजल बेगम अख्तर की स्मृति में दादरा, ठुमरी, गजल विधाओं में ऐसे प्रतिभावान गायक जिसकी आयु 40 वर्ष से कम न हो को ''बेगम अख्तर पुरस्कार'' से सम्मानित किया जाता है। जिसके अन्तर्गत चयनित कलाकार को रूपये 05 लाख की धनराशि प्रदान किया जाता है।

उन्होंने ''बेगम अख्तर पुरस्कार'' वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु कलाकारों के लिये अर्हता के सम्बन्ध में बताया है कि वह उत्तर प्रदेश का मूल निवासी अथवा उसकी कर्मभूमि उत्तर प्रदेश होना चाहिये, कलाकार को अपनी प्रतिभा की दीर्घ साधना एवं श्रेष्ठ उपलब्धि के भरसक निर्विवाद मानदण्डों के आधार पर राष्ट्रीय ख्याति होनी चाहिये। यह पुरस्कार कलाकार के गायन के क्षेत्र में सम्पूर्ण उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किया जायेगा न कि किसी एक विशिष्ट संरचना के लिये। उन्होने बताया है कि ''बेगम अख्तर पुरस्कार'' हेतु पात्र महानुभाव अपना नामांकन निर्धारित प्रारूप पर अवश्य उपलब्ध करायें। पुरस्कार सम्बन्धी नियमावली एवं निर्धारित प्रारूप आवेदन पत्र संसकृति विभाग, उ0प्र0 के वेबसाइट http://upculture.up.nic.in देखा जा सकता है। आवेदन पत्र 20 अगस्त, 2022 को सायं 05 बजे तक निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0, जवाहर भवन, नवम् तल, लखनऊ–226001 के कार्यालय में उपलब्ध करायें।

## Whatsapp Video Call पर न्यूड रिकॉर्डिंग, Users को फंसाया जा रहा, बचकर रहें आप

अंबेडकर नगर। जैसे–जैसे सोशल मीडिया का इस्तेमाल बढ़ रहा है, स्कैम के मामले भी तेजी से बढ़ने लगें हैं। इन दिनों वाट्सएप और फेसबुक के जरिये लोगों को शिकार बनाया जा रहा है। जहां आपको अनजाने नम्बर से कॉल आता है और फिर आपकी फोटो या वीडियो को

कैप्चर करके उसे मॉर्फ किया जाता है और न्यूड फोटो या वीडियो में बदल कर उसे वायरल करने की धमकी दी जाती है फिर पैसे ऐंठे जाते हैं।

कई लोग हो रहे शिकार:

देश में कई लोग ऐसे है जो इस स्कैम का शिकार हो चुके हैं। हाल ही में एक लड़के के दोस्त के फोन पर व्हाट्सएप पे नंबर आया और वो मैसेज करने लगी और थोड़ी टाइम बाद बोली इंजॉय करोगे तो लड़का बोला हा तो उसने वीडियो कॉल पे अपना सारा कपड़ा उतार देती है और अश्लील हरकत करने लगती है ।

उसके बाद तुरंत लड़का अपने दोस्त से सारी बात बताता है तो लड़का का दोस्त बोलता है नंबर मुछे दो तो लड़का दे भी तेता है तो उसके बाद लड़का भी उसी नंबर पर कॉल करता है तो बोलती है लड़की 500 फोनपे करो उसके बाद मैं आप से वीडियो कॉल करेंगे और आप को खूब मजा देंगे तो लड़का बोला पहले आप वीडियो कॉल करो उसके बाद मैं पेमेंट कर दूंगा लेकिन लड़की बोली पहले पेमेंट तभी कॉल करूंगी लेकिन लड़का जिद करने लगा तो लड़की कॉल किया और अपना सारा कपड़ा उतार दिया फिर लड़के से भी बोलती है तुम भी जानू कपड़े उतारो लड़का अपना कैमरा पीछे वाला कर देता है तो लड़की फोन काट देती है तो दोस्तो ऐसे अनजाने नंबर से अगर आप के पास कॉल आती है तो सतर्क रहें और घबराए न अगर आप इसके शिकार हो जाते हो तो भी आप को खबराना नही है और आप से पैसा मांग रहा है तो बिल्कुल नहीं देना है।

रिपोर्टर प्रतीक पटेल अंबेडकर नगर

## सीओ सगड़ी ने मुहर्रम को लेकर कोतवाली महराजगंज में पीस कमेटी की की बैठक,क्षेत्र के गणमान्यो ने लिया हिस्सा

जिला संवाददाता बजरंगी विश्वकर्मा

महराजगंज आजमगढ़

आजमगढ़ जनपद के महाराजगंज कोतवाली अंतर्गत शुक्रवार शाम स्थानीय थाना महराजगंज में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुहर्रम के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गयी

द्य नवागत सीओ सगड़ी अनिल कुमार वर्मा और थाना प्रभारी के. के. वर्मा ने क्षेत्र के गणमान्यो और मुस्लिम समाज से उनके क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का हाल जाना और ताजिया रखने व निकालने के सम्बन्ध में किसी प्रकार का कोई समस्या ना हो इस पर भी चर्चा की द्य उन्होंने बैठक मे उपस्थित सभी लोगों से ताजिया के रास्ते का संज्ञान लेते हुए बैठक में उपस्थित नगर पंचायत महराजगंज के अधिशाषी अधिकारी गुंजन कुमार व विद्युत विभाग के जे ई रोहित कुमार से कुछ लोगों द्वारा बतायी गयी समस्या के समाधान पर चर्चा करते हुए निस्तारित करने की बात कही द्य उन्हीने शांति से त्यौहार मनाने की अपील करते हुए कहा कि त्यौहार के अवसर पर वे किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न होने दें और सरकार द्वारा जारी गाइडलाईन के अनुसार त्यौहार मनाये । थाना प्रभारी ने लोगों से किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की बात कही और सभी से संयम बरतने की अपील करते हुए पुलिस को जनता के हितार्थ बताया और हर संभव मदद का भरोसा दिया द्य इस अवसर पर क्षेत्र के ताजियादार सहित कई प्रधान नगर पंचायत महराजगंज के सभासद,कर्मचारी विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी और कस्बे के मुस्लिम संप्रदाय के गणमान्य भी उपस्थित रहे ।

## घर-घर तिरंगा जन-जन तिरंगा लहराकर माँ भारती के सच्चे बीर सपूतो को नमन् कर गौरव गान करेगी जनता-ओंकार नाथ केसरी

- भाजपा सरकार और मोदी की एतिहासिक पहल, युवाओं में राष्ट्रवाद जागृत करना उदेश्य–केशरी
- मन की बात सुनने,महापुरूषो की प्रतिमा की साफ–सफाई और घर–घर तिरंगा लगानें की बनी योजना
- बैठक मे जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चो के जिलाध्यक्ष,विधायक,ब्लाक प्रमुख, नगर पंचायत अध्यक्ष आदि जनप्रतिनिधी रहें मौजूद
- जिला प्रभारी यमुनापार ने संगठनात्मक कार्रो की समीक्षा के साथ आगामी योजनाएं बनाई

प्रयागराज। देश के युवाओं मे राष्ट्रवाद पैदा कर राष्ट्रभक्ति का जज्बा कूट–कूट कर भरने का उदेश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा का लक्ष्य है। स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ को अमृत महोत्सव के माध्यम से मनाकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, क्रांतिकारी नेताओं, सच्चे देशभक्तों व स्वतंत्रता आंदोलन में गुमनाम क्रांतिकारी मातृभूमि के सच्चे वीर बलिदानियों के गौरवगाथा को जानने का अभियान है। तिरंगा की आन–बान–शान घर–घर, जन–जन में सम्मान के साथ विधमान रहे। यही देश की राष्ट्रवादी विकासवादी सरकार भाजपा लक्ष्य है। उसको पूरा करने में भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ता भी कंधे से कंधा मिलाकर योगदान करेंगे। उक्त बातें कान्हा गार्डेन धनुहा चाका मे भारतीय जनता पार्टी यमुनापार के जिला प्रभारी ओंकार नाथ केसरी ने कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कही।

जिला प्रभारी ओंकार नाथ केसरी ने विगत संगठनात्मक कार्यो के समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ष्मन की बातष् के 91 वें संस्करण की सफलता के लिए ष्मन की बातष् कार्यक्रम के जिला संयोजक दिलीप कुमार चतुर्वेदी को सफलता के करणीय बिन्दूओं पर चर्चा कर योजना बनाने को कहा। प्रत्येक बूथ पर सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओ जनप्रतिनिधियों को मौजूद रहकर सुनने की योजना बनाने को कहा। जिला मंत्री प्रकाश शुक्ला को महापुरूषो के साफ–सफाई करने–कराने की योजना का जिला प्रमुख बनाया गया। साथ ही पन्ना प्रमुख, शक्ति केन्द्र पर बैठक आदि की संगठनात्मक योजना तैयार की गई। जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने उपरोक्त जानकारी देते हुए आगे बताया कि यमुनापार भाजपा कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधी एक लाख से ज्यादा घरों मे तिरंगा झंडा लगाने के साथ प्रभात भेरी आदि के कार्यक्रम आयोजित करेगें। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष व घर–घर तिरंगा के जिला संयोजक जय सिंह पटेल ने करते हुए अतिथियों का स्वागत कर आभार जताया। संचालन जिला महामंत्री विक्रमादित्य मौर्य ने किया। बैठक में विधायक कोरांव राजमणि कोल, विधायक करछना पियूष रंजन निषाद, विधायक बारा डॉ. बाचस्पति, जिला महामंत्री राजेश शुक्ला,पुष्पराज सिंह पटेल,विजय शंकर शुक्ला, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा आकांक्षा सोनकर, पिछड़ा मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्वनी पटेल, किसान मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमाकांत विश्वकर्मा,कमलेश त्रिपाठी, प्रकाश शुक्ला,विनोद प्रजापति,त्रिवेणी प्रसाद पांडेय,अजीत प्रताप सिंह,ज्ञान सिंह पटेल,अरूण सिंह,सुधाकर पांडेय,सुभाष सिह पटेल,सविता मिश्रा,राजमणि पासवान, शतीश विश्वकर्मा,पृथ्वी पाल सिंह,जगत शुक्ला आदि के साथ ब्लांक प्रमुख,नगर पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य,जिला पदाधिकारी,मंडल प्रभारी–अध्यक्ष, मोर्चो के जिलाध्यक्ष आदि भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कानपुर यूनिवर्सिटी में 12 साल की उम्र में करें पढ़ाई, 8वीं पास ले सकते हैं एडमिशन

- 8वीं– और 10वीं के बाद भी यूनिवर्सिटी में होगा दाखिला
- ऐसे 20 कोर्स को प्रारंभ करने वाला बना पहला कानपुर विश्वविद्यालय, 5000 से कम शुल्क वाले कोर्स गरीब छात्रों के लिए वरदान।

अयोध्या टाइम्स संवाददाता। हरिओम द्विवेदी कानपुर– 12वीं पास के साथ–साथ आठवीं और दसवीं के छात्र छात्राएं विश्वविद्यालय में पढ़ने के सपने को करेंगे साकार। विश्वविद्यालय में इस साल में 10वीं पास छात्रों के लिए भी कई कोर्स शुरू किए गए हैं। ये कोर्स आईटीआई व पॉलीटेक्निक की तरह हैं।साथ ही चित्रकला के छात्रों के लिए भी सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किए गए हैं जिसमें पेंटिंग, ग्राफिक्स डिजाइनिंग,एनीमेशन और 3डी प्रिंटिंग कोर्स हैं।बिना 12वीं पास किए यूनिवर्सिटी में कर सकते हैं पढ़ाई8वीं–10वीं पास छात्रों के लिए शुरू हुए नये कोर्स।

यूनिवर्सिटी कैंपस में जाकर नया सीखने का सपना अक्सर 12वीं के बाद ही पूरा होता है।12वीं के बाद यूजी कोर्सेज में दाखिले के लिए छात्र यूनिवर्सिटी का रुख करते हैं। लेकिन कानपुर की छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सी एस जे एम यू) ने 12 साल की उम्र से ही यूनिवर्सिटी में नया सीखने का मौका दिया है।

नये सत्र में सीएसजेएमयू की ओर से ऐसे करीब 20 कोर्सों की शुरुआत की जा रही है, जिसमें छात्र कुछ नया सीख सकते हैं।

इन कोर्सेज में दाखिला लेने के लिए 12वीं की परीक्षा पास होने को अनिवार्य नहीं किया गया है। इन सभी करीब 20 कोर्सों में दाखिले के लिए छात्रों की योग्यता का पैमाना 8वीं पास रखा गया है। इसमें दाखिला लेने के बाद प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी पढ़ाई के बाद अपने पैरों पर खड़े होने के लिए खुद का रोजगार शुरू कर सकते हैं।वजह ये सभी स्कलि बेस्ड कोर्स हैं जो छात्रों को अलग–अलग फील्ड में पारंगत बनाने के लिए शुरू किए गए हैं।

10वीं पास के लिए भी शुरू हुए ये कोर्स : यही नहीं विवि ने इस साल 10वीं पास छात्रों के लिए भी कई कोर्स शुरू किए हैं। ये कोर्स आईटीआई व पॉलीटेक्निक की तर्ज पर हैं, इसके साथ ही चित्रकला के छात्रों के लिए भी सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किए गए हैं जिसमें पेंटिंग, ग्राफिक्स डिजाइनिंग, एनीमेशन और 3डी प्रिंटिंग कोर्स हैं। इसमें किसी भी वर्ग के छात्र हिस्सा ले सकते हैं।वहीं, घरेलू पेंटर, इंटीरियर डिजाइन एंड डेकोरेशन, आर्किटेक्चरल, मशीनिस्ट,एसी व फ्रिज मैकेनिकल आदि कोर्स में भी दाखिला ले सकते हैं।

नये कोर्स शुरू करने वाला पहला विश्वविद्यालय बना

बता दें कि इस नई पहल के साथ ही सीएसजेएमयू ऐसा करने वाला प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय होने का दावा कर सकेगा। सीएसजेएम विश्ववद्यिालय के कुलपति प्रो. विनय पाठक के निर्देश पर नए कोर्सों की शुरुआत की जा रही है जिसमें युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल शामिल है।ये सभी जरूरी कोर्स स्कलि बेस्ड हैं।इसके तहत कई ऐसे कोर्स शुरू किए जा रहे हैं जिनमें प्रवेश के लिए उम्र की बाध्यता भी खत्म कर दी गई है।

एक प्रतिष्ठित अखबार की रिपोर्ट के अनुसार इस पहल के साथ सीएसजेएमयू विवि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आगे आया है।बता दें कि अभी तक विवि में पढ़ाई के लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं पास ही थी। फिलहाल इन कोर्सों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मुख्य रूप से ये कोर्स यूआईईटी (यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी) व संगीत विभाग में शुरू किए गए हैं। सभी में लगभग 20–20 सीटें निर्धारित हैं जिनकी फीस 2000 से 3000 रुपये रखी गई है।

कर सकेंगे ये कोर्स

यहां दाखलिा लेने वाले छात्र वोकल, तबला, सितार, कथक, लोकनृत्य, थिएटर समेत ऑक्टोपैड, सेंट्रल कारपेंटर, प्लंबर, वेल्डर और इलेक्ट्रीशियन आदि की स्कलि सीख सकता है।

## मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं परिवार सशक्तिकरण योजना के हितग्राहियों के मानदेय की राशि में फर्जीवाड़ा करने वाला 01 आरोपी को थाना जांजगीर पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया

जिला जांजगीर चाम्पा। छत्तीसगढ़ के थाना जांजगीर में प्रार्थी सुरेश कुर्रे निवासी बाल्को नगर कोरबा को आरोपी रमेश कुमार यादव द्वारा फर्जीवाड़ा कर गबन करने की जानकारी प्राप्त होने पर प्रार्थी द्वारा श्रम विभाग जांजगीर से आरटी आई के तहत जानकारी ली गई जिसमें छत्तीसगढ़ अभिनंदन एजुकेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी के द्वारा मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं परिवार सशक्तिकरण योजना के तहत विभिन्न ट्रेडों जैसे सिलाई राज मिस्त्री प्लंबर आदि ट्रेडों में श्रम विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार में पंजीबध्द श्रमिकों को प्रशिक्षण देने का कार्य किया जाता था एवं प्रशिक्षण प्राप्त हितग्राहियों के प्रशिक्षण उपरांत शासन के द्वारा मानदेय राशि हितग्राहियों के खाते में RTGS / NEFT के माध्यम से भुगतान किया जाता था उक्त मानदेय भुगतान के लिये प्रशिक्षण प्रदाता संस्था के द्वारा प्रशिक्षक प्राप्त हितग्राहियों की जानकारी मानदेय राशि प्राप्त करने श्रम कार्यालय भेजा जाता था जो संचालक रमेश कुमार यादव उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम बृढ़डांड पोस्ट बगीचा जिला जशपुर हाल मुकाम बांदरकोना जशपुर नगर जिला जशपुर के द्वारा प्रशिक्षाणियों के दिये जाने वाले मानदेय राशि का भुगतान प्रशिक्षणार्थियों के खातों में हेराफेरी कर अपने एवं अपने परिचितों के खाते में ट्रांसफर किया जाना पाया गया जांच के दौरान हितग्राहियों की सुचि प्राप्त कर उनके बैंक खातों की जानकारी ली गई जिसमें 30 हितग्राहियों के खाते में हेराफेरी कर 02 लाख 40 हजार रूपये की धोखाधड़ी संस्था के संचालक द्वारा किया जाने पर आरोपी के विरुद्ध थाना जांजगीर में अपराध क्रमांक 494/2022 धारा 420 भादवि दिनांक 27/07/2022 को पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया मामले की गंभीरता को देखते हुये आरोपी रमेश कुमार यादव उम्र 38 वर्ष निवासी बृढ़डांड पोस्ट बगीचा जिला जशपुर हाल मुकाम बांदरकोना जशपुर नगर जिला जशपुर के घर में दबिश देकर आरोपी को दिनांक 29/07/2022 को न्यायिक डिमाण्ड पर भेजा गया आरोपी की गिरफ्तारी में निरीक्षक

उमेश कुमार साहू, उपनिरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास, प्रधान आरक्षक जगदीश अजय, आरक्षक सुशांत सिंह राठौर एवं आरक्षक दुर्गेश सूर्यवंशी का सराहनीय योगदान रहा।

## भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी श्रीकांत जाधव के दिशानिर्देशों से नशे से दूर रहने को किया जागरूक

- विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर प्रयास के नाम एक पौधा रोपित किया

यमुनानगर. हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख, अम्बाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं प्रयास संस्थापक श्री श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय 38वां नशा छोडो आगे बढ़ो जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी श्री श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों से हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए कुछ नियमों का पालन करना होता है. नियमों के पालन के साथ ही अपने लक्ष्यों की पूर्ति के लिए बहुत अधिक संघर्ष भी करना पड़ता है. लेकिन किसी न किसी कारणवश अनेक बार युवा पथ से विचलित होकर नशे की और अग्रसर हो जाता है, यही वह अवसर होता है जो उसे सकारात्मक जीवन से नकारात्मक जीवन की और ले जाता है. प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी ऊर्जा शक्ति को शिक्षा लेकर देश और राष्ट्र की प्रगति की और लगाने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा नशे से दूर रहने के साथ साथ एक जागरूक नागरिक भी बने और अपने आसपास हो रहे अपराधों की जानकारी प्रशासन को देकर एक आदर्श नागरिक की भूमिका निभाएं. उन्होंने कहा कि नशे से घृणा करें नशेड़ी से नहीं और ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर ऐसे लोगों की गुप्त सूचनाएं दें जो युवाओं को नशा परोस रहें है. कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने हाथ उठाकर जीवन में किसी भी प्रकार का नशा न करने की सौगंध ली. इस अवसर पर प्रयास के वरिष्ठ सदस्य कर्म चंद, उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार, शिक्षक अमित बंसल आदि उपस्थित रहे. कार्यक्रम के अंत में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर प्रयास के नाम एक पौधा रोपित किया गया।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्युत विभाग की योजनाओं की दी गई जानकारी

- मा0 राज्यमंत्री ने उज्ज्वल भारत–उज्ज्वल भविष्य, पावर /2047 महोत्सव का किया शुभारंभ।

एस० बी० यादव ब्यूरो चीफ अयोध्या टाईम्स अमेठी 29 जुलाई 2022, आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर चल रहे अमृत महोत्सव के अंतर्गत जनपद में उज्ज्वल भारत–उज्ज्वल भविष्य, पावर /2047 बिजली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन आज विवेकानंद सभागार राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान जायस में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय राज्यमंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश श्री मयंकेश्वर शरण सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मा0 राज्यमंत्री ने कहा कि भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत केंद्रीय ऊर्जा मंत्

# संक्षिप्त समाचार

**निर्वाचक नामावली में पंजीकृत सभी 100 प्रतिशत मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार नम्बर एकत्र करने का लक्ष्य**

पीलीभीत सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ के दिशा निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत समस्त मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार पर आधार नम्बर एकत्रीकरण अभियान दिनांक 01.08.2022 से प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये है प्राप्त निर्देशों के अनुसार निर्वाचक नामावली में पंजीकृत सभी 100 प्रतिशत मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार नम्बर एकत्र करने का लक्ष्य रखा गया है। जनपद के समस्त गणमान्य नागरिकों/ राजकीय विभाग /अद्धशासकीय संस्थाओं/ बैंक/पोस्ट ऑफिस में कार्यरत समस्त अधिकारी/ कर्मचारियों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं को अवगत कराना है कि मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार नम्बर एकत्र करने हेतु समस्त बूथ लेविल अधिकारियों द्वारा दिनांक 01.08.2022 से घर घर भ्रमण के दौरान मतदाताओं के आधार नम्बर एकत्र करने हेतु आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र फार्म–6 बी भरने हेतु इआरओ नेट, एनवीएसपी पोर्टल, वोटर हेल्पलाईन ऐप इत्यादि के माध्यम से ऑनलाइन फार्म 6 बी किये जाने की सुविधा भी आयोग द्वारा प्रदान की गयी है साथ ही मतदाताओं के सुविधा हेतु आयोग द्वारा मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्रीकरण कार्यक्रम के दौरान दिनांक 07.08.2022, 21.08.2022 एवं 04.09.2022 को विशेष कैम्प का आयोजन प्रत्येक मतदेय स्थल पर किया जायेगा।

**प्री मैट्रिक हेतु ओपन पोर्टल 20 जुलाई 2022, आवेदन भरने की अन्तिम तिथि 30.09.2022**

पीलीभीत। निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण उ0प्र0 लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया है कि अल्पसंख्यक कार्यमंत्रालय भारत द्वारा संचालित राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत अल्पसंख्यक वर्ग (मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, बौद्व, पारसी) के छात्र/छात्राओं हेतु प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं मेरिट कम मीन्स योजनान्तर्गत वर्ष 2022–23 में आवेदन ऑन लाइन करने INO Leavel verification (Insitute Nodal verification) (DMO Level) की समय सारिणी निर्गत की गई है। प्री मैट्रिक हेतु ओपन पोर्टल 20 जुलाई 2022, आवेदन भरने की अन्तिम तिथि 30.09.2022, आवेदन सत्यापन 15.11.2022 व अन्तिम सत्यापन 30.11.2022 किया जायेगा। इसी प्रकार पोस्ट मैट्रिक में ओपन पोर्टल 20.07.2022, आवेदन भरने की अन्तिम तिथि 30.09.2022, आवेदन सत्यापन 15.11.2022 व अन्तिम सत्यापन 30.11.2022 किया जायेगा। जनपद के अल्पसंख्यक छात्र/छात्राआं को सूचित किया जाता है कि जो सरकारी /निजी विश्वविद्यालयों/संस्थानों/महाविद्यालयों/विद्यालयो /मदरसा में अध्ययन कर रहा हो और पाठ्यक्रम न्यूनतम एक वर्ष की अवधि का हो और आवेदक पिछले वार्षिक बोर्ड/कक्षा की परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हों, ऑन लाइन आवेदन कर सकते हैं।

**जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला कारागार का किया गया निरीक्षण**

पीलीभीत। जिलाधिकारी पुलकित खरे एवं पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी द्वारा आज जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कारागार में स्थित अस्पताल, कैदियों के बैरक का जायजा लिया गया। पुलिस कर्मियों के द्वारा अपनी उपस्थित में बैरकों की सघन जांच कराई गई। जिलाधिकारी द्वारा बैरक के निरीक्षण के दौरान कैदियों से बातचीत करते हुये उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा अस्पताल निरीक्षण के दौरान बीमार कैदियों से बातचीत करते हुये उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली गई और वहां उपस्थित डॉक्टर को कडे निर्देश देते हुए कहा कि बीमार कैदियों की स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि मानक के अनुरूप कैदियों को समस्त सुविधायें उपलब्ध कराई जाये। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक श्री संजय कुमार राय, जेलर, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**युवक ने पत्नी पर लगाया प्रताडित करने का आरोप**

पीलीभीत। पूरनपुर।थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव चतीपुर निवासी मोनू कुमार ने बताया कि उसकी शादी चार साल पहले कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया जयभद्र निवासी नीरज देवी के साथ हुई थी।उसने बताया कि शादी के कुछ दिन तक ठीक–ठाक रहा।उसके बाद विवाहिता ने युवक को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।विवाहिता ने युवक से माता–पिता से बात नहीं करने की चौतावनी दी।आरोप है कि उसकी पत्नी ने माता–पिता से बात करने पर जहर खाकर अपनी जान देने की धमकी दी।आए दिन विवाहिता उसको डराती धमकाती रहती है।गुरुवार को पीड़ित किसी काम के लिए पूरनपुर आने के लिए तैयार हुआ।इसी दौरान नीरज ने जहरीला पदार्थ खाने का प्रयास किया।घटनाक्रम को लेकर खलबली मच गई। आस–पड़ोस के लोगों ने मौके पहुंच कर विवाहिता के हाथ में दवाई छीन कर फेंकी उसने बताया कि उसकी पत्नी कभी भी उसके साथ कोई अप्रिय घटना घटित कर सकती है।मामले की तहरीर सेहरामऊ पुलिस को दी गई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।इस पर पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर पत्नी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**अज्ञात ने बच्चों को जबरन बिस्कुट खिलाने का किया प्रयास**

पीलीभीत पूरनपुर।स्कूल जा रहे बच्चों को रास्ते में घात लगाए बैठे कुछ अज्ञात लोगों ने रोक लिया।बिस्कुट दिखाकर जबरन उनको खिलाने का प्रयास किया।शोर शराबा पर तमाम लोग पहुंचे।उससे पहले ही मौके से फरार हो गए। घटनाक्रम को लेकर लोगों में दहशत बनी हुई है।पूरनपुर सर्किल क्षेत्र में बीते एक सप्ताह से लगातार नगर के ग्रामीण अंचलों में बदमाशों की चहल कदमी देखी जा रही है।दो दिन पहले ही पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ भी हुई थी।शुक्रवार को घुंघचाई गांव से तीन बच्चे पड़ोसी गांव मदारपुर के परिष्दीय स्कूल में जा रहे थे।इसी दौरान रास्ते में पड़ने वाले गन्ने के खेत में कुछ अज्ञात लोगों ने बच्चों को रोक कर जबरन बिस्कुट खिलाने का प्रयास किया।इस पर बच्चों ने शोर शराबा कर अपने स्कूली बैग छोड़ कर घर पहुंचे,घटनाक्रम की जानकारी परिवार के लोगो को दी।इस पर बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे। लेकिन तब तक अज्ञात लोग दाएं बाएं से होकर निकल चुके थे।चौकी प्रभारी मंगल सिंह ने बताया कि कुछ गांव में तो अफवाह फैली है।बिस्कुट जबरन खिलाने का मामला संज्ञान में नही आया है।मामले में जांच जारी है।

**खेत पर गए ग्रामीण पर आवारा कुत्तों ने बोला हमला**

पीलीभीत पूरनपुर।धान की फसल देखने जा रहे ग्रामीण पर आवारा कुत्तों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।शोर शराबा सुनकर पहुंचे लोगों ने बमुश्किल ग्रामीण को कुत्तों के चुंगल से छुडाया।घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घुंघचाई में इन दिनों दर्जनों कुत्ते खुंखार बन चुके हैं।आए दिन लोगों को काटकर उनको घायल कर रहे हैं।शुक्रवार को गांव निवासी मंगरेलाल अपने खेत पर खड़ी धान की फसल देखने गया था।जैसे ही वह खेत में पहुंचा इसी दौरान पीछे से आए आधा दर्जन कुत्तों ने अचानक ग्रामीण पर हमला बोल दिया।शरीर के कई जगह पर नोच दिया।इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीण के शोर शराबा करने पर आस पड़ोस की खेतों में काम कर रहे है बड़ी संख्या में किसान मौके पर पहुंच गए।लाठी डंडे व शोर शराबा कर बमुश्किल कुत्तों को खेतों की ओर खदेड़ा।सूचना मिलने पर घायल के परिजन भी मौके पर पहुंच गए।घायल ग्रामीण को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।कुत्तों के आतंक के चलते ग्रामीणों ने अपने बच्चों को घरों से बाहर निकालना भी बंद कर दिया है।स्कूल में ग्रामीण स्वयं बच्चों को पहुंचाने जा रहे हैं।

**घर में घुसे युवक ने महिला से किया दुष्कर्म का प्रयास**

पीलीभीत पूरनपुर।घर में घुसकर युवक ने महिला से जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास किया।विरोध करने पर महिला को जमकर पीटा।पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने बताया कि शुक्रवार को उसके परिवार के लोग खेत पर गए हुए थे।महिला अपने घर पर अकेली थी।इसी दौरान गांव का ही रहने वाला एक युवक चोरी चुपके से महिला के घर में घुस आया।आरोप है कि काम कर रही महिला को गलत नियत से दवोच कर छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया।विरोध करने पर युवक ने महिला के बाल पकड़कर थप्पड़ों व लात घूंसों से जमकर मारा पीटा।जमीन पर पटक कर उसको घसीटा।महिला के चीखने चिल्लाने पर युवक चारपाई पर रखा बटुआ जिसमें पचास हजार की नकदी थी।युवक उठाकर फरार हो गया।जाते समय धमकी दी कि अगर पुलिस को सूचना दी तो जान से मार देंगे।घटनाक्रम को लेकर खलबली मच गई।घर पहुंचे परिजनों को महिला ने घटनाक्रम की जानकारी दी।इस पर परिजनों के होश उड़ गए।परिजन युवक के घर शिकायत करने पहुंचे तो परिजनों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घर से भगा दिया।महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।कोतवाल अशोक पाल ने बताया तहरीर मिलने पर जांच शुरु कर दी गई है।मामला सही पाये जाने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

**चौबिया थाने में पड़ी बाबा साहेब की मूर्ति का वीडियो हुआ वायरल, दरोगा समेत तीन निलंबित**

अनिल कुमार जिला ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा। जनपद के चौबिया थाने में बने शौचालय में पड़ी संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति का वीडियो हुआ वायरल। मिली जानकारी के अनुसार चौबिया थाने के टॉयलेट में संविधान निर्माता की फोटो पड़ी हुई थी जिसका शोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो गया। वहीं वीडियो सामने आने के बाद बसपा एमएलसी भीमराव अम्बेडकर ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं इटावा एसएसपी से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की थी। जिसके बाद मामला वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान आया जिसमे कार्यवाही करते हुए एक एसआई समेत दो कांस्टेबल को निलंबित किया गया है।

वहीं आपको बता दें वर्तमान में चौबिया थाने के थानाध्यक्ष है जयप्रकाश सिंह। वहीं मामला सामने आने के बाद बाबा साहेब को मानने वाले लोगो मे आक्रोश है। वहीं अन्य संगठनों द्वारा मामले की जांच कर कार्यवाही की मांग की गई है।

**पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कानूनशांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार की जा रही है फुट पेट्रोलिंग**

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी0 के निर्देशन में शांतिध्कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत जनपद के समस्त राजपत्रित अधि0/प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी द्वारा अपने–अपने थानाध्चौकी क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पैदल गश्त के दौरान चौराहों, मार्केट आदि पर संदिग्ध व्यक्तियोंध्वाहनोंध्वस्तुओं की गहनता से चेकिंग की गई एवं आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

**ग्रामीण जन्मप्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने के लिए ब्लाक के चक्कर काटने को मजबूर, ग्रामीणों के फोन सचिव द्वारा रिसीव न करने से उनमें भारी रोष**

अमरैयाकलां। ब्लॉक में सचिवों के एक माह पहले हुए स्थानांतरण के बाद तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के बाद अभी तक यूजर पासवर्ड आईडी न बदलने से ग्रामीण जन्मप्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने के लिए ब्लाक के चक्कर काटने को मजबूर है। ग्रामीणों के फोन सचिव द्वारा रिसीव न करने से उनमें भारी रोष व्याप्त है। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने तीस जून को पूरनपुर ब्लाक क्षेत्र में करीब इक्कीस ग्राम पंचायत अधिकारियों के तकियादीनारपुर, अमरैयाकलां, लोधीपुर, रुरियासलेमपुर आदि दर्जनों ग्राम पंचायतों में फेरबदल कर स्थान्तरण कर अतिरिक्त ग्राम पंचायतों का चार्ज देने के आदेश निर्गत किए थे। ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायतों के कार्यभार ग्रहण करने के एक माह पश्चात भी अभी तक यूजर पासवर्ड आईडी न बदलने से ग्रामीण अपने जन्म प्रमाणपत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र आदि प्रमाणपत्र बनबाने के लिए ब्लाक के चक्कर काटने को मजबूर है। प्रमाणपत्र बनबाने बाले ग्राम पंचायत अधिकारियों को ग्रामीण निरन्तर फोन लगा रहे है। ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत अधिकारी ग्रामीणों के फोन रिसीव नहीं कर रहे है और अधिकांश मोबाइल उनके स्विच ऑफ बता रहे है। स्थानांतरण होने के एक माह बाद भी ग्राम पंचायत अधिकारी गांवों में न पहुंचने से खुली बैठक नहीं कर रहे है। जिससे ग्रामीण अपनी समस्या के लिए ब्लाक के चक्कर काटने को मजबूर है।

**ब्लाक में सचिवों के एक माह पहले हुए स्थानांतरण के बाद तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के बाद अभी तक यूजर पासवर्ड आईडी न बदलने से ग्रामीण जन्मप्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने के लिए ब्लाक के चक्कर काटने को मजबूर**

अमरैयाकलां। ब्लॉक में सचिवों के एक माह पहले हुए स्थानांतरण के बाद तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के बाद अभी तक यूजर पासवर्ड आईडी न बदलने से ग्रामीण जन्मप्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने के लिए ब्लाक के चक्कर काटने को मजबूर है। ग्रामीणों के फोन सचिव द्वारा रिसीव न करने से उनमें भारी रोष व्याप्त है। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने तीस जून को पूरनपुर ब्लाक क्षेत्र में करीब इक्कीस ग्राम पंचायत अधिकारियों के तकियादीनारपुर, अमरैयाकलां, लोधीपुर, रुरियासलेमपुर आदि दर्जनों ग्राम पंचायतों में फेरबदल कर स्थान्तरण कर अतिरिक्त ग्राम पंचायतों का चार्ज देने के आदेश निर्गत किए थे। ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायतों के कार्यभार ग्रहण करने के एक माह पश्चात भी अभी तक यूजर पासवर्ड आईडी न बदलने से ग्रामीण अपने जन्म प्रमाणपत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र आदि प्रमाणपत्र बनबाने के लिए ब्लाक के चक्कर काटने को मजबूर है। प्रमाणपत्र बनबाने बाले ग्राम पंचायत अधिकारियों को ग्रामीण निरन्तर फोन लगा रहे है। ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत अधिकारी ग्रामीणों के फोन रिसीव नहीं कर रहे है और अधिकांश मोबाइल उनके स्विच ऑफ बता रहे है। स्थानांतरण होने के एक माह बाद भी ग्राम पंचायत अधिकारी गांवों में न पहुंचने से खुली बैठक नहीं कर रहे है। जिससे ग्रामीण अपनी समस्या के लिए ब्लाक के चक्कर काटने को मजबूर है।

**श्रावणी काव्य संध्या का आयोजन किया जिस के संबंध में आज समिति की बैठक हर्ष गुप्ता जी के आवास पर संपन्न**

पीलीभीत पुरनपूर योग चेतना समिति पूरनपुर का गठन वर्ष 2018 में हुआ था . इसी संगठन के द्वारा उसी समय विशाल वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था उसके पश्चात कुछ न कुछ कार्यक्रम अब तक समिति द्वारा किए जाते रहे हैं.

उक्त समिति के द्वारा श्रावणी काव्य संध्या का आयोजन किया जा रहा है जिस के संबंध में आज समिति की बैठक श्री हर्ष गुप्ता जी के आवास पर संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से योग चेतना समिति की कार्यकारिणी का विधिवत गठन किया गया जो निम्नवत् है.

सर्व श्री अनंत राम पालिया संरक्षक डॉ कैलाश शर्मा संरक्षक, हर्ष गुप्ता अध्यक्ष, मुकेश खंडेलवाल उपाध्यक्ष, राम सनेही वर्मा महासचिव, संजीव गुप्ता सचिव, नितिन गुप्ता कोषाध्यक्ष ,सतीश मिश्रा मीडिया प्रमुख ,संदीप खंडेलवाल प्रचार सचिव, मोनिका गुप्ता मातृशक्ति

प्रमुख एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रवि गुप्ता , बृजेश गुप्ता ,रामअवतार शर्मा, सुखलाल वर्मा ,रामबचन राय, सुखदेव सिंह ,साहिल अग्रवाल, डॉक्टर हंस राम सिंह राठौर से मनोनीत किया गया।

**जिलाधिकारी द्वारा मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र शाही का किया गया औचक निरीक्षण**

पीलीभीत जिलाधिकारी पुलकित खरे द्वारा आज मानसिक मंदित आश्रय गृह सह प्रशिक्षण केन्द्र शाही का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के प्रशिक्षण केन्द्र में सुरेशपाल भण्डार लिपिक, पुष्पा देवी रसोईया एवं आरती देवी उपस्थित पाए गए।

जिलाधिकारी द्वारा अन्य स्टाफ के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। सुरेशपाल द्वारा अनुपस्थित कर्मचारियों के सम्बन्ध में कोई जानकारी नही दे सके। जिलाधिकारी द्वारा बन्द पडे कमरों को खुलवाकर देखा गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा दवाईयों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान आश्रय गृह में 23 बच्चे मौके पर पाये गये। निरीक्षण के दौरान शौचालय में गन्दगी पाये जाने पर सम्बन्धित को साफ सफाई कराने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा भोजनालय में बच्चों हेतु रखी खाद्य सामाग्री की गुणवत्ता देखी गई और सम्बन्धित व रसोईया को निर्देशित किया गया कि बच्चों को निर्धारित मैन्यू के अनुसार नाश्ता एवंभोजन उपलब्ध कराया जाये तथा रसोईघर में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर श्री योगेश कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

**जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला कारागार का किया गया निरीक्षण**

पीलीभीत। जिलाधिकारी पुलकित खरे एवं पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी द्वारा आज जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कारागार में स्थित अस्पताल, कैदियों के बैरक का जायजा लिया गया। पुलिस कर्मियों के द्वारा अपनी उपस्थित में बैरकों की सघन जांच कराई गई। जिलाधिकारी द्वारा बैरक के निरीक्षण के दौरान कैदियों से बातचीत करते हुये उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा अस्पताल निरीक्षण के दौरान बीमार कैदियों से बातचीत करते हुये उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली गई और वहां उपस्थित डॉक्टर को कडे निर्देश देते हुए कहा कि बीमार कैदियों की स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बैरक के निरीक्षण के दौरान कैदियों से बातचीत करते हुये उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा अस्पताल निरीक्षण के दौरान बीमार कैदियों से बातचीत करते हुये उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली गई और वहां उपस्थित डॉक्टर को कडे निर्देश देते हुए कहा कि बीमार कैदियों की स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि मानक के अनुरूप कैदियों को समस्त सुविधायें उपलब्ध कराई जाये। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक श्री संजय कुमार राय, जेलर, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**रोटरी क्लब पूरनपुर रायल्स ने ग्राम रघुनायपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय रघुनायपुर में जाकर सभी छात्र छात्राओ का नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया**

पीलीभीत। पुरनपूर क्लब के संस्थापक अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह ने बताया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपूर की सहयोग से नेत्र परीक्षण किया जरूरत मंद बच्चों को चशमा का वितरण भी किया जायगा।

हॉस्पिटल की टीम के चंदर शेखर, गजेंद्र सिंह ने सब बच्चों की जांच की।

इस कार्यक्रम में रोटरी मंडल के मंडल अध्यक्ष नॉमिनी नीरव अग्रवाल जी का विशेष सहयोग रहा ।

नेत्र परीक्षण कार्यक्रम सभी सरकारी स्कूल में करवाया जायगा और जरूरत मंद बच्चों को चसमा भी उपलब्ध करवाया जायगा ।

इस कार्यक्रम में क्लब के संस्थापक अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह, अध्यक्ष आकाश खण्डेलवाल, शेखर सिंह, स्कूल के प्रधानचर्या ऋषि सकसेना ,इसहाक अहमद, पुनीत वर्मा, गायत्री परीक्षित, दुर्गा लाल शाहनज मौजूद रहे।

**एक दिवसीय युवा उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन लक्ष्मी देवी ललित कला अकादमी कानपुर नगर के स्थान पर बी0एन0एस0डी0 शिक्षा निकेतन बेनाझाबर रोड कानपुर नगर में होगी संपन्न**

कानपुर नगर। जिला युवा कल्याणा एवं प्र0वि0द0 अधिकारी श्रीमती आरती जायसवाल ने बताया है कि युवा कल्याण प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में जनपद स्तरीय एक दिवसीय युवा उत्सव प्रतियोगिता का 'आयोजन लक्ष्मी देवी ललित कला अकादमी कानपुर नगर के स्थान पर बी0एन0एस0डी0 शिक्षा निकेतन बेनाझाबर रोड कानपुर नगर में दिनांक 02 अगस्त, 2022 को प्रातः 9.00 बजे से किया जाना है।' जिसमें ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से 15 से 29 वर्ष तक के युवक/युवतियां प्रतिभाग कर सकेंगे।

युवा उत्सव निम्न विधाओं में आयोजित की जानी है, जिसमें लोक नृत्य, लोकगीत, एकांकी, क्लासिकल वोकल, कर्नाटक वोकल, सितार वादन, बांसुरी वादन, तबला वादन, वीणा वादन हारमोनियम लाइट, मृदंगम, गिटार वादन, मणिपुरी नृत्य, ओडिसा नृत्य, भरत नाट्यम नृत्य, कत्थक नृत्य, कुचिपुड़ी नृत्य, एक्सटेम्पोर आदि '(फिल्मी गानों/धुन का प्रयोग विधाओं में वर्जित है)'। उन्होंने बताया है कि जनपद के इच्छुक कलाकार/प्रतिभागी जिनकी उम्र 15 से 29 वर्ष के मध्य है ।

अपना पंजीकरण कार्यालय जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0अधिकारी कानपुर नगर के कक्ष संख्या–4 विकास भवन द्वितीय तल में व्यक्तिगत रूप से एवं ई–मेल द्वारा dywokanpurnagar@gmail.com के माध्यम से दिनांक 31 जुलाई, 2022 तक आवेदन कर सकते हैं।

उक्त कार्यक्रम की जानकारी के सम्पर्क सूत्र श्री यशस्वी रत्न मिश्रा कार्यक्रम प्रभारी सम्पर्क सूत्र 9369065167 एवं श्री प्रदीप कुमार चौरसिया सहायक कार्यक्रम प्रभारी सम्पर्क सूत्र 8218229023 हैं।

इसके अतिरिक्त सभी विकास खण्डों के क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी से सम्पर्क कर आवेदन किया जा सकता हैं। जनपद स्तरीय युवा उत्सव में विजयी प्रतिभागी दिनाँक 03 अगस्त, 2022 को मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इसके उपरांत मण्डल स्तर पर विजयी खिलाड़ी जोनलध्राज्य स्तर पर विजयी होने के उपरान्त राष्टीय युवा उत्सव में प्रतिभाग कर सकते है।

# संक्षिप्त समाचार

**युवक ने पत्नी पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप**

पीलीभीत। पूरनपुर।थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव चतीपुर निवासी मोनू कुमार ने बताया कि उसकी शादी चार साल पहले कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया जयभद्र निवासी नीरज देवी के साथ हुई थी।उसने बताया कि शादी के कुछ दिन तक ठीक–ठाक रहा।उसके बाद विवाहिता ने युवक को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।विवाहिता ने युवक से माता–पिता से बात नहीं करने की चौतावनी दी।आरोप है कि उसकी पत्नी ने माता–पिता से बात करने पर जहर खाकर अपनी जान देने की धमकी दी।आए दिन विवाहिता उसको डराती धमकाती रहती है।गुरुवार को पीड़ित किसी काम के लिए पूरनपुर आने के लिए तैयार हुआ।इसी दौरान नीरज ने जहरीला पदार्थ खाने का प्रयास किया।घटनाक्रम को लेकर खलबली मच गई। आस–पड़ोस के लोगों ने मौके पहुंच कर विवाहिता के हाथ में दवाई छीन कर फेंकी उसने बताया कि उसकी पत्नी कभी भी उसके साथ कोई अप्रिय घटना घटित कर सकती है।मामले की तहरीर सेहरामऊ पुलिस को दी गई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।इस पर पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर पत्नी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**अज्ञात ने बच्चों को जबरन बिस्कुट खिलाने का प्रयास**

पीलीभीत। पूरनपुर।स्कूल जा रहे बच्चों को रास्ते में घात लगाए बैठे कुछ अज्ञात लोगों ने रोक लिया।बिस्कुट दिखाकर जबरन उनको खिलाने का प्रयास किया।शोर शराबा पर तमाम लोग पहुंचे।उससे पहले ही मौके से फरार हो गए। घटनाक्रम को लेकर लोगों में दहशत बनी हुई है। पूरनपुर सर्किल क्षेत्र में बीते एक सप्ताह से लगातार नगर के ग्रामीण अंचलों में बदमाशों की चहल कदमी देखी जा रही है।दो दिन पहले ही पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ भी हुई थी।शुक्रवार को घुंघचाई गांव से तीन बच्चे पड़ोसी गांव मदारपुर के परिष्दीय स्कूल में जा रहे थे।इसी दौरान रास्ते में पड़ने वाले गन्ने के खेत में कुछ अज्ञात लोगों ने बच्चों को रोक कर जबरन बिस्कुट खिलाने का प्रयास किया।इस पर बच्चों ने शोर शराबा कर अपने स्कूली बैग छोड़ कर घर पहुंचे,घटनाक्रम की जानकारी परिवार के लोगो को दी।

इस पर बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे। लेकिन तब तक अज्ञात लोग दाएं बाएं से होकर निकल चुके थे।चौकी प्रभारी मंगल सिंह ने बताया कि कुछ गांव में तो अफवाह फैली है।बिस्कुट जबरन खिलाने का मामला संज्ञान में नही आया है।मामले में जांच जारी है।

**खेत पर गए ग्रामीण पर आवारा कुत्तों ने बोला हमला**

पीलीभीत पूरनपुर।धान की फसल देखने जा रहे ग्रामीण पर आवारा कुत्तों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।शोर शराबा सुनकर पहुंचे लोगों ने बमुश्किल ग्रामीण को कुत्तों के चुंगल से छुडाया।घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घुंघचाई में इन दिनों दर्जनों कुत्ते खुंखार बन चुके हैं।आए दिन लोगों को काटकर उनको घायल कर रहे हैं।शुक्रवार को गांव निवासी मंगरेलाल अपने खेत पर खड़ी धान की फसल देखने गया था।जैसे ही वह खेत में पहुंचा इसी दौरान पीछे से आए आधा दर्जन कुत्तों ने अचानक ग्रामीण पर हमला बोल दिया।शरीर के कई जगह पर नोच दिया।इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीण के शोर शराबा करने पर आस पड़ोस की खेतों में काम कर रहे है बड़ी संख्या में किसान मौके पर पहुंच गए।लाठी डंडे व शोर शराबा कर बमुश्किल कुत्तों को खेतों की ओर खदेड़ा।सूचना मिलने पर घायल के परिजन भी मौके पर पहुंच गए।घायल ग्रामीण को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।कुत्तों के आतंक के चलते ग्रामीणों ने अपने बच्चों को घरों से बाहर निकालना भी बंद कर दिया है।स्कूल में ग्रामीण स्वयं बच्चों को पहुंचाने जा रहे हैं।

**घर में घुसे युवक ने महिला से किया दुष्कर्म का प्रयास**

पीलीभीत पूरनपुर।घर में घुसकर युवक ने महिला से जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास किया।विरोध करने पर महिला को जमकर पीटा।पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने बताया कि शुक्रवार को उसके परिवार के लोग खेत पर गए हुए थे।महिला अपने घर पर अकेली थी।इसी दौरान गांव का ही रहने वाला एक युवक चोरी चुपके से महिला के घर में घुस आया।आरोप है कि काम कर रही महिला को गलत नियत से दवोच कर छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया।विरोध करने पर युवक ने महिला के बाल पकड़कर थप्पड़ों व लात घूंसों से जमकर मारा पीटा।जमीन पर पटक कर उसको घसीटा।महिला के चीखने चिल्लाने पर युवक चारपाई पर रखा बटुआ जिसमें पचास हजार की नकदी थी।युवक उठाकर फरार हो गया।जाते समय धमकी दी कि अगर पुलिस को सूचना दी तो जान से मार देंगे।घटनाक्रम को लेकर खलबली मच गई।घर पहुंचे परिजनों को महिला ने घटनाक्रम की जानकारी दी।इस पर परिजनों के होश उड़ गए।परिजन युवक के घर शिकायत करने पहुंचे तो परिजनों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घर से भगा दिया।महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।कोतवाल अशोक पाल ने वताया तहरीर मिलने पर जांच शुरु कर दी गई है।मामला सही पाये जाने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## विलुप्त होते वन्यजीवों की प्रजातियों के बारे में दी जानकारी

सिकंदराराऊ। शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस सिकंदराराऊ रेंज के अंतर्गत अहिल्याबाई विद्या निकेतन सूसामई में मनाया गया। वहां उपस्थित बच्चों को बाघ के सुरक्षा एवं विलुप्त होती प्रजाति के बारे में वन्य प्राणियों के बारे में विद्यालय के शिक्षकों एवं वन विभाग के बीट प्रभारी श्रीचंद द्वारा विस्तार से बताया गया तथा बच्चों से बाघ के चित्र बनवा कर प्रतियोगिता कराई गई ।

## भूमाफियो से हटवाया गया अवैध कब्जा पट्टा

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट आज

तंबौर सीतापुर।विकास खण्ड बेहटा के अंतर्गत ग्रामसभा कुरतहिया के मजरा सेमरिया में 23 लोगो को 14 वर्ष पूर्व पट्टे का आवंटन किया गया था जो पट्टे की जमीन पर दबंगो के द्वारा भूमाफियों का कब्जा था। जिसकी शिकायत आईजी आर एस के माध्यम से की गई थी। जिस पर आज पुलिस प्रशासन व राजस्व विभाग के तहसीलदार शशिबन्धु द्विवेदी, एस एच ओ सकरन समेत लेखपाल ब्रजेंद्र वर्मा, घनश्याम यादव, प्रवेश यादव की मौजूदगी में अवैध कब्जा धारकों से कब्जा मुक्ति कर पट्टा धारकों को वितरित किया गया।

## गाजे बाजे के साथ निकली कावण यात्रा काशीपुर से गोला

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट आज

तम्बौर सीतापुर थाना तम्बौर के अंतर्गत आज बालक दास बाबा की कावण टीम काशीपुर से जल भर कर गोला गोकरननाथ के लिए डी जे बाजे के साथ झुमते हुए लाखो श्रद्धालू भगवान भोले नाथ का जलाभिषेक करने के लिए रवाना हुए दो साल बाद कावण ले जाने पर श्रद्धालुओ मे जोस उमगं काफी नजर आ रहा है क्यो की दो साल कोरोनाकाल की वजह से कावण यात्रा नही निकल पाई थी दो साल बाद इस बार कावण मे अधिक से अधिक लोग बढ चढ कर गोला गोकरननाथ कावण यात्रा लेके जा रहे है इस पावन कावण मे हमारा शासन प्रशासन भी अहम भूमिका निभाते हुए नजर आ रहे है हमारे थाना तम्बौर पुलिस टीम एस एच ओ पूरा स्टाफ पूरा सहयोग करते हुए नजर आ रहे है 24 घन्टे अपनी पूरी

सतर्कता के साथ तम्बौर पुलिस प्रशासन ड्यूटी करती नजर आ रही है इस कावण यात्रा मे सहयोगी रहे परम पुज्य श्री बालक दास बाबा सुमीन्द यादव प्रेमशंकर चौधरी सुशील पोरवाल भानू जयसवाल जितेंद्र मौर्य रूपेश पोरवाल संयोग सिंह उमेश पोरवाल नीरज बाजपेई प्रभात बाबा संजय पोरवाल आदि लोग।

## किसानों की मेहनत रंग लाई आज प्रशासन द्वारा आवारा पशुओं को गौशाला पहुंचाया गया

नरेन्द्र प्रताप सिंह की रिपोर्ट आज

संयुक्त किसान मोर्चा सीतापुर ऐलिया विकास खण्ड ऐलिया के अंतर्गत आज संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा 27 जुलाई को ब्लॉक मुख्यालय ऐलिया का घिराव कर आवारा पशुओं का मुद्दा उठाया गया था!दिए गए ज्ञापन पर हुए समझौते के अंतर्गत तीन दिन में बम्हौरा क्षेत्र में घूम रहे आवारा सांडों को गौशालाओं में पहुंचाना था!आज किए गए वायदे अनुसार खंड विकास अधिकारी ऐलिया विकास सिंह ने नगर पालिका सहित क्षेत्रीय किसानों,पिंटू पूर्व प्रधान, बलजिंदर सिंह, प्रवीण प्रधान, दिलबाग सिंह,धर्मेंद्र सिंह, अर्जित सिंह, सुखदेव सिंह,अर्जुन सिंह, सर्वजीत सिंह आदि किसानों सहित संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू द्वारा मिले सहयोग के उपरांत सांडों की दहशत से क्षेत्र में हो रही दुर्घटनाओं से निजात दिलाई! किसान मंच प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने कहा कि समस्याओं का निपटारा तभी संभव है जब उसके लिए एकजुट होकर संघर्ष किया जाए!इसी क्रम में कल दस बजे से वि०ख० खैराबाद में आवारा पशुओं सहित अन्य समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा! क्षेत्रीय किसानों से निवेदन है कल कार्यक्रम में शामिल होकर अपने हकों के लिए जरूर आऐ।

## सर्पदंश से गांधी नगर निवासी पूजा यादव (14) की मौत

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला (बलरामपुर)।

सर्पदंश से गांधी नगर निवासी पूजा यादव (14) की मौत हो गई। गुरुवार रात लगभग दो बजे मृतका कमरे में सो रही थी। अचानक सांप ने उसके हाथ की उंगली में काट लिया। परिवार जन उसे सीएचसी ले गए। प्रारंभिक इलाज के बाद हालत नाजुक होने पर उसे गोंडा चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। तहसीलदार रामाश्रय ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट के बाद क्षेत्रीय लेखपाल को जांच करने का निर्देश दिया गया है।

## स्वच्छ विद्यालय एवं मिशन कायाकल्प के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधान एवं शिक्षक गण को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया पुरस्कृत

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

बलरामपुर! शुक्रवार को स्वच्छ विद्यालय एवं मिशन कायाकल्प के तहत परिषदीय विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं साफ–सफाई, शौचालय, स्वच्छ जल की उपलब्धता आदमी आदि में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 19 ग्राम प्रधान एवं शिक्षक गण को मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी गिरीश चंद्र

पाठक, डीसी मनरेगा सूबेदार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ रामचंद्र, जिला पंचायत अधिकारी निलेश प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## मुखिया यादव बने भारतीय किसान यूनियन क्रांति के प्रदेश सचिव

गाजियाबाद। भारतीय किसान यूनियन क्रांति के प्रदेश अध्यक्ष परविंदर यादव के निर्देश पर मुखिया यादव को भारतीय किसान यूनियन क्रांति का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया ।

मुखिया यादव ने कहा मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वह पूरी ईमानदारी व निष्ठा से पूरा करेंगे तथा हमेशा किसानों की आवाज को उठाएंगे। भारतीय किसान यूनियन क्रांति के मार्गदर्शन में किसानों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि यूनियन का उद्देश्य किसानों के हित की लड़ाई लड़ने का है,जहाँ भी किसानों की कोई समस्या होगी उसके लिए किसान यूनियन संघर्ष करेगी।

भारतीय किसान यूनियन क्रांति का विस्तार करते हुए शैंकी यादव को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ईश्वर त्यागी, राष्ट्रीय महासचिव सुंदर

जिला अध्यक्ष बागपत, विशाल सिंह को जिला उपाध्यक्ष, नवीन यादव जिला उपाध्यक्ष , नितिन यादव जिला उपाध्यक्ष, अजय डेढा जिला उपाध्यक्ष,व सूरज उज्ज्वल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रियांशु को जिला सचिव, रितिक यादव व शुभम गिरी को जिला सचिव नियुक्त किया गया। जुबैर खान को बरेली का युवा मोर्चा का सिकंदरपुर, प्रदेश अध्यक्ष परविंदर यादव, संगठन मंत्री सोनू यादव , नोएडा महानगर अध्यक्ष बलवीर यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष राजन ठाकुर, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संदीप चौधरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लोकेश यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पवन सिंह, हापुड़ अनमोल त्यागी आदि थे।

# राष्ट्रपति के प्रति अभद्र टिप्पणी को लेकर भाजपाइयों ने कांग्रेसी नेता अधीर रंजन का पुतला फूंका

सिकंदराराऊ। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के प्रति अभद्र टिप्पणी के विरोध में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने सिकंदराराऊ में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी का पुतला फूंका और विरोध प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि देश को आदिवासी समाज से एक महिला राष्ट्रपति के मिलने पर पूरे देश को गर्व की अनुभूति हो रही है और पूरे आदिवासी समाज मे एक खुशी की लहर है । लेकिन जिस कॉंग्रेस ने देश पर 50 वर्ष शासन किया था, वह कॉंग्रेस कभी आदिवासी समाज को मुख्यधारा में नहीं ला पाई और हमेशा से इस समाज को विकास के निचले पायदान पर ही रखा । राष्ट्रपति चुनाव में भी राष्ट्रपति का खुलकर विरोध किया। भाजपा ने हमेशा से वनवासी समाज, आदिवासी समाज के विकास के लिए जमीन पर उनके लिए लड़ाई लड़ी है और उनको विकास की मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया है। उसी प्रयास के चलते देश को प्रथम महिला आदिवासी राष्ट्रपति दिया और उनका सम्मान किया। लेकिन कल एक धरने में कॉंग्रेस के संसद में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी ने राष्ट्रपति को कई बार राष्ट्रपत्नी कह कर उनका उपहास उड़ाया और एक संवैधानिक पद की गरिमा को धूमिल किया और अभी तक

अपने बयान के लिए माफी नही मांगी । विरोध प्रकट करने वालों में पंकज गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष, मीरा माहेश्वरी जिला मंत्री, मुकुल गुप्ता सभासद, अभिषेक वार्ष्णेय सभासद, सूरज वार्ष्णेय मंडल उपाध्यक्ष, कमलनयन वार्ष्णेय, निर्मलदास, मोनू माहेश्वरी, विपिन लाल, मनोज गोस्वामी, करण यादव, बॉबी वार्ष्णेय, आकाश, रोहित वाल्मीकि, डब्बू लाला आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लक्खी मेला श्री दाऊजी महाराज के आयोजन के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने की बैठक

हाथरस। बृज क्षेत्र का मशहूर एवं जनमानस की आस्थाओं का प्रतीक 111 वॉ विशाल लक्खी मेला श्रीदाऊजी महाराज का परम्परागत एवं भव्य आयोजन के दृष्टिगत जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों/संयोजकों/आयोजक कोंध्यत्रकारगणों के साथ बैठक कर महत्वपूर्ण सुझावों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जैसा कि आप सभी विदित हैं कि जनपद में आयोजित होने वाले लक्खी मेला श्री दाऊजी महाराज का शुभारम्भ गणेश चर्तुथी से विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना के उपरान्त प्रारम्भ होगा। मेला को परम्परागत रूप से भव्य एवं सकुशल सम्पन्न कराने के संबंध में जिलाधिकारी ने पूर्व में आयोजित किये गये कार्यक्रमों तथा व्यवस्थाओं पर खर्च की गई धनराशि के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की। जिलाधिकारी ने मेला श्री दाऊजी महाराज की तैयारियों के संबंध में मेला संयोजकों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ मेला आयोजन की रूपरेखा, विभिन्न कार्यक्रमों व व्यवस्थाओं के सिलसिले में विचार विमर्श किया। उन्होंने मेला संयोजकों/आयोजकों

को कार्यक्रमों से संबंधित बैनर, होर्डिंग्स, इलैक्ट्रोनिक एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से वृहद स्तर पर प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति मेले में कार्यक्रमों का आयोजन कराना चाहते हैं वह अपना आवेदन पत्र जमा करा दें। कार्यक्रम आयोजित कराने हेतु अपनी सुविधानुसार आवेदन में दिनांक व समय अवश्य अंकित करें साथ ही साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों से वार्ता हो गई है तथा प्रशासन स्तर से कार्यक्रम को आयोजित कराने हेतु धनराशि एवं कार्यक्रम संयोजक द्वारा व्यय की जाने वाली धनराशि का विवरण पूर्णरूप से दर्ज करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम संयोजकों द्वारा कार्यक्रमों के आयोजन हेतु किसी से बिना उनकी स्वेच्छा के धनराशि एकत्र न की जाये यदि इस प्रकार की सूचना प्राप्त होती है तो संयोजक को आवंटित किये गये कार्यक्रम को निरस्त कर दिया जायेगा। मेला में प्रभावी सुरक्षा बंदोबस्त और मूलभूत जनसुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। उन्होंने मेला संयोजको से कहा कि दाऊजी महाराज मेले राष्ट्रीय स्तर की ऊँचाईयों तक ले जाना है तथा मेला में आने वाले दुकानदारों तथा जनसामान्य को जागरूक किया जायेगा। उन्होंने मेला के सुचारू ढंग से आयोजन हेतु सुरक्षा, पेयजल, विद्युत, मेला ठेका, सफाई, रंगाई–पुताई, शौचालय और मरम्मत आदि के लिये समय से कार्यवाही सुनिश्चित करने के बारे में अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने ने मेला परिसर में सफाई, नालों की सफाई, मेला स्थल के आसपास पालिका की जमीन पर साईकिल स्टैण्ड और दुकानों को ठेका पर उठाने के लिये ब्यौरा प्रस्तुत करने के लिये कहा। उन्होंने मेला परिसर के बाहर दुकानें नहीं लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन आकांक्षाओं के अनुरूप बृज क्षेत्र के इस लक्खी मेला को भव्यता से आयोजित कराने के लिए कोई कसर नहीं छोडी जायेगी। उन्होंने कहा कि मेला में साहित्य एवं सांस्कृतिक कला की स्थानीय प्रतिभाओं, जिले के स्कूल–कालेजों के प्रतिभाशाली छात्र–छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करने वाले कार्यक्रम आयोजित कराये जायेंगे।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, सांसद प्रतिनिधि, ब्लाक प्रमुख मुरसान, नगर पालिका अध्यक्ष हाथरस, नाजिर सदर, न्याय सहायक लिपिक, मेला प्रभारी लिपिक, पत्रकार बंधु, पूर्व मेला संयोजक आदि उपस्थित रहे।

# कानपुर प्राणी उद्यान में मनाया गया विश्व बाघ दिवस

अयोध्या टाइम संवाददाता हरिओम

द्विवेदी कानपुर कानपुर प्राणी उद्यान में हर साल की भांति शुक्रवार 29 जुलाई 2022 को विश्व बाघ दिवस (ग्लोबल टाइगर डे) के अवसर पर विभिन्न शिक्षण संस्थानो के लगभग 100 से ज्यादा छात्रछात्राओं ने प्राणि उद्यान परिसर में आयोजित रंगोली, चित्रकला व टाईगर वाक प्रतियोगिताओं में भाग लिया व अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उक्त अवसर पर प्राणि उद्यान के मुख्य वन संरक्षक ६ निदेशक श्री कृष्ण कुमार सिंह द्वारा उपस्थित बच्चों, अध्यापको एवं दर्शको को बाघों की निरन्तर घटती हुई संख्या में वृद्धि, प्राकृतिक आवासों के संरक्षण, संवर्धन आदि पर प्रकाश ग्लोबल टाइगर डे पर छात्र छात्राओं ने चित्रकला के माध्यम से पशु पक्षियों को संरक्षण की करी अपील। डाला। निदेशक द्वारा बताया गया कि कानपुर प्राणि उद्यान में बाघ के प्रजनन की दर अच्छी है सक्करबाग चिड़ियाघर, जूनागढ़, गुजरात से आयी मादा शा ने अब तक यहाँ कुल 10 शावको को जन्म दिया है जो विभिन्न प्राणि उद्यानों में विनिमय के माध्यम से भेजे गये है। आज दिनांक 29.07.2022 को चण्डीगढ़ से लाये गये लव (सफेद बाघ) का जन्मदिवस भी उक्त अवसर पर केक काटकर बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में प्राणि उद्यान के प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी श्री अनुराग सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी श्री नवेद इकराम व श्री दिलीप कुमार गुप्ता, जन सम्पर्क अधिकारी श्री विश्वजीत सिंह तोमर, बायोलॉजिस्ट नैना पाण्डेय, शिक्षाधिकारी श्री राजा राम साहू सहित प्राणि उद्यान के समस्त कर्मचारी व स्टाफ उपस्थित रहे। अन्त में प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियो को निदेशक श्री कृष्ण कुमार सिंह जी द्वारा कमशः रंगोली प्रतियोगिता में विमला ग्रुप आफ इन्स्टीट्यूशन कानपुर की कु० प्रियांशी पासवान, गुरुकुल एजूकेशन सेन्टर, काकादेव कानपुर की कुछ रीतिका त्रिपाठी व जे० के० किड्स ग्रीमलैण्ड कानपुर की कुछ प्राप्ति सिंह को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार व प्रमाणपत्र वितरित किया गया. इसीप्रकार चित्रकला प्रतियोगिता में गुरुकुल एजूकेशन सेन्टर की कुछ ओमसी वर्मा प्रथम व कु० फिरदौस को

द्वितीय तथा बिमला ग्रुप आफ एजूकेशन सेन्टर के श्री जयंत साहू को तृतीय पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरित किया गया साथ ही प्रतिभागी छात्रछात्राओं को टाईगर लव के जन्म दिन के अवसर पर रिटर्न गिफ्ट प्रदान किया गया व सभी उपस्थित बच्चों एवं जनमानस को केक व स्वाल्पाहार वितरित किया गया।

# गांधी नगर सीएचसी मार्ग पर किराए के मकान में रह रही महिला स्वास्थ्य कर्मी ममता त्रिपाठी (32) का शव गुरुवार देर शाम पुलिस ने बरामद किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला (बलरामपुर)।

कोतवाली उतरौला के गांधी नगर सीएचसी मार्ग पर किराए के मकान में रह रही महिला स्वास्थ्य कर्मी ममता त्रिपाठी (32) का शव गुरुवार देर शाम पुलिस ने बरामद किया। मृतका गोरखपुर जिले के गोला थाना क्षेत्र के सेमरी गांव की निवासी थी। बताया जाता है कि गुरुवार शाम लगभग आठ बजे मृतका का पति पुनीत त्रिपाठी अपनी मां व बेटी को ले कर गोरखपुर के लिए निकल गया था। कमरे पर मृतका के अलावा उसका पांच वर्षीय बेटा रह गया था। रात लगभग साढ़े आठ बजे कमरे से बाहर खेल रहे बच्चे के रोने की आवाज सुनकर मकान में रह रहे अन्य किराएदारों ने भीतर से बंद कमरे को खोलने के लिए काफी आवाज लगाई।

अंदर से कोई जवाब न मिलने पर मकान मालिक इकबाल ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर जब कमरे में प्रवेश किया तो ममता पंखे पर फंदे से झूलती मिली।

आनन–फानन में शव को नीचे उतारकर उसकी जांच की गई तो मृतका की सांस थम चुकी थी।

प्रभारी निरीक्षक

अनिल सिंह ने बताया कि शव का पीएम कराया जा रहा है। आत्महत्या के कारणों की जांच के लिए मृतका के परिवार जनों को बुलाया गया है। फिलहाल किसी तरह की तहरीर नहीं मिली है।

# उतरौला में इमामिया ट्रस्ट ने कर्बला में इमाम हुसैन की शहादत के लिए मुहर्रम में निकाले जाने वाले शोक जुलूस व मजलिस की तैयारी पूरी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता उतरौला (बलरामपुर)

उतरौला में इमामिया ट्रस्ट ने कर्बला में इमाम हुसैन की शहादत के लिए मुहर्रम में निकाले जाने वाले शोक जुलूस व मजलिस की तैयारी पूरी कर ली है। उतरौला शहर के सभी अजाखानों की रंगाई पुताई कराकर, उसमें अलम, पट्टा, पंजा, काला झंडा, बैनर, पोस्टर आदि लगाकर पारंपरिक तरीके से सजाया गया है। जुलूस के मार्ग पर भी पूरी तैयारी कर ली गई है।

मुहर्रम की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को इमामिया ट्रस्ट अध्यक्ष ऐमन रिजवी के आवास पर बैठक हुई। तिलावते कलामे पाक से बैठक शुरुआत की। इसके बाद इमामिया ट्रस्ट के प्रवक्ता सैयद नुसरत हुसैन ने मजलिस और जुलूस की तैयारियों के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि इमाम बारगाह जहां मजलिस का आयोजन एवं जहां से जुलूस निकाले जाते हैं। वहां सारे इंतजाम कर लिए गए हैं। जुलूस को लेकर पुलिस और प्रशासन का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। मुहर्रम का महीना 31 जुलाई से शुरू हो जाएगा। जुलूस की जिम्मेदारी अंजुमन के पदाधिकारियों में बांट दी गई है। चांद के मुताबिक 31 जुलाई से मुहर्रम का महीना शुरू हो जाएगा। उतरौला के कुल 24 इमामबारगाहों में सुबह से देर रात तक 24 मजलिस पढ़ी जाएगी। मोहल्ला सुभाष नगर के बड़ा इमामबाड़ा में सुबह 5 बजे पहली मजलिस का आयोजन होगा। और आखरी मजलिस रात करीब 11रू30 बजे मरहूम अनीस हुसैन प्यारे के इमाम बारगाह में होगी। इन मजलिसों में मौलाना सिब्ते हैदर, मौलाना मोहम्मद अली, मौलाना ताहिर साहब के अलावा दीगर हजरात वाकयाते कर्बला पर रोशनी डालेंगे। पांच मोहर्रम को पहला ताजिया जुलूस मरहूम जमील हुसैन के मनकापुर रोड स्थित आवास से निकलकर बड़ा इमामबाड़ा सुभाष नगर पर संपन्न होगा। छह मोहर्रम को दूसरा जुलूस अलम फातेहे फरात मोहल्ला रफी नगर स्थित स्वर्गीय शौकत मीर साहब के इमामबाड़े से निकलकर मोहल्ला पटेल नगर में स्वर्गीय तौकीर हसन के इमामबाड़े में संपन्न होगा।

सातवीं मोहर्रम को जुलूस ए मेहंदी मोहल्ला पटेल नगर स्थित स्वर्गीय हाजी तुल्लन के इमामबाड़े से निकलकर नगर के मुख्य मार्गो से होता हुआ छिपिया, रफी नगर, सुभाष नगर, बशीर मस्जिद, बड़ी मस्जिद से वापस होकर पुनः अपने स्थान पर संपन्न होगा।

आठवीं मोहर्रम को जुलूस ए अलम मोहल्ला सुभाष नगर स्थित सहन बड़ा इमामबाड़ा से निकलकर कस्बा चौकी, छिपिया मोड़, कब्रस्तान, बड़ी मस्जिद से वापस होकर सुभाष नगर के बड़ा इमामबाड़ा में संपन्न होगा।

नौवीं मोहर्रम को मोहल्ला रफी नगर में स्वर्गीय फसाहत हुसैन के इमामबाड़े में रात को 8 बजे मजलिस ए शबीह होगी।

नौ मुहर्रम को ही रात करीब 12 बजे मोहल्ला पटेल नगर में स्वर्गीय यावर हुसैन के इमामबाड़े में आग का मातम किया जाएगा।

जिसमें तमाम अकीदतमंद दहकती हुई आग में नंगे पांव चलकर इमाम हुसैन को पुरसा देंगे तथा नौ मुहर्रम को ही पूरे क्षेत्र में शाम को बाद नमाज मगरिब इमाम चौक पर ताजिया रखा जाएगा। लोग रात भर जागकर शब्बेदारी करेंगे।

10वीं मुहर्रम को मोहल्ला पटेल नगर हाजी तुल्लन के इमामबाड़े से जुलूस ए आशूरा निकाला जाएगा। जो कस्बा चौकी के सामने से मुख्य मार्ग होता हुआ कर्बला पर संपन्न होगा। जुलूस में कमा, जंजीर व ब्लड से मातम करके इमाम हुसैन का पुरसा देंगे।

जुलूस में रास्ते भर नौहा ख्वाहं, नौहा पढ़ेगे।

कर्बला में ताजिया दफन करने के बाद शिया समुदाय के लोग फाका शिकनी करेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही एम्बुलेंस 102

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के सी एच सी भिनगा में एंबुलेश यूपी 32 बी जी 9809 पर तैनात ईएमटी कौशल कुमार,चालक सुनील कुमार को मिली सूचना के आधार पर सिरसिया के लछमनपुर निवासी प्रसव पीड़ित महिला खुशबू पत्नी इरफान उम्र 27 वर्ष को ले जाते समय अचानक रास्ते में भुजंगा के पास प्रसव पीड़ा होने लगी। जहां एंबुलेश पर तैनात ईएमटी कौशल कुमार ने परिवार वालों से अनुमति लेने के बाद बड़े ही सूझबूझ के साथ

सुरक्षित बच्चे का जन्म करवाया। तथा जच्चा बच्चा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिनगा ले जाकर भर्ती करवाया। वही प्राथमिक स्वास्थ केंद्र प्रभारी ने बताया कि जच्चा और बच्चा दोनों स्वास्थ है। इस सुखद घड़ी में प्रसव पीड़ित महिला के पति ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ईएमटी कौशल कुमार व एंबुलेंस चालक सुनील कुमार सहित साथ में आई आशा बहू को बधाई दी।

## दहेज हत्या का वांछित अभियुक्तगिरफ्तार

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में

अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे के कुशल निर्देशन में भ्भ जितेंद्र कुमार सिंह कोतवाली भिनगा मय हमराही टीम के दिनांक 29.07.2022 को क्षेत्र भ्रमण पर थे कि मु0अ0स0 357/22 धारा 498A, 304B IPC व 3/4 DP ACT- से संबंधित वांछित अभियुक्त सुनील वर्मा पुत्र प्रेम कुमार वर्मा उर्फ गोबरे निवासी सरदारपुर दाखिला पूरेअधारी कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती को मुखबिर खास की सूचना पर भंगहा मोड के पास से गिरफ्तार कर किया गया।

इस दौरान गिरफ्तार करने वाली टीम में SHO जितेंद्र कुमार सिंह, SI राणा विशाल प्रताप सिंह आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## पारसनाथ पाल ने उप जिला अधिकारी को सौपा पत्रक

दुर्गागंज। थाना क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी पारसनाथ पाल ने उप जिला अधिकारी को पत्र देते हुए आरोप लगाया था कि राजस्व निरीक्षक राम कुमार के द्वारा 15000 रुपया लिया गया बताया गया कि पुलिस विभाग को देना है पैसा लेने के बाद भी मेड़बंदी नहीं कराई गई फर्जी रिपोर्ट कागज पर बनाकर विभाग को प्रेषित कर दी गई जिसको पारसनाथ उप जिलाधिकारी को समाधान दिवस पर शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया उप जिलाधिकारी भदोही चंद्रशेखर ने ने इस बात को लेकर राजस्व

निरीक्षक व संबंधित लेखपाल को कड़ी फटकार लगाई थी और पुनः मेड बंदी का निर्देश दिया। जिनके निर्देश के क्रम में शुक्रवार को राजस्व निरीक्षक अरविंद कुमार के साथ लेखपाल अनीता त्रिपाठी व नीरज त्रिपाठी मय फोर्स पहुंच कर अस्थाई कब्जे को हटवा कर मेड़बंदी करवाई और जो स्थाई अतिक्रमण जो किए गए थे उसे हटाने के लिए 1 सप्ताह का समय दिया गया इस मौके पर आसाराम पाल, कमलेश पाल, सूर्यमणि पाल, यस आई विष्णु कांत मिश्रा ,हेड कांस्टेबल मनोज यादव, प्रमोद कुमार, महिला कांस्टेबल अंजलि यादव, संजय पासवान आदि लोग मौजूद रहे।

## अपनादल एस के जिलाध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक को सौपा पत्रक

संवाददाताअयोध्या टाइम्स

आज अपनादल एस के जिलाध्यक्ष सुनील पटेल ने अपने पदाधिकारियों के साथ सरपतहा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक को पत्रक सौपकर न्याय की मांग किये जिसमें पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील पटेल ने पुलिस अधीक्षक

डा० अनिल कुमार जी को अवगत कराया गया कि चौरी थाना के अन्तर्गत अमवा खुर्द निवासी संजय पटेल जो कि पार्टी के जिला उपाध्यक्ष है उनके साथ पीआरवी डायल 112 पर तैनात एक दिवान और दो अन्य लोग बेवजह भद्दी भद्दी गाली गलौज किये जिसका आडियो भी है वही पुलिस अधीक्षक डा० अनिल कुमार ने इस मामले को संज्ञान में लेकर तुरंत जांच अधिकारी को फोन पर निर्देशित किये साथ ही पार्टी के पदाधिकारियों को न्याय दिलाने के लिए आश्वासन दिये मौके पर मौजूद सचिन दुबे, सरस सिंह, जयप्रकाश, ओमचंद, हरिलाल पाल, बनवारी, अजीत, विंध्यवासिनी, मोहित , आकाश, सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे

## बनकट गांव के ग्राम प्रधान के खिलाफ एफआईआर दर्ज

संवाददाता अयोध्या टाइम्स

• कांवर को लेकर विवादित पोस्ट करने वाले के खिलाफ हिन्दू संगठन ने की दर्ज कराया एफआईआर। विश्व हिन्दू रक्षा संगठन ने कोईरौना थाना में दर्ज कराया एफआईआर। यशवंत यादव के खिलाफ 295–ए तथा 505(2) के तहत एफआईआर दर्ज।

भदोही। कोईरौना थाना क्षेत्र के बनकट गांव के ग्राम प्रधान यशवंत यादव द्वारा वृहस्तिवार को फेसबुक पर कांवर यात्रा को लेकर विवादित पोस्ट के बाद अब हिन्दू संगठन और आम लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। और लोग अब यशवंत यादव के खिलाफ लोग कार्यवाही की मांग भी कर रहे है। शुक्रवार को यशवंत यादव के खिलाफ कोईरौना थाना में 295–ए तथा 505(2) के तहत एफआईआर दर्ज कराया गया। शुक्रवार को विश्व हिन्दू रक्षा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने कोईरौना थाना में पहुंचकर यशवंत यादव के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए एफआईआर दर्ज कराई। मालूम हो कि यशवंत यादव ने वृहस्तिवार को अपने फेसबुक आईडी से कांवर को लेकर लिखा कि ष्पहले गर्दन पर थी हांडी...अब कंधे पर है हांडी...दोनो में सिर्फ फर्क इतना है कि पहले जबरन लटकाई जाती थी और अब मानसिक गुलामी और अंधभक्ति में लटकी है।ष इस पोस्ट वायरल होते ही लोगों में काफी रोष देखने को मिल रहा है। हालांकि इस मामले की जानकारी भदोही पुलिस को भी है। अब देखते है कि भदोही पुलिस क्या कार्यवाही करती है या बस इस मामले को भी ठंडे बस्ते में डालकर इतिश्री कर लेगी। यशवंत यादव के इस बयान को लेकर लोगों में काफी रोष है।

## 11 से 17 अगस्त तक प्रत्येक घर तिरंगा झंडा लगाया जाएगा

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता

देवरिया/भटनी । दिन शुक्रवार को मंडल के कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष योगेश प्रजापति की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय पर संपन्न हुई बैठक के मुख्य अतिथि जिला महामंत्री रविंद्र कौशल किशोर जी थे मुख्य अतिथि ने बताया कि 31 जुलाई रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात प्रत्येक बुतों पर पूरे बूथ कमेटी के साथ सुना जाएगा उसके बाद बूथ पर ही बूथ समिति की बैठक होगी जिसमें पन्ना प्रमुख भी बनाया जाएगा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के संयोजक महामंत्री जय प्रकाश मिश्र ने बताया कि 11 से 17 अगस्त तक प्रत्येक घर तिरंगा झंडा लगाया जाएगा इसके लिए प्रत्येक बूथ के कार्यकर्ता अभी से इस कार्यक्रम में लग जाएं आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव के अवसर पर झंडा लगाया जाएगा 3 अगस्त से ही झंडा को एकत्र कर बुथो पर बांट दिया जाए ताकि प्रत्येक घर पर तिरंगा लग सके संचालन महामंत्री जय प्रकाश मिश्र ने किया बैठक में विशंभर नाथ तिवारी आशीष पासवान विष्णु दत्त मिश्र भरत सिंह रामअवतार कुशवाहा दीनदयाल तिवारी आशा ओझा शिव बिहारी तिवारी संजय गुप्ता उपस्थित रहे।

## अवैध रूप से मांस लाकर बेचना व पवित्र माह में शौहार्द बिगाडने वाले 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्रवाई के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी नगर भिनगा अतुल कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व में थाना मल्हीपुर प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह मय हमराही टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगण .कल्लन कुरैशी पुत्र स्व0 जान मोहम्मद निवासी चाँदपुरा सलारगंज थाना को0 दरगाह जिला बहराइच, जहीर हसन पुत्र मकबुल हसन निवासी मो0 चांदपुरा वसीरगंज थाना को0 नगर जनपद बहराईच, मो0 नसीम कुरैशी पुत्र कल्लन कुरैशी निवासी मो0 चांदपुरा सालारगंज थाना को0 दरगाह जिला बहराइच द्वारा बहराइच से अवैध भैसाधपडवा के मांस बेचते है जिस कारण लोगों में आक्रोश व्याप्त है व पवित्र माह में शौहार्द बिगड़ सकता है इस सूचना पर अभियुक्तगण उपरोक्त को कस्बा बदला से गिरफ्तार किया गया।

थाना मल्हीपुर पर मुकदमा अपराध संख्या 337/2022 धारा 429, 505 (1)इ,505 (1)ब भा0द0सं0 पंजीकृत किया गया।इस दौरान गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह, उ0नि0 सेरश कुमार साहनी, का0 कमाल अहमद, आदि मौजूद रहे।

## दादरा, ठुमरी, गजल विधाओं के गायक ''बेगम अख्तर पुरस्कार'' हेतु 20 अगस्त, 2022 तक करायें नामांकन

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि प्रदेश के निदेशक संस्कृति विभाग, उ0प्र0, लखनऊ श्री शिशिर के द्वारा अवगत कराया गया है कि मल्लिका–ए–गजल बेगम अख्तर की स्मृति में दादरा, ठुमरी, गजल विधाओं में ऐसे प्रतिभावान गायक जिसकी आयु 40 वर्ष से कम न हो को ''बेगम अख्तर पुरस्कार'' से सम्मानित किया जाता है। जिसके अन्तर्गत चयनित कलाकार को रूपये 05 लाख की धनराशि प्रदान किया जाता है।

उन्होंने ''बेगम अख्तर पुरस्कार'' वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु कलाकारों के लिये अर्हता के सम्बन्ध में बताया है कि वह उत्तर प्रदेश का मूल निवासी अथवा उसकी कर्मभूमि उत्तर प्रदेश होना चाहिये, कलाकार को अपनी प्रतिभा की दीर्घ साधना एवं श्रेष्ठ उपलब्धि के भरसक निर्विवाद मानदण्डों के आधार पर राष्ट्रीय ख्याति होनी चाहिये। यह पुरस्कार कलाकार के गायन के क्षेत्र में सम्पूर्ण उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किया जायेगा न कि किसी एक विशिष्ट संरचना के लिये। उन्होने बताया है कि ''बेगम अख्तर पुरस्कार'' हेतु पात्र महानुभाव अपना नामांकन निर्धारित प्रारूप पर अवश्य उपलब्ध करायें। पुरस्कार सम्बन्धी नियमावली एवं निर्धारित प्रारूप आवेदन पत्र संसकृति विभाग, उ0प्र0 के वेबसाइट http://upculture.up.nic.in देखा जा सकता है। आवेदन पत्र 20 अगस्त, 2022 को सायं 05 बजे तक निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0, जवाहर भवन, नवम् तल, लखनऊ–226001 के कार्यालय में उपलब्ध करायें।

## पूर्व ब्लाक प्रमुख की पुत्र वधू की तीर्थ से लौटते समय ट्रेन हादसे में हुई मौत क्षेत्र मे शोक की लहर

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के पूर्व ब्लाक प्रमुख स्वर्गीय सहदेव प्रसाद मिश्रा की पुत्रवधू सुधा मिश्रा जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र के बड़े भाई स्व0 सहदेव प्रसाद मिश्र की पुत्र वधू है जो अपने पति के साथ तीर्थ को गई हुई थी। और वापस

की त हादसे में स्टेश का अंतिम मौत म सतरही उनक ध की घड़ी की त लराम पुर भाग गौरौला राम और इस दुख की घड़ी में परिवार जनों को सांत्वना दिया। जनपद श्रावस्ती के थाना क्षेत्र गिलौला के ग्राम कलाम सतरही की पूर्व प्रधान सुधा मिश्रा पत्नी भानू प्रताप मिश्र जो पूर्व राज्यमंत्री एवम वर्तमान श्रावस्ती प्रताप वर्मा,जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम श्रावस्ती, जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, रजनीश मिश्रा,परमार्थ चौधरी, निशंक त्रिपाठी,कमलेश मिश्रा,आदि ने पहुंचकर शोक संतप्ति परिवार को ढाढस बंधाया।

## प्रेसर कुकर फटने से युवती हुई घायल

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता

देवरिया,भटनी। विकास खण्ड क्षेत्र के भरहे चौरा ग ॅा व क े म लहटो ली निवासी सुभाष सहानी की पुत्री रेखा सहानी उम्र 21 वर्ष शुक्रवार की सुबह खाना पका रही थी कि अचानक प्रेसर कुकर फट जाने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गई । आनन–फानन में परिजनों ने घायल रेखा को इलाज हेतु भाटपार रानी ले गये और इलाज क रा या जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को करीब 8.30 बजे रेखा सहानी अपने घर पर भोजन बना रही थीं।अचानक गैस पर रखा प्रेसर कुकर तेज आवाज के साथ फट गया। कूकर फटने से कुकर की सिटी पैर में घुस गई जिससे रेखा गंभीर रूप से घायल हो गई। कूकर फटने की आवाज और रेखा की चीख–पुकार सुनकर परिवार के अन्य लोग रसोईघर की ओर दौड़े

आनन–फानन में घायल युवती को लेकर भाटपार रानी इलाज हेतु पहुचाया गया

# गांव गाँव तथा हर घरो पर 11 अगस्त से 17 अगस्त तक लहरायेगा तिरंगा

गाजीपुर। नेहरू युवा केंद्र गाजीपुर, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान को राष्ट्रीय उत्सव के रूप में मनाए जाने की तैयारी बैठक जिला युवा अधिकारी कपिल देव की अध्यक्षता में केंद्र कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में कपिल देव राम ने समस्त विकास खंडों के राष्ट्रीय युवा संघ सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है ।नेहरू युवा केंद्र गाजीपुर द्वारा स्थापित युवा मंडलों को राष्ट्रीय महत्व के इस महत्वपूर्ण अभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। वे सुनिश्चित करें कि उनके गांव के सभी घरों में तिरंगा 11 अगस्त से लेकर के 17 अगस्त तक अवश्य लगाया जाए ।उन्होंने बताया कि इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए जनपद में कुल 6 युवा क्लब विकास अभियान संचालित किया जाएगा जिसमें प्रत्येक अभियान में 75 ग्राम पंचायतें विकासखंड भदौराधरेवतीपुर, मनिहारीध बिरनो, जखनिया ,मनिहारी, कासिमाबाद सम्मिलित की गई हैं ।इस अभियान में कुल 60 युवा स्वयंसेवक लगाए जा रहे हैं। प्रत्येक युवा स्वयंसेवक 7 से 8 गांव जाएंगे। वहां हर घर तिरंगा योजना, युवा क्लब गठन, नवीनीकरण,

सक्रियकरण एवं किए जा रहे कार्यों को सोशल मीडिया यथा ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम,वात्स्यायन, यूट्यूब आदि पर अधिक से अधिक अपलोड करेंगे। इसके अतिरिक्त कैच द रेनअभियान के अंतर्गत चयनित 50 ग्रामों एवं नमामि गंगे के विकास खंडों में हर घर तिरंगा योजना को सफल बनाने पर बल दिया गया। बैठक में नमामि गंगे के डीपीओ बृजेश कुमार श्रीवास्तव,लेखा एवं कार्यक्रम सहायक सुभाष चंद्र के सहित सभी एनवाईवी उपस्थित थे।

# पुलिस ने -हिरोइन के साथ एक शातिर अपराधी को किया गिरफ्तार

गाजीपुर । जनपद के थाना मुहम्मदाबाद गाजीपुर के मु0अ0सं0 201/22 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के अभियोग में अपराधी के पास से 33 ग्राम नाजायज हिरोईन के साथ गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के कुशल निर्देशन मे जनपद में हो रहे अपराध को रोकने हेतु अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व श्रीमान् क्षेत्राधिकारी महोदय के कुशल निर्देशन में एसएसआई राजीव कुमार त्रिपाठी मय हमराह कान्स0 राजू यादव के रवाना सुदा रो0आ0 दिरोजा से रवाना होकर रात्रि गस्त व देखभाल क्षेत्र के रवाना होकर सलेमपुर मोड़ पर मौजूद था कि PRV 3181 के कर्मचारी का0 जितेन्द्र गुप्ता व चालक होमगार्ड राजेश यादव भी आ गये।हम सभी लोग बालापुर मोड़ पर आकर चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति / वाहन की जा रही थी कि तभी मलिकपुरा जाने वाली गली से एक व्यक्ति आता दिखाई दिया कि हम पुलिस वालों को देखकर छिपने लगा कि शंका होने पर हम पुलिस वाले रोके तो वह व्यक्ति भागने लगा कि हम पुलिस वाले कुछ दूर दौड़ाकर आवश्यक बल प्रयोग करते हुये घेर घार कर पकड लिये तथा पकड़े गये व्यक्ति से भागने का कारण पूछते हुये नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम रिजवान खानध्द अनवार खान निवासी जीरा बस्ती थान कोतवाली शहर जनपद बलिया उम्र 22 वर्ष तथा जामातलाशी मे व्यक्ति के पास से 33 ग्राम नाजायज हिरोईन बरामद हुआ जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 201/2022 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

# विकास प्राधिकरण पिपरी द्वारा चोपन रेलवे स्टेशन मार्ग पर बना शुलभ काम्प्लेक्स काफी समय से बंद

सोनभद्र/चोपन।

स्वच्छ भारत अभियान को लेकर भारत सरकार से लेकर उत्तर प्रदेश सरकार गॉव–गॉव, शहर–शहर जहा शौचालय व सामुदायिक सुलभ शौचालय बनवाया जा रहा है वही दूसरी ओर चोपन क्षेत्र रेलवे स्टेशन रोड पर आम जनता व आने–जाने वाले यात्रियों के हित सुविधा में सार्वजनिक शौचालयों विकास प्राधिकरण पिपरी द्वारा शुलभ शौचालय का निर्माण कराया गया था।

जिसकी देखरेख शुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गनाइजेशन वाराणसी के जिम्मे पर दिया गया था। लेकिन मौके पर देखने का आलम यह है की सुलभ शौचालय सिर्फ देख–रेख के अभाव में वे खराब हो रहे हैं। और जिम्मेदार संस्था द्वारा ताला लगा दिया गया है।ऐसी स्थिति में आस–पास के लोगों व यात्रियों को शौचालय जाने में लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। शौचालयों की हालात और सही करने की जगह उसपर ताला लगाया गया है। इस सन्दर्भ में सावित्री देवी अध्यक्ष महिला सुरक्षा एवं जन सेवा ट्रस्ट जनपद सोनभद्र उत्तर प्रदेश ने कहा कि इस जनसमस्या को जनहित में देखते हुये इस सुलभ शौचालय को संचालित करने हेतु जिम्मेदार संस्था या अन्य संस्था को निर्देशित किया जाय जिससे कि यात्रियों आस–पास के लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

# नेता बबलू सिंह के कारण वार्ड की जनता के चेहरे पर दिखी मुस्कुराहट

ब्युरो चीफ सोनभद्र अरविन्द कुमार गुप्ता। सोनभद्र/रेणुकूट।

नगर पंचायत वार्ड नं. 10 में नगर पंचायत अध्यक्षा श्रीमती निशा बबलू सिंह के द्वारा वार्ड की जनता के लिए शौचालय का जीर्णोद्धार करके पूजा अर्चन कर उद्घाटन किया गया और समस्त जनता के लिए शौचालय का उपयोग करने के लिए खोल दिया गया जिससे वार्ड की जनता में काफी प्रसन्नता है और निशा बबलू सिंह के समाजसेवी स्वभाव और मानवता पूर्ण कार्य करने के कारण वार्ड की जनता ने उनको साधुवाद दिया, श्रीमती निशा बबलू सिंह सदैव गरीबों की सेवा में दिन रात उपस्थित रहती है गरीबों की समस्या से हर समय रूबरू होने के लिए उन्होंने टीम निशा बबलू सिंह के नाम से एक संगठन बनाया है।

जैसे ही रेणुकूट नगर पंचायत क्षेत्र में किसी भी समस्या की जानकारी होती है तो तत्काल ही निशा सिंह अपनी टीम के सदस्यों के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर पीड़ित को पूर्ण रुप से सहयोग करती हैं साथ ही साथ अपने नगर पंचायत क्षेत्र की जनता के लिए भी दिन प्रतिदिन कुछ ना कुछ सुविधाओं का लाभ दिला कर जनता का भी आशीर्वाद ले रही हैं।

# भगवान स्वयं श्रेय न लेकर भक्तको देते है अतः जीव को श्रेय नहीं लेना चाहिए

गाजीपुर। मुहम्मदाबाद ।क्षेत्र के नोनहरा , बड़ा पोखरा पर चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के दौरान प्रवचन करते हुए गंगापुत्र त्रिदंडी स्वामी जी ने चतुर्मास कथा के दौरान कहा कि

एक बार नारद जी ने ब्रम्हा को देखा और ,प्रश्न कर दिया।आप किसका ध्यान कर रहे है।आपके भी ऊपर कोई है क्या। ब्रम्हा भगवान के भक्त है,आनंद में भर गए। आपने जो प्रश्न किया है यह जीवो के कल्याण के लिए किया है।मैं स्वतंत्र करता नही हू। प्रसंशा सब झूठी है, जो हमारे अंदर गुण है,वो भगवान का है। बड़ाई किसकी होनी चाहिए भगवान की।पर भगवान स्वयं बताते हैं। हम स्वयं प्रमात्मा है लेकिन हम स्वयं श्रेय नही लेते। हम श्रेय लेने लगे तो सारे जीव ही श्रेय के चक्कर में लग जाए। ब्रम्हा जी कह रहे है,तुम हमारे भगवान के बारे में नही जानते हो इसीलिए झूठी बड़ाई कर रहे हो। ये सूर्य,अग्नि, ग्रह,नक्षत्र,तारा,चंद्रमा,ये सब भगवान के प्रकाश से प्रकाशित होते है।उसी तरह करने कराने वाले नारायण है। हम तो उनके सेवक है।

तस्मै नमो भगवते वासुदेवाय धी महीा। यन्मायया दुर्जयया मां ब्रवंती जगद्गुरूम।।

लोग भगवान की माया से मोहित होकर हमे ही जगद्गुरू मान बैठे है,लेकिन हमे भी दो प्रार्द्ध बीतते बीतते मरना पड़ता है । कृष्णम वन्दे जगद्गुरुम।। जगद्गुरु च शास्वताम,तुरीय मेव केवल्म। भगवान ही जगद्गुरू है, हम तो उनके दास है।

# बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने को लेकर हुआ वर्कशाप

गाजीपुर।बाल स्वास्थ्य पोषण माह जिसमें 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को विटामिन ए की खुराक से आच्छादित किया जाना है। यह कार्यक्रम 3 अगस्त से शुरू होकर 1 माह तक चलेगा। इसको लेकर शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के मीटिंग हॉल में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ उमेश कुमार की अध्यक्षता में एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक कैसे और कब देनी है इसके बारे में बैठक में शामिल लोगों को जानकारी दी गई।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ उमेश कुमार ने बताया कि पूरे जनपद में करीब 42 लाख की आबादी है। जिसमें से 9 माह 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक से आच्छादित किया जाना है । जिसको लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के सभी सीडीपीओ ,बीपीएम एवं बीसीपीएम को प्रशिक्षित किया गया है। यह लोग अपने–अपने केंद्रों पर जाकर आशा ,आंगनबाड़ी को प्रशिक्षित करेंगे और इसके बाद सभी लोग अपने अपने क्षेत्र के बच्चों को विटामिन ए की खुराक से आच्छादित करने का काम करेंगी।

उन्होंने बताया कि अति कुपोषित बच्चों को चिह्नित कर पोर्टल पर पंजीकरण के साथ ही प्रबंधन के बारे में भी जानकारी दी। इस अभियान में नौ माह से पांच वर्ष तक के लक्षित करीब 6.30 लाख बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक पिलाई जाएगी। इस दवा से बाल रोगों की रोकथाम होती है। इसके अलावा अभियान का उद्देश्य शिशु स्तनपान, बच्चों को पूरक आहार को बढ़ावा देने और कुपोषण से बचाव करना, गर्भवती को आयोडीन युक्त नमक के प्रयोग को बढ़ावा देना है। अभियान को सफल बनाने के लिए आशा, एएनएम तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लगाया गया है। डा. उमेश कुमार ने बताया कि सैम बच्चों को चिन्हित करने के प्रमुख लक्षण पैरों में सूजन, भूख में कमी, बुखार, तेज सांस चलना, निमोनिया के लक्षण, उल्टी एवं दस्त है। ऐसे बच्चों को तत्काल चिन्हित कर उनके प्राथमिकी की जांच शुरू कराई जाएगी। ऐसे बच्चों का क्षेत्र में जाने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तत्काल बच्चे का वजन कर लें। इसके अलावा बच्चे की लंबाई तथा ऊंचाई भी नाप लें और जो भी रिजल्ट आए उन्हें अपने चार्ट के अनुसार मिलाकर बच्चों को चिह्नित करें। चाई के मणिशंकर ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा एच्एमआईएस डाटा टूल्स के ऊपर प्रशिक्षण दिया गया

।यह डाटा टूल्स एच्एमआई एस डाटा को फिल्टर करने मे बहुत सहायक है। जिसके सहयोग से डाटा में कहा गलत इन्ट्री की गई है उसको बता देगा। जिसको हम समय रहते सुधार सकते है और ऊपर स्टेट तक ये गलती नही पहुच पायेगी। वर्कशॉप में न्यूट्रिशन इंडिया की रीजनल कोऑर्डिनेटर सुनीता, चाई के क्लस्टर लीड मनोज रावत ,डीसीपीएम अनिल वर्मा ,डीपीएम प्रभुनाथ, यूएनडीपी के प्रवीण उपाध्याय यूनिसेफ के अजय उपाध्याय के साथ ही सभी ब्लाकों के सीडीपीओ ,बीपीएम व बीसीपीएम शामिल रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

सुधीर बंसल रुदौली–अयोध्या। मवई थाना क्षेत्र के ग्राम इमिलडिहा के निकट गुरुवार को ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया।सूचना पाकर बाबा बाजार चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंच कर एम्बुलेंस आने में विलम्ब को देखते हुए तत्काल अपनी सरकारी गाड़ी से सीएचसी रूदौली भेजा जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। गुरुवार को एक व्यक्ति बाइक से रेछघाट की तरफ जा रहा था जब वह इमिलडिहा के पास पहुंचा तो पीछे से तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से वह गम्भीर रूप से घायल हो गया।सूचना पाकर बाबा बाजार चौकी इंचार्ज मनोज कुमार मौके पर पहुंच कर घायल को तत्काल अपनी सरकारी गाड़ी से घायल को सीएचसी रूदौली भेजा जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया।बाबा बाजार चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि मृतक गुरु प्रसाद पुत्र राम सनेही 55 वर्ष रायबरेली जिले के थाना सीवन का निवासी था।चौकी इंचार्ज ने बताया कि घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। कोतवाली रुदौली पुलिस ने पंचायतनामा भर कर शव को पीएम के लिये भेज दिया है।

## मा.राष्ट्रपति के प्रति कांग्रेस सांसद द्वारा अभद्र टिप्पणी, उनकी अयोग्यता व अज्ञानता दर्शाता है :भाजपा नेता सत्येंद्र सिंह राघव

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा/गाजियाबाद । राष्ट्रीय भाजपा नेता सत्येंद्र सिंह राघव ने कहा देश की माननीय राष्ट्रपति तथा प्रथम नागरिक के प्रति कांग्रेस के सांसद की अभद्र टिप्पणी अत्यंत निंदनीय है, ऐसे अयोग्य सांसद मूर्खतापूर्ण टिप्पणी करने से पूर्व यह भी नहीं सोचते कि जिस लोकतंत्र

प्रणाली द्वारा वह स्वयं चुनकर आए हैं और अपनी संसदीय क्षेत्र की जनता का प्रतिनिधित्व लोकसभा में कर रहे हैं, कम से कम क्षेत्र की जनता का मान–सम्मान एवं गरिमा का ध्यान तो रखते । कांग्रेस की मानसिकता एवं विचारधारा ऐसे अयोग्य, अज्ञानतापूर्ण, राष्ट्र के प्रथम नागरिक का अपमान करने वाले सांसद का समर्थन कर रही है। देश की जनता एवं माननीय राष्ट्रपति से कांग्रेस अध्यक्ष को तत्काल क्षमां मांगनी चाहिए और ऐसे अयोग्य सांसद से तत्काल त्यागपत्र मांगना चाहिए।

आगे भाजपा नेता ने कहा यह नवभारत है अपने माननीय राष्ट्रपति का अपमान बिल्कुल भी नहीं सहेगा और इसका डटकर विरोध करेगा।

## हाथरस के करील में हुई महापंचायत को चौ. राकेश टिकैत ने संबोधित किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

- पंचायत में बोले चौ. राकेश टिकैत मेरा जीवन देश के किसान और जवान के लिए समर्पित, उत्तर प्रदेश में बड़े स्तर पर चलाया जाएगा सदस्यता अभियानरू राजपाल शर्मा प्रदेश अध्यक्ष
- पंचायत में राष्ट्रीय, प्रदेश, मंडल, जिला, तहसील, ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी रहे मौजूद

मथुरा/हाथरस ।भारतीय किसान यूनियन टिकैत की किसान महापंचायत हाथरस जनपद के गांव करील में शुक्रवार को सम्पन्न हुई। किसान महापंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने अपने संबोधन में कहा कि देश के किसानों और नौजवानों को जागना होगा देश के नौजवान, जवान, किसान और मजदूर यदि ऐसे ही सोते रहे तो देश की सरकार इनके साथ सौतेले व्यवहार करती रहेगी। चार साल में युवा भर्ती होने के बाद घर रिटायर होकर आएगा। यह युवाओं के साथ सरकार बहुत बड़ा धोखा कर रही है । नौजवानों के लिए अग्निवीर योजना लागू हो सकती है तो सांसदों के लिए सांसदवीर ओर विधायक वीर योजना भी होनी चाहिए। देश कर रक्षकों की पेंशन खत्म ओर सांसद, विधायको के पेंशन व अन्य सुविधायें जारी है। धन्य हो ऐसी भारत सरकार। गुजरात मे शराब पर

प्रतिबंध है, लेकिन सरकार के खिलाफ अन्य किसी दल का सांसद संसद में बोला तो उसकी सदस्यता खत्म, तानाशाही सरकार है। केंद्र सरकार किसानों से वादाखिलाफी कर अपनी बात से मुकर रही है। जिसके लिए देश के हर मजदूर और किसान और युवाओं को जागना होगा और एक बड़े आंदोलन की तैयारी करनी होगी देश में आंदोलन होगा तो किसान बचेगा आंदोलन नहीं होगा तो सरकारें मनमानी करती रहेंगी इसे लेकर गांव– गांव हर गांव में कमेटियां बनाने का काम करें । उधर पंचायत को संबोधित करते हुए राजपाल शर्मा प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश का कहना है पूरे प्रदेश में सदस्यता अभियान चलाया जाए हर गांव –गांव कमेटियां बनाई जाएं बुद्धा सिंह प्रधान प्रदेश उपाध्यक्ष व गजेंद्र सिंह परिहार प्रदेश प्रवक्ता उत्तर प्रदेश ने संयुक्त रूप से कहा कि हर गांव में से किसान झंडा और डंडा लेकर जब तक नहीं निकलेगा तब तक युवाओं और किसानों का भला नही हो सकता। चौधरी मलखान सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश का कहना है की सरकार किसानों से बिजली का बिल पूरा ले रही है और किसानों को 5 से 6 घंटे बिजली दे रही है अलीगढ़ मंडल के अंतर्गत आने वाली सभी जिला अध्यक्षों ने अपनी अपनी बात मंच के माध्यम से परम आदरणीय राकेश टिकैत के समक्ष रखते हुए क्षेत्र की सरदारी ने लिखित रूप में कई पत्र राकेश टिकैत जी को दिए इस मौके पर उपस्थित पंडित राजपाल शर्मा प्रदेश अध्यक्ष, बुद्धा सिंह प्रधान प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश, गजेंद्र सिंह परिहार प्रदेश प्रवक्ता उत्तर प्रदेश, चौधरी मलखान सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश, विमल तोमर मंडल अध्यक्ष अलीगढ़, जगदीश परिहार प्रमुख महासचिव आगरा मंडल, योगेश कुमार सिंघल प्रवक्ता प्रतिनिधि आगरा मंडल,जिलाध्यक्ष देवेंद्र रघुबंसी मथुरा, गिर्राज सिंह तहसील प्रवक्ता महावन मथुरा, नीरेश ब्लॉक महासचिव मथुरा, गिल्ला परिहार मथुरा,सत्यदेव चौधरी मथुरा,ओपी कमांडो जिला अध्यक्ष अलीगढ़, शिवराज सिंह यादव जिला अध्यक्ष एटा, मंगलेश यादव जिला उपाध्यक्ष हाथरस, महेंद्र सिंह चारोली राष्ट्री उपाध्यक्ष, करुआ सिंह राष्ट्रीय प्रचार मंत्री मौजूद रहे।

## बीजेपी सरकार के खिलाफ स्वतंत्रता दिवस की 75 वर्षगांठ पर बढ़ती महंगाई और भयंकर बेरोजगारी भ्रष्टाचार के खिलाफ

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

भारतीय कांग्रेस पार्टी 75 किलोमीटर हर विधानसभा में निकालने का फैसला किया

मथुरा ।जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा एडवोकेट ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी माननीय तौकीर आलम दिनांक 31 जुलाई को दोपहर 1रू00 बजे जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा कार्यालय सेठ बाडा मथुरा पर आयोजित जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप से भाग लेंगे । मथुरा जनपद में उदयपुर नव संकल्प घोषणा में स्वतंत्रता दिवस की 75 वर्षगांठ पर बढ़ती महंगाई और भयंकर बेरोजगारी भ्रष्टाचार के खिलाफ पद यात्रा करने का फैसला पूरे देश में किया गया है । देश में बढ़ती महंगाई से जनता परेशान है बेरोजगार सड़कों पर है । किसान विरोधी नीतियों के कारण किसानों का जीवन यापन मुश्किल हो गया है । भाजपा द्वारा पूरे देश में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है जबकि हमारे देश के विचार प्रेम, करुणा व अहिंसा के पक्षकार रहे हैं । इन्हीं सब संकल्पों को लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने स्वतंत्रता दिवस की 75वी वर्षगांठ पर प्रत्येक लोकसभा व प्रत्येक जनपद में 9 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक पदयात्रा निकालने का फैसला लिया । यह पद यात्रा प्रत्येक जनपद में 75 किलोमीटर की दूरी तय करेगी जो प्रत्येक जनपद की सभी विधानसभाओं से गुजरेगी । पदयात्रा की शुरुआत व समापन संस्कृतिक व इतिहासिक स्थल पर होगी।

## उप निरीक्षक राघवेंद्र यादव बने प्रभारी निरीक्षक, एसपी ने स्टार लगाकर दी बधाई

दैनिक अयोध्या टाइम्स अमित सिंह संवाददाता बीकापुर अयोध्या

बीकापुर अयोध्या। बीकापुर कोतवाली पर तैनात उप निरीक्षक राघवेंद्र यादव का पदोन्नत प्रभारी निरीक्षक के पद पर किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार वर्मा ने कंधे पर स्टार लगाकर बधाई दी। जिसकी तैनाती शीघ्र दूसरे थाने पर की जाएगी। राघवेंद्र यादव पदोन्नति पाने से काफी खुश दिखे। बीकापुर कोतवाली के सहयोगी स्टाप के द्वारा भी पदोन्नति होने पर बधाई दी गई।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव नहर में मिला

पवन कुमार /रुदौली अयोध्या।

कोतवाली रुदौली सर्किल के मवई थाना क्षेत्र के नरौली गांव के समीप शुक्रवार सुबह शारदा सहायक नहर में संदिग्ध परिस्थितियों शव मिलने की सूचना पर आस पास के ग्रामीणों में शन शनि का माहौल बन गया उक्त प्रकण की सूचना ग्रामीण द्ववारा व पुलिस को दिया गया मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान जुटाने की कोशिश किया तब पता चला कि रुदौली कोतवाली क्षेत्र के विकावल गांव निवासी तिलकराम लोधी उम्र लगभग 60 वर्ष पुत्र छेदी लोधी के रुप में हुई हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं परिजनों से पुलिस पूछताछ कर जानकारी कर रही है। वहीं पुलिस का कहना है। कि ग्रामीणों ने बताया कि मृतक अपने घर से तीन दिन से गायब था मृतक के मिर्गी दौड़ा से पिडित था मिर्गी दौड़ा आने से नहर में डूबकर मौत हो गई। फिरहाल परिजनों से जाकारी हर पहलूओं से किया जा रहा है। पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण अस्पष्ट होगा।

## सड़क दुर्घटना में युवक की दर्दनाक मौत

पवन कुमार रूदौली–अयोध्या। कोतवाली रूदौली अंतर्गत मदद अली पुरवा चौराहे के समीप एनएच–27 पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया जिसमें एक 25 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई । घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसा बीती रात लगभग आठ बजे के आसपास की है जब कोतवाली रूदौली अंतर्गत ग्राम टांडा खुलासा निवासी शोहराब अहमद पुत्र दिलशाद हुसैन उम्र लगभग 25 वर्ष रौजागांव मिल की तरफ से अपनी अपाचे मोटरसाइकिल यूपी 42 बीडी 7532 से अपने घर जा रहा था रास्ते मे मदद अली पुरवा चौराहे के पास सडक पर तीव्र गति से जा रहे अज्ञात डीसीएम ने एक गौवंश को टक्कर मार दी टक्कर इतनी भयंकर थी की वह गौवंश उछल कर अचानक शोहराब के सामने आ गया जिस से टकरा कर युवक शोहराब दुर्घटना का शिकार हो गया। घटनास्थल पर उपस्थित लोगों ने फोन द्वारा एम्बुलेंस को सूचना दी एम्बुलेंस युवक को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरनपुर पहुची जहॉ डाक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। भेलसर चौकी प्रभारी ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पंचायत नामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । बतातें चलें कि मृतक शोहराब के पिता का लखनऊ में ऑपरेशन हुआ था वें गुरुवार को चारपहिया वाहन से घर वापस लौट रहे थे और शोहराब अपनी मोटरसाइकिल से उनके साथ ही लखनऊ से घर आ रहा था तभी रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया । मृतक शोहराब चार भाई तीन बहनों में सबसे छोटा था और अभी लगभग दो वर्ष पहले उसकी शादी हुयी थीं उसके एक वर्ष का एक बच्चा भी है । इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे परिवार का रो–रोकर बुरा हाल है।

## तीन हजार रुपए घूस न मिलने पर लेखपाल ने किसान के बेटे को डंडे से पीटा

मिल्कीपुर–अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील में तैनात एक लेखपाल पर एक किसान के बेटे को माँ बहन की गाली गलौज देने व डंडे से मारने का आरोप लगा है। इस बाबत एक वीडियो भी सोशलमीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं किसान ने मिल्कीपुर एसडीएम को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि चक के सीमांकन के लिए लेखपाल द्वारा मांगे गए तीन हजार रुपए न मिलने पर गुस्साए लेखपाल ने ग्रामीणों के सामने मेरे बेटे को भद्दी भद्दी गाली देते हुए डंडे से पिटाई की है। एसडीएम अमित जायसवाल ने बताया कि मामले की जांच तहसीलदार मिल्कीपुर सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद कार्यवाही की जाएगी। बताया गया कि मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम घुरेहटा पूरे शेखपुरा निवासी शिवराम पुत्र हुबलाल ने मिल्कीपुर एसडीएम को एक शिकायती पत्र दिया है कि उनके गांव में तैनात लेखपाल देवेंद्र कुमार ने उनके बेटे की पिटाई करके अपशब्दों का प्रयोग किया है। शिकायती पत्र में लिखा गया है कि उनके चक के सीमांकन के लिए एसडीएम मिल्कीपुर द्वारा आदेश किया गया था। जब पीड़ित किसान का बेटा आशीष उस आदेश को लेकर लेखपाल के पास गया तो लेखपाल ने ध्3000 की मांग की। आशीष ने रुपए देने से इनकार किया और घूस मांगने की शिकायत एसडीएम से कर दी। जिससे खार खाए लेखपाल देवेंद्र कुमार ने गांव में पहुंचकर किसान के बेटे आशीष को मां बहन की भद्दी भद्दी गाली दी और डंडे से पिटाई कर दी। हालांकि इस बाबत लेखपाल द्वारा किसान के बेटे को डंडे से धमकाने का वीडियो भी सोशलमीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं लेखपाल देवेंद्र कुमार का कहना है कि मेरे द्वारा किसी से घूस नहीं मांगा गया है। मुझे फर्जी फसाने के लिए साजिश रची गई है।

किसान शिवराम ने लेखपाल देवेंद्र कुमार के कृत्यों की एसडीएम मिल्कीपुर से शिकायत करके लेखपाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए विभागीय कार्यवाही करने की मांग की है। इस बारे में एसडीएम मिल्कीपुर अमित जायसवाल ने बताया कि लेखपाल द्वारा किसान के बेटे के साथ अभद्रता करने का प्रकरण संज्ञान में है।

इस मामले में मिल्कीपुर तहसीलदार हेमंत गुप्ता को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद लेखपाल के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## नोडल झोलाछाप भूदेव सिंह ने स्वयं फोन रिसीव न कर, किसी अन्य से रिसीव कराया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा। अक्सर लोगों को कहते सुना है कि गलत करने वाला आंखों में आंख डालकर बातें करने से बचता है, क्योंकि उसको मालूम होता है कि वह गलत है। यहां भी लगभग ऐसा ही है। बता दें कि विगत सप्ताह मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के नोडल अधिकारी झोलाछाप डॉ भूदेव से हुई एक मुलाकात में उन्होंने कहा था कि दो से तीन दिन में हम नामित झोलाछापों पर एक बार पुनः नोटिस देकर कार्रवाई को आगे बढ़ाएंगे। इसी सिलसिले में उन पर फोन कर जानकारी लेने का प्रयास किया। जिस पर उनके फोन पर लंबी घण्टी बजने के बाद किसी अंजान व्यक्ति ने फोन रिसीव किया, पूछने पर उसने सोच समझकर बताया कि मैं आगरा से बोल रहा हूं। जब उससे कहा गया कि यह तो एसीएमओ मथुरा डॉ भूदेव का फोन है तो उसने कुछ जबाव तो नहीं दिया लेकिन चुप्पी साध ली, कुछ ही देर में फोन कट गया।

अब सवाल यह है कि आखिरकार डॉ भूदेव ने ऐसा क्यों किया?

क्या वह समझ गए हैं कि पत्रकार के सवालों का जबाव देना मुश्किल होगा? जबकि इसी फोन नम्बर 9897847960 पर डॉ भूदेव से बात होती रहीं हैं। सवालों के जबाव देने से तो वही भागता है जो गलत होता है। इससे तो यही संदेश जाता है कि डॉ भूदेव कहीं न कहीं गलत हो सकते हैं। यदि वह सही हैं तो उन्हें फोन पर स्वयं जबाव देना चाहिए था। वैसे हम दो दिन पूर्व भी एक खबर के माध्यम से लिख चुके हैं कि किस शातिराना तरीके से डॉ भूदेव का बाबू उन्हीं के इशारे पर झोलाछापों से बसूली करता है।

सूत्रों से मिली जानकारी में बताया गया है, यमुना पार के राया कट के निकट जिस बांके बिहारी हॉस्पिटल पर सील लगी है, उस हॉस्पिटल मालिक और संचालक से भी मोटी रकम बसूली गई है। इसी वजह से कार्रवाई नहीं हो रही है और बेखौफ होकर झोलाछाप उपचार कर रहा है।

# पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी वार कर की हत्या

मिल्कीपुर–अयोध्या। खण्डासा थाना क्षेत्र के मटेरा गांव में 35 वर्षीय पत्नी को पति ने कुल्हाड़ी से प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी के बाद एंबुलेंस से युवती को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खंडासा पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया है। उधर सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची खंडासा पुलिस ने युवती का शव कब्जे में लेकर पंचायतनामा कराने के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवती के मायके वालों ने मामले में खंडासा पुलिस को मुकदमा कायम किए जाने के लिए तहरीर दी है। युवती की मौत का कारण परिवारिक कलह बताया जा रहा है।

कुमारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत उधरनपुर गांव निवासी 35 वर्षीय विवाहिता रुबीना पुत्री खलील लगभग एक वर्ष पूर्व मटेरा गांव निवासी 25 वर्षीय युवक बाबूलाल गुप्ता उर्फ दिनेश पुत्र अयोध्या प्रसाद के साथ प्रेम प्रसंग के चलते साथ चली गई थी। दोनों बतौर पति–पत्नी रहने लगे थे। लगभग पखवारे भर पूर्व रुबीना और बाबूलाल गुप्ता अपने पैतृक घर वापस लौटे थे। जहां बाबूलाल गुप्ता के परिवारीजनों ने उन्हें गैर सम्प्रदाय की महिला से शादी करने का विरोध करते हुए घर में रहने से मना कर दिया था। खंडासा चौकी पुलिस एवं गांव के लोगों के बीच हुई पंचायत के दौरान युवक बाबूलाल को उसके पिता के घर में ही रहने के लिए एक कमरा दिला दिया गया था। गुरुवार की रात दोनों पति–पत्नी में किसी बात को लेकर झगड़ा हो रहा था कि इसी बीच बाबूलाल गुप्ता उर्फ दिनेश आपे से बाहर हो गया और उसने कुल्हाड़ी लेकर अपनी पत्नी रुबीना के गर्दन, सिर और पीठ पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। जिसके चलते रुबीना लहूलुहान हो कर गंभीर रूप से घायल हो गई। पत्नी को मौत के घाट उतारने के उपरांत आरोपी प्रेमी पति बाबूलाल गुप्ता उर्फ दिनेश मौके से फरार हो गया है। घटना के बाद ग्रामीणों ने आनन–फानन में 108 एंबुलेंस कॉल कर घायल महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खंडासा पहुंचाया। सीएचसी के डॉक्टरों ने महिला रुबीना को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थानाधक्ष संतोष कुमार सिंह व चौकी प्रभारी अश्वनी कुमार सिंह सहित भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने महिला का शव कब्जे में लेकर पंचायत नामा कराने के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने की विधिक कार्यवाही शुरू की। घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर भी मौके पर पहुंच गए।

उन्होंने घटना की गहन छानबीन की और मामले में प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देश थानाध्यक्ष को दिए। ग्रामीणों का कहना है कि इन दिनों महिला रुबीना का किसी और से भी प्रेम प्रसंग चलने लगा था। जिसको लेकर दोनों पति–पत्नी में खुन्नस रहा करती थी और आए दिन झगड़ा हुआ करता था। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर का इंतजार है।

# विद्यालय की बस पलटी, बड़ा हादसा टला

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या

सोहावल–अयोध्या। जिले में चल रहे निजी विद्यालयों के स्कूली वाहन इन पर आ जा रहे बच्चों की जिंदगी से खेल रहे है। डग्गा मार दसयो साल पुराने वाहनों को बिना परमिट बिना फिटनेस इन विद्यालयों के प्रबंध तंत्रों द्वारा हाइवे पर बच्चों को भरकर दौड़ाया जा रहा है। बाहर से रंग रोगन कर नई बस व वाहन दिखाकर अभिभावकों से इसके लिए हर महीने भारी भरकम रकम विद्यालय प्रबंध तंत्र वसूल करता है। यह बात शुक्रवार को सोहावल के महोली स्थित एक विद्यालय की पलटी बस से बाल बाल बचे नौनिहालों की बस से खुल कर सामने आयी हैस जिसने इस गोरखधंधे की पोल खोल कर रख दिया है। शुक्रवार की सुबह जिले के ब्लाक सोहावल के चौधरी चरण सिंह विद्यालय की स्कूल की बस यू पी 42 टी 6305 बच्चों को स्कूल लाने के लिए निकली थी गोड़वा और डेलुवाभारी के बीच एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क के किनारे पलट गयी सइसमें सवार 7 बच्चों को मामूली चोटें आई सभी बाल बाल बच गए लेकिन घटना की सूचना मिलते ही अभिभावकों में भूचाल आ गया अपने नौनिहालों की चिंता में सभी परेशान हो उठे। ईश्वर को धन्यवाद देते हुए जब लोगों ने पड़ताल शुरू किया तो पता चला दुर्घटनाग्रस्त बस की न तो परमिट वैलिड है न ही फिटनेस है दोनों का समय बहुत पहले बीत चुका है। इसे अंधेरे में रखकर वाहन रोज सड़क पर नौनिहालों को लेकर फर्राटा भर रहा है। बात चली तो दूर तक फैली और बताया जा रहा है इस क्षेत्र में चल रहे अधिकांश स्कूलों के वाहन पूरी तरह वैलिड नहीं है कई स्कूलों ने तो निजी वाहन बच्चों को लाने ले जाने के लिए भाड़े पर ले रख्खा हैस इनमें बोलेरो स्कार्पियो तक शामिल है। सहायक परिवहन अधिकारी रोज टोल प्लाजा पर रोज सुबह से शाम

तक चेकिंग के लिए जमे रहते हैस इन वाहनों पर इनकी नजर नही पड़ती कारण कुछ भी हो लेकिन नौनिहालों की जीवन से खेल रहे ऐसे स्कूलों को लेकर अभिभावकों को अब सोचना पड़ रहा है।

# कृषि विश्वविद्यालय को एनसीसी के संचालन की मिली स्वीकृति

मिल्कीपुर–अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय को एनसीसी (नेशनल कैडेट कोर) की स्वीकृति मिल गई है। विश्वविद्यालय को यह सहमति पत्र एनसीसी बटालियन यूपी– 65 से मिला है। कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के विगत दो वर्षों के अथक प्रयास के बाद विश्वविद्यालय को यह बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है।

यूपी– 65 बटालियन से विवि में 80 छात्र–छात्राएं एनसीसी करने के साथ–साथ अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे। विश्वविद्यालय में एनसीसी यूनिट खुलने से जहां एक तरफ विश्वविद्यालय की रैंकिंग में इजाफा होगा तो वहीं दूसरी तरफ इसका लाभ पढ़ाई करने वाले छात्र–छात्राओं को भी मिलेगा।

कुलपति डा. बिजेंद्र ने प्रशन्नता जाहिर करते हुए कहा कि कृषि विश्वविद्यालय को छब्ब् की स्वीकृति मिलने से छात्र–छात्राओं को कई तरह के प्रशिक्षण के साथ–साथ लाभ भी मिलने लगेंगे। एनसीसी का सर्टिफिकेट मिलने के बाद नौकरी में भी इसका बड़ा लाभ मिलेगा। डा. बिजेंद्र ने कहा कि एनसीसी में हिस्सा लेने वाले छात्रों को पैराग्लाइडिंग, डिसास्टर मैनेजमेंट व फर्स्ट एड जैसी कई चीजें सिखाई जाएंगी जिससे की कैडेट्स को आपातकालीन परिस्थितियों में काम आएंगी। हर क्षेत्रों में काम करने के लिए एनसीसी कैडेट्स को अनुशासन व आत्मनिर्भरता के महत्व के साथ–साथ कैंप के लिए अलग–अलग स्थानों पर छात्रों को घूमने का भी अवसर मिलेगा। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. डी नियोगी ने बताया कि एनसीसी का मुख्य उद्देश्य एकता एवं अनुशासन होता है। एनसीसी से जुड़ने वाले छात्र–छात्राओं को को सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा जो आगे चलकर उनके जीवन में महत्वपूर्ण साबित होगा।

क्या है एनसीसीः नेशनल कैडेट कोर नई दिल्ली में अपने मुख्यालय के साथ भारतीय सैन्य कैडेट कोर है। यह स्वैच्छिक आधार पर स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए खुला है। राष्ट्रीय कैडेट कोर अनुशासित और देशभक्त नागरिकों में देश के युवाओं को संवारने में लगे हुए सेना, नौसेना और वायु सेना, जिसमें एक त्रिकोणीय सेवा संगठन है। कैडेटों को छोटे हथियारों और परेड में बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण दिया जाता है।

## स्वतंत्रता दिवस की 75 वर्षगांठ पर बढ़ती महंगाई और भयंकर बेरोजगारी भ्रष्टाचार के खिलाफ भारतीय कांग्रेस पार्टी ने पदयात्रा निकालने का फैसला किया पूरे देश में

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा

मथुरा ।जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा एडवोकेट ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी माननीय तौकीर आलम दिनांक 31 जुलाई को दोपहर 1रू00 बजे जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा कार्यालय सेठ बाडा मथुरा पर आयोजित जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप से भाग लेंगे । मथुरा जनपद में उदयपुर नव संकल्प घोषणा में स्वतंत्रता दिवस की 75 वर्षगांठ पर बढ़ती महंगाई और भयंकर बेरोजगारी भ्रष्टाचार के खिलाफ पद यात्रा करने का फैसला पूरे देश में किया गया है । देश में बढ़ती महंगाई से जनता परेशान है बेरोजगार सड़कों पर है । किसान विरोधी नीतियों के कारण किसानों का जीवन यापन मुश्किल हो गया है । भाजपा द्वारा पूरे देश में नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है जबकि हमारे देश के विचार प्रेम, करुणा व अहिंसा के पक्षकार रहे हैं । इन्हीं सब संकल्पों को लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने स्वतंत्रता दिवस की 75वी वर्षगांठ पर प्रत्येक लोकसभा व प्रत्येक जनपद में 9 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक पदयात्रा निकालने का फैसला लिया । यह पद यात्रा प्रत्येक जनपद में 75 किलोमीटर की दूरी तय करेगी जो प्रत्येक जनपद की सभी विधानसभाओं से गुजरेगी । पदयात्रा की शुरुआत व समापन संस्कृतिक व इतिहासिक स्थल पर होगी। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारीगण व एआईसीसी सदस्य , पीसीसी सदस्य , नगर व ब्लॉक अध्यक्ष , पूर्व जिला व शहर अध्यक्ष , सभी फ्रंटल अध्यक्ष पूर्व पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्ष , सभी वरिष्ठ कांग्रेसी जन से मेरा सादर अनुरोध है कि आप अपने साथियों सहित जिला कांग्रेस कार्यालय सेठ बाडा मथुरा पर दिनांक 31 जुलाई रविवार को दोपहर 1.00 बजे अपने साथी कांग्रेसी जनों के साथ उपस्थित रहे।

# नाबालिक के अपहरण एवं बलात्कार के दोषी को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा, एवं अर्थदंड

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ

मथुरा, अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश न्यायालय पोक्सो एक्ट विपिन कुमार की अदालत में आज वृंदावन के एक मामले में अभियुक्त आदर्श पांडेय को दोषी मानते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है तथा 5000 अर्थदंड के भी आदेश दिए हैं। इस केस की सरकार की ओर से पैरवी कर रही स्पेशल डीजीसी श्रीमती अलका उपमन्यु एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना बृंदावन अंतर्गत अपराध संख्या 2020 मैं पीड़िता की मां ने इस प्रकरण की रिपोर्ट वृंदावन कोतवाली में में दर्ज कराई थी सुबह उसकी नाबालिक पुत्री जब पढ़ने जा रही थी तभी रास्ते में अभियुक्त आदर्श पांडेय ने और जबरन अपनी मोटरसाइकिल पर बिठाकर के सुनसान जगह पर ले गया जहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो भी बनाई और पीड़िता को या धमका दिया कर या किसी को जानकारी दी तो वह ऐसे ही वायरल कर देगा वह इसको बड़ोदरा भी ले गया और वहां भी होटल में बच्ची के साथ दुष्कर्म किया बाद में धर्म या धमकी दे करके उसे छोड़ दिया क्या जानकारी और किसी को बंद करना और वहां उसने वीडियो भी बना लिए थे उन्हें वायरल करने की धमकी दी थी बाद में जब पीड़िता ने घटना की सच्चाई बताई तो घरवालों के पैरों से जमीन खिसक गई और इस प्रकरण की रिपोर्ट पीड़िता की मां ने थाना में दर्ज कराई और इस केस की पुलिस ने जांच कर विभिन्न धाराओं में चार्ज सीट कोर्ट में प्रेषित की जिस पर अभियुक्तों के वकीलों ने और सरकार की ओर से स्पेशल डीजीसी श्रीमती अलका उपमन्यु एडवोकेट ने बहस की जिसमें आज अदालत ने अभियुक्त को दोषी मानते हुए सजा सुना दी है जिसमें 376 में 10 वर्ष की कठोर कारावास एवं 5000 दंड , 363 में 5 वर्ष का कठोर कारावास 1000 अर्थदंड, 366 में 5 वर्ष का कठोर कारावास 1000 अर्थदंड, 323 में 6 माह का कठोर कारावास 500 अर्थ दंड, 506 में 2 वर्ष का कठोर कारावास 500 अर्थदंड के, पोक्सो अधिनियम2012 की धारा 4 में 7 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5000 अर्थदंड की सजा सुनाई है।

स्पेशल डीजीसी श्रीमती और अलका उपमन्यु एडवोकेट ने बताया सभी धाराओं में अलग–अलग सजा सुनाई गई है और अर्थदंड भी अलग–अलग लगाए गए हैं अर्थदंड का भुगतान न करने पर उसकी एवज में दोषी को सभी धाराओं मेंअलग अलग अतिरिक्त कारावास की भी सजा सुनाई गई है यार सभी सजाएं सा

# संक्षिप्त समाचार

## हथिनी कुण्ड बैराज यमुना नदी छोड़ा गया 27 हजार क्यूसेक पानी

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। हथिनीकुंड बैराज से यमुना में पानी छोड़े जाने का सिलसिला लगातार जारी है। बैराज से शुक्रवार की सुबह भी नदी में सत्ताईस हजार 249 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया। इस पानी से यमुना के जलस्तर में वृद्धि होगी हथिनीकुंड बैराज से यमुना में 352 क्यूसेक पानी निरंतर छोड़ा जाता जाता है।

विगत कई दिनों से पहाड़ों पर हो रही अधिक बारिश के कारण हथिनी कुंड बैराज पर पानी का दबाव बढ़ने पर बैराज से लगातार छोड़े गए पानी से कैराना यमुना के जलस्तर में वृद्धि हो रही है। शुक्रवार को यमुना नदी का जलस्तर 228.80 सेंटीमीटर पर बह रहा है। वहीं शनिवार की प्रातः 8 बजे बैराज से सत्ताईस हजार 249 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। यह पानी अगले 24 घंटे में कैराना पहुँच जायेगा। जिससे यहां यमुना के जलस्तर में वृद्धि होने की संभावना है। हालांकि खतरे के निशान से अभी कम है, क्योंकि यमुना का चेतावनी बिंदु 231 मीटर और खतरे का निशान 231.500 मीटर पर निर्धारित है। वही गुरुवार को बैराज से यमुना में सात हजार 575 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। ड्रेनजे विभाग के अवर अभियंता आशु कुमार के अनुसार शुक्रवार को बैराज से छोड़े गए पानी से कैराना में यमुना के बहाव में थोड़ी वृद्धि हो सकती है। खतरे के निशान से अभी काफी कम है।

## मूसलाधार बारिश से हुआ जलभराव

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। अलसुबह हुई मूसलाधार बारिश से नगर क्षेत्र में जलभराव की समस्या पैदा हो गई बिसातियान,इमामगेट,गोसा चुंगी व अस्पताल परिसर में जलभराव हो गया,जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा शुक्रवार की प्रातःहुई मूसलाधार बारिश से जहां भीषण गर्मी से राहत मिली वहीं नगर क्षेत्र में लोगों को जलभराव की समस्याओं से जूझना पडा। नगर के मोहल्ला बिसातियान, इमामगेट,गोसा चुंगी, सीएचसी परिसर सहित अन्य जगहों पर जलभराव देखने को मिला। उधर ग्रामीण क्षेत्रों इससोपुर खुरगान, गोगवान, सहित कई गांवों में बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो गया, जिससे आने–जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पालिका की ओर से सफाई कर्मियों ने पानी की निकासी कराकर जलभराव की समस्या से निजात दिलाई।

**सड़क हादसे में घायल कंवडीए ने पीजीआई में तोड़ा दम**

–सोमवार की सांय बाइपास रोड पर कांवड़ियों की बाइक से हुई थी भिड़ंत। हादसे में चार लोग हो गए थे, शहनवाज की मेरठ में इलाज के दौरान पहले ही हो चुकी है मौत, कृष्ण ने भी पीजीआई चंडीगढ़ में तोड़ दिया दम।प्रदीप व सुहैल की हालत में सुधार (रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। सड़क हादसे में घायल कृष्ण ने भी उपचार के दौरान चंडीगढ़ पीजीआई में दम तोड़ दिया है। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पंचनामा कार्रवाई पूर्ण करने के लिए कैराना पुलिस की टीम मृतक के परिजनों के साथ चंडीगढ़ रवाना हुई है। धर्मनगरी हरिद्वार से गंगाजल लेकर बाइक से लौट रहे सनौली के गाँव रिसपुर निवासी प्रमोद पुत्र मांगेराम व कृष्ण पुत्र मुख्तार की बाइक 25 जुलाई सांय के समय नगर के बाइपास पर आर्यपुरी निवासी शाहनवाज की बाइक से टकरा गई थी, जिसमें दो कांवड़िए सहित चार लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने चारों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया था,जहाँ से उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। बाद में शाहनवाज निवासी आर्यपुरी को मेरठ व कृष्ण निवासी गाँव रीशपुर को पीजीआई चंडीगढ़ भर्ती कराया था। 27 जुलाई को शाहनवाज की मौत हो गई थी। जिसे सुपुर्द ए खाक कर दिया गया था। देर रात्रि पीजीआई में भर्ती कृष्ण की भी मौत हो गई है।मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।पंचनामा कार्रवाई पूरी करने के लिए पुलिस टीम चंडीगढ़ पीजीआई के लिए रवाना हो गई है।

## मेडिकल स्टोर संचालक पर कातिलाना हमले में तीन पिता-पुत्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। उधारी के पैसे मांगने पर मेडिकल स्टोर संचालक पर तेजधार हथियार से हमला प्रकरण में पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने तीन पिता–पुत्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गुरुवार की सांय क्षेत्र के गाँव अकबरपुर सुन्हेटी में मेडिकल स्टोर संचालक मोहसीन पुत्र ताहिर निवासी गाँव खन्द्रावली द्वारा उधार के पैसे मांगने से क्षुब्ध तीन पिता–पुत्रों ने मेडिकल स्टोर में घुसकर अभद्रता की थी और विरोध करने पर तेजधार हथियारों से कातिलाना हमला कर उसे गंभीर घायल कर दिया था। ग्रामीणों की सूचना पर डायल 112 पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल स्टोर संचालक को सीएचसी पर भर्ती कराया था, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। पीड़ित के भाई साबिर पुत्र ताहिर ने कोतवाली में तहरीर देकर तीन पिता–पुत्रों कय्यूम पुत्र मंजूर, अकरम,असलम पुत्रगण कय्यूम के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## आकर्षण का केंद्र बना सामुदायिक शौचालय

गाजीपुर। देवकली ब्लाक के बरहपुर गांव में ग्राम प्रधान द्वारा बनाया गया सामुदायिक शौचालय आकर्षण का केंद्र बना हुआ है । बरहपुर ग्राम सभा में ग्राम प्रधान विजय कुमार सिंह (सब्लू) ने गांव में स्वच्छता का संदेश देने के लिए ग्राम प्रधान ने अनोखी पहल की, उन्होंने गांव में एक ऐसा सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया जिसे हूबहू एक ट्रेन के डिब्बे का रूप दिया गया उन्होंने इसको स्वच्छता एक्सप्रेस का नाम दिया है, जिससे लोगों में साफ–सफाई को लेकर जागरुकता फैलती है । इस सामुदायिक शौचालय के निर्माण से गांव में आने वालों को इधर उधर भटकना नही पड़ेगा ।

**चोरी से सम्बन्धित प्रकरण में 01 नफर अभियुक्तको किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का टैबलेट भी बरामद**

सोनभद्र/चोपन। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 29.07.2022 को थाना चोपन पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 –119/2022 धारा 380,411 भादवि से सम्बन्धित 01 नफर अभियुक्त सुमित मिश्रा पुत्र शिवदयाल मिश्रा, निवासी अम्बेडकर नगर वार्ड नं0–4, थाना मोरवा, जनपद सिंगरौली, मध्य प्रदेश उम्र लगभग 20 वर्ष को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का टैबलेट बरामद कर अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया ।



**जुआ खेल रहे लोग पुलिस के पहुंचते ही भाग निकले**

जालौन। छैपुला के आगे सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे लोग पुलिस के पहुंचते ही भाग निकले। जुआरी मौके पर अपनी बाइकें छोड़ गए। पुलिस ने पकड़ी गई 7 बाइकों को कोतवाली में खड़ा कराया। कोतवाली प्रभारी शैलेंद्र सिंह को सूचना मिली कि बंगरा रोड पर छैपुला के आगे सार्वजनिक स्थान पर कुछ लोग हार जीत की बाजी लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने एसआई अनिल कुमार को पुलिस टीम के साथ मौके पर भेजा। मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही जुआरियों में भगदड़ मच गई। सभी जुआरी मौके पर अपनी बाइकों को छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने मौके से सात बाइकों को बरामद किया। पुलिस ने पकड़ी गई सभी सात बाइकों को कोतवाली में खड़ा कराया।

## मोहर्रम के मद्देनजर थाना प्रभारी ने गांवो का किया दौरा

किरतपुर। दैनिक अयोध्या टाइम्स शरीफ मलिक आगामी मोहर्रम के त्यौहार के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए शुक्रवार को एडिशनल एसपी व सीओ व थाना प्रभारी ने पुलिस फोर्स के साथ ग्राम मेमन सादात, भनेड़ा व हुसैनपुर तीरगर का दौरा किया।मालूम हो कि ग्राम मेमन सादात जोकि शिया हजरात की राजधानी कहा जाता है में मोहर्रम का चांद नजर आते ही सफे मातम बिछा दी जाती है। मजलिसों जुलूसों व मरसियों का दौर शुरू हो जाता है। पूरा माहौल गमगीन हो जाता है। यही हाल ग्राम भनेड़ा व हुसैनपुर सादात का रहता है। मोहर्रम मनाने के लिए हिंदुस्तान के कोने कोने में रह रहे शिया हजरात अपने पैतृक गांव मेमन सादात व भनेड़ा पहुंचते है और मोहर्रम के कार्यक्रम में शिरकत करते है। इमाम बाड़ो में देश के नामचीन शिया उलेमाओ की मजलिसें होती है। मोहर्रम का मेन त्यौहार मोहर्रम की दसवीं तारीख को होता है। इस दिन इन गांवों में मातमी जुलूस निकाले जाते है। इन गांवों की फिजाओ में या हुसैन या हुसैन के नारे गूंजने लगते है। शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दिया जाता है। इसी के मद्देनजर एडिशनल एसपी सीओ व थाना प्रभारी मनोज कुमार ने इन गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों से त्यौहार को शान्ति व सौहार्द के साथ मनाये जाने की अपील की।

## हरियाली तीज के त्यौहार पर बाजारों में बढ़ी रौनक

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी नगीना । हरतालिका तीज के त्यौहार पर बाजारों में बढ़ी रौनक मिठाइयों की दुकानों पर घेवर की भीनी भीनी खुशबू आ रही है तथा कपड़े तथा चूड़ियों की दुकानों पर भीड़ लगी हुई है । हरियाली तीज का व्रत हर साल सुहागिनें अपने पति की लम्बी उम्र की कामना के लिए रखती हैं। यह व्रत भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को रखा जाता है। सनातन धर्म में इस व्रत का विशेष महत्व है। हरतालिका तीज के दिन महिलाएं विधि विधान से निर्जला व्रत रखती हैं। वहीं, कुछ स्थानों पर सुहागिनें फलाहार व्रत भी रखा करतीं हैं।

हरतालिका तीज के दिन महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती के साथ भगवान गणेश का पूजन करती हैं। पवन कुमार पाण्डेय ने बताया कि हरतालिका तीज का व्रत रखने वाली सुहागिन महिलाओं को अखण्ड सौभाग्य प्राप्त होता है। इसके साथ ही जो भी श्रद्धालु हरतालिका का व्रत रखता है,भगवान शिव और पार्वती उसकी हर मनोकामना पूरी करते है। पं० रामगोपाल भट्ट ने बताया कि इस साल भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया पर रवि योग भी बन रहा है,ऐसे में इस दिन का महत्व और बढ़ गया है। 31 जुलाई की दोपहर 2 बजकर 20 मिनट से 1 अगस्त की सुबह 6 बजकर 4 मिनट तक रवि योग रहेगा। इस दिन सुहागिन महिलाओं को निर्जला व्रत रखकर देवी पार्वती और भोलेनाथ की पूरी श्रद्धा से पूजा करनी चाहिए। मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने से सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद मिलता है वही कुंवारी कन्याओं को अच्छे जीवनसाथी की कामना करते हुए ये व्रत करना चाहिए।

## मोहर्रम के त्यौहार के मददेनजर कोतवाली प्रांगण में शांति समिति की नगरवासियों ग्रामवासियो की एक बैठक का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो बिजनौर अफजलगढ़। मोहर्रम के त्यौहार के मददेनजर कोतवाली प्रांगण में शांति समिति की नगरवासियों ग्रामवासियो की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मोहर्रम का त्यौहार सौहार्द के साथ मनाने की बात कही है। कोतवाली प्रांगण में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी पूर्वी ओमवीर सिंह व सीओ शुभ सूचित ने कहा कि कोई भी नये परम्परा नही शुरू होने दी जायेगी। पुलिस का सहयोग करें वक्ताओं ने भी कोतवाल मनोज कुमार सिंह को भरोसा दिलाया की कोई भी क्षेत्र में घटना नहीं होने दी जाएगी। पुलिस को सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक शेख सुलेमान ने कहा कि क्षेत्र में आपसी भाईचारा कायम है हमारे यहां पर गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल कायम है और एक दूसरे के त्यौहार क्षेत्र के लोग मिलजुलकर मनाते चले आ रहे हैं। तथा आगामी त्यौहारों को भी शांति पूर्वक मनाने का पुलिस प्रशासन को भरोसा दिलाया। इस अवसर पर सीओ शुभ सूचित के अलावा कोतवाल मनोज कुमार सिंह, इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह यादव, चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट,पूर्व चेयरमैन जावेद विकार,भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष खेल सिंह राजपूत, एसएसआई दिनेश कुमार शर्मा,कस्बा इंचार्ज अनोखेलाल गंगवार,एसआई जीत सिंह पुंडीर,एसआई विनीत कुमार,नफीस अहमद, प्रधान पति हाजी रजी,पूर्व शकील अहमद,नाजिम अंसारी,नवाब अहमद,अनील नारायण,पूर्व प्रधान हामिद अंसारी,अकबर अली, रामनाथ सिंह चौहान,अंजुम रईस अंसारी आदि उपस्थित रहे।

## कालेज में संचालित बीपीईएस पाठ्यक्रम की मान्यता को विश्वविद्यालय ने समाप्त करने के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है

जलालाबाद शामली रिपोर्टर फैसल मलिक तहसील संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली। अस्थाई मान्यता से संचालित पाठ्यक्रम में छात्र छात्राओं के प्रवेश नहीं होने के कारण कॉलेज प्रबंधन ने कुलसचिव को पत्र भेजा था।जलालाबाद के दिल्ली यमुनोत्री हाईवे किनारे पर संचालित अल्पाइन कॉलेज ऑफ एजुकेशन मे एक जुलाई सन 2018 में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा बीपीईएस पाठ्यक्रम की अस्थाई मान्यता तीन वर्षों के लिए प्रदान की गई थी। मान्यता से वर्तमान तक छात्र–छात्राओ ने पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं लिया। इसको देखते हुए स्कूल प्रबंधन के सचिव विनीत बंसल ने 30 अप्रैल सन 2022 में कुलसचिव को पाठ्यक्रम की मान्यता निष्कासित करने हेतु पत्र भेजा था। पत्र पर विश्वविद्यालय की कार्य समिति ने निर्णय लेते पाठ्यक्रम को कॉलेज से निष्कासित कर दिया है। निष्कासित के लिए 28 अप्रैल में विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर कॉलेज को पत्र जारी किया है। कॉलेज डायरेक्टर अंकित गुप्ता ने बताया कि पाठ्यक्रम में छात्र–छात्राएं प्रवेश नहीं ले रहे थे। इसको देखते कॉलेज प्रबंधन ने विश्वविद्यालय से पाठ्यक्रम की मान्यता निष्कासित करने के लिए पत्र भेजा था। पाठ्यक्रम के निष्कासन की स्वीकृति का पत्र विश्वविद्यालय से वेबसाइट पर प्राप्त हो चुका है।

# शामली निवर्तमान चेयरमैन अरविन्द संगल जी ने दिव्यांगों का बुस्टर डोज कैम्प में हौसला बढ़ाया

दिनाँक 29 जुलाई, 2022

(रिपोर्ट जिला संवाददाता) दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली उत्तर प्रदेश सरकार का स्वास्थ्य विभाग विकलांगों की सेवा करने में वैसे तो हमेशा से ही अग्रणी है लेकिन आज विशेष दिव्यांग वैक्सीनेशन कैंप जिसमें बूस्टर डोज भी लगाई जा रही है, दिव्यांगों के लिए आयोजित कराकर जन चेतना दिव्यांग सोसाइटी द्वारा वास्तव में शानदार कार्य किया गया आज इस कैंप में ना केवल दिव्यांग बल्कि शामली नगर के समस्त नागरिकों को प्रथम, द्वितीया एवम् तृतीय बूस्टर वैक्सीन डोज लगाने का काम किया गया अभी तक बूस्टर डोज की प्राइवेट स्तर पर ही उपलब्धि थी , जिसके कारण शामली में बूस्टर डोज लगवा पाना असंभव हो गया था क्योंकि प्राइवेट स्तर पर किसी भी डॉक्टर द्वारा बूस्टर डोज शामली में नहीं लगाई जा रही थी , अब सरकार द्वारा बूस्टर डोज को सभी को निशुल्क लगाई जा रही है इसके लिए हम माननीय मुख्यमंत्री जी व प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद करते हैं अब सब लोग बूस्टर डोज लगवा सकते हैं , उक्त विचार मुख्य अतिथि अरविन्द संगल, निवर्तमान चेयरमैन नगर पालिका परिषद शामली ने शौर्य पैलेस माजरा रोड पर आयोजित कैंप के शुभारंभ पर कहे, जनचेतना दिव्यांग सोसायटी रजि0 शामली द्वारा आज शौर्य पैलेस माजरा रोड पर कोरोना खुराक प्रथम, द्वितीय व बुस्टर डोज लगवाने हेतु दिव्यांग स्पेशल व आमजन के लिए 99वें सेवा शिविर का आयोजन किया सुबह से बारिश के चलते वेक्सीनेशन धीमा रहा , लेकिन मौसम साफ होने व धूप निकलने पर शहर से काफी संख्या में महिला पुरुषो ने कैम्प में आकर कोरोना वेक्सीन टीकाकरण का लाभ लिया कैम्प में विशिष्ठ अतिथि श्री अमरीश संगल एवम् विवेक प्रेमी का स्वागत सोसायटी संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष नन्द किशोर मित्तल व जिलाध्यक्ष वैभव गोयल ने पटका पहनाकर किया कैम्प प्रभारी शंकर लाल जिला महामंत्री, विजय कुमार सरोहा जिला उपाध्यक्ष,सरस्वती मलिक जिलाध्यक्ष महिला टीम ने कैम्प में टोंकन प्रणाली सिस्टम से बुस्टर व सभी डोज दिलाने में सहायता की , नगर अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शर्मा, जिला प्रचारक मुकेश कुमार वर्मा नटराज जूस वाले , रविकांत जी का गोल्डन मेडल व पटका पहनाकर स्वागत कुलदीप मलिक जिला सयोजक ने किया , प्रदेश सचिव रवि संगल जी, महिला कोषाध्यक्ष बालेश, प्रचारक रेणु नामदेव भी उपस्थित रही शंकर लाल जिला महामंत्री एवम् कैंप प्रभारी जन चेतना दिव्यांग सोसाइटी जिला शामली।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला जज ने न्यायिक अधिकारियों संग की बैठक- 13 अगस्त को कोर्ट परिसर में किया जाएगा आयोजन

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। जिला एवं सत्र न्यायालय में आगमी 13 अगस्त को लोक अदालत के आयोजन के संबंध में जनपद न्यायधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष ग्रीश कुमार वैश्य की अध्यक्षता में न्यायिक अधिकारीगण शामली की बैठक का आयोजन किया गया। शुक्रवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन व तैयारियों के परिपेक्ष्य में न्यायिक अधिकारियों से अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर जनपद शामली में लंबित ई– चालान व एन. आई एक्ट वादो एवं सिविल प्रकृति के वादों के निस्तारण के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय लोक अदालत के संदर्भ में तैयारी के बारे में व्यापक स्तर पर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शामली विजय कुमार द्वितीय से राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु लाभार्थियों के मध्य अधिक से अधिक जागरूकता लाने हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश (पोक्सो) मुमताज अली, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (रेप एण्ड पॉक्सो) रेशमा चौधरी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अलका यादव, सिविल जज सीनियर डिवीजन लोक अदालत प्रभारी सचिव–जिला विधिक सेवा प्राधिकरण–शामली विजय कुमार वर्मा, सिविल जज सीनियर डिवीजन प्रतिभा, सिविल जज जूनियर डिवीजन सुश्री सुधा शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण सिंह उपस्थित रहे। न्यायिक अधिकारीगण से राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन सुनिश्चित करने हेतु अधिक से अधिक वादों को चिन्हित करने व जनपद शामली में लम्बित ई– चलानों के निस्तारण के बाबत विस्तारपूर्वक चर्चा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के सन्दर्भ में तैयारियों के बारे में व्यापक स्तर पर चर्चा की गयी। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु लाभार्थीयों के मध्य अधिक अधिक जागरूकता लाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

## बारिश में मकान की छत गिरी,मलबे में दबने से पत्नी की मौत पति घायल

– ग्रामीणों ने मौके पर पहुँचकर मलबे के नीचे दबे पति–पत्नी को मशक्कत के बाद बाहर निकाला, (रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना ।अल सुबह बारिश के चलते गांव कंडेला में कच्चे मकान की छत भरभराकर गिर गई। इस दौरान पति– पत्नी सहित दोनों मकान की छत के मलबे के नीचे दब गए। आसपास के ग्रामीणों ने मलबे में दबे प्रवीण व उसकी पत्नी कविता को बाहर निकला। इस दौरान 35 वर्षीय कविता की मौत हो गई। वही प्रवीण घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पीड़ित परिवार को शासन–प्रशासन की ओर से सहायता राशि प्रदान की जायेगी। कैराना क्षेत्र के गांव कंडेला निवासी प्रवीण ने दो मंजिला कच्चा मकान बनाया हुआ था। दूसरी मंजिल पर उसने गाटर–सिल्ली की छत डाली हुई थी। बारिश के चलते यह छत टूटकर नीचे कड़ियों के मकान पर जा गिरी। अधिक वजन होने के बाद यह भी भरभराकर गिर गई और मकान में सो रहे पति पत्नी मलबे के नीचे दब गए। घटना के बाद सैंकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मलबे में दबे पति–पत्नी को बाहर निकाला,लेकिन तबतक देर हो चुकी थी। इस दौरान कविता (35) की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि प्रवीण गंभीर रूप से घायलों हो गया। ग्रामीणों। ने उसे शामली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उसका उपचार चल रहा है। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुँची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गनीमत रही कि बरामदे में सो रहे 15 वर्षीय बेटे निखिल व 13 वर्षीय पुत्री निशा व 11 वर्षीय वंशिका सुरक्षित बच गईं, अगर मलबा गिरने के बाद बरामदा भी धराशायी हो जाता तो बड़ी जनहानि हो जाती।

इन्होंने कहा एसडीएम शिवप्रकाश यादव ने बताया कि राजस्व टीम मौके पर गई है ।रिपोर्ट आने के बाद देवी आपदा राहत कोष से पीड़ित परिवार को सहायता प्रदान कराने के लिए संस्तुति की जायगी।

**मासूमों पर पड़ी दोहरी मार**

बारिश ने मासूमों से जहां माँ की ममता छीनी है, वहीं आशियाने का साया भी उनके सिर से छिन गया है। कहर बनकर टूटी बारिश ने परिवार के लिए समस्याएं खड़ी कर दी हैं। कल तक जिस मकान को सजाकर जिंदगी गुजर रही थी आज वह जमीदोज हो चुका है। हादसे के बाद मासूमों का रो–रोकर बुरा हाल है। एक ओर माँ की ममता हमेशा के लिए चली गई तो दूसरी ओर सिर छुपाने के लिए आशियाना भी मलबे में तब्दील हो गया है।

## दवाई लेने आए रोगी की सीएचसी से साइकिल चोरी

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। दवाई लेने के लिए सीएचसी आये वृद्ध की अज्ञात ने साइकिल चोरी कर ली और मौके से फरार हो गया। शुक्रवार को नगर के मोहल्ला गुलशन नगर निवासी यूसुफ(50) पुत्र शफी सीएचसी में बुखार आदि की दवाई लेने के लिए आया हुआ था। जैसे ही वह दवाई लेकर बाहर निकला तो उसकी साइकिल नहीं मिली। इधर–उधर तलाश किया गया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित ने बताया कि साइकिल एक मात्र सहारा था, जिस पर सवार होकर प्रतिदिन मजदूरी के लिए जाता था और अपने बच्चों का पेट पाल रहा था। लगभग दो माह पूर्व अस्पताल के स्टोर रूम में जंगले के रास्ते अंदर दाखिल होकर अज्ञात चोरों ने हजारों का सामान चोरी कर लिया था।अस्पताल प्रशासन ने इस संबन्ध में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी,लेकिन अभी तक चोरों का सुराग नहीं लग पाया है।

**अस्पताल में नहीं सुरक्षा कर्मी**

सीएचसी कैराना पर चोरी की घटना कोई नया मामला नहीं है, इससे पूर्व में भी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। अस्पताल में सुरक्षा कर्मी की तैनाती न होने के कारण चोरी की घटनाओं में इजाफा हो रहा है।बताया जाता है कि स्टोर रूम में हजारों की चोरी के बाद भी चोरी का प्रयास किया जा चुका है, जिसे सजगता के असफल कर दिया गया था। इस दौरान अज्ञात चोर सामान मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए थे।

इन्होंने कहाः सीएमओ कार्यालय को पत्र लिखकर मामले से अवगत कराते हुए सुरक्षाकर्मी की मांग कर चुके हैं,लेकिन अभी तक किसी भी सुरक्षाकर्मी की तैनाती नहीं की गई है।शैलेंद्र चौरसिया चिकित्साधीक्षक सीएचसी कैराना

## प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने पहुंच कर मीडिया से प्रदेश सरकार द्वारा जिले में किए गए कार्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी

दैनिक अयोध्या टाइम्स जिला प्रभारी वासिद खान । बिजनौर में आज मंत्री का दौरा प्रदेश सरकार के 100 दिन के कार्यकाल पूरा होने पर आज बिजनौर जनपद में प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने पहुंच कर मीडिया से प्रदेश सरकार द्वारा जिले में किए गए कार्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा 100 दिन के कार्यकाल में जहां अपराधियों पर शिकंजा कसा गया है। तो वहीं कुख्यात अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाते हुए उनकी संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई भी सरकार के दिशा निर्देश पर अधिकारियों द्वारा कराई गई है। साथ ही महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए लगातार पुलिस अपराधियों पर शिकंजा कस रही है। जिसमें कि यूपी में लगातार अपराधों की संख्या घटती जा रही है। वही माताएं और बहनें अब सुरक्षा के साथ अपने घरों से निकलकर एक स्वच्छ वातावरण में आ जा रहे हैं।

बिजनौर जनपद के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने आज बिजनौर जिले के विकास भवन में पहुंचकर सरकार के 100 दिनों में किए गए कार्यों की उपलब्धता गिनाते हुए जानकारी दी। प्रभारी मंत्री ने बताया कि लोक निर्माण विभाग खादी ग्राम उद्योग विभाग उप लघु एवं मध्यम विभाग बेसिक शिक्षा विभाग माध्यमिक शिक्षा विभाग समाज कल्याण विभाग बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग पंचायती राज विभाग स्वास्थ्य विभाग सहित सभी विभागों में 100 दिनों के अंदर प्रदेश सरकार के निगरानी में अधिकारियों के दिशा निर्देश में लगातार काम किए गए हैं। 100 दिन के कार्यकाल को लेकर हर एक मंत्री अपने जिले में लगातार दौरे कर रहे हैं। जिसमें कि मैंने भी 5 जनपदों का दौरा किया है।

सरकार काम का जो को लेकर बहुत ही संवेदनशील है और लगातार सरकार द्वारा जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सभी विभागों में काम करने के दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। अपराधियों से 2925 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क करके उन्हें सबक सिखाने का काम प्रदेश सरकार के द्वारा किया गया है। प्रदेश सरकार में लगातार गुंडों और माफियाओं पर जहां शिकंजा कसा जा रहा है तो वही अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए स्लोगन जनता में अमन और गुंडों का दमन नीति के तहत अपराधियों पर कार्रवाई हो रही है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों में कावड़ यात्रा पर डीजे बंद करा दिए गए थे। हमने कावड़ यात्रा का स्वागत किया साथ ही प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी कावड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कर के उनका उत्साह बढ़ाने का काम किया है। प्रभारी मंत्री ने यह भी बताया कि केंद्र सरकार द्वारा कोरोना काल में सभी गरीबों को मकान देकर प्रदेश में गरीबों के हित में काम किया गया है।साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार संचारी रोगों को कंट्रोल करने के लिए काम किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में स्कूली बच्चों को लेकर बड़े काम किए गए हैं। बिजनौर में दो आईटीआई और मेडिकल कॉलेज बनाया जा रहा है। जिससे कि जनपद के बच्चों को अब पढ़ाई करने के लिए बाहर का रुख नहीं करना पड़ेगा।

साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा आगे भी उनके दिशा–निर्देशों पर मंत्री और विधायकों सहित अधिकारियों द्वारा जिले को आगे बढ़ाने के लिए और क्या काम किए जाने हैं। इसकी भी समीक्षा समय–समय पर मेरे द्वारा अधिकारियों से की जा रही है।

# संक्षिप्त समाचार

### बनकटा थाना का वांछित अभियुक्तहुआ गिरफ्तार

शेषनाथ यादव तहसील प्रभारी दैनिक अयोध्या टाइम्स। देवरिया भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के बनकटा थाने का वांछित अभियुक्त को थाना अध्यक्ष बनकटा दिलीप सिंह मय हमराह घातक

थाने का वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर मु0 अ0 सं0 142/2022 धारा –323,392, I P C थाना बनकटा के वांछित अभियुक्त अनीश पटेल पुत्र सुभाष पटेल साकिन गुठनी बाजार थाना गुठनी जिला सिवान (बिहार) को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय देवरिया भेजा गया।

### स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत चलने वाले आत्म निर्भर भारत के उपलक्ष में खुर्शीद कन्या इंटर कालेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स रामपुर। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. के अध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री सूर्य प्रकाश पाल रहे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा हैं और बहुत जल्द स्वावलंबी भारत का सपना साकार

होगा। उन्होंने कहा अब देश के लोगों को अपने घरेलू उद्योग और घरेलू उत्पादों को ही बढ़ावा देना चाहिए। हमें ऐसे रोजगार अपनाना चाहिए जिससे हम खुद रोजगार पा सकें और दूसरों को भी रोजगार दे सकें। भारत देश का हर नागरिक स्वदेशी के लिए जागरूक हुआ हैं। स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक फरहत अली खां ने कहा कि आज हमारा देश विश्व गुरू की श्रेणी में आ चुका हैं। हमारे देश के युवा स्वालंबी की ओर बढ़ रहे हैं जो देश की तरक्की व खुशहाली के लिए कारगर साबित होगा। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य संगीता गुप्ता ने भी आत्मनिर्भर बनने का छात्राओं को संकल्प दिलाया। इस मौके पर जीनत परवीन, ममता रानी स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक फरहत अली खान आदि मौजूद थे।

### सपोर्ट वायर में उतरे करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

- गांव में ही निमंत्रण से घर लौटते समय हुआ हादसा
- सड़क पर भैंसें आ जाने से सपोर्ट वायर के संपर्क में आया अधेड़

औरैया –अयाना थाना क्षेत्र के तिवर लालपुर में गुरुवार रात को निमंत्रण से घर लौटते समय सड़क पर आई भैंसों से बचने के दौरान विद्युत पोल के सपोर्ट वायर में उतरे करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तिवर लालपुर निवासी जगदीश(५६) पुत्र निरंजन गुरुवार रात को गांव के ही कौशल किशोर के नाती की छटी में गया था। देर रात घर लौटते समय रास्ते में भैंसें आ जाने पर उसने खुद को बचाने के लिए सड़क किनारे लगे विद्युत पोल के सपोर्ट वायर को पकड़ लिया। बारसात की वजह से सपोर्ट वायर में करंट आने की वजह से वह उसकी चपेट में आ गया। राहगीरों ने लाठी–डंडों की मदद से उसे करंट की चपेट से हटाया तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। जगदीश की मौत की जानकारी सुन परिजन रोते–बिलखते हुए घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े। पत्नी मीरा देवी, बेटी वंदना, बेबी, बेटे मुकेश, सुखराम, शिवा का रो–रो कर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष भागीरथ सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर सपोर्ट वायर में करंट आने की सूचना विद्युत विभाग को दी गई है।

### विद्युत् आपूर्ति की समस्याओं पर ध्यान देना है आवश्यक

- दूरस्त मजरों में विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित करना हमारा कर्त्तव्य

कानपुर देहात। उक्त उदगार आज मा० राज्यमंत्री, सूक्ष्म लघु एवं माध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हत्कर्घा तथा वस्त्रोद्योग विभाग, उत्तर प्रदेश, राकेश सचान जी द्वारा ख ुशी प्लाजा रनियां में आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में भारत की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर उत्सव के रूप में राज्य सरकार के सहयोग से विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बिजली महोत्सव में अध्यक्षता करते हुए उपस्थित जनता के संबोधन में व्यक्त कियेद्य मा0 राज्यमंत्री जी द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने बताया कि बिजली महोत्सव का आयोजन राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संयुक्त रूप से किया गयाद्य इस दौरान विद्युत् व्यावस्था के क्षेत्र में प्रमुख उपलब्धियों को उजागर किया गया। जिसमें बताया गया कि वर्ष 2014 में उत्तर प्रदेश की बिजली उत्पादन क्षमता 2 लाख 48 हजार 554 मेगावाट थी जो अब बढकर 04 लाख मेगावाट हो गई है। उन्होंने बताया कि भारत अब अपने पड़ोसी देशों को बिजली निर्यात कर रहा है। पारेषण लाइनों में 1,63,000 वृद्धि की गई है, जो पूरे देश को एक फ्रीक्वेंसी पर चलने वाले ग्रिड से जोड़ती हैं। लद्दाख से कन्याकुमारी तक और कच्छ से म्यांमार की सीमा तक यह दुनिया में सबसे बड़े एकीकृत ग्रिड के रूप में उभरा है। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इस ग्रिड का उपयोग करके देश के एक कोने से दूसरे कोने तक 1.12.000 मेगावाट विद्युत पहुंचा सकते हैं। 2,01,722 करोड़ रुपये के कुछ परिव्यय के साथ हमने पिछले पांच वर्षों में 2,921 नए सब–स्टेशन का निर्माण, 3,926 सब–स्टेशनों का संवर्धन, 6. 04,465 सीकेएम एलटी लाइनों का संस्थापन, 11 केवी की 2.68,838 एचटी लाइनों का संस्थापन, 1,22,123 सीएम कृषि फीडरों का फीडर पृथकारण और संस्थापित करके वितरण अवसंरचना को सुदृह किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति का जीनत 12. 5 घंटे था जो अब बढ़कर औसतन 22.5 घंटे किया गया है, परंतु अभी भी सर्वे की आवश्यकता है, जिसे शीघ्र पूर्ण कर दुरस्त मजरोंक्षेत्रों सहित नई बस्तियों को भी विद्युत से संतृप्त किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को अपनी कार्य प्रणाली में सुधार लाने एवं अपने पदीय दायित्वों को पूर्ण तन्मयता से निभाने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति हेतु योजना तैयार की जाए, जिसके लिए बजट का कोई अभाव नहीं है। उन्होंने उद्यमियों की बंद यूनिट्स को इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से पुनः पुनर्स्थापित कराये जाने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा विद्युत की समस्याओं के निस्तारण हेतु महत्वपूर्ण प्रयास किये गये है, सरकार जिन घरो में विद्युत कनेक्शन नही है

उनको निःशुल्क कनेक्शन किये जा रहे है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि जहां अभी विद्युत कनेक्शन से गांव छूटे है वहां अवश्यक विद्युत कनेक्शन करायें। इस अवसर पर जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा अपने संबोधन द्वारा बताया गया कि बिजली महोत्सव सम्पूर्ण देश में उज्जवल भारत उज्जवल भविष्य पावर 2047 के तत्वाधान में मनाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक जनभागीदारी हो एवं विद्युत क्षेत्र में हुए विकास से सभी अवगत हो सकें। उन्होंने कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं शीघ्र व्यवस्थाओं में सुद्रण सुधार किये जाने हेतु आश्वस्त किया। इस दौरान कोविड 19 के उपरांत स्थापित ओ0डी0ओ0पी0, एम0एस0एम0ई के अंतर्गत स्थापित उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जनपद में ग्रामीण स्तर पर कार्यरत विद्युत सखियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## भाजपा ने प्रधान संघ के 11 ब्लॉक अध्यक्ष के नामों की घोषणा की

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ के अंतर्गत प्रधान संघ की बैठक संपन्न हुईद्य जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला अध्यक्ष आशीष

मिश्रा ने भाग लियाद्य वहीं बैठक का संचालन भाजपा प्रधान संघ के अध्यक्ष सुशील सिंह चंदेल ने कियाद्य इस दौरान 11 प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया द्यजिसमें धाता ब्लॉक से रामप्रताप पासवान, हथगाम ब्लॉक से जितेंद्र लोधी, एंराया ब्लॉक से नेत्रपाल सिंह चौहान, भिटौरा ब्लॉक से स्वामी शरण पाल, तेलियानी ब्लॉक से फरीद कुरैशी, बहुआ ब्लॉक से सिद्ध नाथ तिवारी, असोथर ब्लाक से गोरेलाल प्रजापति, मलवां ब्लॉक से सोनू अवस्थी, खजुहा ब्लाक से शिव प्रकाश सिंह, अमौली ब्लॉक से अरविंद उमराव, हंस्वा ब्लॉक से अमन लोधी की ताजपोशी की गईद्य इस दौरान सभी का जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने माल्यार्पण कर व मिष्ठान खिलाकर जोरदार स्वागत किया और संगठन हित में एक सप्ताह के अंदर ब्लाक कार्यकारिणी घोषित करने की बात कही तो वहीं भाजपा प्रधान संघ जिलाध्यक्ष सुशील सिंह चंदेल ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर जिला कार्यकारिणी का गठन करके शीघ्र प्रधानों का बड़ा सम्मेलन करवाया जाएगाद्य जिसमें प्रदेश से कोई बड़ा नेता कार्यक्रम में भाग लेगाद्य वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष मिश्रा ने कहा भारतीय जनता पार्टी ने जो नींव फतेहपुर से प्रधान संघ की रखी गई है। यह जानकारी प्रदेश संगठन को भी है और पूरे प्रदेश के प्रधान जब एकत्रित होकर भाजपा के साथ खड़े होंगे तो विकास की गंगा गांव के अंतिम छोर तक होगाद्य इस अवसर पर भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अभिषेक त्रिवेदी, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश बाजपेई, भिटौरा ब्लाक प्रमुख अमित तिवारी, हंसवा ब्लाक प्रमुख विकास पासवान,जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र जिला मंत्री कुलदीप सिंह भदोरिया,जिला प्रवक्ता विवेक श्रीवास्तव सहित जनपद के तमाम प्रधान मौजूद रहे।

## नगर पालिका ईओ डा. इंदु शेखर मिश्र लगातार शहर की सफाई व्यवस्था के साय नालों की तली झाड़ सफाई का भी कर रहे औचक निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स रामपुर। नगर पालिका ईओ डा. इंदु शेखर मिश्र लगातार शहर की सफाई व्यवस्था के साथ नालों की तली झाड़ सफाई का भी औचक निरीक्षण कर रहे हैं। बरसात के मौसम में शहर में कहीं जलभराव की स्थिति पैदा न हो इसके लिए वह लगातार भ्रमण कर कर्मचारियों को दिशा–निर्देश देते रहते हैं।

पालिका ईओ डा. इंदु शेखर मिश्र ने बताया कि डीएम रविन्द्र कुमार मांदढ़ और पालिका चेयरमैन फात्मा जबीं के निर्देश पर आज उन्होने शहर के बड़े नालों की साफ–सफाई का निरीक्षण किया तथा संबंधित को तली झाड़ सफाई के निर्देश दिये। उन्हाने बताया कि शहर के अधिकतर बड़े व छोटे नालों की तली झाड़ सफाई हो चुकी है जो कुछ रह गये हैं उनपर काम चल रहा हैं। उन्होने बताया कि इसके अलावा बीते रोजे नगर पालिका परिषद के सभागार में पीएम स्व निधि योजना के अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित जिला समन्वयक बैंक आफ बडोदा, सेंट्रल बैंक, स्टेट बैंक आफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, प्रथम बैंक, यूनियन बैंक आफ इंडिया को लंबित चल रहे प्रकरणों के तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिये गये। सभी वेंडर्स को डिजिटल एक्टिव करने निर्देश दिये। बैठक मे ंनगर पालिकाओं व नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा, लीड बैंक मैनेजर एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## विद्युत विभाग भी आजादी का अमृत महोत्सव मनाने से पीछे नहीं

दैनिक अयोध्या टाइम्स रामपुर। जहां प्रदेश के सभी विभाग आजादी का अमृत महोत्सव किसी ने किसी

रूप में मना रहे हैं वहीं रामपुर का विद्युत विभाग भी आजादी का अमृत महोत्सव मनाने से पीछे नहीं हैं।

चमरौआ ब्लाक में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ ब्लाक प्रमुख हरिबाला यादव व विधुत समन्वय समिति के संयोजक फरहत अली खां द्वारा मां सरस्वती की वंदना व दीप प्रज्वलित कर महोत्सव की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में सौभाग्य योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, कुसुम योजना, वन नेशनल वन ग्रिड, उपभोक्ताओं के अधिकार, सोलर रूफ आदि योजनाओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला साथ ही सौभाग्य याजना में लाभांवित नागरिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विभिन्न स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण किया गया व नुक्कड नाटक के माध्यम से भारत सरकार व राज्य सरकार की ऊर्जा के क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जी विकास एवं भविष्य में प्राप्त होने वाली विकास संभावनाओं का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नुक्कड नाटक पेश करने वाले बच्चों के समूह को उपहार शील्ड प्रदान कर मनोबल बढाने के साथ–साथ प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर रोहित जोशी, जेवीएस राणा, नरेश कुमार, कमरूद्दीन खां, एक्सईन प्रथम भीष्म कुमार तोमर, दिनेश अग्रवाल, इमरान खां, आशीष सिंह, महेन्द्र सिंह, शोभित श्रीवास्तव, प्रद्युन्न सिंह, संजय कुमार, गौरव सिंह, इरफान आदि मौजूद थे।

## मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के क्षेत्रीय सेवा प्रमुख फैसल मुमताज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने केन्द्रीय राज्यमंत्री जॉन बार्ला से उनके दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर मुलाकात की

दैनिक अयोध्या टाइम्स रामपुर। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के क्षेत्रीय सेवा प्रमुख फैसल मुमताज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने केन्द्रीय राज्यमंत्री जॉन बार्ला से उनके दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर मुलाकात की। केन्द्र सरकार द्वारा अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा अल्पसंख्यक समाज के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा की। केंद्रीय राज्यमंत्री ने जल्द ही रामपुर आने का आश्वासन दिया। केंद्रीय राज्यमंत्री का कहना हैं कि भाजपा और मुसलमानों के बीच संबंधों के बारे में बहुत सारी गलत धारणाएं बनाई गई हैं जिन्हें दूर किया जाना चाहिए। अल्प संख्यक भाजपा के प्रमुख अंग हैं और अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं ने पार्टी के विकास और विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। मोदी सरकार विभिन्न समुदायों के बीच मतभेदों को समाप्त करने के लिए काम कर रही हैं। विकास की राजनीति शुरू हो गई हैं और इससे मुसलमानों को सबसे ज्यादा फायदा होगा। केन्द्र सरकार की हर योजना में बड़ी संख्या में मुस्लिम लाभार्थी हैं। उन्होने केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रहीं अल्पसंख्यकों के लिए योजनाओं के बारे में भी प्रतिनिधि मंडल को विस्तारपूर्वक बताया और केन्द्र की योजनाओं से अल्पसंख्यकों को अधिक से अधिक लाभ उठाने के

लिए प्रेरित किया। इस मौके फैसल मुमताज, मोहम्मद कय्यूम खान, सतेन्द्र कुमार अशोक, हाजी दुलेहजान अल्वी, मुजम्मिल हुसैन आदि मौजूद थे।

# समस्त सरकारी टीकाकरण केन्द्रों पर कोविड टीकाकरण की निःशुल्क प्रिकाशन डोज दी जायेगी

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आगामी 75 दिनों तक समस्त सरकारी कोविड टीकाकरण केन्द्रों पर 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों को निःशुल्क कोविड प्रिकाशन डोज दिये जाने सम्बन्धी अन्तर्विभागीय बैठक जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आहूत की गयी। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि विभागवार सरकारी एवं निजी कार्यालयों, न्यायालय, औद्योगिक संस्थानों, साप्ताहिक बाजार हाट, भीड–भाड़ वाले स्थानों, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, आटो रिक्शा स्टैण्ड आदि पर विशेष सत्र आयोजित कर लाभार्थियों को प्रिकाशन डोज से आच्छादित किया जायेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि वह अपने अधीन कार्यरत समस्त अध्यापकों को निर्देशित करें कि वह स्वयं एवं अपने परिवारजनों को प्रिकाशन डोज से आच्छादित कराये। समस्त अधीक्षक/प्र०चि०अ० सा०ध्रा० स्वा० केन्द्रों को निर्देशित किया कि वह बुधवार व शनिवार को 20 वी०एच०एन०डी० सत्र एवं अन्य दिनों में 30 सत्र आयोजित किये जॉय तथा सप्ताह का माइक्रोप्लान प्रत्येक दशा में सॉय 07:00 बजे तक जनपद मुख्यालय में एवं उसकी एक प्रति सम्बन्धित ब्लाक के खण्ड विकास अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी/नोडल अधिकारी कोविड 19 टीकाकरण द्वारा अवगत कराया गया कि भारत सरकार द्वारा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के समस्त वयस्क नागरिकों को आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आगामी 75 दिनों (दिनांक 15 जुलाई 2022 से 30 सितम्बर, 2022) तक निःशुल्क कोविड प्रिकाशन डोज दिये जाने का निर्णय लिया गया है। इस हेतु 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के ऐसे नागरिक, जिनको कोविड वैक्सीन की द्वितीय डोज प्राप्त किये हुये 06 माह अथवा 26 सप्ताह का समय पूर्ण हो चुका है, पात्र होगें। पात्र नागरिकों को समस्त सरकारी टीकाकरण केन्द्रों पर कोविड टीकाकरण की निःशुल्क प्रिकाशन डोज दी जायेगी। कोविड –19 वैक्सीन की प्रिकाशन डोज उसी वैक्सीन की भ्वउवसवहमवने) होगी, जो प्रथम एवं द्वितीय डोज में दी गयी है। जनपद में प्रिकाशन डोज से 1537664 लाभार्थियों को डोज से दिनांक 30 सितम्बर, 2022 से शत – प्रतिशत आच्छादित करना है। मुख्य विकास अधिकारी श्री सत्य प्रकाश, मुख्य चिकित्साधिकारी,जिला प्रतिरक्षण अधिकारी /नोडल अधिकारी, कोविड –19 टीकाकरण, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत सहित जनपद के समस्त अधीक्षक ध प्रभारी चिकित्साधिकारी, सा०ध्रा०स्वा० केन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सी०डी०पी० ओ० एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त

## उज्ज्वल भारत-उज्ज्वल भविष्य महोत्सव का भव्य आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स फतेहपुर। उज्ज्वल भारत–उज्ज्वल भविष्य महोत्सव का भव्य आयोजन जनपद फतेहपुर, बिंदकी तहसील के बावन इमली में श्री राजेन्द्र पटेल, विधायक जहानाबाद एवं श्री जयकुमार सिंह जैकी विधायक बिन्दकी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। परिषदीय विद्यालय के छात्रछात्राओ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक व लोकनृत्य आदि प्रस्तुत किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में केंद्रीय ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय 'उज्ज्वल भारत–उज्ज्वल भविष्य 2047' के तत्वाधान में 25 जुलाई से 30 जुलाई, 2022 तक सप्ताह भर चलने वाले बिजली महोत्सव समारोहों की श्रृंखला में 29 जुलाई को बावन इमली फतेहपुर में बिजली महोत्सव का आयोजन किया गया। मा0 जनप्रतिनिधियों ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित विद्युत सम्बंधित योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। डबल इंजन सरकार में बिजली का संकट दूर किया गया। सौभाग्य योजना के तहत निःशुल्क विद्युत का कनेक्शन कराया गया डबल इंजन की सरकार में बिजली से किसानों की सिंचाई भी आसानी से हो रही है। इस अवसर पर कार्यक्रम में 75 वर्षों में विद्युत के क्षेत्र में हुए उपलब्धियों जैसे–वन नेशन वन ग्रिड, रिन्यूवल एनर्जी, कंज्यूमर राइट एवं ग्रामीण विद्युतीकरण पर आधारित शॉर्ट फिल्म दिखाई गईं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्तध्रा0) श्री विनय कुमार पाठक, डीएफओ श्री रामानुज त्रिपाठी,वंदना चतुर्वेदी (विभागाध्यक्ष मानव संसाधन, एनटीपीसी ऊंचाहार) समेत यूपीपीसीएल व एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## खंड शिक्षा अधिकारी की नई पहल कर्मवीर होगे हर महीने सम्मानित

दैनिक अयोध्या टाइम फतेहपुर संजय शुक्ला। अमौली। अमौली के मौसमी गेस्ट हाउस में विकासखंड अमोली की नियोजित शैक्षिक प्रगति को समर्पित बेसिक शिक्षा के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह एवं शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन संगोष्ठी का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह कमल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डायट प्रवक्ता संजीव सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी अमौली व एसआरजी राधेश्याम दीक्षित ने मॉसरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी मूलचंद सैनी व संचालन शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी ने किया। विकासखंड अमौली के बेसिक शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए ऐतिहासिक पल थे ,जब खंड शिक्षा अधिकारी अमौली के नेतृत्व में विकासखंड के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने सामूहिक प्रदर्शन कर क्विज प्रतियोगिता में पिछले कुछ हफ्तों में लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर अमौली का नाम रोशन किया। तो इस सफलता से उत्साहित होकर खंड शिक्षा अधिकारी ने स्वयं अपने निजी प्रयास से सेवानिवृत्त शिक्षकों के साथ अच्छा कार्य करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को सम्मानित करने की ठान ली। कार्यक्रम में जीवन पर्यंत विभागीय सेवा देने के लिए सेवानिवृत्त शिक्षक मूलचंद सैनी को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार तथा सेवानिवृत्त शिक्षक श्रीकांत वर्मा ,शिक्षिका सुमित्रा ओमर, शिक्षिका शकुंतला देवी,को पुष्पगुच्छ धर्मग्रंथ, अंगवस्त्र एवं उपहार एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। वही अप्रैल माह के लिए शिक्षक सौरभ वर्मा,मई और जून माह के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर सुशील उत्तम तथा जुलाई माह के लिए शिक्षिका शालिनी सिंह को उनके से विभागीय प्रदर्शन के लिए स्टार ऑफ द मंथ पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहां की शिक्षक एवं कर्मचारियों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करने का यह मेरा निजी प्रयास है और जिस प्रकार पिछले 3 महीनों में विकासखंड ने प्रगति की है अतुलनीय है। उन्होंने निपुण भारत कार्यक्रम, प्रार्थना पंचांग, हर घर तिरंगा कार्यक्रम, तथा मिशन शक्ति फेज 4,को सफलतम बनाने की अपील की। डायट प्रवक्ता संजीव सिंह ने कहा कि पुरस्कार आने वाले व्यक्ति को उसके परिश्रम का परिणाम है तो अन्य साथियों के लिए प्रेरणा का कारक बनते हैं उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी की मुहिम की सराहना भी की । कार्यक्रम को एसआरजी राधेश्याम दीक्षित ने भी संबोधित किया। संचालक शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी ने आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के संचालन के मुख्य अंग बताएं और इससे समुदाय को जोड़ने की बात की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्लॉक व्यायाम शिक्षक आदित्य पांडेय,शैलेंद्र सचान, प्रशांत,पाण्डेय, वीरेंद्र सचान, मंत्री दयाराम गौतम, ए आर पी अरविंद यादव, आशीष त्रिवेदी, आरती सिंह ,रामशंकर, अमरपाल गौतम, सर्वेश अवस्थी ,देवकांत तिवारी, मयंक कटियार,सौरभ उमराव,आशीष प्रदीप शुक्ला, अशोक कुमार, विद्यासागर, रामकरण, दीपा वर्मा सरोज सोनकर, प्रतिमा उमराव प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह गोली सहित विकासखंड के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।अमौली के मौसमी गेस्ट हाउस में विकासखंड अमोली की नियोजित शैक्षिक प्रगति को समर्पित बेसिक शिक्षा के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह एवं शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन संगोष्ठी का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह कमल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डायट प्रवक्ता संजीव सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी अमौली व एसआरजी राधेश्याम दीक्षित ने मॉसरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी मूलचंद सैनी व संचालन शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी ने किया। विकासखंड अमौली के बेसिक शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए ऐतिहासिक पल थे ,जब खंड शिक्षा अधिकारी अमौली के नेतृत्व में विकासखंड के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने सामूहिक प्रदर्शन कर क्विज प्रतियोगिता में पिछले कुछ हफ्तों में लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर अमौली का नाम रोशन किया। तो इस सफलता से उत्साहित होकर खंड शिक्षा अधिकारी ने स्वयं अपने निजी प्रयास से सेवानिवृत्त शिक्षकों के साथ अच्छा कार्य करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को सम्मानित करने की ठान ली। कार्यक्रम में जीवन पर्यंत विभागीय सेवा देने के लिए सेवानिवृत्त।

## प्रानपुर पुल पर पत्थर नहीं लगा, तो लाखो लोगो का जिला मुख्यालय से कट जायेगा सम्पर्क : मुस्तफा हुसैन

दैनिक अयोध्या टाइम्स रामपुर। क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य एवं जल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुस्तफा हुसैन के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों द्वारा कोसी नदी पर बने प्रानपुर पुल की एप्रोच मार्ग पर पत्थर लगवाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंदाड ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए हैं। जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने क्षेत्रवासियों की ओर से जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में अवगत कराया है कि रामपुर से प्रानपुर होते हुये सैदनगर टाण्डा क्षेत्र को जाने के लिये कोसी नदी पर प्रानपुर पुल बना हुआ है। जिसका एप्रोच मार्ग विगत वर्ष कोसी नदी में आई बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त है। वर्तमान समय में नदी एप्रोच मार्ग के बराबर से होकर बह रही है। जो बरसात में नदी का जलस्तर बढ़ जाने पूरी तरीके से कट जायेगा। जिससे लाखो लोगो का सम्पर्क जिला मुख्यालय से कट जायेगा। जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने बताया कि बरसात के मौसम में उत्तराखण्ड राज्य की पहाड़ियो पर भारी वर्षा हो रही है, जिससे कई लाख क्यूसेक पानी रामनगर बैराज आदि से कोसी नदी में छोड़ा जा सकता है, जिससे नदी का जलस्तर बढ़ जायेगा। प्रानपुर, बैंजना आदि गांवो में भयंकर ताबाही आ जायेगी। नदियों में जलस्तर बढ़ जाने से बाढ़ का पानी गरीबो के मकान व किसानो की हजारो हेक्टेयर एकड़ फसलो को बर्बाद कर देगी है।

विगत वर्ष आई बाढ़ के कारण कोसी नदी ने जहॉ एक ओर किसानो की फसलो को बरबाद किया, वही दूसरी ओर सैदनगर क्षेत्र में प्रानपुर पुल के एप्रोच मार्ग को भी काटना शुरू कर दिया था, लेकिन क्षेत्रवासियो व प्रशासन की मदद से मिट्टी के कट्टो व लकड़ी के माध्यम से एप्रोच मार्ग को बचा लिया गया, लेकिन फिर भी कोसी नदी ने एप्रोच मार्ग को 50 प्रतिशत काट दिया था। जो वर्तमान समय में भी क्षतिग्रस्त है। रामपुर से टाण्डा क्षेत्र को जाने के लिये दो ही मार्ग है, जिसमें एक तोपखाना रामपुर से प्रानपुर पुल होते हुये सैदनगर मार्ग व दूसरा रामपुर से लालपुर के आस्थायी पुल होते हुये मार्ग। लालपुर में कोसी नदी पर पुल निर्माण का कार्य चल रहा है।

और आस्थायी पुल भी बरसात में बन्द हो गया है। टाण्डा क्षेत्र के लाखो लोग प्रानपुर पुल से ही होकर गुजर रहें हैं। यदि समय रहते लोक निर्माण विभाग ने इस मार्ग पर पत्थर पीचिंग कार्य नही किया, तो बरसात में यह एप्रोच मार्ग पुरी तरीके से कट जायेगा। और लाखो लोगो का सम्पर्क जिला मुख्यालय से कट जायेगा। ज्ञापन पर शकील पाशा, बाबू पाशा, मोहम्मद यासीन पाशा, हारून प्रधान, लियाकत अली, कामरान, इकबाल पंच, मोहम्मद अहसान, तालिब अली, तुर्क शाहनवाज एडवोकेट, हसनैन अहमद, कलुआ अंसारी के हस्ताक्षर है।

# संक्षिप्त समाचार

## एम्बुलेंस में दिया महिला ने बच्चे को जन्म

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। सुल्तानगंज क्षेत्र में 108 इमरजेंसी एम्बुलेंस में गूंजी बच्चे की किलकारी जच्चा जगतपुरा की शालिनी ने–बच्चे को जन्म दिया दोनों सुरक्षित हॉस्पिटल में भर्ती कराये गये। जनपद मैनपुरी में 102,108 एम्बुलेंस सेवा की परिजनों द्वारा सराहना की जा रही जिला प्रोग्राम मैनेजर सचिन वर्मा के कुशल निर्देशन में ईएमटी पायलट प्रसूताओं को आकस्मिक चिकित्सा से लाभान्वित करा रहे सुने जा रहे, जिसमें जच्चा–बच्चा दोनों परिजनों के बीच स्वस्थ मिल रहे इस एम्बुलेंस सेवा की काफी सराहना हो रही है। जीवनदायिनी 108 एम्बुलेंस सेवा बृहस्पतिवार एक बार फिर जच्चा–बच्चा की जीवनरक्षा करने में सफल रही,जनपद मैनपुरी के ब्लाक सुल्तानगज क्षेत्र में रहने वाली शालिनी प्रसूता महिला प्रसव पीड़ा से तड़प रही थी उसे एम्बुलेंस सेवा की तत्काल जरूरत थी कॉल सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस के पायलट और ईएमटी उनके घर बताये स्थान पर पहुंच गये।

अस्पताल ले जाते समय बीच राह में ही ईएमटी को परिस्थिति देखते हुये महिला का प्रसव रास्ते मे कराना पड़ा। इस सम्बंध में जानकारी देते हुये इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन आलोक कुमार और पायलट सजीव कुमार ने बताया कि उन्हें 108 के कॉल सेंटर से सूचना दी गई कि जनपद मैनपुरी के ग्राम सुल्तानगज ब्लाक के जगतपुरा में रहने वालीं शालिनी को प्रसव पीड़ा हो रही है और उन्हें जल्द से जल्द एम्बुलेंस सेवा की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि यह सूचना मिलते ही वे प्रसूता के घर पहुंच गये। वे महिला को लेकर अस्पताल की ओर चल दिये हालांकि बीच राह में ही महिला शालिनी की प्रसव पीड़ा बढ़ गई। ऐसे में ईएमटी आलोक कुमार ने एम्बुलेंस को रास्ते में रोककर महिला का परिजनों की उपस्थित में सुरक्षित तरीके से प्रसव करवा दिया। जांच करने पर पता चला कि जच्चा–और बच्चा दोनों ही पूरी तरह स्वस्थ हैं इसके बाद ईएमटी ने जच्चा–बच्चा को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुल्तानगज भर्ती करा दिया। इस संबंध में ईएमटी ने कहा कि 102,108 एम्बुलेंस सेवा की परिजनों ने जमकर सराहना की। वहीं एम्बुलेंस सेवा प्रदाता संस्था के जिला प्रभारी शिवम सिंह और प्रोग्राम मैनेजर सचिन वर्मा ने बताया कि 108 सेवा पूरी तरह से निःशुल्क है और महिलाओं व दो साल तक के बच्चों के लिए 24 घंटे इमरजेंसी उपलब्ध होती है और हमारे एम्बुलेंस स्टाफ इसके लिए प्रशिक्षित होते हैं।

## चैंपियन जगा रहे टीबी के प्रति जागरुकता की अलख

• ताजगंज स्थित नगर निगम इंटर कॉलेज में एक हजार छात्रों को टीबी के बारे में किया जागरूक, एंटी स्टिग्मा अभियान की भी शुरूआत की

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। टीबी को मात देकर पूरी तरह स्वस्थ होने वाले अब दूसरों को इस बीमारी से जल्द से जल्द निजात दिलाने में जुटे हैं। जिला क्षय रोग विभाग और वर्ल्ड विजन संस्था के साथ टीबी चौंपियन के रूम में काम कर रहे इनलोगों नेशुक्रवार को ताजगंज स्थित नगर निगम इंटर कॉलेज में एक हजार छात्रों को टीबी के प्रति जागरुक किया । इसके साथ ही टीबी के प्रति समाज में फैली भ्रांतियों को भीदूर किया।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सीएल यादव ने बताया कि टीबी एक संक्रामक रोग है। यह ट्युबरकुलोसिस बैक्टीरिया से होती है। टीबी दो तरह की होती है। फेफड़ों की टीबी और शरीर के अन्य अंगों की टीबी। ज्ञात हो कि बालों और नाखूनों को छोडकर टीबी शरीर के किसी भी अंग में हो सकती है द्य इसमें केवल फेफड़ों की टीबी संक्रामक होती है। उन्होंने बताया कि टीबी का उपचार पूरी तरह संभव है। जिला पीपीएम समन्वयक कमल सिंह ने बताया कि टीबी के उपचार के लिए सरकार की ओर से जांच से लेकर दवाएं सब मुफ्त हैं। उन्होंने बताया कि के मरीज को इलाज के दौरान दवाओं के साथ–साथ पोषण और भावनात्मक सहयोग भी जरूरी है। इसलिए टीबी की दवा के साथ–साथ पोषण का भी ध्यान रखना चाहिए और परिवार व समाज के लोगों को टीबी मरीजों का भावनात्मक सहयोग करना चाहिए। उन्होंने मरीजों को बताया कि टीबी की दवा नाश्ते के बाद ही लें। मरीज सुबह नाश्ते के बाद ही दवा खायें। वर्ल्ड विजन संस्था के जिला समन्वयक युनुस खान ने बताया कि बच्चों को लंबे समय से खांसी आना,खांसते हुए पसीना आना, बुखार रहना, थकावट होना, वजन घटना, सांस लेने में परेशानी जैसे लक्षण हों तो यह टीबी हो सकती है। टीबी चौंपियन नरेंद्र सिकरवार ने बताया कि ऐसे में नजदीक के टीबी यूनिट पर इसकी मुफ्त जांच की सुविधा उपलब्ध है। यहां पर मरीज की स्क्रीनिंग की जाती है। इसके बाद जांच की जाती है। यदि टीबी की पुष्टि होती है तो मुफ्त उपचार की सुविधा है। उन्होंने बताया कि टीबी के मरीज को दवा को बीच में नहीं छोड़ना चाहिए, नियमित दवा का सेवन करने से टीबी ठीक हो जाती है। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल

अशोक वर्मा और स्टाफ मौजूद रहा।

बताए गए टीबी को पहचानने के लक्षण :

दो हफ्ते से अधिक समय से खांसी आना, टीबी सबसे ज्यादा फेफड़ो को प्रभावित करती है, इसलिए शुरुआती लक्षण खांसी आना है।

पसीना आना

बुखार का बने रहना

थकावट होना

वजन घटना

सांस लेने में परेशानी।

## एसडीएम ने हाइवे के कांवड़ मार्ग का किया निरीक्षण, एनएचआई अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। सावन माह की कावड़ यात्रा और मुस्लिम पर्वमोहर्रम को लेकर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर है जिससे शासन के मंसूबों पर पलीता ना लगे इसी के तहत अफसरों ने हाइवे से गुजरने वाले कांवड़ियों के मार्गो का बारीकी से निरीक्षण किया उबड़ खाबड़ रास्तों को लेकर एनएचआई के अधिकारियों को तत्काल मार्ग दुरुस्त करने के निर्देश दिए! प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ का फरमान है सावन माह में गंगा तटों से जलाभिषेक करने को निकले कावड़ियों के जत्थे को मार्गों में कोई अवरोध पैदा ना हो उन्हें सड़क बिजली पानी समेत सुविधाएं मुहैया कराई जाए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहे जिससे किसी खुराफात का जन्म ना हो इसी के तहत उप जिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह,

कोतवाल राजेश कुमार ने हाइवे से गुजरने वाले कांवरियों के मार्गों का बारीकी से निरीक्षण किया और छिटपुट बारिश के दौरान उबड़ खाबड़ मार्ग देखकर उप जिलाधिकारी का पारा चढ़ गया उन्होंने तत्काल एनएचआई के अधिकारियों को मौकेपर बुलाकर कांवड़ मार्ग को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए अन्यथा शासन के कोप के शिकार होना पड़ेगा जो प्रशासन को मंजूर नहीं क्योंकि पुलिस प्रशासन सावन माह के चारों सोमवार को अग्नि परीक्षा में खरा उतर कर 100 में से 100 नंबर लेने की फिराक में है।

## पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन मे चार अभियुक्त और एक अभियुक्ता को किया गिरफ्तार

• अभियुक्तो के कब्जे से लूट के कुल रू 8,49,000/– व चार तमन्चा मय कारतूस बरामद

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चंद्रप्रकाश

आगरा। थाना कोतवाली को सूचना दी गयी कि मैं गुजरात का मूल निवासी हूं तथा वर्तमान में वंशीधर अग्रवाल का मकान तिवारी गली रावतपाड़ा थाना कोतवाली जनपद आगरा में एम0एन0 कोरियर कार्यालय में कार्यरत हूँ। मेरे साथ 1–सनी, 2 सहदेव, 3–क्रिपाल व सिकन्दर भी काम करते हैं। आज दोपहर के समय मेरे कार्यालय पर मुंह पर काला मास्क लगाये हुए चार बदमाश आये और असलाह से फायर करते हुए हम पर तमंचा तान दिया और हम लोगों के मुँह सेलोटेप से बांध दिये हमको मारने की धमकी देते हुए 10 लाख रू0 मेरे कार्यालय एवं ऊपर के कमरे से 30 लाख लेते हुए कुल 40 लाख रूपये लूट लिये। इस दौरान पैसे कोरियर करने के लिए आये एक अन्य ग्राहक से भी पैसे छीन लिये और शटर बन्द कर भाग गये।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मु0,पंजीकृत किया गया। उपरोक्त संवेदनशील घटना की सूचना पर तत्काल श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, आगरा जोन, आगरा, श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, आगरा परिक्षेत्र, आगरा, श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद आगरा द्वारा मौका मुआयना किया गया एवं घटना के सफल अनावरण व संलिप्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में, क्षेत्राधिकारी कोतवाली के सफल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली सहित अन्य टीमों को गठित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस टीमों द्वारा घटना के सफल अनावरण हेतु सीसीटीवी, लोगों से पूछताछ मुखबिर आदि सूचना के विभिन्न माध्यमों द्वारा तलाश की जा रही थी। पुलिस टीम को सीसीटीवी के माध्यम से मोटरसाइकिल व गाड़ी के नम्बर प्राप्त हुआ और अभियुक्तगण की तलाश की गयी। दिन 26 जुलाई को पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त दो अभियुक्ता सहित कुल पॉच को गिरफ्तार किया गया, जिनसे लूट के कुल रू 4,00,000ध्– व एक तमंचा मद एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामदगी हुई है। पुलिस टीम का विवरणरू1. प्रभारी निरीक्षक सुभाषचन्द्र पाण्डेय, 2. निरीक्षक कुलदीप दीक्षित प्रभारी एसओजी, 3. निरीक्षक श्री प्रेमपाल सिंह, 4. उ0नि0 श्री कुशलपाल सिंह, 5. उ0नि0 मोहित सिंह, 6. मु0आ0 वीरेन्द्र सिंह, मुआ सूर्यप्रताप सिंह, मु0आ0 आशीष शुक्ता, आ0 विपिन, आ0 लोकेश कुमार, आव मुकुल शर्मा, आ0 वसीम अकरम, आ0 राकुल, आ0 मानवेन्द्र उपाध्याय एसओजी, 7. आव विजयपाल सर्विलांस, 8. आ0 दीपक राणा, आ0 अतेन्द्र कुमार, आ0 अमित पाल, म0आ0 भावनापाल थाना कोतवाली जनपद आगरा।

## आगरा के ताज नगरी में 250 ख्याति प्राप्त जादूगर आ रहे हैं, 30 व 31 को होगा मैजिक शो

• माथुर वैश्य महासभा भवन पंचकुइयां आगरा पर, सम्मेलन में जादू प्रतियोगिता, कर किया जाएगा जागरूक

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। ताज नगरी में 30, 31 जुलाई 2022 को माथुर वैश्य महासभा भवन पंचकुइयां आगरा पर होने जा रहा ताज मैजिक फेस्टिवल 2022 में पूरे भारत देश से लगभग 250 ख्याति प्राप्त जादूगर भाग लेने आ रहे हैं।

इस सम्मेलन में जादू प्रतियोगिता के अलावा जादू टीचिंग आम पब्लिक के लिए बाला सो होगा। जादू को ललित कला की श्रेणी में रखने की सरकार से मांग व जादू शो को बनाने के लिए वित्तीय सहायता देने के एक विज्ञापन तैयार कर सरकार को दिया जाएगा। कोविड–19 से गुजरे लोगो के बाद उत्तर प्रदेश आगरा शहर में पहला ताज मैजिक कन्वेंशन जुलाई 2022 में होने जा रहा है। इस सम्मेलन में जादूगरों को ताज मैजिक उपाधि व लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड भी प्रधान किए जाएंगे बही सम्मानित भी होंगे।

## खेरागढ़ से समाज सेवी दीपक उपाध्याय द्वारा समाज के प्रति प्रेरणा दी

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

खेरागढ़। समाज सेवी दीपक उपाध्याय द्वारा समाज को प्रेरणा दी क्या नाचने गाने को विवाह कहते हैं, क्या दारू पीकर हुल्लड़ मचाने को विवाह कहते हैं, क्या रिश्तेदारों और दोस्तों को इकट्ठा करके दारु की पार्टी को विवाह कहते हैं ? डीजे बजाने को विवाह कहते हैं, नाचते हुए लोगों पर पैसा लुटाने को विवाह कहते हैं, घर में सात आठ दिन धूम मची रहे उसको विवाह कहते हैं? दारू की 20–25 पेटी लग जाए उसको विवाह कहते हैं ? किसको विवाह कहते हैं? विवाह उसे कहते हैं जो बेदी के ऊपर मंडप के नीचे पंडित जी मंत्रोच्चारण के साथ देवताओं का आवाहन करके विवाह की वैदिक रस्मों को कराने को विवाह कहते हैं। लोग कहते हैं कि हम आठ 8 महीने से विवाह की तैयारी कर रहे हैं और पंडित जी जब सुपारी मांगते हैं तो कहते हैं अरे वह तो भूल गए जो सबसे जरूरी काम था वह आप भूल गए विवाह की सामग्री भूल गए और वैसे तुम 10 महीने से विवाह की कोनसी तैयारी कर रहे हैं।

विवाह – नहीं साहब आप दिखावे की तैयारी कर रहे हो कर्जा ले लेकर दिखावा कर रहे हो हमारे ऋषियों ने कहा है जो जरूरी काम है वह करो । ठीक है अब तक लोगों की पार्टियां खाई है तो खिलानी भी पड़ेगी ठीक है समय के साथ रीति रिवाज बदल गए हैं मगर दिखावे से बचे। मैं कहना चाहता हूं आज आप दिखावा करना चाहते हो करो खूब करो मगर जो असली काम है जिसे सही मायने में विवाह कहते हैं वह काम गौण ना हो जाऐ, 6 घंटे नाचने में लगा देंगे, 4 घंटे मेहमानो से मिलने में लगा देंगेश, 3 घंटे जयमाला में लगा देंगे, 4 घंटे फोटो खींचने में लगा देंगे और पंडित जी के सामने आते ही कहेंगे पंडितजी जी जल्दी करो जल्दी करो , पंडित जी भी बेचारे क्या करें वह भी कहते है सब स्वाहा स्वाहा जब तुम खुद ही बर्बाद होना चाहते हो तो पूरी रात जगना पंडित जी के लिए जरूरी है क्या उन्हें भी अपना कोई दूसरा काम ढूंढना है उन्हें भी अपनी जीविका चलानी है, मतलब असली काम के लिए आपके पास समय नहीं है। मेरा कहना यह है कि आप अपने सभी नाते, रिश्तेदार, दोस्त ,भाई, बंधुओं को कहो कि आप जो यह फेरों का काम है वह किसी मंदिर, गौशाला, आश्रम या धार्मिक स्थल पर किसी पवित्र स्थान पर करें। जहां दारू पीगई हों जहां हड्डियां फेंकी गई हों क्या उस मैरिज हाउस उह पैलेस कंपलेक्स मैं देवता आएंगे, आशीर्वाद देने के लिए, आप ह्रदय से सोचिए क्या देवता वहां आपको आशीर्वाद देने आऐंगे, आपको नाचना कूदना, खाना–पीना जो भी करना है वह विवाह वाले दिन से पहले या बाद में करे मगर विवाह का कोई एक मुहूर्त का दिन निश्चित करके उस दिन सिर्फ और सिर्फ विवाह से संबंधित रीति रिवाज होने चाहिए , और यह शुभ कार्य किसी पवित्र स्थान पर करें। जिस मै गुरु जन आवें, घर के बड़े बुजुर्गों का जिसमें आशीर्वाद मिले। आप खुद विचार करिये हमारे घर में कोई मांगलिक कार्य है जिसमें सब आये और अपने ठाकुर को भूल जाऐं अपने भगवान को भूलजाऐं अपने कुल देवताओं को भूलजाये। मेरा आपसे करबद्ध निवेदन है कि विवाह नामकरण अन्य जो धार्मिक उत्सव है वह शराब के साथ संपन्न ना हो उन में उन विषय वस्तुओं को शामिल ना करें जो धार्मिक कार्यों में निषेध है ।

## पुलिस ने नकली दूध बनाने की फैक्ट्री पर छापा मारकर कर दो सगे भाइयों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया, 70लीटर मिलावटी दूध बरामद

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। औंछा थाना क्षेत्र के ग्राम बल्लमपुर में मिलावटी दूध तैयार किया जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दूध की फैक्ट्री पर छापेमारी की तो वहां मिलावटी दूध बनता मिला। मौके से 70 लीटर मिलावटी दूध बरामद किया गया।

18 पैकेट रिफाइंड, सोयाबीन ऑयल, 9 पैकेट सफेद ग्लूकोज पाउडर भी मिला। पानी में इन वस्तुओं का घोल तैयार कर जो दूध तैयार हो रहा था वह आसपास के इलाकों में सप्लाई किया जा रहा था। मौके से दो भाइयों की गिरफ्तारी भी पुलिस ने की है।

शुक्रवार को औंछा थाना प्रभारी राजीत वर्मा पुलिस बल के साथ

गश्त पर थे। तभी उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बल्लमपुर में रीमन पुत्र रामभरोसे अपने भाइयों के साथ मकान के बाहरी कमरे में दूध की डेयरी चलाता है। लेकिन वहां मिलावटी दूध तैयार किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने खाद्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके वर्मा, राजीव कुमार की टीम को भी मौके पर बुला लिया और मौके पर जाकर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 9 पैकेट ग्लूकोज, 70 लीटर मिलावटी दूध, इलेक्ट्रिक ग्राइंडर, इलेक्ट्रिक कांटा, 18 पैकेट रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, 10 पैकेट खाली सोयाबीन ऑयल पैकेट बरामद किए गए।

## भतीजे की पत्नी को घायल करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजें

अयोध्या टाइम संवाददाता

भुता। पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम ककरा कला में रुपयों के लेन–देन के पीछे अपने सगे भतीजे की पत्नी को लाठी–डंडों से मारपीट कर घायल करने वाले दो आरोपियों को को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। गुरुवार देर शाम को ग्राम ककरा कला में कुछ रुपयों के लेन–देन के पीछे दोनों पक्षों में कहासुनी व गाली गलौज हुई, बाद में लियाकत अली, तथा इकबाल ने अपने भतीजे मिट्ठू अली की पत्नी सितारा बेगम को लाठी–डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसकी रिपोर्ट थाना भुता में दर्ज कराई गई। आज शुक्रवार पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। इसके अलावा पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम अंगदपुर खमरिया निवासी अमित कुमार तो भी शांति भंग किए जाने की आशंका में गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

# कृषि मंत्री के विधान सभा में धड़ल्ले से संचालित है मजबूर लोगों के साथ चिकित्सा

• अवैध अस्पताल बने लुटखसोट और मरीजों के जीवन से खिलवाड़ करने का अड्डा

• जनपद के पथरदेवा ब्लाक में धड़ल्ले से संचालित है अवैध अल्ट्रासाउंड और पैथोलॉजी सेंटर

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

देवरिया। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय की लापरवाही कहे या नोडल अधिकारी की धन उगाही मे संलिप्तता, कही न कही से गरीब मरीजों के शोषण और लापरवाही व अनट्रेंड अल्ट्रासाउंड और पैथोलॉजी पर कार्य करने वालों के द्वारा सही रिपोर्ट ना देने के कारण कही जच्चा की, तो कही बच्चे की मौत की खबर आती रहती है। अवैध नर्सिंग होम मे मरीज की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन कुम्भकरणी निद्रा से जागता है, जांच बैठाकर अपने दायित्वों की इतिश्री कर लेता है। जांच वर्षो चलती है। जहां परिजनों द्वारा चिकित्सक के द्वारा मांगी गयी रकम की आधी तत्काल जमा करा दिया जाता है वहीं रकम मिलने के बाद ऑपरेशन किया जाता है और बाद में बता दिया जाता है कि बच्चे की मौत हो गयी है।

आपको बताते चलें कि जनपद के पथरदेवा में शिवम अल्ट्रासाउंड और अनुभव पैथोलॉजी के अलावा किसी के पास कोई टेक्निकल कार्य नही कर रहे है, लेकिन सीएमओ कार्यालय के उदासीनता तब देखने को मिला एक स्टार पैथोलॉजी पर कोई डीएमएलटी नहीं है और सीएमओ कार्यालय के रहमो पर धड़ल्ले से संचालित है। बताया जाता है उक्त पैथोलॉजी पर सीएमओ कार्यालय के कर्मचारी सिर्फ खानापूर्ति करके चले जाते है। ग्रामीणों ने बताया कि इस पैथोलॉजी के रिपोर्ट से कई मरीज प्रभावित हुए हैं लेकिन सीएमओ कार्यालय आज तक कोई कार्यवाही नहीं किया है। स्टार पैथोलॉजी के संचालक मुर्तुजा ने बताया कि मैं पेशे से पत्रकार हूं अब सवाल ये उठता है कि एक आदमी दो लाभ कैसे उठा सकता है।

इसके अलावा संचालक इमरान सिद्दीकी द्वारा हैल्थ केयर डाइग्नोस्टिक सेंटर चलाया जा रहा है। जानकारों ने बताया कि संचालक की डिग्री भी संदेह के घेरे में है और जिस डॉक्टर इरशाद अहमद के नाम पर डाइग्नोस्टिक सेंटर संचालित किया जा रहा वो कभी आते भी नहीं हैं। इमरान सिद्दीकी खुद एक विवादित व्यक्ति है लेकिन सीएमओ कार्यालय में अच्छी खासी पकड़ होने के कारण धडल्ले से अवैध कारोबार चला रहे है। कुछ लोगों ने बताया कि डॉक्टर इरशाद अहमद के नाम पर एक क्लिनिक का रजिस्ट्रेशन कराने के फिराक में हैं। संचालक इमरान सिद्दीकी अल्ट्रासाउंड का सीएमओ कार्यालय में रजिस्ट्रेशन नही कराए हैं लेकिन वो धडल्ले अल्ट्रासाउंड कर रहे है। इस फर्जी कार्य में भी सीएमओ कार्यालय लिप्त है।

अभी हाल ही में बरहज स्थित काशीनाथ अस्पताल में मरीज की तबियत लगातार बिगड़ती रही और नर्सिंग होम के चिकित्सक इलाज करते रहे। जब इसकी तबियत ज्यादे खराब होने लगी तो उसको दूसरे अस्पताल मे इलाज के लिए भेज दिया गया। भेजने से पहले परिजनों से बाहर से लायी गयी दवाओं को छोड़कर बिल जमा करने को कहा गया । जब परिजनों से संचालक ने कहा जो जमा करना है करो और अपने मरीज को यहाँ से ले जाओ। परिजनों ने रुपये जमा करके अपने मरीज को दूसरे अस्पताल मे भर्ती कराया। यहाँ भी परिजनों से रुपये लेकर इलाज करने के बाद सुधार न होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां बेहोशी की हालत मे भर्ती मरीज का इलाज चिकित्सको द्वारा किया गया था।

चिकित्सक असीम पंजीकरण हो बंद : निजी अस्पतालो के पंजीकरण में ऑन काल चिकित्सको के आधार पर जो रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है, यही मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने का कारण बन गए है। कोई भी आदमी अस्पताल खोलकर किसी भी एमबीबीएस चिकित्सक की डिग्री लगाकर पंजीकरण करा लेता है अमुक चिकित्सक मेरे यहाँ ऑन कॉल चिकित्स्कीय सेवा प्रदान करते है। जबकि हकीकत की अगर जांच किया जाय तो ऑनकॉल वाले डाक्टर साहब दूसरे जनपद मे निवास करने वाले होते है। दूसरी बात मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ बिना ऐनेस्थेटिक की मौजूदगी में होने वाले ऑपरेशन के द्वारा किया जाता है कि जनपद मे गिनती के ऐनेथेस्टिक है जबकि हर नर्सिंग होम मे ऑपरेशन होते है। ऑपरेशन करने वाला चिकित्सक ही मरीज को बेहोशी की दवा दे देता है जो कभी कभी जानलेवा हो जाता है। इस मरीज के साथ मे भी ऐसा हुआ हो, इससे इंकार नही किया जा सकता है। इसकी भी जांच होनी चाहिए।

बोले सीएमओ, जल्द होगी कार्यवाही

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ने कहा कि जनपद में अवैध रूप से संचालित हो रहे क्लिनिक एवं हेल्थ लैब एण्ड डायग्नोस्टिक सेंटर और स्टार पैथोलॉजी पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध को अनदेखा नहीं किया जायेगा। उन्होंने ने कहा कि मामला मिडिया के माध्यम से संज्ञान में आया है मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी और अस्पताल के संचालक कई तरह का खेल कर रहे है। उनको सरकार के नियमों के अनुरूप कार्य नहीं करने दिया जायेगा।

## केसीएमटी के कैंपस 2 में स्पेशल हरियाली तीज महोत्सव आज

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। हाईवे स्थित पीजीआई ग्रुप द्वारा संचालित केसीएमटी कैंपस 2 में हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम के तहत 30 जुलाई को मनाया जाएगा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित केसरपुर के निकट पीजीआई ग्रुप द्वारा संचालित केसीएमटी कैंपस 2 मैं प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भीस्पेशल तीज महोत्सव आज कार्यक्रम के तहत मनाया जाएगा विद्यालय प्रबंधन की भी पूरी भागीदारी रहेगीप्रतिभागी छात्राओं ने कार्यक्रम में चार चांद लगाने के लिए पृष्ठभूमि तैयारकर ली है जिसमें तीज क्वीन का भी चयन किया जाएगा कार्यक्रम की जानकारी विद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रवीण रस्तोगी ने दी।

## आकाशीय बिजली गिरने से बकरी चराने गए 12बर्षीय बालक और बकरी की झुलस कर हुई मौत, परिजनो में मचा कोहराम

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। जनपद के थाना एलाऊ क्षेत्र के गांव धाऊ में गुरूवार की शाम अचानक मौसम खराब हो गया और बरसात शुरु हो गई गांव का एक 12 वर्षीय बालक बकरी को लेकर पेड़ के नीचे बैठ गया। अचानक तेज आवाज के साथ बिजली बालक पर गिरी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बकरी भी झुलस कर मर गई। एलाऊ क्षेत्र के गांव धाऊ निवासी भारत सिंह का 12 वर्षीय पुत्र रतनेश बृहस्पतिवार की दोपहर खेत में बकरी चराने के लिए गया था। शाम के समय तेज बारिश शुरू हो गई, खुले मैदान में तेज रोशनी के साथ बिजली कड़कती देख रतनेश एक नीम के पेड़ के नीचे बैठ गया। बकरी को उसने पेड़ से बांध दिया। अचानक रतनेश पर

बिजली गिर गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पेड़ से बंधी बकरी भी मर गई। पास ही दूसरे पेड़ के नीचे बैठे ग्रामीण ने नजारा देखा तो कांप उठे। बालक के परिजन को सूचना दी। रोते बिलखते परिजन पहुंचे और बालक को चिकित्सक के पास ले गए। यहां उसे मृत घोषित कर दिया। प्रशासनिक अधिकारी जांच करने पहुंचे। बिजली गिरने की वजह से 12 साल के रतनेश की मौत के बाद माता–पिता का रो–रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि रतनेश की मां नेत्रों से देख नहीं पाती हैं। बेटे की मौत की खबर ने उसे तोड़ कर रख दिया है। उसके आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। भारत सिंह के पास छह माह का पुत्र रह गया है। माता–पिता को ग्रामीण ढांढस बंधा रहे हैं।

# फरीदपुर में अवैध मेडिकल की भरमार, स्वास्थ्य विभाग बना है लाचार

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। विभागीय अनदेखी के चलते नगर में अवैध मेडिकल संचालकों की भरमार है लेकिन स्वास्थ्य विभाग के कान पर जूं नहीं रेंग रही जबकि मेडिकल संचालक प्रिंट रेट पर दबा विक्रीकर मरीजों के तीमारदारों की जेबपर खुलेआम डाका डाल रहे हैं और लाखों की कमाई करने में जुटे हैं! स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही नगर वासियों के अलावा मरीजों के तीमारदारों को नासूर बनी हुई है जिनमें नगर के झोलाछाप और फर्जी मेडिकल संचालकों की भूमिका संदिग्ध है क्योंकि नगर के गली मोहल्लों में अवैध मेडिकल संचालकों की भरमार दिखाई दे रही है जबकि लाइसेंस धारकों की संख्या ना के बराबर है फिर भी विभाग कान में तेल डाले बैठा है सूत्रों के मुताबिक अवैध अस्पताल धारक एवं मेडिकल

संचालक आपस में चोली दामन का साथ रखते हैं डॉक्टर भी मरीजों को दवा लिखता है तो उसे कमीशन वाले मेडिकल पर भेजा जाता है मेडिकल संचालक मरीज के तीमारदार की जेब पर डाका डालकर अवैध डॉक्टरों को मोटी कमाई कराने में जुटे हैं बता दे नगर फरीदपुर 25 वार्ड में विभाजित है यहां झोलाछाप डॉक्टरों के फर्जी अस्पतालों के अलावा फर्जी मेडिकल संचालकों की बल्ले बल्ले हो रही है स्वास्थ्य विभाग का फर्जीवाड़ा नगर वासियों को रास नहीं आ रहा क्योंकि विभागीय कार्रवाई सफेदपोश के आगे धड़ाम हो जाती है पूर्व में भी सीएचसी अधीक्षक ने नगर के कई झोलाछाप और फर्जी डॉक्टरों पर शिकंजा कसना चाहा लेकिन सफेदपोश बीच में आड़े आ गए और फर्जीवाड़े का संचालन शुरू हो गया कई एक अल्ट्रासाउंड सेंटर फर्जी डॉक्टर सील किए लेकिन सब व्यर्थ गए क्योंकि 4 दिन बाद विभागीय सील या तो फर्जी झोलाछाप ने तोड़ दी या सफेदपोश ने संरक्षण देकर विभाग पर दबाव डाल दिया जिससे उन्हें क्लीन चिट मिल गईवही बीसलपुर रोड मुख्य बाजार स्टेशन रोड बुखारा रोड के अलावा गली कूचे फर्जी मेडिकल से डगमगा रहे हैं फिर भी स्वास्थ्य विभाग लाचार बना हुआ है।

# फार्म भरने को लेकर महिला पहुंची विद्यालय गांव के ही युवक ने की हाथापाई पीड़िता ने की शिकायत

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। हसेरन क्षेत्र के गांव मे प्राइमरी पाठशाला में महिला बच्चे के साथ विद्यालय पहुंची। विद्यालय में परीक्षा फॉर्म भरने को लेकर महिला अपने बच्चे के साथ विद्यालय पहुंची। अध्यापक ने अभिभावक से दस्तावेज जमा करने की बात कही। गांव की ही युवक ने महिला के साथ अभद्रता कर हाथापाई कर दी । महिला ने इसकी शिकायत थाने पहुंचकर लिखित प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। हसेरन विकासखंड क्षेत्र के करी ग्राम पंचायत के प्राइमरी पाठशाला में गांव की ही रुचि पाल पत्नी धर्मेंद्र पाल अपने 5 वर्षीय बच्चे अविरल के साथ विद्यालय में वजीफा फॉर्म के लिए गई हुई थी। विद्यालय पहुंचने के बाद गांव की ही युवक गुड्डन सिंह पुत्र राज्यपाल चोरी चुपके विद्यालय पहुंच गया। महिला के साथ अभद्रता से पेश आने लगा। जब अध्यापकों ने इसका विरोध किया तो वह महिला के पास जाकर हाथापाई करने लगा। हाथापाई करते समय उसका एक वीडियो वायरल हो गया। जिस वीडियो में महिला के ऊपर हाथ उठता दिखाई दे रहा है। पीड़ित महिला ने थाने पहुंचकर लिखित प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़िता ने जानकारी देते हुए बताया हम घर पर अकेली रहती हैं करीब 4 माह से यह हमें परेशान कर रहा है। हमारे पति मुंबई में ऑटो चला कर घर परिवार का भरण पोषण करते हैं। हम कहीं निकलते हैं तो आए दिन यह हमें धमकी देता रहता है। हमारा जीना मुश्किल कर रखा है। हमारे साथ अभद्रता से पेश आता रहता है। हमारा घर से निकलना दूबर हो गया है। आज तो हद ही पार हो गई जब हम विद्यालय पहुंची तो पीछे से युवक विद्यालय पहुंच गया। हमारे साथ अभद्रता कर मारपीट कर दी। जान से मारने की धमकी देकर वहां से फरार होने की बात कही।

# मिड डे मील वितरण में घोटाला, जांच की मांग

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुनील कुमार गुप्ता

बहराइच। जरवल में बच्चों के मिड डे मील में घोटाला किए जाने की शिकायत की गई है। शिकायत कर्ता ने उपजिलाधिकारी को पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है। जरवल विकास खण्ड ग्राम रेवढा निवासी श्याम विहारी ने उपजिलाधिकारी कैसरगंज को पत्र भेजकर बच्चों का खाद्यान्न खुले बाजार में बेंच देने का आरोप लगाया है।शिकायती पत्र में 21 मार्च से 21 अक्टूबर 21 तक रेवढा ग्राम पंचायत के स्कूल के बच्चों का खाद्यान्न गबन कर खुले बाजार में बेंच दिए जाने की शिकायत की गई है।शिकायत पर बीईओ जरवल और पूर्ति निरीक्षक ने जांच शुरू कर दी है।बीईओ जरवल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय से अभिलेख तलब किया गया है।रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेज दिया जाएगा।

# ढाई वर्षीय बालक की पानी के गड्ढे में गिरने से मौत, सूचना के बाद भी नहीं पहुचे क्षेत्रीय लेखपाल

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज। हसेरन क्षेत्र के सुखसेनपुर गांव मे मंगलवार देर शाम ढाई वर्षीय बालक की गड्ढे में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही घर परिवार में कोहराम मच गया। घर के लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी थी। माता पिता ने अपने बच्चे का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया था। वहीं इसकी सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को भी दी गई थी 4 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर नहीं पहुंचे। गांव निवासी आलोक उम्र ढाई वर्ष पुत्र आशीष कुमार की बीते 4 दिन पहले पानी भरे गड्ढे में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। चार भाई–बहनों में तीसरे नंबर का

था। 4 माह की सबसे छोटी बहन है। माता–पिता झुग्गी झोपड़ी मे मेहनत मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। मंगलवार दोपहर 5:00 बजे करीब झोपड़ी से करीब 100 मीटर दूरी पर बने गड्ढे में पानी भरे होने से बच्चा अचानक गिर गया। पानी में गिरने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही घर परिवार में कोहराम मच गया। 4 दिन पहले ही इसकी सूचना क्षेत्रीय लेखपाल दी गई थी। लेकिन आज तक क्षेत्रीय लेखपाल ने पहुंचकर कोई भी कार्यवाही नहीं की है। ढाई वर्षीय बच्चे के माता–पिता ने जानकारी देते हुए बताया क्षेत्रीय लेखपाल भूपेंद्र दिवाकर आज तक मेरे पास नहीं आए हैं। इस संबंध में क्षेत्रीय लेखपाल से बात की तो बताया आज दोपहर में गया था उनके घर के लोग घर पर नहीं थे। जबकि घर के लोगों ने जानकारी देते हुए बताया 4 दिन से हम कोई भी कार्य करने नहीं जा रहे हैं हम अपने बच्चों के साथ घर पर ही रह रहे है।

# अस्थाई गोवंश स्थल पर लगाई गई नेपियर घास की पौधशाला

शास्त्र तिवारी ब्लॉक रिपोर्टर अयोध्या टाइम्स पयागपुर

पयागपुर बहराइच। उत्तर प्रदेश सरकार ने गोवंश स्थल पर पर नेपियर घास लगाने के लिए निर्देश दिए हैं जिससे गौशाला में रहने वाले पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था हो सके और पशु स्वस्थ हो जाएं क्योंकि इस घास को खाने से पशु स्वस्थ रहते हैं तथा कभी भी पशु बीमार नहीं पड़ते हैं जिसके लिए जिला प्रशासन पूर्ण रूप से जहां–जहां गौशाला बना हुआ है वहां वहां पर नेपियर घास आरोपित करने के लिए उप जिला अधिकारी को निर्देशित कर दिया है। इसी क्रम में पयागपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत

पहड़वा में अस्थाई गोवंश स्थल पर नेपियर घास की पौधशाला लगा करके की गई है प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा , पशु चिकित्सक डॉ हेमंत सिंह के नेतृत्व में पशुओं के लिए नेपियर घास आरोपित करके चारे की व्यवस्था की जा रही है जिससे पशु कभी भूखे नहीं रहेंगे व नेपियर घास आरोपित करने में मनरेगा श्रमिक भी मौजूद रहे।

# धोखा - राउंड डी कॉर्नर फिल्म में आर.माधवन, अपारशक्ति खुराना, दर्शन कुमार और खुशहाली कुमार नजर आएंगे कूकी गुलाटी की यह फिल्म 23 सितंबर को होगी रिलीज




दैनिक अयोध्या टाइम्स

मुंबई। सुशिलाजीत साहनी मुंबई पावरहाउस स्टार कास्ट आर. माधवन, अपारशक्ति खुराना, दर्शन कुमार और खुशहाली कुमार के साथ बहुप्रतीक्षित फिल्म ने सभी को आकर्षित किया है। सस्पेंस ड्रामा का अनाउंसमेंट वीडियो आउट हो गया है और जिसने हम सभी को काफी प्रभावित हैं। फिल्म ने पहले दिन से ही हमारी इंटरेस्ट को बढ़ा रखा है और इस फिल्म के साथ खुशाली कुमार अपना बॉलीवुड डेब्यू कर रहीं हैं। निर्माताओं द्वारा जारी किए गए इस वीडियो ने हमारे उत्साह को बढ़ा दिया है और यह फिल्म आप शुरू से अंत तक लोगों की रुचि बनाए रखेगी। धोखा – राउंड डी कॉर्नर एक बहु–दृष्टिकोण वाली पेसी फिल्म है, जो आपको सिनेमाघरों की ओर आकर्षित करेगी। एक अरबन कपल के एक दिन की जिंदगी पर आधारित ट्विस्ट और टर्न से भरपूर इस सस्पेंस ड्रामा फिल्म में सभी किरदारों के ग्रे शेड्स देखने को मिलेंगे। एक दिन आपका जीवन बदल सकता है और धोखा दर्शकों को यह सोचने पर मजबूर कर देगा कि क्या सच है और क्या झूठ।

गुलशन कुमार और टी–सीरीज प्रस्तुत करते हैं टी–सीरीज फिल्म्स प्रोडक्शन की फिल्म धोखा–राउंड डी कॉर्नर। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, धर्मेंद्र शर्मा और विक्रांत शर्मा द्वारा निर्मित इस फिल्म का निर्देशन कूकी गुलाटी ने किया है। यह फिल्म 23 सितंबर को सिनेमा घरों में रिलीज की जाएगी।

# पांच साल तक के 1.86 लाख बच्चों को मिलेगी विटामिन-ए की खुराक

• विटामिन ए की कमी बच्चों को बना सकती है अन्धेपन का शिकार : डा.गीतम सिंह

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और रतौंधी सहित अन्य बीमारियों से बचाने के लिए जिले में विटामिन ए की छमाही खुराक देने के लिए सम्पूरण कार्यक्रम का पहला चरण तीन अगस्त से शुरू होकर 30 अगस्त तक चलेगा। कार्यक्रम के तहत नौ से पांच वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जायेगी। विटामिन 'ए' की कमी से बच्चों में नजर का कमजोर होना, रात्रि के समय कम दिखाई देना, अंधेपन का शिकार हो जाना, रूखी आंख, रूखी त्वचा और त्वचा से संबन्धित समस्या हो सकती है। इसकी कमी से बचपन में होने वाली दस्त और कुपोषण जैसी आम बीमारियां भी जानलेवा हो सकती हैं।

इन सभी कमियों को पूरा करने के लिए बच्चों को विटामिन ए की खुराक देना बेहद आवश्यक है। यह कहना है जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.गीतम सिंह का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विनोद कुमार ने बताया कि विटामिन ए वसा में घुलनशील विटामिन है। जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।इसलिए सभी माता–पिता जिनके बच्चे नौ माह से लेकर पांच वर्ष के हैं, उनको विटामिन ए की खुराक अवश्य पिलाएं ताकि वह स्वस्थ और पोषित रह सकें। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जनपद में नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को प्रत्येक बुधवार व शनिवार को नियमित टीकाकरण के साथ विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी ।जनपद में करीब 1,86,995 बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य है। इसमें 9 से 12 माह के 10,995 , एक से दो वर्ष के 41,242 एवं दो से पांच वर्ष तक के करीब 1,34,806 बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी। विटामिन ए की खुराक देने के लिए हर बच्चे के लिए अलग डिस्पोजेबल चम्मच का प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बच्चों में विटामिन ए की कमी को दूर करना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है । इसलिए लक्ष्य को पूरा करने में सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिले में विटामिन ए की शत–प्रतिशत खुराक बच्चों को पिलाने के लिए आशा एवं आंगनबाड़ी के द्वारा शहर एवं गांव के प्रत्येक घर को चिह्नित किया जाएगा।

# विकास खण्ड शिवपुर ग्रामसभा मोघरिया चौराहे पर झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा अवैध रूप से चलाया जा रहा अस्पताल

• गरीब लोगों के जानकी परवाह किए बगैर लूटा जा रहा पैसा, विभाग बना मौन

दैनिक अयोध्या टाइम्स शिवपुर बहराइच। विकासखंड शिवपुर के अंतर्गत ग्राम सभा मोंघरिया चौराहे पर झोलाछाप डॉक्टर चला रहे अवैध नर्सिंग होम जोकि आए दिन लोगों की जिंदगी से कर रहे खिलवाड़ ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंचे मीडिया कर्मी तो मौके पर डॉक्टर अपना नर्सिंग होम छोड़कर हुए फरार जब मीडिया कर्मी नर्सिंग होम के अंदर गए तो देखा गया की ग्लूकोज की बोतलें इंजेक्शन आईवी सेट काफी मात्रा में ब्लड लगा हुआ गांजा था जिससे और काफी इसपाएर दवाई भी मिली जिससे आए दिन बीमारी फैलने का काफी खतरा है और कंपाउंडर से पूछताछ करने पर पता चला कि यह नर्सिंग होम बिना लाइसेंस के अवैध तरीके से चल रहा है जिसका कोई लाइसेंस नहीं इतना ही नहीं डॉक्टर लाइक ने अपने मोबाइल नंबर पर एम एल सिद्दीकी बी ए एम एस लिखा हुआ है और पैड पर भी अवैध तरीके से यही फर्जी डिग्री छपवा या है जिसमें डिग्री दिखाई जा रही है ।

जो डिग्री उसके पास नहीं है और सबसे बड़ी बात तो यह है कि डॉक्टर लाइक पंचायत मित्र भी हैं जो सरकार के कार्य योजना में भी कार्य कर रहा है जो सरकार का कार्य ना करते हुए अपना नर्सिंग होम चला रहा है ऐसे पंचायत मित्र रखने से क्या फायदा और बताते चलें कि नर्सिंग होम के अलावा कई मेडिकल मोंघरिया में अवैध तरीके से चल रहे हैं जोकि उन मेडिकल में कोरेक्स अल्फरा टेबलेट और कई नशीली चीजें भी बिक्री की जाती है जो कि

अब देखना यह है कि माननीय मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी जी के इतने सख्त निर्देश के बाद झोलाछाप डॉक्टर चला रहे नर्सिंग होम जिनको जरा से भी खौफ नहीं है शासन व प्रशासन का जनपद बहराइच के स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से ऐसे अवैध डॉक्टर चौराहों पर फर्जी तरीके से फल फूल रहे हैं जो कि देखना या होगा कि इन अवैध नर्सिंग होमओ को लेकर शासन और प्रशासन क्या एक्शन लेती है।

# आबकारी निरीक्षक निरीक्षण करने पहुचे बन कर ग्राहक

• आबकारी विभाग द्वारा लिया गया कड़ा एक्शन

• पहुंचे ग्रामीण क्षेत्रों में बीयर के ठेकों की दुकानों पर और किया औचक निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स

थाना सुजौली, जनपद बहराइच

संवादाता मोतीपुर रोशनी तिवारी। पूरा मामला ग्राम सभा चफरिया का है जहां बीयर की ठेके की दुकान चल रही है आबकारी निरीक्षक मिहिपुरवा मोतीपुर आदित्य कुमार द्वारा किया गया औचक निरीक्षण इस दौरान आबकारी विभाग के आबकारी निरीक्षक आदित्य कुमार एक ग्राहक बनकर बियर की दुकान का औचक निरीक्षण करने पहुंचे और दुकानदार से मांगा एक बीयर किंग फिशर जिसका मूल्य पूछने पर दुकानदार ने बताया कि बियर का मूल्य 120 है आबकारी विभाग का एक्शन देख दुकान दार की आखे खुली रह गयी अपनी टीम के साथ अग्रिम कार्यवाही हेतु आबकारी विभाग आगे बढ़ी और थाना सुजौली क्षेत्र में चल रहे शराब के ठेके की दुकानों पर और बीयर की दुकानों पर औचक निरीक्षण किया।

# जन सहयोग से लगा सीसीटीवी कैमरा, अपराध व अपराधियों पर रहेगी नजर

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। हसेरन कस्बा के खढनी रोड पर

स्थित देसी शराब ठेका के पास सीसीटीवी कैमरा लगवाया गया। सभी लोगों के सहयोग से लोगों ने चंदा कर बिजली के पोल पर सीसीटीवी कैमरा लगा दिया। हसेरन चौकी प्रभारी राहुल शर्मा के निर्देशन पर सुरक्षाकर्मी रवि शंकर ने पहुंचकर बिजली कर्मचारी बुलाकर सीसीटीवी कैमरा लगवाया। जानकारी देते हुए बताया अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण रखने के लिए तेराहे चौराहे पर सीसीटीवी कैमरा लगवाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बसालतपुर में चोरी की घटना को अंजाम देकर चोरों ने पुलिस को दी खुली चुनौती

दैनिक अयोध्या टाइम्स कर्नलगंज गोंडा। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बसालतपुर में बीते बुधवार की रात्रि चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी है। घटना के संबंध में पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बसालतपुर की है। यहां के निवासी अमरेश कुमार चतुर्वेदी ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि उनके

बरामदे में दो साइकिल व बोरियों में भरा गेहूं रखा था। बुधवार की रात्रि चोर उनके यहां पहुंचे और दोनों साइकिल व गेंहू चोरी कर ले गए हैं। उन्होंने चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका वहीं प्रभारी कोतवाल शादाब आलम ने बताया कि मामला संज्ञान में है और प्रकरण की जांच हल्का दरोगा अजय सिंह कर रहे हैं ।

### भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए शिव भक्तकरा रहे रुद्राभिषेक

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुनील कुमार गुप्ता बहराइच। सावन में शिव भक्त कांवड़ यात्रा, जलाभिषेक तथा शिव मंदिरों में रुद्राभिषेक करा कर भगवान शिव को प्रश्न कर रहे है। शिव मंदिर में शिव भक्तों का जमावड़ा लगा रहता है। सोमवार के दिन क्षेत्र के शिव मंदिरों में भक्तों का हुजूम देखने को मिलता है। मान्यता है कि सावन में भगवान भोले का पूजन अर्चन करने से भक्तों की कष्ट दूर हो जाते हैं और उनकी मन मांगी मुराद पूरी होती है। कैसरगंज

तहसील क्षेत्र के लखनऊ बहराइच हाइवे परसेंडी स्थित माता भगवती कुंज आश्रम के शिव मंदिर में भक्तों का जमावड़ा लगा रहता है शिव भक्त भगवान शिव का जलाभिषेक कर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। इस मंदिर में रुद्राभिषेक कराने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मंदिर के व्यवस्थापक लाडली प्रसाद वर्मा ने बताया कि उपजिलाधिकारी कैसरगंज महेश कुमार कैथल ,जितेन्द्र प्रताप सिंह, अमर सिंह, अनिल कुमार यादव, सुरेश कुमार, संतोष कुमार तिवारी ,वीरेश कुमार सिंह, विजय कुमार साहू समेत दो दर्जन से अधिक लोगों ने शिव मंदिर में रुद्राभिषेक कराया है। श्री वर्मा ने बताया कि रुद्राभिषेक कराने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनचाही मुराद पूरी होती है।

# ग्राम प्रधान, कोटेदार, स्कूल मास्टर हड़प कर रहे बच्चों के एमडीएम का राशन, प्रशासन बना मौन

• बच्चो ने प्रदर्शन कर जताया विरोध, प्रशासन से किया कार्यवाही की मांग

दैनिक अयोध्या टाइम्स नानपारा बहराइच। जनपद बहराइच के तहसील नानपारा अंतर्गत ग्रामसभा माघी में स्कूली बच्चों में वितरण होने वाला एमडीएम का राशन नही बाट रहे हैं प्रधान, कोटेदार, व स्कूल मास्टर। बच्चे व उनके माता पिता जब कोटेदार के यहाँ एमडीएम का राशन लेने के लिए जाते हैं तो कोटेदार बोलता हैं चप्पल से मारता है और कहता है आगे से हमे राशन प्राप्त नहीं होता तो मैं कहा से दू। प्रधान के पास जाते हैं तो वे कहतें हैं कि अभी नही मिलेगा, जब मुझे समय मिलेगा तब दिया जायेगा,, जबकि कोटेदार भोला खां ने बताया है कि अक्टूबर 2021 तक 44 कुंटल 40 किलो गेहूं और 90 कुंटल 16 किलो चावल तथा जनवरी से अभी तक 39 कुंटल 40 किलो गेंहूँ तथा 35. 25 कुंतल चावल का उठान किया गया है, जिसे प्रधान अच्छान खान और स्कूल मास्टर ने अपने यहां उठवा लिया है, मेरे पास उसकी रिसीविंग उपलब्ध नहीं है,, बच्चे वा उनके घर वाले बच्चों के एमडीएम का राशन न मिलने से काफी हताश व परेशान हैं, इस पर प्रशासन भी बना हुआ है मौन। आज ग्रामीणों ने बच्चों के राशन न मिलने पर कोटेदार के घर पर जाकर किया प्रदर्शन तथा माघी से चल कर पहुंचे एसडीएम कार्यालय प्रशासन से इस संबंध में कार्यवाही की मांग करते हुए आरोप लगाया है कि स्कूली बच्चों को विद्यालय से एमडीएम राशन के लिए पिछले महीने में ही पर्ची दे दी गई थी। और तब से

लगातार कोटेदार और प्रधान के घरों का चक्कर काट रहे हैं किंतु अभी तक स्कूल के बच्चों का राशन नहीं दिया गया है। तब तहसीलदार व बीईओ बल्हा ने आए हुए सभी लोगों को अश्वासन देते हुए कहा कि 2दिन में आप लोगों को राशन प्राप्त हो जायेगा,, बच्चो का आरोप प्रधान,कोटेदार, स्कूल मास्टर बंदर बांट कर रहे हैं। और अब स्कूली बच्चों के राशन को अपनी दबंगई से वितरण करने में आनाकानी कर रहे हैं।,, आखिर योगीराज में ऐसा कब तक होता रहेगा,, क्या ऐसे तानाशाह प्रधानों, कोटेदार, स्कूल मास्टर पर योगी बाबा का हंटर चलेगा अथवा ऐसे ही करते रहेंगे मनमानी।

# नेवादा व झिंगहा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर हुई बैठक

दैनिक अयोध्या टाइम्स तजवापुर बहराइच। शुक्रवार को तेजवापुर क्षेत्र के नेवादा व झिंगहा हेल्थ एंड वेलनेस सेटर पर त्रिपल ए प्लस सी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीएचओ ने एएनएम आगंनबाडी, आशा,संगिनी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में सीएचओ ने आशा कार्यकर्ताओं की आशा डायरी,डीयू लिस्ट का अभिलेख चेक किया। और सी बैक फार्म, आभा आईडी,व टीकाकरण के बारे में जानकारी दी। सीएचओ ने आशा कार्यकर्ताओं को सी बैक फार्म भरने का तरीका बताया। सीएचओ ने बताया कि सभी एएनएम,आशा, आगंनबाडी,संगनी को मीटिंग एजेंडा के बारे में बताया। मीटिंग एजेंडा संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहन देना।कुपोषित बच्चों को आईडेंटिफाई करके उनके

पोषण के लिए पूर्ण व्यवस्था करवाना। मच्छरों के द्वारा फैलने वाली बीमारी की जानकारी लोगों तक पहुंचाना।इस मौके पर सीएचओ भानू दीक्षित,पलकदीप सक्सेना ,एएनएम अंजनी कुमारी, ब्यूटी कुमारी,अमिता,एलएचबी विद्यावती,संगिनी सीमा चौधारी, आशा कुसुम,सत्यभामा, संगीता,माला,पूजा,अंजनी,गर्गी ,गुडिया,आंगनबाडी सुनीता,माया ,ओमा के साथ अन्य लोग भी मौजूद रही।

# भूजल प्रबंधन को लेकर करनैलगंज में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ निशी तिवारी कर्नलगंज गोंडा। गुरुवार को नगर कर्नलगंज के कन्हैया लाल इंटर कालेज के सभागार में केंद्रीय भूमि जल बोर्ड उत्तरीय क्षेत्र लखनऊ के तत्वावधान में भूजल प्रबंधन पर जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कालेज के प्रधानाचार्य डीपी मौर्य ने कहा कि जल संरक्षण हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। जल ही जीवन है, जल है तो कल है, जल के बिना जीवन संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जल की बर्बादी इसी तरह होती रही तो जल आने वाली पीढ़ी के लिए सबसे बड़ी समस्या होगी। इसके बारे में सभी को अभी से ही सोचने की जरूरत है। एनसीसी मेजर/शिक्षक राजाराम, नरेंद्र बहादुर सिंह, अमित श्रीवास्तव ने भी जल संरक्षण पर विस्तार से अपने विचार रखे। वैज्ञानिक अमितोष व डॉ. फखरे आलम ने जल संरक्षण के उपाय, गुणवत्ता व प्रदूषित जल से होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया। अंत में कालेज परिसर में पौध भी रोपित किए गए। डॉ. आरडी सिंह, संजय यादव, शिव कुमार पाठक, अदीप सिंह, संतोष पांडेय, एनसीसी व स्काउट के प्रतिभागियों सहित भारी संख्या में छात्र–छात्राएं मौजूद रहीं।

# शौच के लिए जा रही महिला से हुआ दुष्कर्म

• कई दिनों से लगा रही है थाने का चक्कर फिर भी नही लिखी गई एफ आई आर

दैनिक अयोध्या टाइम्स पयागपुर बहराइच। पयागपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरा पदारथ की महिला करीब 4:30 बजे सुबह अपने घर से शौच हेतु अपने घर से पश्चिम मायाराम के खेत जा रही थी। पीछे से विपक्षीगण छोटकऊ यादव पुत्र मालिकराम, अजीत तिवारी, राहुल तिवारी पुत्रगण घनश्याम तिवारी निवासीगण ग्राम पिपरा पदारथ, थाना–पयागपुर, जनपद बहराइच लाठी–डण्डा, हथियार से लैस होकर आ गये और प्रार्थिनी का मुँह साध कर प्रार्थिनी को जबरन गन्ने के खेत में उठा ले गये और प्रार्थिनी के साथ अश्लील हरकत करते हुए प्रार्थिनी के कपड़े फाड़ दिये तथा प्रार्थिनी को माँ–बहन की बुरी बुरी गालियां दी व जान से मार देने की धमकी देते हुए लाठी–डण्डा, लात मुक्का, घूसा से मारा तथा गमछा से गला साधकर बलात्कार करने की नियत से उठाकर जमीन पर पटक दिया। चाकू से प्रार्थिनी का गला काट लेने कहकर कोशिश करने लगे। प्रार्थिनी के शोर पर गवाहान एवं प्रार्थिनी का पति व राममनोहर मौके पर पहुंच कर घटना देखी तथा प्रार्थिनी की जान व इज्जत बचाई. मौका गवाहान व प्रार्थिनी के पति सत्यदेव के आ जाने पर विपक्षीगण जान से मार कर खत्म कर देने की धमकी देते हुए चले गये। विपक्षीगण उपरोक्त के मारने–पीटने से प्रार्थिनी को काफी चोटें आयी है। प्रार्थिनी ने घटना के सम्बन्ध में स्थानी थाने पर प्रार्थना पत्र दिया। परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई, न ही चिकित्सीय परीक्षण कराया। प्रार्थिनी महिला है विपक्षीगण काफी सरकश व दबंग अय्यास किस्म के व्यक्ति है। पत्नी श्री सत्यदेव यादव का कहना है कि हमे कही से भी न्याय नहीं मिला है।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट में दो महिलाएं घायल

लालगंज रायबरेली । कोतवाली लालगंज क्षेत्र के कोड़रा मजरे मेरुई गांव में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई है ।मिली जानकारी के अनुसार सहन की जमीन के विवाद को लेकर राकेश व संगीता ने अपने विपक्षी राखी और राजरानी को मारपीट कर घायल कर दिया ।घटना में घायल दोनों महिलाओं ने लालगंज पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया है। पुलिस ने दोनों घायलों का मेडिकल करा कर जांच शुरू कर दी है।

### मार-पिटाई के मामले में दो सगे भाईयों को सजा

चित्रकूट। मां–बेटे को पीटकर बेहोष करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी दो सगे भाइयों को सजा सुनाई है। जिसमें दोनों आरोपियों को तीन वर्ष सश्रम कारावास के साथ 12000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि कर्वी कोतवाली में बीती 7 मई 2020 को जगदीष गंज निवासी आषीष वर्मा पुत्र वैकुंठ नाथ वर्मा ने मोहल्ले के ही सतीष पटेल व पवन उर्फ रज्जा पटेल पुत्र संतोष के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आषीष के अनुसार घटना के समय उसका भाई अमित सोनी व मां जनक दुलारी घर में बैठे थे। इस दौरान पूर्व में हुए झगडे की बात को लेकर मोहल्ले के ही रहने वाले सतीष पटेल और पवन उर्फ रज्जा पटेल ने गाली–गलौच करते हुए पत्थर, लाठी व लोहे की सरिया से अमित पर हमला कर दिया। बचाव में आने पर मां जनक दुलारी को भी पीटा। पिटाई से गम्भीर चोटें आने से दोनों जमीन पर गिरकर बेहोष हो गये। इसके बाद हमलावरों ने उनकी चार पहिया गाडी भी तोड दी और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी सतीष पटेल व पवन पटेल उर्फ रज्जा के विरूद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद चित्रकूट के सत्र न्यायाधीष विष्णु कुमार शर्मा ने निर्णय सुनाया। जिसमें धारा 308, 504 व 506(2) के तहत दोष सिद्ध होने पर दोनों आरोपियों को तीन–तीन वष सश्रम कारावास और 12–12 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण कुमार सिंह तथा उनकी टीम द्वारा ग्राम बिहरवां से अभियुक्त चुन्नीलाल पुत्र चुनकउवा निवासी बिहरवां थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना सरधुवा में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारी के दौरान आरक्षी वेदप्रकाश, बब्बूराजा आदि मौजूद रहे।

## प्रशिक्षण शिविर के जरिए संगठन को धार देगी भाजपा

चित्रकूट ब्यूरो। भाजपा का तीन दिवसी प्रषिक्षण षिविर धर्मनगरी में शुक्रवार से शुरू हो गया। जिसमें संगठन को मजबूत करने एवं केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार–प्रसार करने पर जोर दिया गया। प्रषिक्षण षिविर में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधा मोहन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'बीज से बाजार तक' की अप्रोच से देश के कृषि क्षेत्र में बड़े बदलाव आए हैं।

बीते आठ वर्षों में भारतीय कृषि ने सफलता के नए मानदंड स्थापित किए हैं। किसानों को तमाम तरह के जोखिमों से सुरक्षित रखने, आमदनी बढ़ाने, सटीक सूचनाएं देने और उन्हें कृषि उत्पादों का उपयोग करने वाली इकाइयों से जोड़ने पर सरकार का फोकस रहा है। इन कदमों से भारत में कृषि का आधुनिकीकरण हुआ और किसानों की आय में लगातार बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि पीएम कृषि सिंचाई योजना से सिंचाई का क्षेत्र बढ़ा और वर्षा जल पर किसानों की निर्भरता कम हुई तथा रिकॉर्ड उत्पादन से सरकारी खरीद में बढ़ोतरी हुई है, जिससे किसानों की आमदनी में अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिली। यही नहीं, डीबीटी के जरिए दी जाने वाली आर्थिक सहायता लगातार बढ़ने से किसानों को बिचौलियों की अवैध वसूली और कमीशनखोरी से मुक्ति मिली है। 2019 में सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि की शुरुआत की और किसानों के खाते में हर साल 6000 रुपये कैश ट्रांसफर सुनिश्चित किया। नियमित रुप से किस्तों में मिलने वाली इस सहायता ने छोटे किसानों को भी अच्छी गुणवत्ता वाले सामान खरीदने, जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ाने और अपनी आय में वृद्धि करने के अवसर दिए तथा कई तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से छोटे किसानों को नेचुरल और ऑर्गेनिक फार्मिंग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इससे उत्पादन की लागत कम हुई है और कृषि से आय बढ़ी है। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन और कई तरह के संकटो से निपटने में भी उन्हें मदद मिल रही। देश के सभी कृषि बाजारों को ई–एनएएम के माध्यम से आपस में जोड़ने से न सिर्फ पारदर्शिता आई है, बल्कि कृषि बाजारों में प्रतियोगिता भी बढ़ी है। इससे न केवल किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य मिल रहा है, बल्कि कीमतों में अचानक उतार–चढ़ाव से उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण भी हो रहा है।

इसी क्रम में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद तथा पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने वाले केंद्रीय मंत्री एवं उत्तर प्रदेश राज्य के मंत्रीगण, उप मुख्यमंत्री आदि पार्टी पदाधिकारियों के आगमन एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बस स्टॉप बेड़ी पुलिया में बनाए जा रहे हेलीपैड का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ को निर्देश दिए कि इस कार्य को तत्काल पूरा कराएं तथा चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में बने हेलीपैड को भी ठीक कराया जाए और साफ–सफाई दोनों हेली पैड में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी के माध्यम से सफाई कर्मियों को लगाकर कराया जाए। इसी प्रकार जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने आयोजित प्रदेश प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम स्थल में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा डियूटी में लगे पुलिस बल को अपने–अपने प्वाइंट पर मौजूद रहकर सतर्कतापूर्वक डियूटी करने के लिए निर्देश दिये।

## अवैध तमंचा, कारतूस व गांजे के साथ एक गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त रामशरण निषाद उर्फ मैकू पुत्र सीताराम निवासी रानीपुर भट्ट को तमंचा व कारतूस तथा 1 किलो 450 ग्राम सूखा गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। अवैध सूखा गांजा बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली एनडीपीएस एक्ट व अवैध तमंचा व कारतूस बरामदगी के सम्बन्ध में आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है ।

गिरफ्तारी के दौरान आरक्षी पीयूषशरण श्रीवास्तव, गोलू भार्गव, शिवम राजपूत आदि मौजूद रहे।

## परिषदीय विद्यालय को संवारने का राही बीडीओ ने उठाया बीड़ा

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य

• बीडीओ ने गोद लिए परिषदीय स्कूल पूरे जमुनिया का किया निरीक्षण

राही,रायबरेली। परिषदीय विद्यालयों की स्थिति बेहतर हो सके और विद्यालय संवर सके इसके लिए यूपी सरकार ने अधिकारियों से गोद लेने के लिए कहा है। सरकार की मंशा के अनुरूप विद्यालयों को संवारने का काम अधिकारियों ने काम शुरू कर दिया है। शुक्रवार को खण्ड विकास अधिकारी राही जितेंद्र प्रताप सिंह ने अपने गोद लिए विद्यालय में पहुंचकर वहां के शैक्षणिक माहौल को जाना और साथ विद्यालय में चल रहे कायाकल्प कार्यक्रम की भी स्थिति जानी। बीडीओ राही जितेंद्र प्रताप सिंह शुक्रवार को बीईओ राही बृजलाल के साथ में पूरे जमुनिया पहुँचे और वहां पर बच्चों के पढ़ाई के माहौल को बहुत ही गहनता से समझा और बच्चों से हालचाल पूछा। बीडीओ राही ने प्रत्येक कक्षा में जाकर छात्रों की शिक्षा गुणवत्ता को परखा। उन्होंने शिक्षकों से भी विद्यालय में बेहतर से बेहतर काम करने और शिक्षा गुणवत्ता को सुधारने पर जोर दिया। कक्षा एक से लेकर पांच तक के बच्चों से कुछ सवाल पूछे, जिसका बच्चों ने आसानी के साथ में जवाब दिया। प्रधानाध्यापिका प्रीति वर्मा से उन्होंने शैक्षणिक माहौल के साथ ही कायाकल्प के चल रहे काम के बारे में जानकारी ली। बीडीओ राही ने विद्यालय को बेहतर बनाने और बेसिक शिक्षा विभाग के 19 पैरामीटर पर फीट बैठाने के लिए विद्यालय में शेष बचे काम को भी जल्द पूरा कराने के लिए कहा। उन्होंने बच्चों को आश्वासन दिया कि जल्द ही यहां पर शेष बचे काम पूरे हो जाएंगे। इस दौरान विद्यालय में नामित कुल 67 बच्चों के सापेक्ष 48 बच्चे उपस्थित रहे।

## आईपीएस अंकित मित्तल समेत दर्जनभर पुलिसकर्मियों के विरुद्ध दर्ज हुआ हत्या का मामला

चित्रकूट। लगभग सवा साल पूर्व हुई मुठभेड के मामले में न्यायालय के आदेष पर बहिलपुरवा थाने में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज हुआ है। इस मामले में मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर तत्कालीन पुलिस अधीक्षक समेत दर्जनभर पुलिस कर्मियों के विरूद्ध गम्भीर धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अधिवक्ता राजेन्द्र यादव ने बताया कि बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के पडवनिया गांव की निवासी नथुनिया पत्नी स्व भालचन्द्र ने न्यायालय में धारा 156(3) के तहत प्रार्थना पत्र दिया था। नथुनिया के अनुसार एसटीएफ के उप निरीक्षक अमित कुमार, संतोष कुमार सिंह, एचसी उमाषंकर, आरक्षी भूपेन्द्र सिंह, षिवानन्द शुक्ला, चित्रकूट जिले की स्वाट टीम प्रभारी श्रवण कुमार सिंह, उप निरीक्षक अनिल कुमार साहू, एचसी रईष खान, आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, राहुल यादव, बहिलपुरवा थाने के उप निरीक्षक दीनदयाल सिंह, उनके हमराही रामकेष कुषवाहा, तत्कालीन पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल समेत तीन चार अज्ञात लोगों ने बीती 31 मार्च 2021 को उसके पति भालचन्द्र को सतना से लौटते समय मोटरसाइकिल से गिरा दिया और गाडी से ले गये। उसी दिन शाम 7 बजे मुठभेंड में उसकी मौत होना दर्षा दिया गया। मृतक की पत्नी का आरोप था कि पति भालचन्द्र के शव को देखने से स्पष्ट नजर आ रहा था कि उसके साथ क्रूरतम व्यवहार कर उसकी हत्या की गयी है। इस मामले में न्यायालय ने प्रार्थना पत्र स्वीकार कर लिया था। प्रार्थना पत्र के आधार पर बहिलपुरवा थाने में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक समेत दर्जनभर पुलिस कर्मियों के विरूद्ध धारा 147, 148, 149, 323, 324, 341, 364, 396 और 302 के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

## बाहर से भारी संख्या में पशु लाकर आश्रय केंद्र में छोड़ने को लेकर ग्रामीणों ने किया हंगामा

अल्ताब अहमद, शिवगढ़,रायबरेली। पशु आश्रय केंद्र बेड़ारु में भारी संख्या में इकट्ठा हुए किसानों ने जमकर हंगामा किया। किसानों की हंगामे की सूचना पर भारी तादाद में पुलिस मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों बताया बाहर से 5 पिकअपों में भरकर मवेशी छोड़ने के लिए गौशाला लाया गया। गुरुवार की शाम करीब 6 बजे छुट्टा मावेसियों से भरे 5 पिकअप जैसे ही पशु आश्रय केंद्र बेडारू पहुंचे वैसे ही इसकी भनक गांव के किसानों को लग गई। गांव के किसान भारी संख्या में इकट्ठा हो गए, गांव के लोगों को इकट्ठा होने की सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंच गई। गांव के लोगों का आरोप है कि गांव में 300 से अधिक छुट्टा मवेशी घूम रहे हैं उनको इस पशु आश्रय केंद्र में नहीं रखा गया। बाहरी गांव के लोग पशुओं को लेकर यहाँ क्यों आए हैं। समाचार लिखे जाने तक कृषक विरोध कर रहे थे। गांव के लोगों का कहना है कि जब तक इन पशुओं को वापस नहीं ले जाया जाएगा तब तक हम लोग यहां से नहीं जाएंगे। अगर इन पशुओं को इस पशु आश्रय केंद्र में रखा गया तो गांव में जो छुट्टा मावेशी घूम रहे हैं उनको कहां रखा जाएगा। पशु आश्रय केंद्र के बाहर भारी तादाद में पुलिस बल तैनात है। इंचार्ज थाना प्रभारी मनोज कुमार यादव ने बताया कि जहां से यह पशु आए हैं वहां पर इन पशुओं को वापस भेजा जाएगा।

तब जाकर ग्रामीण शांत हुए समाचार लिखे जाने तक भारी संख्या में ग्रामीण व पुलिस बल मौजूद रहा।

प्रधान पति विनोद कुमार ने बताया कि 155 पशुओं की क्षमता इस पशु आश्रय केंद्र की है जबकि वर्तमान में 195 पशु हैं। कहां से इन पशुओं को लाया गया इस बारे में नहीं बता सकते हैं। लेकिन अधिकारियों से बात हुई है जो बाहर से पशु आए हैं इनको वापसी के लिए पिकअप पर लोड किया जा रहा है।

## माता अंबिका जी मंदिर में विश्व हिन्दू परिषद् प्रखंड सरेनी की बैठक सम्पन्न

लालगंज रायबरेली। जिला उपाध्यक्ष दीपू शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित विश्व हिन्दू परिषद् सरेनी ब्लाक की बैठक में संगठन को विस्तार देते हुए जिला मंत्री नीरज ने हमीरगांव निवासी तेज तर्रार संगठनकर्ता सुबोध को सरेनी प्रखंड का अध्यक्ष, पंकज को मंत्री और रामखेडा के नीरज कुमार को बजरंग दल का प्रखंड संयोजक मनोनीत किया। इस अवसर पर अवध प्रांत सेवा विभाग के श्याम नारायण ने कहा कि जिले में सेवा प्रकल्प द्वारा वंचित समाज की समस्यायों का समाधान किया जायेगा ।बैठक में युवा शक्ति के साथ साथ जिले के धर्माचार्य प्रमुख रजनू पाल सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे । विश्व हिंदू परिषद के संगठन मजबूती को लेकर लोगों का कहना है कि कांग्रेस के गढ़ में विहिप की सक्रियता बढ़ना अकारण नहीं है । कुछ समय से क्षेत्र में हिन्दूओं का धर्म परिवर्तन गुप चुप तरीके से हो रहा है जिसको लेकर विहिप विशेष कार्ययोजना तैयार कर रही हैं । नवीन संगठन का कार्य एवं प्रभाव कुछ समय में दिखाई देगा।नवीन दायित्वधारियों को जिला अध्यक्ष अजय जी पांडेय ,सह मंत्री पंकज रावत ,जिला कार्याध्यक्ष रूपेश अवस्थी, बजरंग दल के जिला संयोजक योगेन्द्र आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

## वरिष्ठ आईएएस डॉ देवेश चतुर्वेदी के पिता का निधन क्षेत्र में शोक की लहर

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य रायबरेली। शोकसभा आयोजित सरोजनी सदन रायबरेली में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ देवेश चतुर्वेदी के पिता श्री दिनेश चंद्र चतुर्वेदी का सोमवार को निधन हो गया वह 99 वर्ष के थे श्री दिनेश चंद्र चतुर्वेदी लोक निर्माण विभाग में मुख्य अभियंता और सेतु निगम विभाग में मुख्य अभियंता और सेतु निगम के प्रबंध निर्देशक पद पर रहते हुए कई बड़ी ऊंचाइयों प्रदान की उनके निधन से समूचा रायबरेली जनपद शोक की लहर दौड़ गई सरोजनी सदन रायबरेली के परिवार के द्वारा 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी इस अवसर पर दिवंगत,श्री सूर्यकांत मिश्र के पुत्र पंकज मिश्र व रामसुमेर एवं उनका समस्त परिवार रायबरेली के प्रबुद्ध वर्ग ने 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## वरिष्ठ आईएएस डॉ देवेश चतुर्वेदी के पिता का निधन क्षेत्र में शोक की लहर

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य रायबरेली। शोकसभा आयोजित सरोजनी सदन रायबरेली में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ देवेश चतुर्वेदी के पिता श्री दिनेश चंद्र चतुर्वेदी का सोमवार को निधन हो गया वह 99 वर्ष के थे श्री दिनेश चंद्र चतुर्वेदी लोक निर्माण विभाग में मुख्य अभियंता और सेतु निगम विभाग में मुख्य अभियंता और सेतु निगम के प्रबंध निर्देशक पद पर रहते हुए कई बड़ी ऊंचाइयों प्रदान की उनके निधन से समूचा रायबरेली जनपद शोक की लहर दौड़ गई सरोजनी सदन रायबरेली के परिवार के द्वारा 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी इस अवसर पर दिवंगत,श्री सूर्यकांत मिश्र के पुत्र पंकज मिश्र व रामसुमेर एवं उनका समस्त परिवार रायबरेली के प्रबुद्ध वर्ग ने 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## दस्तक अभियान : बीमारियों से बचाव के दिए जा रहे टिप्स

• 16 जुलाई से चल रहे अभियान के दौरान चिन्हित किये गए 250 मरीज

अल्ताब अहमद, रायबरेली। जिले में 16 जुलाई से दस्तक अभियान चलाया जा रहा है । इसके तहत आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर–घर पहुँचकर बुखार, टीबी के मरीजों और कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर रही हैं । इस दौरान अब तक 250 मरीज चिन्हित किये गए, जिनका उपचार शुरू कर दिया गया है । इसके साथ ही स्वच्छता अभियान के जरिये साफ–सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है । यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह ने दी । जिला मलेरिया अधिकारी (डीएमओ) भीखुल्लाह ने कहा कि दस्तक अभियान का मुख्य उद्देश है कि लोगों को बीमारियों से सुरक्षित बनाना। इसके लिए लोगों को जरूरी टिप्स दिए जा रहे हैं, जैसे –दूषित पानी पीने से बचें और घर व आस–पास साफ–सफाई का पूरा ख्याल रखें । सर्वे टीम, आशाध्संगिनी एवं आँगनबाड़ी कार्यकर्ता, नगर विकास, राजस्व व शिक्षा विभाग मिलकर दस्तक अभियान को सफल बनाने में जुटे हैं । अभियान के 12 दिनों में आशा कार्यकर्ताओं ने 442594 गृह भ्रमण के दौरान जिले में बुखार के 173 मरीज साथ ही आठ लोग कोविड प्रभावित पाये गए हैं द्य क्षय रोग से पीड़ित 69 रोगी व कुपोषित 205 बच्चों को चिन्हित किया गया है।

डीएमओ ने कहा कि दस्तक अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता घर–घर जाकर स्वास्थ्य संबंधी खांसी–जुकाम जैसे लक्षण वाले मरीजों के साथ ही मलेरिया, डेंगू संक्रामक बीमारियों के मरीजों की तलाश कर रही हैंद्य सर्वे के दौरान संभावित मरीज मिलने पर जांच कराई जा रही हैद्य यदि रिपोर्ट पॉजिटिव आती है, तो तत्काल उन्हें उपचार दिया जाएगा।

दस्तक अभियान के दौरान लोगों को साफ–सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है द्य घर के आस–पास खुला नाला या पानी है तो आशा कार्यकर्ता को जानकारी देंद्य यह भी बताया जा रहा है कि घर की छतों पर पड़े निष्प्रयोज्य टायर, बर्तन, गमले आदि में बारिश का पानी जमा न होने पाए क्योंकि इससे मच्छर पनपते हैं और वही बीमारियाँ फैलाते हैं ।

## अधिवक्ता एसोसिएशन ने किया बैठक

लालगंज रायबरेली । बैसवारा अधिवक्ता एसोसिएशन ने ज्योतिरेन्द्र मिश्र की अध्यक्षता में बैठक किया।वरिष्ठ अधिवक्ता शेरबहादुर वर्मा व बार एसोसिएशन के चपरासी रामदीन के चल रहे प्रकरण मे न्यायिक कार्य का बहिष्कार जारी चल रहा था ।

कल सायं उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह व तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह से एसोसिएशन के पदाधिकारियो के मध्य वार्ता हुई थी जिसमें अधिवक्ताओ ने उपजिलाधिकारी न्यायालय में प्राइवेट तौर पर कार्य करने तथा न्यायालय की पत्रावलियां पर हस्तक्षेप करने वाले विनय मौर्या को हटाने व वरिष्ठ अधिवक्ता शेरबहादुर वर्मा को दबंगो से मिल रही धमकी से सुरक्षा व बार एसोसिएशन के चपरासी रामदीन के खेत के पड़ोसी काश्तकारो द्वारा पैमाइश के बावजूद बार –बार चकरोड पर कब्जा कर लेने के विरुद्ध कार्यवाही की मॉग किया था ।उपजिलाधिकारी ने विनय मौर्या को हटाते हुए अन्य बिन्दुओ पर कार्यवाई का आश्वासन दिया था ।बैठक में अन्य चल रही समस्याओ पर कार्यवाही करने हेतु समय देकर न्यायिक कार्य करने का निर्णय लिया गया। वास्तव में विनय मौर्य की कारगुजारी ठीक नहीं थी विनय को सरकार से तनख्वाह नहीं मिलती थी जिसके चलते वह इधर–उधर के पैसे पर ही आश्रित था ।तारीख लगाने, नकल देने आदि कार्यों में खूब पैसा लेता था । अधिवक्ता गण उसकी मनमानी से ऊब चुके थे जिसके चलते ही अध्यक्ष ज्योतिरेन्द्र मिश्रा ने विनय मौर्या को हटाने की मांग की थी जिसे एसडीएम ने कोर्ट से हटा लिया है लेकिन तहसील में अब भी वह तैनात है। उसको तनख्वाह किस मद से मिलती है यह कोई बताने को तैयार नहीं है। विनय मौर्य के अलावा भी कई लोग बिना सरकारी तनख्वाह के काम कर रहे हैं ।बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता राजबली सिंह, शैलेश त्रिवेदी,के पी सिंह, बिनय भदौरिया,राजेन्द्र चौधरी,अनुपम सिंह, यंग लॉयर्स एसोसिएशन सुन्दर बाजपेई, पूर्व महामंत्री अशोक शुक्ला,सुरेश निगम, संतोष सिंह, राजबहादुर मौर्य, बृजमोहन अवस्थी,शिवशंकर पाण्डेय, शेरबहादुर यादव लक्ष्मी शंकर यादव आदि उपस्थित रहे।

## कोर्ट के आदेश पर चोरी का मुकदमा दर्ज

लालगंज रायबरेली ।दीवानी कोर्ट के आदेश पर लालगंज कोतवाली में पिलखा गांव में हुई चोरी का मामला दर्ज हुआ है। पिलखा गांव की महिला रिंकी पत्नी छेदीलाल ने कोर्ट में गुहार लगाई थी कि उसके गांव के ही सूरजपाल व इंद्रपाल पुत्र गण सत्य देव और अनिल पुत्र इंद्रपाल ने उसके घर पर कब्जा करने की नियत से उसकी कोठरी व बाउंड्री वाल गिरा दिया ।साथ ही घर में रखा घर गृहस्थी का सामान व जेवरात उठा ले गये।महिला रिंकी बच्चों को पढ़ाने के वास्ते लालगंज में रहती है ।उसी बीच मौका पाकर आरोपीगणों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। मामले में शिकायत के बावजूद घटना के समय लालगंज पुलिस ने सुनवाई नहीं की थी।

कोर्ट के निर्देश पर लालगंज पुलिस ने सूरजपाल ,इंद्रपाल व अनिल कुमार के खिलाफ धारा 457, 380 ,504 ,506 ,427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने मामले की जांच दरोगा वकील खान को सौंपी है।

## रायबरेली में चरक हास्पिटल का शुभारंभ

जिला ब्यूरो विजय सिंह रायबरेली। रायबरेली में चरक हॉस्पिटल का फीता काटकर रायबरेली एम एल सी एवं प्रदेश के स्वतंत्र राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने हॉस्पिटल के प्रबंधक शैलेंद्र अग्निहोत्री को शुभकामनाएं देते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया उन्होंने कहा इस हॉस्पिटल से जहां एक ओर रायबरेली के लोगों को सभी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होगी वही गरीबों को यह हॉस्पिटल हर संभव मदद करने का जो बीड़ा उठाया है। उसका मैं सदा आभारी रहूंगा। और इस हॉस्पिटल के लिए मेरी ओर से हर संभव मदद की जाएगी। इसके अलावा हॉस्पिटल के प्रबंधक शैलेंद्र अग्निहोत्री ने बताया प्रत्येक मंगलवार को गरीबों के लिए निशुल्क ओपीडी की व्यवस्था इस हॉस्पिटल में की गई है। जिससे गरीब व्यक्ति पैसे के अभाव में अपने इलाज के लिए वंचित ना रह सके। हॉस्पिटल के डॉक्टर जीएम द्विवेदी ने बताया की सभी सुविधाओं से लैस इस हॉस्पिटल में वेंटीलेटर एवं आईसीयू की व्यवस्था की गई है। जिससे मरीजों को लखनऊ ना जाकर रायबरेली में ही सारी स्वास्थ्य सेवाएं दी जा सके। इस अवसर पर भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष अजय त्रिपाठी सभासद पूनम सिंह हरिओम सोनकर योगेश त्रिवेदी, व्यापारी नेता अतुल गुप्ता सहित कोई डॉक्टर समाजसेवी को बुद्धिजीवी मौजूद रहे।

## जेसीबी मशीन से तालाब की खुदाई के खिलाफ जिला अधिकारी से लिखित शिकायत पत्र देकर की कार्रवाई की मांग

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य बछरावा, रायबरेली। बछरावां विकासखंड की ग्राम सभा बिशुनपुर में तालाब गाटा नंबर 2489 रकबा लगभग 5 बीघा शिकायतकर्ता के अनुसार जोकि वर्ष 2011–12 में हनुमान प्रसाद धोबी प्रधान के कार्यकाल में एक तालाब मनरेगा से खोदा गया था।

उसके उपरांत उसी गाटा नंबर में वर्ष 2015–16 में महिला प्रधान बबली द्वारा नरेगा के मजदूरों से खुदाई हुई थी और उसी तालाब में हजारों वृक्ष लगवाए गए थे। उसके उपरांत वर्ष 2021–22 में ग्राम प्रधान अरुण कुमार द्वारा नरेगा के मजदूरों द्वारा तालाब की खुदाई हुई थी। इन्हीं तीनों तालाबों की मेड़ों को और तालाब के अंदर हजारों ट्राली और डंपरो को जेसीबी मशीन से दिन और रात्रि में लगातार खुदाई करके अवैध मिट्टी खनन किया गया। जब शिकायतकर्ता हिंदू युवा वाहिनी के प्रदेश महासचिव अंकुर चौधरी ने अवैध खनन की शिकायत की खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, उप जिला अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और टिवटर के माध्यम से मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक से शिकायत पर डीसी मनरेगा द्वारा जांच की गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। वहीं सूत्रों से प्राप्त जानकारी और शिकायतकर्ता के अनुसार जिले के एक मंत्री का फोन आ जाने के कारण डीसी मनरेगा पहले तो जांच करके कार्रवाई करना चाहते थे। लेकिन फोन आने के बाद कोई कार्यवाही नहीं की अगर 26 जुलाई जिस दिन डीसी मनरेगा ने जांच की थी उस दिन उनके मोबाइल नंबर की जांच करा ली जाए कि किस मंत्री का फोन आया था और किसके आदेश पर कार्यवाही नहीं की गई दोषियों पर यह एकदम साफ हो जाएगा कार्रवाई ना होने से अंकुर चौधरी ने जिलाधिकारी से मिलकर लिखित शिकायत देकर अवगत कराया कि जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कराई जाए।

# पेपरफ्राई ने शुरू की 24 घंटे फर्नीचर डिलीवरी सेवा

–अनिल बेदाग–

मुंबई। फर्नीचर और घरेलू सामान के ई–कॉमर्स की भारत की अग्रणी कंपनी में से एक, पेपरफ्राई ने दुनिया में पहली, 24 घंटे फर्नीचर डिलीवरी सेवा शुरू करने की घोषणा आज की। मुंबई, दिल्ली–एनसीआर और बैंगलोर में यह सेवा शुरू की गयी है। रात के 9 बजे तक ऑर्डर देने पर अगले ही दिन तक डिलीवरी पाने की खुशी और संतुष्टि उपभोक्ताओं को प्रदान करना इस रणनीतिक लॉजिस्टिक सपोर्ट का उद्देश्य है।

भारत के 500 शहरों में 10 मिलियन डिलीवरीज पूरी करने का महत्वपूर्ण पड़ाव पेपरफ्राई ने हाल ही में पार किया है। कंपनी ने फर्नीचर और घरेलू सामान उद्योग में सबसे बड़ा वेयरहाउसिंग नेटवर्क का निर्माण किया है, जो मुंबई, गुरुग्राम और बैंगलोर में स्थित है, जिसमें 10,000 पिन कोड्स को सेवाएं प्रदान की जाती हैं। पेपकार्ट, इन–हाउस डिलीवरी प्लेटफॉर्म सबसे बड़ा बिग–बॉक्स सप्लाई चेन नेटवर्क है जो उपभोक्ताओं को फर्स्ट और लास्ट माइल लॉजिस्टिक्स सेवाएं प्रदान करता है। पिछले एक दशक में, कंपनी ने 300 ट्रकों के समर्पित बेड़े के साथ 9,12,000 शिपमेंट्स को पहुंचाकर परिचालन उत्कृष्टता हासिल की है। कंपनी ने कस्टमाइज्ड हैंडलिंग टूल्स और कुशल इंस्टॉलेशन सेवाओं का इस्तेमाल करने वाली इस कंपनी का फर्नीचर श्रेणी में डैमेज रेट मात्र 1: है। श्री आशीष शाह, सह–संस्थापक और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, पेपरफ्राई ने कहा, "24 घंटे ऑनलाइन फर्नीचर डिलीवरी की दुनिया में पहली सेवा की घोषणा करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। आकार और वजन में फर्नीचर काफी बड़े होते हैं और उनके लिए इस तरह की पहल शुरू की जाना हमारे उद्योग के लिए एक गेम चेंजर साबित होगी यह हमारा मानना है। हमारे व्यापारियों और उपभोक्ताओं के लिए बड़े पैमाने पर व्यापार मंच के नेतृत्व का लंबा अनुभव हमारे पास है। फर्नीचर और घरेलू सामानों के बाजार का लोकतंत्रीकरण करने के लिए पेपरफ्राई ने हजारों एमएसएमई और कारीगरों को एक व्यावसायिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए सक्षम बनाया है। हमारी आपूर्ति श्रृंखला टीम के 1500 अत्यधिक प्रेरित

सदस्य तेजी से डिलीवरी के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उपभोक्ताओं को समय पर सेवाएं पाने की संतुष्टि प्रदान करना हमारा लक्ष्य है।

श्री पीयूष अगरवाल, आपूर्ति श्रृंखला प्रमुख, पेपरफ्राई ने कहा, "मुंबई, दिल्ली और बैंगलोर में हमने 24 घंटों के भीतर 87 फीसदी बिल्ड–टू–स्टॉक ऑर्डर डिलीवर किए हैं। उत्पाद के लिए उपभोक्ता के मन में इच्छा पैदा होने से लेकर उस उत्पाद को पाने तक की खुशी उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द और आसानी से मिलती रहे इस पर हमारी आपूर्ति श्रृंखला का ध्यान हमेशा केंद्रित रहता है। हमने पिछले 2 वर्षों में 7 लाख स्क्वायर फीट वेयरहाउसिंग स्पेस का प्रबंधन करने के लिए इन–हाउस क्षमता का निर्माण किया है जिससे हमें उपभोक्ताओं को उन्हें जो उत्पाद चाहिए उनका परिपूर्ण अनुभव प्रदान करने में मदद मिली है। हमें उम्मीद है कि हम अपने काम से ऐसे बेंचमार्क बनाएंगे जिनका अनुसरण यह उद्योग करेगा।

# पति को 14 वर्ष एवं सास ससुर को आठ वर्ष का हुआ कठोर कारावास

• दहेज हत्या के में एडीजे फास्ट ट्रैक द्वितीय ने सुनाया फैसला , लगाया 24 हजार का अर्थदण्ड

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता

दिगन्त श्रीवास्तव संत कबीर नगर। दहेज हत्या के आरोपी पति को 14 वर्ष और सास ससुर को आठ वर्ष के कठोर कारावास की सजा अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक द्वितीय काशिफ शेख की कोर्ट ने सुनाया । कोर्ट ने आरोपी पति पवन कुमार जायसवाल , ससुर राम नारायण एवं सास आशा देवी पर सजा के साथ आठ – आठ हजार कुल 24 हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया है । अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपियों को तीन माह का अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा भुगतनी होगी। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि मामला कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम मीरगंज का है । प्रकरण में मृतका के पिता प्रमोद कुमार जायसवाल निवासी ग्राम एवं थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती ने अभियोग पंजीकृत कराया था । वादी का आरोप है कि उसने अपनी पुत्री की शादी ग्राम मीरगंज थाना कोतवाली खलीलाबाद निवासी पवन कुमार जायसवाल पुत्र राम नरायन जायसवाल के साथ किया था । शादी में हैसियत के अनुसार खर्च किया था । लड़की के ससुराल वाले चार लाख रुपए नकद एवं चार पहिया वाहन की मांग को लेकर पुत्री को प्रताड़ित करते थे । अनेक बार समझाया और समझौता कराया था । लेकिन उसके पति पवन कुमार जायसवाल , ससुर राम नारायन जायसवाल पुत्र अनन्त लाल जायसवाल और सास आशा देवी पत्नी राम नारायन ने अपनी उक्त दहेज की मांग को लेकर दिनांक 5 मार्च 2017 को गला दबाकर मार डाला । पुलिस ने वादी के प्रार्थना पत्र पर धारा 498 ए , 304 बी , 504 भादवि एवं धारा 3 / 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया । विवेचना के उपरांत पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया । जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि अभियोजन साक्षियों ने घटना का समर्थन किया । अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय द्वितीय काशिफ शेख की कोर्ट ने पक्षों की बहस सुनने एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने उपरांत तीनों आरोपियों को दोषसिद्ध करार दिया । कोर्ट ने आरोपी पति को 14 वर्ष का कठोर कारावास और सास ससुर को आठ – आठ वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई ।

# संसार का अनोखा विवाह जब भोले बाबा बने दूल्हा : प्रशांत प्रभु जी

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम

शाहजहांपुर। श्रावण मास के पुनीत अवसर पर आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण कथा रुद्राभिषेक की गंगा बातें हुए कथा व्यास प्रशांत प्रभु ने भगवान शिव के विवाह की कथा सुनाते हुए बताया कि शिव जी की आज्ञा मानकर भगवान विष्णु सबसे पहले हिमवान के द्वार पर पधारें देवी माता मीणा ने आरती सजाई है और उनके साथ की स्त्रियां उत्तम मंगल गीत गाने लगी सुंदर हाथों में सोने की थाल शोभित है इस प्रकार हर्ष के साथ परीक्षण करने चले जब मैं विष्णु के अलौकिक रूप को देखा तो प्रसन्न होकर नाराज जी से पूछा क्या यही मेरी शिवा के सिव है तब नारद जी बोले नहीं यह तो भगवान श्रीहरि है ।

पार्वती के पति तो और भी अलौकिक है उनकी शोभा का वर्णन नहीं हो सकता इस प्रकार है 11 देखता रहे हैं देवी मैना उनका परिचय पूछती है और नारद जी उनको शिव का सेवक बता दे फिर उसी समय भगवान शिव अपने से बड़ों के साथ पधारे सभी विचित्र वेशभूषा धारण किए हुए हैं कुछ के मूखही नहीं है और कुछ के मुख ही मुख है उनके बीच में भगवान शिव अपने नाम के साथ पधारे हैं शिवजी से द्वार पर सगुन मांगा गया है बाबा ने पूछा कि सगुन क्या होता है किसी ने कहा कि आप अपनी कोई प्रिय वस्तु दान में दीजिए बाबा ने अपने गले से सर्प उतारा स्त्री के हाथ में रख दिया जो शगुन मांग रहे थे वही मूर्छित हो गई इसके बाद जब महादेव जी को भयानक भेष में देखा तब तो स्त्रियों के मन में भारी भय उत्पन्न हो गया है डर के मारे भागकर स्त्रियां घर में घुस गए यह सब देखकर देवी मैना ने कहा बेटी का विवाह शिव से नहीं कर सकती हो देवी मैना पार्वती से कहा मैं तुम्हें लेकर पहाड़ से गिर पड़ोगे आग में जल जाऊंगी यह समुद्र में कूद पड़ो चाहे घर उजड़ जाए और संसार भर में आपकी रथीफाइल जाए पर जीते जी मैं तुमसे तुम्हारा विवाह नहीं करूंगी नाराज जी को भी बहुत सुनाया मैंने नारद का क्या बिगाड़ा था जिन्होंने पार्वती को ऐसा उपदेश दिया कि उसने बावले भर के लिए तब क्या सचमुच उनको ना किसी का मोहन माया ना उनके धन है ना घर है ।

यह सब सुनकर पार्वती अपनी मां से बोली है माता कलंक मत लो रोना छोड़ो यह अवसर विषाद करने का नहीं है मेरे भाग्य में जो दुख सुख लिखा है उसे मैं जहां जाऊंगी वही पाऊंगी तब नारदजी ने पूर्व जन्म की कथा सुनाकर सबको समझाया और कहा कि है मैं ना तुम्हारी लड़की साक्षात जग जननि भवानी है पहले यह दक्ष के घर जाकर जन्मी थी तब इनका नाम सती नाम था बहुत सुंदर शरीर पाया था वहां भी सतीश शंकर जी से ही ब्याही गई थी तब पर्वतराज हिमालय ने हाथ में कुछ लेकर तथा कन्या का हाथ पकड़कर उन्हें भवानी जानकर शिवजी को समर्पण किया जब महेश्वर ने पार्वती का पाणिग्रहण किया सभी देवता हृदय में बड़े ही हर्ष हुए श्रेष्ठ मनगढ़ वेद मंत्रों का उच्चारण करने लगे और देवगढ़ शिव जी की जय–जयकार करने लगे कई प्रकार के बाजे बजने लगे आकाश से नाना प्रकार के फूलों की वर्षा हुई शिव पार्वती का विवाह हो गया सारे ब्रह्मांड में आनंद भर गया इस अवसर पर फ्लोर मिल के अध्यक्ष रामचंद्र सिंघल उमा सिंघल संघ प्रचारक चंदन एटा दीपक शर्मा हरिओम मिश्र आनंद कुमार दीक्षित संजीव दिक्षित नरेंद्र सक्सेना नीरज बाजपेई व्यासपीठ का आरती की।

# झूलते तार दे रहे मौत को दावत, प्रशासन नींद में

अंकित पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांददाता

आसपुर देवसरा पट्टी प्रतापगढ़। पट्टी तहसील के आसपुर देवसरा के अंतर्गत दफरा ग्राम सभा से मोलनापुर मार्ग पर यह तार लकड़ी की बल्ली द्वारा बाधा गया है कब किस स्थान पर तार टूट जाए और दुर्घटना हो जाए, कोई भरोसा नहीं है, बिजली के तार इतने नीचे लटका है कि कब कोई बड़ी घटना हो जाए कहा नहीं जा सकता ऐसे तारों के कारण अक्सर घटनाएं होती रहती हैं। जबकि क्षेत्र में तमाम विद्युत कर्मी संविदा पर तैनात हैं फिर भगवान ही जाने की किस कारण से इस तरह के अनदेखा कार्य क्षेत्र में बर्दाश्त किया जा रहा है। एस डी ओ पट्टी एस बी प्रसाद ने बताया जानकारी नहीं थी।संबंधित क्षेत्र के विद्युत कर्मियों को भेज रहा हूं जल्दी ही सही हो जाएगा।

# सेंट मैरी स्कूल के नाजायज असलहाधारीछात्र गुट ने सहपाठी को पीटा, 3 के खिलाफपुलिस को तहरीर

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। पुरानी रंजिश के चलते नाजायज तमंचो से लैस छात्र गुट ने रास्ते में घेरकर इसी विद्यालय के छात्र को जमकर पीटा राहगीरों ने बमुश्किल बचाया घर पहुंच कर छात्र ने घटना की जानकारी परिजनों को दी परिजनों ने 3 छात्रों के खिलाफघटना की तहरीर पुलिस को दी पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर के मोहल्ला परा गढ़ी निवासी संदीप कुमार सिंह का बेटा पार्थ तोमर गौसगंज रोड पर स्थित सेंट मैरी स्कूल में कक्षा 12 का छात्र है शुक्रवार को विद्यालय अवकाश होने के बाद लगभग 1:00 बजे वहअपने घर जा रहा था की पुरानी रंजिश के चलते विद्यालय के 3 छात्रों ने नाजायज हथियारों से लैस होकर उसे रास्ते में घेरकर जमकर पीटा दिनदहाड़े रोड पर हो नहीं मारपीट को देखकर राहगीरों ने बमुश्किल छात्र को बचाया और उसे घर तक पहुंचाया जिसका इन 3 छात्रों से पूर्व से विवाद चल रहा था जिसका मौके पर फायदा उठाकर अकेले छात्र को घेरकर जमकरपीटा डरे सहमें छात्र ने

घर पहुंचकर घटना की जानकारी परिजनों को दी परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और 3 छात्रों के खिलाफ तहरीर पुलिस को दी है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कैबिनेट मंत्री के सहयोग से परशुराम तीर्थ सर्किट, 5 जिलों से जुड़ेंगे छः तीर्थस्थल, पीडब्ल्यूडी कराएगा निर्माण

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम

शाहजहांपुर। योगी सरकार में पीडब्ल्यूडी कैबिनेट मंत्री और ब्राह्मण चेतना परिषद के संरक्षक जितिन प्रसाद का प्रयास रंग लाता नजर आ रहा है योगी सरकार प्रदेश में परशुराम तीर्थ सर्किट बनाने जा रही है।

जिससे 6 जिलों के पांच तीर्थस्थल आपस में जुड़ जाएंगे। परशुराम तीर्थ सर्किट का निर्माण राज्य का पीडब्ल्यूडी विभाग करेगा। यह सर्किट हिंदुओं के आस्था के प्रमुख केंद्र नैमिष धाम, महर्षि दधीचि स्थल मिश्रिख, गोला गोकर्णनाथ, गोमती उद्गम, पूर्णागिरी मां के मंदिर के बॉर्डर से बाबा नीम करौली धाम और जलालाबाद परशुराम की जन्मस्थली को जोड़ेगा।इस सर्किट की लंबाई 500 किलोमीटर से ज्यादा है। इस कॉरिडोर के लिए टेंडर भी हो गया है।धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावानैमिषारण्य धाम से बाबा नीम करौली धाम तक परशुराम तीर्थ सर्किट बनेगा। इस सर्किट में आने वाले धार्मिक स्थलों का विकास भी योगी सरकार करवाएगी। इससे धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। परशुराम सर्किट के रास्ते पर जगह–जगह इन सभी तीर्थस्थलों के बारे में वर्णन और चित्रण से इस रूट को काफी खूबसूरत बनाया जाएगा।

जितिन प्रसाद की प्राथमिकता में परशुराम कॉरिडोर : पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने शाहजहांपुर के जलालाबाद स्थित परशुराम जन्मस्थली को पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाने की मांग की थी। जिसे सीएम योगी ने सरकार में आते ही पूरा किया। पिछले दिनों में पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने परशुराम जन्मस्थली के कई

दौरे किए। परशुराम जन्मस्थली के महंत और पुजारियों से वार्ता की।इसके बाद नैमिषधाम के पुजारी, गोलागोकरन नाथ के पुजारी समेत कई साधू संतों से राय लेकर इस कॉरिडोर की रूपरेखा तैयार कर प्रस्ताव बना के एनएच के सहयोग से कॉरिडोर बनाने का निर्णय लिया है।

पीडब्ल्यूडी के अफसर बोले– प्रस्ताव हुआ पेश, जल्द बनेगा सर्किट

इस प्रस्ताव पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भी बैठक कर चर्चा की गई है। इसमें नैमिष के कुछ हिस्से की टेंडर प्रक्रिया हो गई है। वहीं जल्द केन्द्र से हरी झंडी मिलते ही काम शुरु कर दिया जाएगा।

पीडब्ल्यूडी की एनएच विंग की तरफ से सर्किट निर्माण की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। ब्रह्म चेतना परिषद के प्रदेश अध्यक्ष बिश्वदीप अवस्थी ने बताया कि यह हम सब के लिए बहुत खुशी की बात है और हम चेतना परिषद के संरक्षक जितिन प्रसाद व योगी सरकार का धन्यवाद देते है।

# जिलाधिकारी ने मोहर्रम को लेकर की बैठक

• मोहर्रम का जुलूस सकुशल व्यवस्थित तरीके से हो सके इसके लिए प्रशासन रहे सतर्क : डीएम

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। जिला मजिस्ट्रेट अविनाश कृष्ण सिंह ने बताया कि मोहरर्म का त्योहार चन्द्र दर्शन के अनुसार दि 30 जुलाई से प्रारम्भ होकर दि 09 अगस्त तक परम्परागत तरीके से मनाया जाना प्रस्तावित है, इस अवसर पर जनपद के सुदूर ग्रामीण अंचलों, जनपद के कस्बों तथा नगर में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा ताजिया व मोहरर्म का जुलूस निकाला जायेगा।

यद्यपि जनपद में साम्प्रदायिक सौहार्द एवं शांति व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ है। परन्तु ऐसे अवसरों पर साम्प्रदायिक सौहाद एवं कानून व्यवस्था की स्थिति को प्रभावी बनाये रखने हेतु आवश्यक है कि प्रशासन एवं पुलिस द्वारा सतकर्ता एवं कड़ी दृष्टि रखी जाये। कोविड–19 एवं संचारी रोगों के संक्रमण से बचाव हेतु समय–समय पर निगर्त आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने अधिशाषी अधिकारियों को निदेर्शित करते हुए कहा कि अपने–अपने नगरीय क्षेत्र की नालियों, सड़कों की विशेष सफाई व्यवस्था करें, प्रमुख स्थानों पर चूना डलवाने की व्यवस्था की जाय। पानी की अबाधित आपूर्ति कराने हेतु सभी ट्यूबेल आपरेटरों को निदेर्शित करें कि वह टंकियों को भरते हुए ब्लीचिंग से सफाई कर उसमें शुद्ध व स्वच्छ पीने के पानी की आपूर्ति करना सुनिश्चित करें। आवारा पशुओं के स्वच्छद विचरण पर भी प्रभावी रोक लगायी जाय तथा उनके मालिकों को निधार्रित बाड़े में रखने हेतु निदेर्शित करें साथ ही सफाई कर्मियों की तैनाती भी की जाय।

श्री सिंह ने जिला पूर्ति अधिकारी एवं उप जिलाधिकारियों को निदेर्शित किया कि त्योहार से पूर्व सावर्जनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न आदि का वितरण समय से करायें।

अधीक्षण अभियंता विद्युत नगरीय, ग्रामीण क्षेत्रों में अवाधित विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि उप जिला मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी अपने–अपने क्षेत्र के समस्त कार्यो एवं व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालन करने के साथ–साथ पर्याप्त सतकर्कता, सुरक्षा, शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये पूर्ण उत्तरदायी होंगे।

उन्होने कहा कि अफवाहों को फैलने से रोकने के लिये प्रभावी कार्यवाही अमल में लायी जाये। साम्प्रदायिक दृष्टिकोण से सम्बेदनशील, अति सम्बेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर समुचित पुलिस व्यवस्था की जाय, स्थानीय अभिसूचना ईकाई को भी सक्रिय रखा जाये।

# संक्षिप्त समाचार

## 29 हजार 532 श्रमिकों के प्राथमिकता पर गोल्डन कार्ड बनाये जाए, जिससे पंजीकृत श्रमिकों को योजना को लाभ मिल सके : जिलाधिकारी

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने उ.प्र. भवन एवं सन्निमार्ण कमकार संरक्षण बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु गोल्डन कार्ड बनाये जाने की समीक्षा के दौरान कहा कि जनपद के 29 हजार 532 श्रमिकों के प्राथमिकता पर गोल्डन कार्ड बनाये जाए ताकि पंजीकृत श्रमिकों, उनके परिवारजनों के बीमार होने की दशा में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी 03 दिन में प्रत्येक विकास खंड स्तर पर 500–500 श्रमिकों के गोल्डन काड बनाए जाएं, जिला पूर्ति अधिकारी कोटेदार के माध्यम से आगामी 03 दिन में कम से कम 1000 पंजीकृत श्रमिकों के गोल्डन काड बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होने श्रम प्रवतर्न अधिकारी को आदेशित करते हुये कहा कि पंजीकृत श्रमिकों की सूची विकास खंडवार संबंधित खंड विकास अधिकारी के साथ–साथ जिला पूर्ति अधिकारी, प्र. चिकित्साधिकारियों, मुख्य चिकित्साधिकारी को आज ही ई–मेल, व्हाट्सएप पर उपलब्ध कराना

सुनिश्चित करें, सूची में पंजीकृत श्रमिक के मोबाइल नंबर से श्रम विभाग के अधिकारी, कर्मचारी श्रमिकों को अपनी ग्राम पंचायत के सचिवालय पर जाकर गोल्डन काड बनवाने के लिए प्रेरित करें। श्री सिंह ने खंड विकास अधिकारियों से कहा कि ग्राम पंचायत सचिवालय में बी.एल.ई. को गोल्डन काड बनाने के लिए सुविधा प्रदान करें, सी.एच.सी. प्रबंधक प्रत्येक ग्राम पंचायत सचिवालय में समय से बी.एल.ई. की उपस्थिति सुनिश्चित करायें। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को आदेशित करते हुए कहा कि पंजीकृत श्रमिकों की प्राप्त सूची पर कोटेदार के माध्यम से श्रमिक के राशन काड का नंबर लिखवाकर संबंधित खंड विकास अधिकारी को उपलब्ध कराएं, मुख्य चिकित्साधिकारी, प्र. चिकित्साधिकारी भी पंजीकृत श्रमिकों के गोल्डन काड बनवाने में मद करें, आरोग्य मित्र के माध्यम से गांव–गांव पंजीकृत श्रमिकों को गोल्डन काड बनवाने के लिए जागरूक कराया जाये।

जिलाधिकारी ने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य भवन एवं सन्निमार्ण बोड के अंतगर्त पंजीकृत निमार्ण श्रमिकों, उनके परिवार के सदस्यों के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार लाने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन–आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन–आरोग्य योजना के अंतगर्त विशेष अभियान चलाते हुए गोल्डन काड बनाकर श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों, जिला पूर्ति अधिकारी, पूर्ति निरीक्षकों, प्र. चिकित्साधिकारियों को आदेशित करते हुए कहां कि पंजीकृत सभी श्रमिकों के 14 अगस्त 22 तक विशेष अभियान चलाकर गोल्डन काड बनाए जाएं, इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए ताकि पंजीकृत निमार्ण श्रमिकों का आयुष्मान भारत के अंतगर्त रू. 05 लाख तक के मुफ्त इलाज हेतु गोल्डन कार्ड उपलब्ध हों, कार्ड बनने के बाद पंजीकृत निमार्ण श्रमिक अपने, स्वयं व अपने परिजनों का रू. 05 लाख तक निःशुल्क इलाज करा सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पी.पी. सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी कयामुद्दीन अंसारी, समस्त खंड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे, बैठक का संचालन श्रम प्रवतर्न अधिकारी आर. एम. मिश्रा ने किया।

# अनुसूचित जाति के व्यक्तिको मारना एवं गाली देना पड़ा महंगा, पांच आरोपियों को तीन वर्ष की सजा

• विशेष न्यायाधीश एससीएसटी कोर्ट ने सुनाया फैसला, लगाया 11 हजार का अर्थदण्ड

जिला संवाददाता राहुल त्रिपाठी

संत कबीर नगर

अनुसूचित जाति के सगे भाईयों को मारने पीटने एवं गाली देने के पांच आरोपियों को एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट दिनेश प्रताप सिंह की कोर्ट ने तीन वर्ष का सजा सुनाया । कोर्ट ने आरोपियों अशोक सिंह , गोली सिंह उर्फ अरुण सिंह , ओम प्रकाश सिंह , विनोद सिंह एवं अरविन्द सिंह पर सजा के साथ 11 हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया है । अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपियों को तीन माह का अतिरिक्त सजा भुगतना होगा । यह प्रकरण जिले के महुली थानाक्षेत्र के ग्राम सिसवनियां का है । विशेष लोक अभियोजक एससीएसटी एक्ट आशीष प्रसाद पांडेय ने बताया कि मामले में पूर्णमासी धोबी पुत्र झब्बू ने अभियोग पंजीकृत कराया था । उसका आरोप था कि दिनांक 17 फरवरी 2008 को वह अपने छोटे भाई राम सेवक के साथ महुली बाजार से घर जा रहा था । समय लगभग 7 बजे ओम प्रकाश सिंह के आटा चक्की के सामने रास्ते पर पहुँचा ।

इतने में एकाएक गांव के ओम प्रकाश सिंह पुत्र राम सुभग सिंह , विनोद सिंह पुत्र ओम प्रकाश सिंह , अरविन्द सिंह पुत्र छोटेलाल सिंह , गोली सिंह उर्फ अरुण सिंह , अशोक सिंह पुत्र रामप्रीत सिंह , लाल सिंह एवं गौरी शंकर सिंह एकराय होकर हम दोनों भाईयों को गाली देते हुए कहे कि यही साले धोबी की जाति जा रहे हैं । घेर कर मारो सालों को । इतने में घेर कर

सभी लोग लाठी डंडा से मारे पीटे तथा जान से मारने की धमकी दिए । गांव के तमाम लोगों के आने पर जानमाल की धमकी देते भाग गए । पुलिस ने धारा 147 , 323 , 504 , 506 भादवि एवं एससीएसटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया । विवेचना के दौरान पुलिस ने धारा 147 को विलोपित करते हुए तथा कुछ आरोपियों का नाम निकाल करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया । विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि विचारण के दौरान धारा 319 दप्रसं के अंतर्गत गौरीशंकर सिंह , ओम प्रकाश सिंह एवं विनोद सिंह को तलब करके आरोप विरचित किया गया । विशेष लोक अभियोजक आशीष प्रसाद पांडेय ने बताया कि गवाहों ने अभियोजन के कथानक का समर्थन किया । एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट दिनेश प्रताप सिंह की कोर्ट ने पक्षों की बहस सुनने एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के पश्चात सभी धाराओं में अलग – अलग सजा सुनाया और प्रत्येक पर अलग – अलग अर्थदण्ड भी लगाया ।

# प्रत्येक ग्राम पंचायत में 15 अगस्त को 75-75 पौधे रोपित कर अमृत महोत्सव उद्यान की स्थापना की जाए : जिलाधिकारी

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला पयार्वरण समिति, जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में खंड विकास अधिकारियों, जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने–अपने विकास खंड क्षेत्र में वृक्षारोपण अभियान के अंतगर्त रोपित किए गए पौधों का निरीक्षण कराएं, बारिश न होने के कारण जो पेड़ सुख रहे हैं उन्हें वन विभाग से समन्वय स्थापित कर तत्काल बदलवाया जाए, अभियान के दौरान रोपित किए गए सभी पौधे जीवित रहें, जिम्मेदार अधिकारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनपद में रोपित किए जाने वाले 05 लाख 35 हजार पौधों हेतु तत्काल गड्ढा खुदाई का काय कराया जाए, प्रत्येक ग्राम पंचायत में 15 अगस्त को 75–75 पौधे रोपित कर अमृत महोत्सव उद्यान की स्थापना की जाए, इस हेतु समस्त खंड विकास अधिकारी हरीतिमा ऐप पर अगले 02 दिन में साइट का विवरण अपलोड करें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को आदेशित करते हुए कहा कि जनपद की काली, अरिन्द, सेंगर नदी के दोनों ओर के किनारों पर बसे ग्रामों की सूची तत्काल प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी को उपलब्ध कराएं, प्रभारी निदेशक सामाजिक वानिकी, उद्यान अधिकारी उक्त नदियों के किनारे स्थित ग्रामों में फलदार वृक्ष रोपित कराना सुनिश्चित करें। श्री सिंह ने 15 अगस्त के दिन होने वाले वृक्षारोपण की विभागवार लक्ष्य की जानकारी करने पर प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी ने बताया कि स्वतंत्रा दिवस के दिन वन विभाग 01 लाख, 70 हजार, ग्राम्य विकास विभाग 01 लाख, 94 हजार, राजस्व, पंचायती राज विभाग 22–22 हजार, नगर विकास विभाग द्वारा 03 हजार 800 पौधे रोपित किए जाएंगे। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समय से पौध उठान, गड्ढा खुदान के निर्देश दिए। उन्होंने 05, 06 जुलाई को वृक्षारोपण के लक्ष्य की पूर्ति की जानकारी करने पर पाया कि शत–प्रतिशत पौधारोपण का काय उक्त तिथियों में कराया जा चुका है, जिसकी जियो टैगिंग का काय प्रगति पर है, जियो टैगिंग में पुलिस, स्वास्थ्य, जल शक्ति, परिवहन, रेलवे, बेसिक शिक्षा विभाग की प्रगति बेहद खराब है, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ–साथ जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तत्काल रोपित किये गये वृक्षों की जियो टेकिंग कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर निकाय को आदेशित करते हुए कहा कि कूड़ा उठान के बेहतर प्रबंध किए जाएं, कूड़ा निधार्रित डंपिंग ग्राउंड पर ही डाला जाए, सड़क के किनारे कहीं भी कूड़ा न डाला जाए। उन्होंने कहा कि मेडिकल वेस्ट को ले जाने वाले वाहन जी.पी.एस. युक्त हों, मेडिकल वेस्ट ले जाते समय उनकी जी.पी.एस. से निगरानी की जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी एस.एन. मौर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.पी.पी. सिंह, परियोजना निदेशक डी. आर.डी.ए. के.के. सिंह, उपायुक्त एन. आर.एल.एम. पी.सी. राम आदि उपस्थित रहे।

# देश के लिए दी गई कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता : कृष्ण कुमार पाल

प्रतापगढ़। कृष्ण कुमार पाल ने बताया कि प्रथम पुण्यतिथि पर याद किए गए अमर शहीद रितेश पाल परिवार वालों की नम हुई आंखें दिनांक 29 जुलाई 2022 को अमर शहीद नायक रितेश पाल जी के प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर पूरे भैया प्रतापगढ़ में उनके शहीद स्थल पर पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।पाल ने कहा कि आपको बता दें कि बीते 29 जुलाई को हिमाचल प्रदेश में पहाड़ का टुकड़ा गिरने से शहीद हो गए थे। अंतू थाना क्षेत्र के पूरे भैया गांव के रहने वाले रितेश पाल सेना के इंजीनियरिंग कोर में नायक के पद पर कार्यरत थे। उस समय उनकी पोस्टिंग हिमाचल प्रदेश के मनाली में थी। शुक्रवार की सुबह वहां पर भारी बरसात हुई थी तथा भारी बर्फ पड़ी थी। मनाली के कलिंग सराय के लाहौल प्रीती स्थान पर जो कि मनाली लेह हाईवे पर स्थित है। वहां पर वह अपनी पार्टी के साथ सड़क पर मशीन से बर्फ हटवा रहे थे। अचानक पहाड़ का टुकड़ा टूट कर गिर पड़ा। भूस्खलन की चपेट में आने से वह करीब 100 फीट खाई में गिर पड़े। सेना के जवानों ने उन्हें बाहर निकाला, लेकिन तब तक रितेश पाल देश के लिए शहीद हो गए थे ।उन्होंने कहा कि देश की सेवा करते करते भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे गए

## संक्षिप्त समाचार

### शेडयूल के अनुसार बिजली सप्लाई नहीं मिलने पर किसानों में रोष,किसानों ने किया प्रदर्शन, एसडीओ से की शिकायत

• जलालाबाद क्षेत्र के 5 गांव के किसानों ने 4 दिन से बिजली की सप्लाई ना मिलने से परेशान होकर विद्युत उप केंद्र जलालाबाद पहुंचकर प्रदर्शन कर एसडीओ को दिया ज्ञापन, नियमित बिजली सप्लाई की उठाई मांग, बिजली न मिलने से धान की फसल सूख कर हो रही बर्बाद

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। जलालाबाद क्षेत्र के गांव शुक्ला मई रघुनाथपुर, हारकटेटा वमेला आदि गांव के एक दर्जन से अधिक किसान आज विद्युत उप केंद्र जलालाबाद पहुंचे ।जहां उन्होंने बिजली सप्लाई को लेकर एक प्रदर्शन किया और संबंधित एक मांग पत्र एसडीओ जलालाबाद महेंद्र कुमार को सौंपा। बिजली सप्लाई नियमित रूप से नहीं मिल रही है। वहीं किसानों ने बताया कि 4 दिन से उनको बिजली की सप्लाई नहीं मिल रही है ।इससे उनकी धान की फसल सूख रही है। क्षेत्र में जो लाइन मैन तैनात था उसको हटा दिया गया है और जब से उसकी जगह पर नए लाइनमैन नरवीर को चार्ज दिया गया है तब से 5 गांवो की बिजली सप्लाई ठप पड़ी हुई है। ग्रामीण लाइनमैन को बिजली सप्लाई के लिए फोन लगाते हैं तो वह कोई ना कोई बहाना बनाकर बिजली सप्लाई नहीं दे रहा है। ग्रामीण श्याम सुंदर ने बताया कि उनकी सौ बीघा धान की फसल सूख रही है और लाइनमैन लाइन जोड़ने के नाम पर सुविधा शुल्क की बात करता है। गांव के ही अवधेश कुमार ने बताया कि 50 साल पहले क्षेत्र में जो लाइन बिछाई गई थी उसके तार बहुत ही जर्जर हो चुके हैं। जर्जर तार होने के कारण विद्युत फाल्ट होते रहते हैं। जिससे उनको नियमित 8 घंटे भी बिजली नहीं मिल पाती है ।एक दर्जन से अधिक किसान श्याम सुंदर के नेतृत्व में एसडीओ से मिले और बिजली सप्लाई की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में रामप्रकाश, जितेंद्र ,अवधेश, रामदेव, बिजेंदर ,अशोक ,ओम प्रकाश ,श्याम प्रकाश, वेद प्रकाश, बाबू राम, लाला राम प्रधान ,विनोद ,मदनलाल आदि लोग शामिल रहे ।वही इस संबंध में एसडीओ महेंद्र कुमार ने स्वतंत्र प्रभात को बताया की वह क्षेत्र में नए आए हैं ।सबको बिजली देने के लिए उन्होंने 1 दिन को सभी लाइनमैन व जूनियर इंजीनियर की एक मीटिंग बुलाई है जिसमें रोस्टर बनाकर सभी को नियमित बिजली सप्लाई की जाएगी ।साथ ही उन्होंने दूसरे लाइनमैन से गांव शुक्ला मई रघुनाथपुर हार कटेटा, वमेला, पैंदापुर की बिजली सप्लाई जोड़ने के लिए भेजा दिया उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि वह 1 दिन का समय दें और अगले दिन ही उनको रोस्टर के हिसाब से बिजली मिलेगी।

## एन.डी.आर.एफ टीम के द्वारा सिटी पार्क में भूकंप से बचाने का किया गया अभ्यास

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहाँपुर। आठवीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचक दल (एन.डी.आर.एफ.) द्वारा जिला प्रशासन शाहजहांपुर के साथ समन्वय स्थापित कर सिटी पार्क सन इन्फ्रा कालोनी, हथौड़ा चौराहा, लोधीपुर में भूकम्प आधारित भवन ध्वसन विषय पर एक मॉक अभ्यास आयोजित किया गया, जिसमें सतह और बिल्डिंग के अंदर फंसे हुए लोगों को अपने तकनीकी और प्रशिक्षण से बाहर निकाला और आगे जिला अस्पताल भेजने का मॉक अभ्यास किया गया। इसी प्रकार बिल्डिंग के ऊपर फंसे लोगों को भी निकाला गया। एन.डी.आर.एफ. के पास खोजी स्वान एवं तकनीकी खोज का पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त था, जिसके माध्यम से लोगो को बाहर निकालने का प्रदर्शन भी किया गया। इस टीम में एक अधिकारी, 4 अधीनस्थ अधिकारी एवं 50 अन्य लोगों की उपस्थिति रही। एन0डी0आर0एफ0 से आये हुये अधिकारियों द्वारा राहत एवम् बचाव के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी है जिसमें जन जागरूकता पर विशेष जोर दिए जाने के विषय में बताया गया। इंसीडेंट रिसपांस सिस्टम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी जिसमें विभिन्न विभागों की क्या–क्या जिम्मेदारियां होती है, यह भी अवगत कराया गया। एन0डी0आर0एफ0 के अधिकारियों ने बताया कि यदि कोई आपदा आती है तो शुरूआत के 8 घंटे खोज एवं बचाव के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते है। इसके उपरान्त आयोजित गोष्ठी में सभी विभागों के प्रतिनिधियों ने मॉक अभ्यास के विषय में अपने अनुभव एवम् सुधार हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर, जिला पूर्ति अधिकारी, यात्री कर अधिकारी सहित पुलिस विभाग, चिकित्सा विभाग एवम् अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी तथा एन0डी0आर0एफ0 टीम के सदस्य मौजूद रहे ।

## पेड़-पौधे लगाने और उनका पूजन करने का भी बहुत महत्व है : रिद्धि बहल

• हरियाली अमावस्या पर वीआईपी ग्रुप के सदस्यों ने किया पौधारोपण

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। हरियाली अमावस्या (पर्यावरण संरक्षण दिवस) के उपलक्ष में गुरुवार को हनुमत धाम प्रांगण में व्हाट्सएप वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स के सदस्यों ने पौधारोपण किया ।इस अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम की प्रभारी रिद्धि बहल ने बताया कि हरियाली अमावस्या पर पेड़–पौधे लगाने और उनका पूजन करने का भी बहुत महत्व है ।ग्रुप की वरिष्ठ सदस्य नीतू गुप्ता ने बताया कि पौराणिक काल से ही इस त्योहार पर पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाता रहा है ।इस दौरान पौधारोपण कार्यक्रम की प्रभारी रिद्धि बहल,ज्योति गुप्ता,नीतू गुप्ता,निधि बहल,ज्योति मिश्रा,कंचन अरोरा, अभिनय गुप्ता व विजय पाल आदि मौजूद रहे।

## हैंडपंप खराब होने से पेयजल की असुविधा, किसान परेशान

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। जिला उप कृषि निदेशक कार्यालय के बाहर लगे इंडिया मार्का हैंड पंप कई माह से खराब पड़ा है खराब हैंडपंप होने की वजह से जनपद के विभिन्न स्थानों से आने वाले किसानों को पेयजल सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है उत्तर प्रदेश सरकार पेयजल व्यवस्था पर प्रदेश के प्रत्येक जनपदों के सरकारी कार्यालयों के बाहर नागरिकों के लिए हर संभव सुविधा दिलाने के लिए प्रयासरत है जनपद शाहजहांपुर के उप कृषि निदेशक कार्यालय के बाहर लगे सरकारी हैंडपंप कई माह से खराब पड़ा है जिसे आज तक संबंधित अधिकारी ने ठीक कराने का प्रयास नहीं किया इस कार्यालय पर प्रधानमंत्री पेंशन योजना के अंतर्गत किसान अपनी समस्याओं को लेकर संबंधित कार्यालय से संपर्क कर मुख्यालय तक पहुंचते हैं कुल मिलाकर हैंड पंप कई माह से खराब पड़ा है और इस कार्यालय पर जिले के जिम्मेदार अधिकारी भी प्रतिदिन आते जाते हैं किंतु अभी तक किसीने इस हैंडपंप को ठीक कराने के लिए कोई प्रयास नहीं किया है जिससे किसानों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है जनपद के ब्लॉक खुटार के मोहल्ला पूर्वी गढी से आए किसान अखिलेश मिश्रा ने हैंडपंप खराब पड़े होने से सरकार की काफी आलोचना की तथा इस मुख्यालय पर बैठे जिम्मेदार अधिकारियों की आलोचना करते हुए उन्होंने बताया कि सरकार पेयजल व्यवस्था पर लाखों रुपए खर्च करती है किंतु जनपद पर बैठे जिम्मेदार अधिकारी सरकार की इस योजना को विफल करने में लगे हुए हैं सरकार को चाहिए क्या ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाए।

## अंतर्राष्ट्रीय टाइगर डे पर एसपी ने किया रक्तदाताओं को सम्मानित

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। युवा सर्व कल्याण समिति उत्तर प्रदेश व नेहरू युवा केन्द्र भारत सरकार के संयुक्त तत्वधान में आयोजित हुए रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले युवाओं को आज पुलिस अधीक्षक एस आनंद द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालो में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अभिषेक बाजपाई, रजत सक्सेना, वैभव मिश्रा, नमामि गंगे परियोजना के टीम स्पेयर हेड विमलेश्वर सिंह, आशीष सिंह, सुरजीत कुमार व विपिन शर्मा रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय टाइगर दिवस है और वास्तव में टाइगर वह होता है जो अपनी जिंदगी को दूसरों की सेवा में समर्पित करें, इसी प्रकार का कार्य युवा सर्व कल्याण समिति व नेहरू युवा केन्द्र के साहसी रक्तदाताओं ने किया है। नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी विनय सक्सेना ने कहा की एक यूनिट रक्त तीन जिंदगी बचाने का कार्य करता है। मानवीय जीवन में इससे बड़ा पुनीत कार्य कोई नहीं है। सदस्य श्री सचिन रस्तोगी ने कहा कि कम लोग जानते है कि कुछ खास तरह के कैंसर के जोखिम रक्तदान हमारे शरीर को बचाता है। सदस्य आकांक्षा मिश्रा के संयोजन में हुए कार्यक्रम में आभार एस एस कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर व युवा सर्व कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ रूपक श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।

## सदर बाजार पुलिस ने 3 अपराधियों पर की गैंगस्टर की कार्रवाई

• जनता से लूटपाट करने व जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर करने वाले अभयस्थ अपराधियो के सक्रिय गिरोह के सदस्यों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत की कार्यवाही

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक एस आनन्द के निर्देशानुसार जनपद मे अपराध की रोकथाम व जघन्य अपराधों मे वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सदर बाजार पुलिस ने जनता से लूटपाट करने तथा जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर करने वाले चार अपराधियों को गिरफ्तार किया । पुलिस ने सभी पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। थाना सदर बाजार पुलिस ने सुधाशु सिंह चौहान पुत्र रामशरण सिंह नि0मो0 हुसैनपुरा थाना कोतवाली,अभिनव सिंह उर्फ राजा पुत्र राघवेन्द्र सिंह नि0 बादशाहनगर थाना से0म0द0 , हर्षित मिश्रा पुत्र अशोक कुमार मिश्रा नि0मो0 हुसैनपुरा थाना कोतवाली चौक ,वैभव मिश्रा पुत्र जयप्रकाश मिश्रा नि0मो0 नवीची थाना बण्डा हाल पता आरपीएफ कालोनी थाना सदर बाजार , उत्कर्ष शर्मा पुत्र लल्लूराम शर्मा नि0मो0 चौक भाटन टोला थाना कोतवाली । गैंग के सक्रिय सदस्य है, जिसका सरगना सुधाशु सिंह चौहान है । गिरोह के सभी सदस्य अभ्यस्त अपराधी हैं । गिरोह के द्वारा जनता के व्यक्तियो से रूपये, चेन, मोबाइल आदि लूट कर मोटरसाईकिल एवं अन्य वाहनो पर बैठकर फरार हो जाते है एवं इनके द्वारा थाना रामचन्द्र मिशन क्षेत्र मे एक व्यक्ति को जबरदस्ती मोटरसाईकिल पर बैठाकर बंधक बनाकर जंगल मे ले जाकर जान से मारने की नीयत से फायर कर घायल कर दिया था । यह गिरोह इतना शातिर है कि तुरंत जान से मारने की नियत से फायर कर देता है जिससे जनता मे भय व आंतक व्याप्त है । इसलिये इनके विरूद्ध कडी कार्यवाही करना नितांत आवश्यक हो गया था । थाना सदर बाजार द्वारा उक्त गिरोह के सदस्यों के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त हर्षित मिश्रा व वैभव मिश्रा व उत्कर्ष शर्मा को गिरफ्तार किया गया । पुलिस ने दो अभियुक्तों अभिनव सिंह उर्फ राजा पुत्र राघवेन्द्र सिंह सुधाशु सिंह चौहान की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तारी केलिए प्रयास किया जा रहा है ।

## जिला गन्ना अधिकारी ने किया सट्टा प्रदर्शन का निरीक्षण

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। गन्ना विकास परिषद रोजा एवं चीनी मिल रोजा के अन्तर्गत ग्राम हथोडिया एवं पिपरिया सडक मे सट्टा प्रदर्शन का निरीक्षण जिला गन्ना अधिकारी शाहजहांपुर द्वारा किया गया स मौके पर उपस्थित किसानो को अंश प्रमाण पत्र वितरित किये गये तथा ऑनलाइन सदस्यता एवं घोषणा पत्र भरने का प्रशिक्षण दिया गया स उपस्थित किसानो को बताया गया कि उनको गन्ना सर्वे सट्टा, घोषणा पत्र भरने एवं ऑनलाइन सदस्यता सम्बंधित सुविधा के लिये गन्ना विकास समिति, गन्ना विकास परिषद एवं चीनी मिल स्तर पर किसान सहायता केंद्र स्थापित किये गये हैं किसान भाई किसी भी सहायता के लिये प्रातः 10. 00 बजे से सायं 5:00 बजे के बीच किसान सहायता केंद्र ( किसान हेल्प डेस्क )पर सम्पर्क कर सकते हैं स जनपद मे 12 किसान हेल्प डेस्क की स्थापना की गयी हैं स किसान भाइयो को इस बार घोषणा पत्र भरने या सर्वे सट्टा सम्बंधित जानकारी के लिये जनसुविधा केंद्र या अन्य कही जाने की आवश्कता नहीं पड़ेगी चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग किसान भाइयो की हर संभव सहायता करेगा। डॉ सुनील कनौजिया ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक रोजा द्वारा किसानो को बताया गया कि वह अपना घोषणा पत्र ऑनलाइन अवश्य भर दे इस अवसर पर मानवेन्द्र त्रिपाठी सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति रोजा, अक्षय श्रीवास्तव विकास प्रमुख रोजा चीनी मिल, रविन्द्र सिंह गन्ना प्रबंधक रोजा चीनी मिल, राम रक्षा तिवारी सर्किल प्रभारी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ था जोरदार स्वागत

अंकित पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांददाता आसपुर देवसरा पट्टी प्रतापगढ़। पट्टी तहसील के सदहा बाजार मे राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वागत हुआ, नवाबगंज थाना क्षेत्र के बिबियापुर जाते समय सदहा बाजार में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा प्रतापगढ़ संगठन के जिला महासचिव संतोष पाण्डेय के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से लादकर माल्यापर्ण और स्वागत किया,जिसमें आसपुर देवसरा अध्यक्ष रवि दूबे, पट्टी अध्यक्ष राम जी मिश्रा, एवं अखिलेश पाण्डेय (पत्रकार), केशव प्रसाद पाण्डेय गिरीश चन्द्र पाण्डेय, रामेश्वर प्रसाद पाण्डेय, रमाशंकर पाण्डेय, संतोष शुक्ला, ओमप्रकाश मिश्रा, अवधेश पाण्डेय, विजय पाण्डेय, श्याम शुक्ला, राहुल पाण्डेय, सुमित पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

## 2 दिन पूर्व हुए विवाद में मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम खुटार–शाहजहांपुर। क्षेत्र के एक गांव में 2 दिन पूर्व हुए मामूली विवाद में 6 माह की मासूम बच्ची के साथ एक ही परिवार के कई लोग घायल हो गए थे परिजनों ने सभी घायलों का उपचार कराया लेकिन शुक्रवार की सुबह करीब 7:00 बजे 6 माह की मासूम बच्ची की मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया थाना क्षेत्र के गांव बरुआ में रहने वाले राम कुमार ने बताया कि दिनांक 27 जुलाई 22 की शाम अचानक उनके घर पर किसी ने ईट फेंकी जिस पर रामकुमार इसका विरोध किया तो गांव में ही रहने वाले हैं चार लोग आक्रोशित होकर उसके घर आ गए और उसके घर में घुसकर मारपीट करने लगे उसके पिता दो बहने पत्नी और 6 माह के मासूम बच्चे अमृता घायल हो गए मारपीट में मासूम बच्ची घर में जग रहे चूल्हे पर जा गिरी जिससे उसका एक हाथ बुरी तरह जल गया विवाद होने के बाद रामकुमार थाने पहुंचा और पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई पुलिस ने सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से खुटार के शरीर सरकारी अस्पताल भेजकर सभी का डॉक्टरी परीक्षण कराया और मासूम बच्ची का उपचार किया गया उसके बावजूद भी पुलिस ने उक्त आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत नहीं किया।

मारपीट में घायल 6 माह की मासूम बच्ची अमृता शुक्रवार को सुबह उसने दम तोड़ दिया मासूम बच्ची की मौत से परिवार में कोहराम मच गया मासूम बच्ची की मां किरण देवी बार–बार रो–रोकर पुलिस पर आरोप लगा रहे थे कि पुलिस ने भी बच्चे बड़ों से पैसे लेकर उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की और उन लोगों से लगातार तहरीर बदलाव आ रही थी सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्चे के शव को चीरघर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

कई घंटे देर से पहुंची पुलिस ग्रामीणों में रोष : क्षेत्र के गांव बरुआ में मारपीट में घायल 6 माह की मासूम बच्ची अमृता कि शुक्रवार की सुबह 7:00 बजे मौत हो गई थी परिजनों ने थाने जाकर पुलिस को इसकी सूचना दी थी लेकिन कई घंटे गुजर जाने के बाद पुलिस गांव नहीं पहुंची उसके बाद दोपहर करीब 3:00 बजे हल्का दरोगा के साथ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है फिलहाल पुलिस के समय से नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है।

## सी एच सी जलालाबाद पर लगाई जा रही बूस्टर डोज

बूस्टर डोज लगाई जा रही है तहसील जलालाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी संस्थानों पर बूस्टर डोज लगाने का कैंप जलालाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया अधीक्षक अमित यादव के निर्देशन पर सरकारी स्थानों में जलालाबाद तहसील परिसर, बस स्टैंड, ब्लॉक परिसर , एवं गांव में एनेमो के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र एनम कार्यालय पर भी बूस्टर डोज लगाई जा रही है इस मौके पर 18 साल से ऊपर के हर नागरिक को यह डोज लगाई जा रही हैं।

## नौ लाख की अंग्रेजी शराब सहित 5 शराब तस्कर गिरफ्तार, दो कार व चार मोबाइल बरामद

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक एस आनन्द के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम एवं मादक पदार्थो का कारोबार करने वाले क्रियाशील एंव चिन्हित किये गये अपराधियो,वांछित एंव वारंटी अभियुक्तगणो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में निगोही पुलिस एवं एसओजी टीम ने अंतर राज्य पांच शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया जिनसे 9लाख की अंग्रेजी शराब चंडीगढ़ मार्ग 2 कार अल्टो तथा स्विफ्ट तथा 4 मोबाइल बरामद किए गए हैं रवीन्द्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना निगोही व रोहित कुमार, प्रभारी एस.ओ.जी. के नेतृत्व मे थाना निगोही वैब्ल की पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर कैमुआ पुल के पास बीसलपुर रोड से 05 अभियुक्त अजय पाल पुत्र परसादी लाल निवासी ग्राम बास बोझ थाना बहेड़ी जिला बरेली नैन सिंह पुत्र आसेराम निवासी ग्राम बास बोझ थाना बहेड़ी जिला बरेली , ओमेन्द्र पाल पुत्र सुरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम अबुपुरा जोखनपुर थाना बहेडी जिला बरेली ,रोहिताश कुमार पुत्र स्व0 ख्यालीराम निवासी मो0 पटेलनगर जादुनगर थाना बहेड़ी जनपद बरेली ,जतिन कुमार पुत्र स्व0 ख्याली राम नि0 मो0 पटेलनगर जादुनगर थाना बहेड़ी जनपद बरेली को 89 पेटी एवं 10 बोतल अंग्रेजी शराब मार्का 999 पाउडर स्टार फाइन व्हिस्की चंडीगढ़ के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तो ने पूछताछ करने पर बताया कि साहब यह शराब हम लोग उत्तराखण्ड के बाजपुर से लाये है तथा लाभ कमाने के उद्देश्य से ठेके के आस–पास बेच देते है आज भी सर हम इन दोनो गाडियो मे शराब लादकर शाहजहाँपुर बेचने के लिये ले जा रहे थे कि आपने हमे पकड लिया । बरामद दोनो गाडियो अल्टो कार व स्विफ्ट के कागजात तलब किये गये तो नही दिखा सके । दोनो गाडियो को मौके पर ई–चालान एप द्वारा 207 एम0वी0 एक्ट मे सीज कि गया।

## एसडीएम जलालाबाद ने खंड विकास अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में अमृत सरोवर का किया निरीक्षण

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। खंड विकास अधिकारी सिधौली खुशीराम भार्गव ने गांव महाशिर, कोटाबारी, अनावा मे निर्मित हो रहे अमृत सरोवर का निरीक्षण किया गया स विकास खंड मे 87 ग्राम पंचायते हैं स प्रत्येक ग्राम पंचायत मे दो अमृत सरोवर बनाएं जाने हैं स जिनमे से 20: अमृत सरोवर 15 अगस्त तक बनाएं जाने जाने है स प्रत्येक अमृत सरोवर पर मा. जनप्रतिनिधियों द्वारा 15 अगस्त को ध्वजा रोहण किया जाना हैं स इसके अतिरिक्त तीन अमृत सरोवर क्षेत्र पंचायत से भी निर्मित किये जाने है स निरिक्षण के दौरान सभी अमृत सरोवर पर कार्य प्रगति पर पाया गया स अमृत सरोवर महसीर मे 78 मजदूर कार्य करते हुए मिले स देश की आजादी के 75 वर्षो पर बनने वाले अमृत सरोवर ग्रामीणों के सेहत के भी साथी होंगे स सभी सरोवरों के तटबंध पर वृक्षारोपण किया गया है स अमृत सरोवर जहाँ एक ओर पर्यावरण संरक्षण करेंगे वही दूसरी ओर जल संरक्षण के लिये भी वरदान साबित होंगे स इसके साथ ही गांव की सुविधाओं का भी विकास होगा स गांव व आसपास का जल स्तर बेहतर होगा, तथा पर्यावरण मे सुधार होगा स शासन की उच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रम को मूर्तिरूप देने हेतु सभी ग्राम रोजगार सेवक, ग्राम विकास अधिकारी को निर्देश दिये गये है स निरिक्षण के दौरान अतुल मिश्रा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी व अन्य लोग साथ मे थे।

## कावड़ियों का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

अयोध्या टाइम्स अरुण बाथम शाहजहांपुर। प्रदेश में कावड़ियों के पर हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा के कार्यक्रम चल रहे हैं इसी क्रम में जलालाबाद उप जिला अधिकारी द्वारा श्रावण माह के शुक्रवार को जलालाबाद फर्रुखाबाद रोड याकूबपुर तिराहे पर उप जिला अधिकारी बरखा सिंह ने पांचाल घाट फर्रुखाबाद से गोला गोकर्ण नाथ जाने वाले

कावड़ियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया तथा कांवरियों को मिष्ठान एवं जलपान भी कराया कावड़िया भी खुशी से झूमते गाते नजर आए इस मौके पर उप जिला अधिकारी बरखा सिंह ,तहसीलदार चमन सिंह, नायब तहसीलदार चंद्रगुप्त सागर ,अधिवक्ता अच्युत पांडे नंद किशोर द्विवेदी एवं तहसील कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तिलहर भाजपा विधायिका के खिलाफ जबरन जमीन कब्जा कराने को लेकर होगा प्रदर्शन

• तिलहर थाना क्षेत्र के महमूदपुर डढ़िया का है मामला,दलित का निर्माण कार्य रुकवा कर 26 जुलाई को पुलिस से पिटाई कराते हुए करा दिया था चालान,तिलहर थाना प्रभारी निरीक्षक को भी निलंबित कराए जाने की मांग

अयोध्या टाइम्स शाहजहांपुर। सत्ता की हनक में दलितों की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर पीड़ित परिवार तिलहर से भाजपा विधायिका सलोना कुशवाहा के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर 30 जुलाई को कलेक्ट्रेट शाहजहांपुर में मुख्यमंत्री के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को एक ज्ञापन सौंपेगा अखिल भारतीय पुलिस सहयोग संगठन के जिला मीडिया प्रभारी बिशनु कनौजिया नें बताया की तिलहर थाना क्षेत्र के महमूदपुर डढ़िया में निवासी सेवाराम की जमीन है जिस पर तिलहर से भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा कुछ दबंग लोगों के माध्यम से कीमती जमीन पर कब्जा करना चाहती हैं पीड़ित सेवाराम के पुत्र प्रमोद ने बताया कि उसका निर्माण कार्य चल रहा था इसी बीच विधायिका ने पुलिस भेज कर उसके लेबर मिस्त्री की पिटाई करवाई और उसका और उसके भाई का चालान करवा दिया उसने कहा वर्तमान में उसकी पचासों लाख रुपए की कीमती जमीन है जिस पर कुछ दबंगों की नियत खराब हो गई है जो विधायक सलोना कुशवाहा के माध्यम से जमीन पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं पीड़ित ने बताया कि उसने उपजिलाधिकारी तिलहर को एक प्रार्थना पत्र दिया था जिसकी उप जिलाधिकारी द्वारा जांच कराई गई और जांच में जमीन उसके नाम खतौनी में दर्ज पाई गई जिस पर उपजिलाधिकारी ने थाना अध्यक्ष तिलहर को भी निर्देशित किया था लेकिन थाना अध्यक्ष विधायिका के दबाव में दबंगों का साथ दे रहे हैं और हम पीड़ित लोगों को ही मारपीट कर प्रताड़ित कर रहे हैं इस उत्पीड़न को लेकर अखिल भारतीय पुलिस सहयोग संगठन 30 जुलाई को कलेक्ट्रेट शाहजहांपुर में धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सोंपेगा जिसमें तिलहर थाना प्रभारी एवं दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए ।

उचित न्याय दिलाए जाने की मांग की जाएगी साथी विधायिका द्वारा सत्ता का दुरुपयोग करने के संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अवगत कराया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मनमौजी की दुकान

गाँव की नुक्कड के ठीक सामने मेवा लाल की एक छोटी सी दुकान थी,जहां सुबह दोपहर शाम प्रायः भीड़ लगी रहती थी।मीना लाल जो एक साधारण परिवार का था प्राइवेट राइस मील में सिर्फ 8000 की नौकरी करता था,लेकिन घर की नौकरी थी किसी तरह गुजारा हो जाता था।वह नित ही मेवालाल की दुकान पर आता था ।वहां विभिन्न तरह के लोग और विभिन्न मुद्दो पर बात चलती रहती थी।मीना लाल बोलने में माहिर जाना जाता था ।उसकी पकड़ देश के विभिन्न मुद्दो पर अच्छी थी। सभी लोग उसे सुनना चाहते थे। आज मेवा लाल की दुकान पर जीएसटी कर स्लैब की बात चल रही थी सभी चाय की चुस्कियों के साथ अपने अपने विचार रख रहे थे।चर्चा गर्मागर्म चल रही थी। एक सज्जन ने कहा– कर तो ठीक है पर आमलोगो से क्यू?आज भी ऐसे लोग है जिनके पास दो वक्त के लिए आटा–चावल खरीदने के पैसे नही होते वो अतिरिक्त कर बोझ कैसे पेय करेगे।फिर दूसरे सज्जन ने कहा भैया ये तो सरासर गलत है ।

थाली से पहले प्याज गायब हुई फिर दाल फिर सब्जी और अब रोटी, दाल,और चावल क्या यही सोच कर हम वोट किये थे अब बर्दाश्त से बाहर है भैया।फिर तीसरे सज्जन ने कहा भाय यह सरकार है हवा के भी कर वसूल सकती है । पहले हम अंग्रेज के गुलाम थे अब लगता है सरकारो की गुलामी कर रहे है।सरकार हम लोगो को कब समझेगी । मीना लाल सभी की बाते सुनकर बोला– देखो भैया सब नियम पुराने और घिसे पिटे है समय बदल रहा है ।बदलाव तो हर चीज में हो ही रहा है लेकिन आम जन कोआर्थिक कष्ट देकर यह विकास की गंगा नही बहायी जा सकती! सरकारो तक हमलोग को अपनी बात पुरजोर तरीके से रखना होगा।सरकारो को हमारी मजबूरी को समझना होगा । इस देश का विकास आम लोगो की खुशहाली से ही संभव है।सरकारो को आम लोगो की जेबें पर अतिरिक्त कर बोझ डालकर कोरोना से भी गंभीर बीमारी दे दी है जिसे झेलपाना सबकी बस की बात नही होगी। कृषि प्रधान देश में कृषि से तैयार खाद्यान्न पर अतिरिक्त कर देकर आमजन की रसोई में चोर दरवाजे से पहुंचना क्या सरकार की सही नीति है ये समझ से परे है क्या अन्न पर कर देना सही है या अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण ? यह किसी भी दृष्टिकोण से अच्छा नही है इससे अच्छा होता विलासिता सम्बन्धी चीजो पर टैक्स का दायरा बढा देते?प्रत्येक इंसान को टैक्स के दायरे में लाना कहां तक उचित है ?

आशुतोष, पटना बिहार

# 6 लेन की होगी कानपुर रिंग रोड, बैराज मार्ग नए स्टेट हाइवे 173 का हिस्सा बनेगा

कानपुर। कानपुर की यातायात व्यवस्था को सुगम और जामरहित बनाने में शासन की प्राथमिकता और कानपुर के मंडलायुक्त डाक्टर राजशेखर की निरंतर समीक्षा समन्वय और फॉलोअप सिस्टम का प्रभाव अब।दिखने लगा है। कानपुर के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्गो और स्टेट राजमार्ग की प्रगति समीक्षा बैठक में उन्होंने बताया की नगर के औद्योगिक ग्राफ में गिरावट तथा जाम युक्त यातायात के समाधान हेतु प्रतिदिन की समय सारिणी के।अनुसार फॉलोअप किया जा रहा और यह भी प्रयास हो रहा है की वर्तमान योजनाएं लंबे समय तक सुगम यातयात बाली बनी रहे।

राजशेखर ने बताया की सामान्यतः रिंग रोड 4 लेन की बनती है और उनमें 2लेन प्रसार का प्रभिधान किया जाता है लेकिन कानपुर की आवश्यकता को देखते हुए विशेष प्रयासों से यह सिक्स लेन की बनाए जाने पर सहमति हो गई है। कानपुर रिंग रोड के निर्माण की एक विशेष बात रहेगी की इसकी पूरी लंबाई में रोड स्टड एल इ डी ब्लिंकिंग लाइट लगेगी जिससे कोहरे में विशेष रूप से गंगा नदी के पुलों पर कोहरे से यातायात प्रभावित न हो। रिंग रोड की कुल लंबाई 93.2 किलोमीटर, कानपुर नगर अंतर्गत 62 किलोमीटर, उन्नाव में 27 किलोमीटर, कानपुर देहात के अंतर्गत 04 किलोमीटर है। निर्माण लागत लगभग 4778.69 करोड़। भूमि अधिग्रहण लागत लगभग 3605 करोड़। यूटिलिटी शिफ्टिंग लगभग 191.14। करोड़। अन्य पर व्यय लगभग 907.95 करोड । कुल परियोजना लागत लगभग 9482.79 करोड़। रिंग रोड को बैराज क्षेत्र से जोड़ने का प्रस्ताव नीरज श्रीवास्तव ने दिया था उसका भी प्रभिधान किया गया है। परियोजना निदेशक कन्नौज प्रशांत ने बताया की भूमि से संबंधित 3 डी की कार्यवाही 15 अगस्त तक पूर्ण हो जायेगी निर्माण कार्य मार्च 2023 में आरंभ करने का लक्ष्य है।

भूमि अधिग्रहण और निर्माण कार्य में कोई बाधा न आने पाए इसके लिए जिलाधिकारी कानपुर नगर की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई जिसमे अपर जिलाधिकारी कानपुर देहात,कन्नौज, उन्नाव ,मुख्य अभियंता लोकनिर्माण कानपुर, ट्रांसमिशन विभाग मुख्य अभियंता सिंचाई तथा मुख्य वन संरक्षक वन कानपुर मंडल होंग। इसकी पाक्षिक समीक्षा आयुक्त कानपुर मंडल करेगे। नीरज श्रीवास्तव ने सुझाव दिया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 34 को मंधना से बैराज मार्ग से जोड़े जाने की

आवश्यकता है,इसके परीक्षण के लिए आयुक्त ने मुख्य अभियंता लोकनिर्माण, परियोजना निदेशक कन्नौज तथा नीरज श्रीवास्तव को निर्देश दिया। डाक्टर राजशेखर ने बताया की चूंकि बैराज मार्ग से लखनऊ की जाने वाला यातायात निरंतर बढ़ रहा है ।

इसको देखते हुए उच्च स्तरीय सयुक्त विकास समिति के प्रस्ताव पर उन्हों ने पिछले वर्ष इसको 4 लेन प्रसार के लिए माननीय मंत्री जी अनुरोध किया था ,इस क्रम में इसको दाएं बंधा मार्ग मधना से बैराज ,बाएं बंधा मार्ग बैराज से सरैया क्रॉसिंग से पुरवा होकर मोहनलाल गंज तक स्टेट हाइवे 173 घोषित किया गया है और यह लोकनिर्माण विभाग की कार्ययोजना में भी सम्मिलित कर लिया गया है। डाक्टर राजशेखर ने अन्य महत्वपूर्ण योजना दादानगर समानांतर सेतु के संबंध में हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना आज संपन्न हुई व्यय वित्त समिति की।बैठक में स्वीकृत हो गया इनसभी परियोजनाओं के पूर्ण होने पर कानपुर के आंतरिक क्षेत्रों में भारी वाहनों का दबाव कम होगा, आंतरिक शहरी यातायात सुगम होगा और मुख्य रूप से कानपुर के औद्योगिक विकास को गति मिलेगी।

बैठक में मुख्य अभियंता लोकनिर्माण, समन्वयक नीरज। श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक कन्नौज , अधीक्षक अभियंता एन एच लोक निर्माण विभाग,के अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग के सभी डिविजन के अभियंता मौजूद रहे।

# मसनद पर बैठे सर्वोच्च सत्तानसीन सोचिए

- कब तक यह बेगानी त्रासदी मध्यप्रदेश के पेंशनरों के साथ खड़ी रहेगी....!

हमारे अपनों में से ही हैं, जो मिलती रहे जलालत तो क्या दवा देते हैं, उन्हें दयावान बताकर मरहम लगा देते हैं। सदाऐं आती है जब उनके सितम की, ये ऐसे शख्स हैं की

बीच–बीच उनकी वाहवाही का परचम लगा देते हैं। गुनाह उनके हो जायें बहुत, तो भी उनकी सदाकत देते हैं, अपने ही घर में लगी आग को आतिशबाजी का मजा देते हैं। कर रहे सारे बगावत तो, झूठी उम्मीद लगा देते हैं। चाटूकारिता सीखिए, इनसे, गर डला गले में फंदा हो, तो गुलों का हार बता देते हैं। जहां दयाभाव का बूंद भर दिखाई ना देता हो, वहां ये समंदर बता देते हैं। क्या बताऐं क्यों जकड़ी हुई हैं पेंशनरों की महंगाई राहत, दो सलाखों के बीच। कब तक ऐसा रहेगा। कब तक यह बेगानी त्रासदी मध्यप्रदेश के पेंशनरों के साथ रहेगी। क्या आला मसनददार बता सकते हैं। कोई तो महंगाई राहत को दो सींखचों के बीच सांकलों के बंधन से छुड़ा दो। अरे निकाय, निगमों, पंचायतों के चुनावों की आचार संहिता की जकड़न भी अब खुल चुकी। मसनदनवीस क्या भुल चुके हैं। धैर्य अब टूटने लगा हैं। लोकतंत्र में ऐसा कुठाराघात पेंशनरों के साथ क्यों, बताइए सबको खुश रखने वाली सल्तनत के वफादार। यह ज्यादती के समान नहीं हैं क्या। अब नगरीय निकायों, पंचायतों के चुनाव हो गए। अब मध्यप्रदेश की सरकार को पेंशनरों को महंगाई राहत देने में

कोई कठिनाई नहीं होना चाहिए। जरा भी विलंब नहीं करना चाहिए। जब महंगाई रूक नहीं सकती तो फिर महंगाई राहत रोके जाने का कोई औचित्य नहीं हैं। प्रदेश के लाखों पेंशनर्स और उनके परिवार बदहाली में जी रहे हैं। गुहार लगा रहे हैं कि अब तो जागिए सरकार। पेंशनर राहत रोकना बिलकुल नाइंसाफी हैं। पिछली विपरीत सरकार के बाद से इनकी सरकार आजतक बहुत अच्छी चली है, बहुत काम हुए हैं जिनके लिए धन की कोई कमी नहीं आई, बस एक पेंशनरों का काम ही रूका है, इसमें भी धन की कमी आड़े नहीं आ रही हैं, सरकार देना चाहती है, मगर जो अड़ंगा लगाया जा रहा हैं, वह क्लियर नहीं हो रहा, खत्म नहीं हो रहा, माकूल और मुकम्मल प्रयासों की कमी हैं, तो रोड़ा खत्म करना सरकार का कार्य है, जिससे पेंशनरों को बढ़ी महंगाई राहत मिले।

मन दुखी हैं हमारे प्रदेश के सभी पेंशनर्स परिवारों का उनकी व्यथा गंभीर पीड़ा बन चुकी हैं। सारे कार्य हो रहे हैं बेहतर, घोषणाएं हो रही हैं, फ्री की सौगातें बंट रही हैं, महंगाई का हथौड़ा पड़ रहा हैं पेंशनरों पर और पेंशनर्स अपने पेट की थाली बजा रहे हैं अगर पेट खाली हो तो कब तक भूखे रखेंगे परिवार को कर्ज लेकर परिवार पालना पड़ेगा। सरकार भी जब बजट में प्रावधान रख के चलती हैं तो व्यवस्था भी कहीं से भी करें। जैसे सारे खर्चो के लिए अभी कर रही है। पेंशनर्स की व्यथा कैसे हो दफा, हुक्मरान, मसनद पर बैठे सर्वोच्च सत्तानसीन पेंशनर्स भी इंसान हैं, आर्थिक विषमताओं की बीमारियों से, कमजोरियों से घिर गये हैं, उनके ईलाज के लिए बढ़ी महंगाई राहत दो, ऐसा पुण्य कमाओं, उनकी हाय मत लो, उनकी वाहवाही लुटो, दुआऐं लो।

मदन वर्मा, इंदौर, मध्यप्रदेश

# उ0 प्र0 आगरा क्षेत्र की रोड़वेज कर्मचारी संयुक्त परिषद का चुनाव,ताज डिपो में सम्पन्न हुआ

दै. अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। 29 जुलाई को रोड़वेज कर्मचारी संयुक्त परिषद उ० प्र० आगरा क्षेत्र की क्षेत्रीय प्रबन्ध समिति का चुनाव प्रान्तीय नेतृत्व के दिशा–निर्देशानुसार घनश्याम सिंह इन्दौलिया क्षेत्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता एवं चुनाव पर्यवेक्षक मुनेन्द्रपाल सिंह क्षेत्रीय अध्यक्ष अलीगढ क्षेत्र तथा शान्तीस्वरूप अग्निहोत्री उपमहामन्त्री कैम्प इटावा क्षेत्र की देखरेख में संगठन क्षेत्रीय कार्यालय ताज डिपो आगरा में सम्पन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से क्षेत्रीय अध्यक्ष पद पर रामनरायन शर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल लवानियां,क्षेत्रीय मन्त्री चन्द्रहंस एवं प्रान्तीय प्रतिनिधि अवधेश कुमार निर्वाचित हुये तथा निर्वाचित पदाधिकारियो द्वारा समिति के शेष पदाधिकारियो को मनोनीत किया गया क्षेत्रीय अध्यक्ष चुनने के बाद श्री रामनरायन शर्मा ने कर्मचारियो, सम्बोधित करते हुये कहा कि निगम हित का ध्यान रखते हुये कर्मचारियो की सामूहिक समस्याओ का समाधान तत्काल कराये जाने का प्रयास किया जायेगा एंव क्षेत्रीय मन्त्री श्री चन्द्रहंस ने अपने सम्बोधन में कहा कि आगरा क्षेत्र में बिना कोई जांच किये डीजल, कम आय पर कटौती न करने एवं कर्मचारियो से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने की स्थिति में सम्बधित अधिकारी से वार्ता कर निस्तारण कराये जाने का प्रयास किया जायेगा जिससे निगम हित के साथ–साथ कर्मचारी की समस्या का तत्काल समाधान होने से क्षेत्र के कर्मचारी अपने पूरे मनोवल के साथ निगम के प्रति कार्य करेंगे चुनाव में आगरा क्षेत्र के छह डिपो में कार्यरत संगठन की दस प्राथमिक शाखाओ के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिसमें सर्व सोहन सिंह,संजय धाकरे, अजीतपाल सिंह, राजेश सिंह, पंकज माहेश्वरी, मुकेश अग्रवाल, अशोक कुमार,नैपाल सिंह, राजकुमार, जितेन्द्र जौहरी,पी० पी० सिंह, धर्मवीर सिह, सोवरन सिंह,प्रवीन कुमार,धर्मेन्द्र सिंह, सन्तोष कुमार, लक्ष्मीनरायन, शैलेन्द्र

लवानिया, अजीज खाँ,गौरव शर्मा, दिनेश कुमार, मनोज त्यागी, सुरेन्द्र बघेल आदि पदाधिकारी उपस्थित हुये।

# मुहर्रम को लेकर करवला कमिटी ने सम्मानित क्षेत्रवासियों के साथ बैठक संपन्न

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। आगामी मुहर्रम को लेकर शुक्रवार को करवला कमिटी के पदाधिकारियों व तजिये दारी करने वाले व समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों के साथ बैठक मुख्य रूप से उपस्थित रहेै सत्यनारायण व इंस्पेक्टर न्यू आगरा डिवीजन चौकी इंचार्ज न्यू आगरा में हुई। बैठक मे तमाम लोगों से मुहर्रम को शांति और भाईचारे का साथ मनाने की अपील किया। बैठक में, वरिष्ठ समाजसेवी लियाकत अब्बास करवला कमेटी के सचिव हाजी अबरार प्रवेश कुरैशी अलीमुद्दीन अब्बास कामिल अली भाजपा वरिष्ठ नेता राजेंद्र कुशवाहा बसपा

विधानसभा अध्यक्ष वीरू कुमार कमिटी के पदाधिकारियों ने मुहर्रम के अवसर पर कर्बला की साफ सफाई, सड़क पर बहते पानी और कई स्थानों पर रोशनी की कमी, यातायात प्रबंधन आदि से जुड़ी सभी समस्याओं पर जिला प्रशासन और नगर निगम का ध्यान आकर्षित कराया गया है। शीघ्र से शीघ्र निदान कर दिया जाएगा। वहीं पर वार्ड 43 क्षेत्रीय पार्षद नहीं रहे मीटिंग में उपस्थित।

# अपर जिलाधिकारी प्रशासन को दी गयी विदाई

कानपुर देहात। जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में स्थानांतरित अपर जिलाधिकारी प्रशासन गरिमा सिंह के सम्मान में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के तत्वावधान में अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रतीक चिन्ह, पुष्पगुच्छ, शॉल आदि भेंट कर विदाई दी गई, वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि शासकीय सेवा में स्थानान्तरण एक नैतिक प्रक्रिया है।

उन्होने बताया कि जो भी अधिकारी जिस जगह तैनाती मिले उसे पूरी लगन के साथ कार्य करना चाहिए, उन्होनें ने बताया कि शासकिय दायित्वों का निर्वाहन ठीक ढगं से करना चाहिए। इस मौके पर सभी एसडीएम, कलेक्ट्रेट कर्मचारी एवं अधिकारीगणों ने भी सम्बोधित किया।

# सफाई मित्रों का आर्थिक एवं मानसिक शोषण कर रही हैं उक्तकम्पनी : महासंघ

- नगर–निगम ने उक्त कम्पनी का ठेका निरस्त नहीं कराया तो महासंघ उग्र आंदोलन को बाध्य होगा

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। अग्रवाल एंड कम्पनी ध्दारा आउटसोर्सिंग सफाई मित्रों के वेतन,ईपीएफ की अनियमितताओं को लेकर जाँच करने हेतु उप्र स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ ने संरक्षक राकेश चौधरी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा और नगर आयुक्त ने जाँचकर कार्यवाही का आश्वासन दिया। उप्र स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ ने अपने संरक्षक, मंडल प्रवक्ता–चौधरी राकेश राजौरिया के नेतृत्व में आज अग्रवाल एंड कम्पनी द्वारा गरीब,निरीह आउटसोर्सिंग सफाई मित्रों के साथ की जा रही वेतन,ईपीएफ की भारी विसंगतियों द्वारा हो रहे दमन,शोषण पर निष्पक्ष जाँच हेतु एक मांगपत्र सौंपकर अग्रवाल एंड कम्पनी के साथ नगर निगम द्वारा हाल ही में हुये नवीन ठेके को भी निरस्त करने की मांग उठाई। इस संदर्भ में महासंघ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष श्री विनोद इलाहाबादी, हरीबाबू वाल्मीकि, चौ.यतीन्द्र सिंह, सूरज पहलवान, राजकुमार विधार्थी, धर्मराज राजौरिया, अशोक दयाल, अनिल राजौरिया,सुमित चौहान, रोहित लवानियां, नरेश मुंसब, कामेश कुंज, नितिन कन्नौजी, श्याम पाथरे,सुरजीत जमींदार,शिवम चौहान आदि पदाधिकारियों ने कहा कि अगर नगर–निगम ने उक्त कम्पनी का ठेका निरस्त नहीं कराया तो महासंघ उग्र आंदोलन को बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी नगर–निगम प्रशासन की

होगी। इस दौरान सभी ने एक स्वर में कहा कि जो कम्पनी सबसे ज्यादा सफाई मित्रों का आर्थिक एवं मानसिक शोषण कर रही है उसको ही तरजीह देकर नगर–निगम ठेकेदारी पैक्ट कर रही है, जिसको उ. प्र.स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ हरगिज बर्दाश्त नहीं करेगा और आउटसोर्सिंग सफाई मित्रों के हितों की हर संभव रक्षा करेगा।

# झूला पै झूलें रानी राधिका जी मनभावन, सावन का मनाया तीज उत्सव

- खूब गायी मल्हार, श्रंगार प्रतियोगिता में जीती बाजी

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। सावन के झूले पड़े हैं, तुम चले आओ.., सावन के झूलों ने मुझको बुलाया.. जैसे गीतों को गाते हुए वैचारिक जागरण मिशन ट्रस्ट ने हरियाली तीज उत्सव मनाया,कार्यक्रमका शुभारम्भ डा नीतू चौधरी ने दीप प्रज्जवलन करके किया । जिसमें सभी ने उत्साह के साथ भाग लिया। हलवाई की बगीची स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर आयोजित इस समारोह में महिलाओं ने गाया, झूला पर झूलें रानी राधिका जी। उसके बाद गीत, संगीत का सिलसिला शुरू हो गया। महिलाओं ने जम कर नृत्य भी किया। हरे–हरे हरिधान पहने, सोलह श्रंगार किए महिलाओं ने भारतीय श्रृंगार की रानी प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। तंबोला भी खेला। लकी ड्रा में भी बाजी मारी। ट्रस्ट की संस्थापक अध्यक्ष प्रतिभा जिंदल

ने कहा कि सावन अब पेड़ों पर ना तो सावन के झूले पड़ते हैं और ना ही बाग–बगीचों में सखियों की रौनक होती है, जबकि एक जमाने में सावन लगते ही बाग–बगीचों में झूलों का आनंद लिया जाता था। विवाहित बेटियों को ससुराल से बुलाया जाता था।

वे मेहंदी लगाकर सावन के इस मौसम में सखियों के संग झूला झूलने का आनंद लिया करती थी और वहीं, बरसती बूंदें मौसम का मजा और दोगुना कर देती थी, लेकिन अब ये परंपरा खत्म होती जा रही है। अब न तो झूले पड़ते हैं और न ही गीत सुनाई देते हैं। इसलिए अब संस्थागत तरीकों से यह आयोजन किए जाते हैं, कार्यक्रम मे महासचिव दीपिका अग्रवाल कोषाध्यक्ष अनीता मित्तल, उपाध्यक्ष मधुबाला अग्रवाल, मनीषा चौहान,अनुभा उपाध्याय, कोरल अग्रवाल, नीतू मित्तल , आशा अग्रवाल ममता शर्मा, प्रांजल जिन्दल ,आदि ने व्यवस्थाये संभाली।

# शिक्षित एवं देशभक्त नागरिक समृध्द राष्ट्र की संपत्ति

• हमें सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 135 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि ष्आशाओं पर आकाश टिका हुआ हैष् और निसंदेह आशा,उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरुआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार–चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा। संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने संपूर्ण मनोबल के साथ उस कार्य को अंजाम देने के लिए अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश करनी होगी एवं लक्ष्य के साथ दे तथा साधनों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर उस के संदर्भ में उसके अंतर्निहित हर तत्व को भलीभांति पहचान कर उस पर मेहनत करनी होगी अन्यथा बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यदि मेहनत और कठोर श्रम न किया जाए तो असफलता ही हाथ लगती है ।यही वजह है कि जिन भी बड़े लोगों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है निसंदेह उन्होंने कठिन परिश्रम अपने लक्ष्य के लिए किया था, है और करेंगे। हर बड़े कार्य को करने के लिए अच्छी योजना ,अच्छा आकलन एवं उस सफलता को अपना बनाने के लिए सही विचार तथा नीतियां बनानी होगी एवं अपने उपलब्ध संसाधनों का विश्लेषण तथा अवलोकन कर उसकी क्षमता का आकलन करना होगा। केवल हवा में सकारात्मक सोच और मनोबल के दम पर किसी बड़े लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। उत्तम एवं बड़े सकारात्मक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक बड़ी सोच अथक मेहनत एक सुनियोजित नीति एवं पृष्ठभूमि में शांत चित्त मस्तिष्क की आवश्यकता होती है। सर्वप्रथम हमारे सामने जो उपलब्ध वर्तमान का समय है वर्तमान के अवसर संपूर्ण सदुपयोग कर भविष्य की तमाम सफलताओं को सुनिश्चित किया जा सकता है। हमें सदैव चौकन्ना रहकर जो हमारे सामने समय सीमा है एवं समय के अवसर हैं उन्हें पहचान कर उसका संपूर्ण दोहन कर उपलब्ध संसाधनों का परीक्षण कर समेकित रूप से सब का समुचित उपयोग कर लक्ष्य की प्राप्ति की ओर जागृत होना चाहिए। जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा की करोना काल में हमें आपदा में अवसर की तलाश करनी चाहिए और अवसर ही हमें किसी भी विकट परिस्थिति से लड़ने एवं उस पर नियंत्रण रखने की शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करते हैं। यह सकारात्मक सोच का ही परिणाम है की कोविड–19 के संक्रमण में भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में उस पर प्रभावी नियंत्रण किया एवं उस पर विजय प्राप्त की है। यह आसान काम नहीं था किंतु पूरे देश के नागरिकों एवं अग्रिम नेताओं की सकारात्मक सोच तैयारी एवं संसाधनों के समुचित प्रयोग से ही संभव हो पाया। आज हमारे सामने समाज में जो भी हमारे प्रेरणा स्रोत हैं, वे कभी चुनौतियों के सामने झुके नहीं और ना ही उन्हें किसी प्रकार की समाजिक कठिनाई अथवा चुनौती झुका पाई और यही कारण है की वह हमारे प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। इस संदर्भ में हर व्यक्ति को सकारात्मक सोच रख कर अपने मौजूदा संसाधनों का संपूर्ण दोहन कर सटीक नीति और भविष्य की योजनाएं बनाकर उस पर मेहनत करनी होगी और मेहनत से उपजे आत्मबल तथा संयम के साथ किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संपूर्ण ऊर्जा समेकित रूप से केंद्रित कर उस लक्ष्य की प्राप्ति करनी होगी। नागरिकों के समेकित प्रयास अच्छी सोच और कड़ी मेहनत से ही संपूर्ण राष्ट्र वैश्विक स्तर पर एक आदर्श तथा प्रेरणादायक राष्ट्र बनने की क्षमता की ओर आगे बढ़ सकता है।

संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़

## विद्यार्थी परिषद ने वृक्षमित्र अभियान चलाकर किया पौधरोपण

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स दिबियापुर,औरैया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दिबियापुर नगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने सरस्वती विधा मंदिर इंटर कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा चलाया जा रहा वृक्षमित्र अभियान जिसमें विद्यार्थी परिषद ने देशभर में करोड़ पौधे लगाने का अभियान लिया है। इसी अभियान के निमित्त कार्यकर्ताओं ने वृक्ष मित्र बनाएं और विद्यालय परिसर में पौधों का रोपण किया। सभी छात्र छात्राओं को वृक्षों के महत्व उनकी उपयोगिता के साथ–साथ पौधों को लगाने के लिए प्रेरित किया । परिषद के कार्यकर्ता आयुष सिंह जादौन ने वृक्ष मित्र अभियान के बारे में सभी छात्र छात्राओं को विस्तार से बताया और कहा कि वृक्ष मित्र अभियान के माध्यम से जो अनेक अनेक पौधों का रोपण किया जाता है उनकी अच्छे से देखभाल की जा सकेगी और ज्यादा से ज्यादा पौधे आगे चलकर वृक्ष बनेंगे और उनका लाभ आने वाले सालों में हम सभी को मिलेगा।इसलिए हम सभी लोग वृक्ष मित्र बने और ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधे लगाएं, उनका ध्यान रखे । इस दौरान अक्षत दुबे, हर्षवर्धन , नवीन सिंह ,वैभव जादौन, आदित्य परिहार आदि कार्यकर्ता और छात्र मौजूद रहे।

## आसनसोल में एक दिवसीय ग्रांड मेकअप वर्कशाप एवम सेमिनार का आयोजन

आसनसोल। मेकअप के क्षेत्र में महिलाओ को स्वनिर्भर बनाने के लिए आरसी इंस्टिट्यूट ऑफ मेकअप एंड बीयूटी मैनेजमेंट द्वारा आसनसोल स्थित सृष्टिनगर के ओडिसी क्लब में गुरुवार की देर शाम महिलाओ के लिए एक दिवसीय ग्रांड मेकअप वर्कशाप एवम सेमिनार मेकअप का जलवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों सहित झारखंड एवम अन्य राज्यो की 75 महिला मेकअप आर्टिस्ट ने हिस्सा लिया। मेकअप का जलवा सेमिनार का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य आयोजक एवम आरसी इंस्टिट्यूट ऑफ मेकअप एंड ब्यूटी मैनेजमेंट के डायरेक्टर रवि शंकर चौबे, रंगमहल मेकअप स्टूडियो एवम एकेडमी कोलकाता के निदेशक मेकअप आर्टिस्ट जोनी बिस्वास एवम आसनसोल बंगाल सृष्टि के ऑपरेशन मैनेजर बिनय चौधरी, डॉ ममता मिश्रा, आसनसोल मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्ष निधि पसारी, सचिव रेखा गाड़ीवान, स्टेट जोनल हेड मधु डुमरेवाल ने दीप जलाकर किया । कार्यशाला के पूर्व कार्यक्रम के मुख्य आयोजक रवि शंकर चौबे एवम कार्यक्रम की संयोजिका शर्मिष्ठा वसाक एवम निवेदिता सेन ने कोलकाता से आये सुप्रशिद्ध मेकअप आर्टिस्ट एवम सेमिनार के प्रशिक्षक जोनी बिस्वास को आरसी इंस्टिट्यूट ऑफ मेकअप एवम बीयूटी मैनेजमेंट की ओर से मोमेंटो एवम फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य आयोजक रवि शंकर चौबे ने कहा कि आसनसोल में ग्रांड मेकअप सेमिनार आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह है कि दिल्ली, मुम्बई एवम कोलकाता की तर्ज पर महिलाओ को आसनसोल में मेकअप का उच्च कोटि के प्रशिक्षण देकर महिलाओ को स्वनिर्भर बनाना है।

ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियां एवम महिलाएं अपने शहर में मेकअप एवम सौंदर्य प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वनिर्भर बनकर स्वरोजगार प्राप्त कर सके। यही वजह है कि कोलकाता के ख्यातिप्राप्त मेकअप आर्टिस्ट जोनी बिस्वास द्वारा आसनसोल में मेकअप की बारीकियो के साथ प्रशिक्षण दिया गया। मेकअप ट्रेनिंग कार्यक्रम में पश्चिमबंगाल के कोलकाता, हावड़ा, नैहटी, श्यामनगर, बर्दवान,

पानागढ़, बुदबुद, दुर्गापुर, जामुड़िया, रानीगंज, आसनसोल, बर्नपुर, कुल्टी, बराकर सहित बिभीन्न जिलों सहित झारखंड के धनबाद , जामताड़ा, निरसा, मैथन की 75 मेकअप आर्टिस्ट, कामकाजी महिलाएं एवम युवतियों ने कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त किया। ग्रांड मेकअप कार्यशाला में प्रशिक्षण के बाद महिलाओ को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आरसी इंस्टीटूट ऑफ मेकअप एंड वियूटी मैनेजमेंट के निदेश, कोलकाता रंगमहल की टीम के साथ बंगाल सृष्टि के आपरेशन मैनेजर बिनय चौधरी, डॉ ममता मिश्रा, आसनसोल मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्ष निधि पसारी, सचिव रेखा गाड़ीवान, स्टेट जोनल हेड मधु डुमरेवाल, समाजसेविका अनिता केडिया, कार्यक्रम की संयोजिका , शर्मिष्ठा वसाक, निवेदिता सेन, श्रीपर्णा मैत्रा, प्रियंका दास सहित कुल्टी मदद फाउंडेशन कन्या गुरुकल की हेड डॉ ममता मिश्रा, महिला प्रशिक्षण केंद्र कुल्टी की प्रोजेक्ट हेड रिंकू चौबे एवम बराकर सेंटर की प्रोजेक्ट हेड किरन प्रसाद सहित क्षेत्र की बिशिष्ट महिलाएं बीशेष रूप से उपस्थित थी। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन रिम्पल चौटालिया एवम संगीत अनुपम द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

## एचडीएफसी बैंक द्वारा कुल्टी में लगी लॉन महोत्सव

कुल्टी। एचडीएफसी बैंक कुल्टी शाखा की ओर से दो दिवसीय ग्रामीण लोन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस लोन महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि आसनसोल फूड विभाग के सहायक निदेशक दीपक मंडल ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस ग्रामीण लोन महोत्सव के दौरान क्लस्टर हेड एचडीएफसी के सुबीर दास, शाखा प्रबंधक सुमन सरकार, नियामतपुर मरचेंट चेम्बर ऑफ कोमर्ष एंड इंडस्ट्रीज के सचिव सचिन बालोदिया सहित कई अधिकारी शामिल थे। मुख्य अतिथि दीपक मंडल ने उद्घाटन के अवसर पर कहा कि एचडीएफसी द्वारा जो दो दिवसीय ग्रामीण लोन महोत्सव का आयोजन किया है वो 29 ओर 30 जुलाई तक चलेगा। इस लोन मेले में स्थानीय ग्रामीण किसी भी प्रकार के लोन जैसे दो चक्का ओर चार चक्का गाड़ी, घर, फ्लेट, ओर भी कई प्रकार के घरेलू उत्पाद बैंक आसानी से ग्राहकों को उपलब्ध करा सकेगा। जिसकी पूरी जानकारी लोन महोत्सव में अधिकारी आये हुए ग्राहकों को दे सकते है। जो एक

अच्छी पहल है बैंक और ग्राहक के बीच। इसमें लोन लेने पर किस प्रकार के कागजात आपको देने है जिससे आसानी से आपको लोन मुहैया हो सके। वही नियामतपुर मर्चेंट चेम्बर ऑफ कोमर्ष एंड इंडस्ट्रीज के सचिव सचिन बालोदिया ने एचडीएफसी द्वारा लगाए गए लोन महोत्सव को लेकर बैंक प्रबंधन को बधाई देते हुए बताया कि ग्रामीणों को लोन देने की सरल प्रक्रिया से ग्राहकों को आसानी से लोन की प्राप्ति हो सकेगी। जहा इस ग्रामीण लोन महोत्सव में ग्राहकों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

## बारिश के मौसम में रखें सेहत का ख्याल : सीएमओ

☒ साफ–सफाई व स्वच्छता का रखें ख्याल, बाहर के खाने से करें मनाही

☒ शरीर को हाइड्रेटेड रखें, पर्याप्त नींद लें, मच्छरों से करें बचाव

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। कभी धूप तो कभी छाँव और उसके बाद बारिश, आजकल कुछ ऐसा ही मौसम हो रहा है। तेज गर्मी के बीच अचानक बारिश होने से बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक (इम्यूनिटी) क्षमता कमजोर है, वह संक्रमण की चपेट में आ जाते हैं। बारिश में सर्दी, खांसी, फूड पॉइजनिंग, दस्त, बुखार आदि बीमारी से बचाव का ख्याल और स्वस्थ व संतुलित खानपान बेहद जरूरी है। यह कहना है मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ अर्चना श्रीवास्तव का। सीएमओ ने कहा कि बारिश के दौरान स्वास्थ्य व स्वच्छता सम्बन्धी सावधानियां आवश्यक है। इस मौसम में पानी एवं मच्छरों से होने वाली बीमारियां जैसे डायरिया, मलेरिया, डेंगू की संभावना बढ़ जाती है। आजकल बुखार, सर्दी, खांसी, दस्त आदि के मरीज बढ़ते जा रहे हैं। बारिश के मौसम में चारों तरफ पानी भरा होने से कीटाणु अधिक पैदा होते हैं। खेतों में पानी भरने से जर्म का खतरा रहता है। मौसम में ठंडक बढ़ने से ठंडा–गर्म की शिकायत हो जाती है। सेहत के अलावा बारिश के मौसम में त्वचा का भी ख्याल रखना जरूरी है।सीएमओ ने कहा कि गंदगी में जाने से बचें, मच्छर अधिक हों तो उन्हें भगाने के उपाय करें, किसी को अगर वायरल है तो उससे दूर रहें, आदि। इन सभी तरीकों से बारिश के मौसम में स्वस्थ व ऊर्जावान रहा जा सकता है। किसी अन्य प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परामर्श के लिए नजदीकि चिकित्सालय में डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं। साफ–सफाई व स्वच्छता का रखें ख्याल दृ संचारी रोगों के नोडल अधिकारी डॉ शिशिर पुरी ने कहा कि किसी भी मौसम में स्वच्छता और साफ–सफाई का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए सामान्य बातों का ध्यान रखना जरूरी है। जैसे भोजन से पहले–बाद में, छींकने और खांसने के बाद, कोई भी बाहरी वस्तु छूने के बाद हाथों को अच्छी तरह धोएँ। नहाने के बाद तौलिया को धोकर तेज धूप में सुखाएं। धूप नहीं होने पर खुली हवा में सुखा दें। बाथरूम को अच्छे से साफ करें और कीटाणुनाशक स्प्रे से छिड़काव करें। पकाने से पहले फलों व सब्जियों को धोएं दृ डॉ पुरी ने कहा कि मौसम कोई भी हो, पकाने से पहले सब्जियों और फलों को अच्छी तरह धो लेना चाहिए। लेकिन बारिश में इस पर अधिक ध्यान देने की जरूरत होती है। फल और सब्जियां के माध्यम से बैक्टीरिया घर तक पहुंच जाते हैं। अगर उन्हें अच्छे से साफ नहीं करते हैं तो उनका शरीर में जाने का खतरा बना रहता है और वह आपको बीमार बना सकते हैं। बाहर के खाने से करें मनाही दृ उन्होने कहा कि व्यक्ति की सेहत उसके खाने पर ही निर्भर करती है। वह जैसा खाता है, वैसी ही उसकी सेहत रहती है। बारिश के दौरान देर तक कटे हुए और रखे हुए फल व सब्जियां खाने से बचने की भी सलाह दी जाती है। मानसून के दौरान घर का बना खाना खाएं। अगर बारिश के मौसम में पकौड़ी खाने का मन है तो बाहर की बजाय घर में ही बनाकर खाएं। इस दौरान इम्यूनिटी बढ़ाने वाले फल और सब्जियां जैसे कद्दू, ब्रोकली, पालक, मकई, बैंगन, सेब, तोराई, लौकी, चुकंदर, आम, शरीफा इत्यादि हैं। शरीर को हाइड्रेटेड रखें दृ डॉ पुरी ने कहा कि शरीर को हाइड्रेटेड रखना स्वास्थ्य के लिए हमेशा फायदेमंद रहता है। इसलिए बारिश के मौसम में भी ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं। इससे स्वस्थ महसूस करेंगे और बीमारी होने का खतरा भी कम हो जाएगा। वजन घटाने के साथ ही हाइड्रेटेड रहने से कीटाणुओं और संक्रमण से लड़ने में मदद मिलती है। पर्याप्त नींद लें दृ पर्याप्त नींद लेना हर किसी के लिए जरूरी होता है। अच्छी नींद नहीं लेने से इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है और बीमारियां होने का खतरा ज्यादा रहता है। इसलिए कम से कम 7 से 8 घंटे की गहरी नींद जरूर लें। कोशिश करें रात में एक साथ ही पर्याप्त नींद लें। दिन में सोने से बचें। इससे स्वस्थ महसूस करेंगे। पूरी नींद नहीं लेने से शरीर में कमजोरी बनती है। इससे संक्रमण और वायरल बुखार होने का खतरा बढ़ सकता है।

## पड़ोसी गांव का युवक युवती को भगा ले गया, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निवासी एक युवती को 4 दिन पूर्व पड़ोसी गांव का एक युवक भगा ले गया। मामले की रिपोर्ट लिखाने के लिए पीड़ित पिता ने कोतवाली में तहरीर दी है।

क्षेत्र के ग्राम निवासी एक पिता ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि गत 26 जुलाई 2022 समय करीब शाम 5 बजे उसकी करीब 20 वर्षीय पुत्री राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज झांसी में पॉलिटेक्निक का कोर्स कर रही है। वहीं पर किराए का कमरा लेकर अपनी पढ़ाई कर रही थी। 26 जुलाई 2022 को करीब 5 बजे प्रार्थी का भांजा अमित कुमार पुत्र शिव करन निवासी ग्राम बघुआ थाना अछल्दा जनपद औरैया कुछ निजी काम से औरैया आया था। पुत्री ने जालौन चौराहे पर एक मिठाई की दुकान पर अंशु को देखा। इसके अलावा अंशु से मिली। उसी समय अंशु ने उससे कहा कि वह तो झांसी में पढ़ाई कर रही है, क्या घर पर आई हो। प्रार्थी के भांजे ने अंशु के साथ एक लड़के जो कि रवि उर्फ गोपाल गोपी कृष्ण पुत्र जगजीवन राम निवासी ग्राम खरका की मडैया कोतवाली जनपद औरैया को भी साथ में देखा था। प्रार्थी के भांजे ने पूछा कि यह लड़का कौन है? अंशु ने बताया था कि यह पड़ोस के गांव का है और मैं इसके साथ जा रही हूँ। मैं अभी–अभी झांसी से आई हूँ , और रवि के साथ घर जा रही हूँ। इतनी बात कहकर प्रार्थी का भांजा अपने घर चला गया। प्रार्थी के भांजे का फोन आज 27 जुलाई 2022 दोपहर करीब 12:00 आया तो प्रार्थी को भांजे ने सारी घटना का विवरण बताया। प्रार्थी ने अपनी बेटी अंशु का मोबाइल नंबर डायल किया तो उसका नंबर बंद जा रहा था। प्रार्थी ने लड़के रवि उर्फ गोपीकृष्ण के बारे में पता किया तो जानकारी हुई कि वह घर पर नहीं है। प्रार्थी को पूर्ण विश्वास है कि प्रार्थी के पड़ोसी गांव खरका की मडैया निवासी रवि उर्फ गोपी कृष्ण उसकी बेटी को भगा ले गया है।

ऐसी स्थिति में न्यायहित में रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामले की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस युवती एवं युवक को पकड़ने के लिए संभावित ठिकानों पर दबिसे दे रही है।

## झमाझम बारिश से उफनाए नाला-नालियां शहर बना टापू

☒ शहर के सरकारी कार्यालयों एवं मोहल्लों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। इन दिनों झमाझम बारिश जारी है। इसी के चलते शुक्रवार को हुई बारिश से शहर के विभिन्न कार्यालयों के परिसर एवं मोहल्लों की गलियों व नाला– नालियों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिससे शहर टापू सा प्रतीत होने लगा। शहर में जल निकासी की व्यवस्था पर्याप्त नहीं होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हो जाती है। नगर पालिका प्रशासन चाहकर भी इस जलभराव की समस्या से शहर वासियों को निजात नहीं दिला पा रहा है। कई दिन से रुक–रुक कर हो रही लगातार झमाझम बारिश से शहर के विभिन्न कार्यालय परिसर कोतवाली , फायर स्टेशन , ब्लॉक परिसर , कंट्रोल रूम परिसर, तहसील परिसर व नगर पालिका परिसर व अस्पताल परिसर में जल प्लावन की स्थिति उत्पन्न हो गई। इसी तरह से ही शहर के विभिन्न मोहल्ले बनारसीदास पश्चिमी , नई बस्ती पढीन दरवाजा, नई बस्ती सत्तेश्वर, गोविंद नगर उत्तरी , नरायनपुर पूर्वी, ब्रह्मनगर, भीखमपुर, दयालपुर, बदनपुर व ओम नगर आदि मोहल्लों में झमाझम बारिश से गलियां व नाला–नालियां जलभराव से लबालब हो गई। वर्षा का पानी कुछ लोगों के घरों में भी प्रवेश कर गया, जिसे निकालते हुए गृह स्वामियों को देखा गया। इतना ही नहीं शहर के प्रमुख बाजारों में भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। वर्षा का पानी दुकानों में घुस गया। जिससे दुकानदार अपना सामान सुरक्षित स्थान पर रखते हुए देखे गये। रुक– रुक कर लगातार हो रही वर्षा से शहर का नजारा टापू का प्रतीत होने लगा। शहर में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण जलभराव की समस्या हमेशा बनी रहती है। इस समस्या से शहर वासियों को निजात नहीं मिल रही है। शहर के फायर स्टेशन एवं नगर पालिका परिषद में जलभराव को पंपिंग सेट लगाकर निकाला जाता है। शहर की संभ्रांत वरिष्ठ एवं बुद्धिजीवी लोगों ने जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए पालिका प्रशासन से मांग की है। इस संबंध में जानकारी लेने पर नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी बलवीर सिंह का कहना है कि जिन मोहल्लों में जलभराव होता है , वहां पर गलियां एवं मकान पहले से ही गहराई में बने हुए हैं। जिसके चलते गलियों में पानी भर जाता है।

पालिका परिषद का पूर्ण प्रयास है कि शहर के बाशिंदों को जलभराव की समस्या से निजात दिलाया जाए , लेकिन इसके लिए गलियों का उच्चीकरण करना होगा , जोकि सरकार द्वारा निर्माण कार्य के लिए पर्याप्त धनराशि भेजने पर ही संभव हो सकता है।

## सपोर्ट वायर में उतरे करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

☒ गांव में ही निमंत्रण से घर लौटते समय हुआ हादसा

☒ सड़क पर भैंसें आ जाने से सपोर्ट वायर के संपर्क में आया अधेड़

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स अयाना,औरैया। थाना क्षेत्र के तिवर लालपुर में गुरुवार रात को निमंत्रण से घर लौटते समय सड़क पर आईं भैंसों से बचने के दौरान विद्युत पोल के सपोर्ट वायर में उतरे करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तिवर लालपुर निवासी जगदीश(५६) पुत्र निरंजन गुरुवार रात को गांव के ही कौशल किशोर के नाती की छटी में गया था। देर रात घर लौटते समय रास्ते में भैंसें आ जाने पर उसने खुद को बचाने के लिए सड़क किनारे लगे विद्युत पोल के सपोर्ट वायर को पकड़ लिया। बारसात की वजह से सपोर्ट वायर में करंट आने की वजह से वह उसकी चपेट में आ गया। राहगीरों ने लाठी–डंडों की मदद से उसे करंट की चपेट से हटाया तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। जगदीश की मौत की जानकारी सुन परिजन रोते–बिलखते हुए घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े। पत्नी मीरा देवी, बेटी वंदना, बेबी, बेटे मुकेश, सुखराम, शिवा का रो–रो कर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष भागीरथ सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर सपोर्ट वायर में करंट आने की सूचना विद्युत विभाग को दी गई है।

## शनिदेव की स्थापना दिवस पर मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान

बराकर। न्याय के देवता शनिदेव के स्थापना दिवस पर मंदिर मे एक दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। इस संबंध मे बताया जाता है कि बराकर शहर के वार्ड नंबर 68 गायत्री नगर स्थित शनि देव मंदिर प्रांगण मे मंदिर स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार देर शाम को एक दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इसके पूर्व मंदिर को रंग रोगन कर विभिन्न तरह के फूलो तथा जगमगाती रोशनी से सजाया गया। मंदिर के पुजारी दीपक कुमार ज्योतिषी ने बताया मंदिर की स्थापना उनके स्वर्गीय दादा जी के हाथों से किया गया था। मेरे दादा जी आरम्भ से ही शनिदेव की पूजा तथा आराधना करते थे। उन्होंने मंदिर की स्थापना की है तभी से हम लोग स्थापना दिवस को बड़े ही धूमधाम से मनाते आ रहे है। आज के कार्यक्रम के दौरान इलाके के जाने माने पंडित की उपस्थिति मे शास्त्रोक्त बिधि अनुसार न्याय के देवता की पूजा अर्चना तथा यज्ञ ,जप आदि किया गया।

इस अवसर पर काफी संख्या मे आस पास के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत मे उपस्थित लोगों के बीच भोग प्रसाद वितरण किया गया।

## 10 लाख कीमत की चरस सहित शातिर गिरफ्तार

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स अछल्दा,औरैया। पुलिस अधीक्षक चारु निगम एवं अपर पुलिस अधीक्षक शिष्यपाल सिंह तथा क्षेत्राधिकारी महेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में थानाध्यक्ष दीपक सिंह के नेतृत्व में थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुयी है कई मुकदमों में वांछित अभियुक्त को थाना पुलिस ने चरस सहित गिरफ्तार किया है शुक्रवार दोपहर करीब पौने 1 बजे घसारा नहर पुल के आसपास पुलिस गश्त कर रही थी तभी पुल महज डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर एक संदिग्ध व्यक्ति आते हुये दिखाई दिया तो पुलिस ने उसकी तलाशी लेने पर 1 किलो चरस बरामद हुयी है।

जिसकी कीमत लगभग 10 लाख रुपये बतायी जा रही है पकड़े गये अभियुक्त ने अपना नाम शीटू उर्फ शालू उर्फ पवन यादव पुत्र विनोद कुमार निवासी बकोंहा थाना अछल्दा बताया है पकड़ा गया अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है

इसके ऊपर लूट,गैंगेस्टर सहित आधा दर्जन से ज्यादा मामले जनपद सहित दूसरे जनपदों में दर्ज हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्रकार प्रकाश दास के माँ का निधन

बराकर। नियामतपुर के पत्रकार प्रकाश दास की मा बासुकी दास 57 वर्षीय का गुरुवार की देर रात निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को चिनाकुड़ी स्थित समशान घाट पर एक मात्र पुत्र प्रकाश दास ने किया। घटना की जानकारी मिलते ही बराकर, कुल्टी, नियामतपुर, सलानपुर के पत्रकारों ने अपनी ओर से प्रकाश दास ओर उनके परिवार को सांत्वना देने उनके घर पहुचे। इस दौरान स्थानीय नेता देवानंद प्रसाद, चुनचुन रावत उनके निवास स्थल पहुचे वही पूर्व बिधायक एडीडीए उपाध्यक्ष उज्ज्वल चटर्जी ने चिनाकुड़ी समशान घाट पहुच अपनी ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बाइक साइकिल से टकराई भाई बहन समेत तीन घायल

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। दिबियापुर औरैया रोड ग्राम ऊमरसाना के सामने सेंगर नदी दिबियापुर रोड चढ़ान के समीप शुक्रवार की दोपहर बाइक ने साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे साइकिल सवार समेत बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि उसकी बहन को मामूली चोटें आई। घायलावस्था में भाई–बहन को औरैया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि साइकिल सवार किसी अन्य अस्पताल में ले जाया गया।

मोहल्ला गोविंद नगर औरैया निवासी सोनू 23 वर्ष पुत्र चरन सिंह अपनी 30 वर्षीय बहन रानी देवी पत्नी कुंवर सिंह के साथ शुक्रवार की दोपहर करीब सवा 1 बजे जनपद कानपुर देहात थाना कस्बा मंगलपुर से बाइक द्वारा औरैया आ रहा था, जैसे ही बाइक दिबियापुर थाना क्षेत्र के ग्राम ऊमरसाना के सामने दिबियापुर रोड चढ़ाव के समीप पहुंची , उसी समय बाइक ने साइकिल सवार एक युवक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक एवं साइकिल सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गये। घायलावस्था में बाइक सवार भाई – बहन को 50 शैय्या युक्त जिला संयुक्त चिकित्सालय औरैया में भर्ती कराया गया, जहां पर उनका इलाज चल रहा था। जबकि साइकिल सवार को किसी अन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल युवक सोनू ने अस्पताल में बताया कि साइकिल सवाल भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसके दांत भी टूट गई है। जिसे किसी अन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### युवक को तमंचा मारकर किया घायल रुपये व मोबाइल लेकर भागे युवक बदमाश पुलिस जांच में जुटी

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स फफूंद,औरैया। थाना क्षेत्र के गांव जैतपुर में स्थित माता मंगलाकाली मन्दिर के पास में बीती रात्रि खेतों पर लगी समर पर लेटे युवक के साथ मे बाइक सवार तीन युवकों ने तमंचा मार कर घायल कर दिया तथा 5000 हजार रुपये व मोबाइल लूट कर भाग गये। सूचना पर पहुँचे थानाध्यक्ष व सीओ ने जांच पड़ताल कर युवको की तलाश शुरू की। थाना क्षेत्र के गांव जैतपुर निवासी सत्यम दुबे पुत्र इंद्र दत्त दुबे के खेत सल्लहापुर मार्ग पर स्थित मंगलाकाली मंदिर के पास में स्थित है। खेतो पर ही समर लगी हुई है। बीती रात्रि समर पर सत्यम दुबे लेटे थे। तभी एक अपाचे सफेद कलर की बाइक पर सवार होकर तीन युवक जो मुँह में कपड़ा लपेटे थे। आये और समर के आस पास घूमने लगें। आहट सुनकर सत्यम ने जब टार्च की रोशनी युवको पर मारी तो तीनो युवको ने सत्यम को दबोच लिया और तमंचा लगाकर 5000 हजार रुपये व मोबाइल छीन कर बट मार कर भाग गये। युवक ने पूरी घटना जब घर पर आकर बताई तो तत्काल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर थानाध्यक्ष राकेश शर्मा व सीओ अजीतमल प्रदीप कुमार पहुँचे और घटना की जांच पड़ताल की।

इस सम्बंध में थानाध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि सूचना मिली थी। घटना स्थल पर गया था। युवको की तलाश की जा रही है। अभी तक तहरीर नही मिली है।

### वृद्धावस्था पेंशन धारक आधार प्रमाणीकरण कराये

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। जनपद के कुल 42774 वृद्धावस्था पेंशन धारकों के सापेक्ष अब तक मात्र 13297 पेंशन धारकों द्वारा ही अपना आधार प्रमाणीकरण कराया गया है। अवशेष 29477 वृद्धावस्था पेंशन धारकों द्वारा आधार प्रमाणीकरण कराया जाना अति आवश्यक है, जिससे उनकी पेंशन का भुगतान समय पर हो सके। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ इन्द्रा सिंह द्वारा जानकारी दी गई है कि जनपद के समस्त वृद्धावस्था पेंशन धारकों को अपने निकटतम स्थित किसी भी जन सुविधा केंद्र में जाकर अपना आधार प्रमाणीकरण करा सुनिश्चित करा लें, यदि अवशेष पेंशन धारकों द्वारा आधार प्रमाणीकरण नहीं कराया जाता है तो पेंशन की अगली किस्त की धनराशि का भुगतान आपके खाते में नहीं किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

### अविभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु आवेदन करे

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ इन्द्रा सिंह ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत शैक्षिक सत्र 2021–22 एवं 2022 –23 में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु जैसे– सिविल सेवा परीक्षा ,एन0 डी0ए0 ,सी0डी0एस0 ,आई0आई0टी0– जेईई, नीट में चयनित छात्र ध्छात्राओं को सूचित किया जाता है, कि वे जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय ( विकास भवन) से आवेदन प्राप्त कर एवं आवेदन पत्र पूर्ण कर मय संलग्नकों सहित जमा करें तथा निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं का लाभ उठाये ।यदि वह कोचिंग कक्षाओं में उपस्थित नहीं होते हैं ,तो उनके नाम कोचिंग कक्षाओं से विरत कर दिए जाएंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी उन्हीं की होगी।

साथ ही बीते 22, जुलाई को समीक्षा बैठक में श्री एल बेंकटेश्वर लू महानिदेशक उपाम द्वारा निर्देश दिए गए थे कि जो भी निर्बल आय वर्ग के परिवारों के प्रतिभावान मेधावी, लगनशील एवं परिश्रमी छात्र / छात्राएं, सिविल सेवा परीक्षा, एन डी ए, सी डी एस, आईआईटी– जेईई नीट कोचिंग करना चाहते हैं वह भी जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय विकास भवन से आवेदन प्राप्त कर एवं आवेदन पत्र पूर्ण कर मय संलग्नको सहित कार्यालय में जमा करें, कोचिंग हेतु चयन होने पर उनको सूचित किया जाएगा।

## सीवान के प्रसिद्ध कैंसर एसेप्सलिस्ट डॉ मो.इंतखाब परवेज हुए पटना में कलाम यूथ लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सिवान गगन कुमार पाण्डेय

बिहार के राजधानी पटना के श्री कृष्ण विज्ञान भवन के सभागार में निम्स इलैक्ट्रो होमिओपैथी कैंसर हॉस्पिटल एंड नाज फाउंडेशन के चेयरमैन डॉक्टर मो.इंतखाब परवेज (डॉ. नाज) को भारत के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न मिसाइल मैन अब्दुल एपीजे अब्दुल कलाम की सातवीं पुण्यतिथि पर अंतरराष्ट्रीय युवा सम्मेलन कलाम यूथ लीडरशिप कॉन्फ्रेंस 04 में कलाम यूथ लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया ।इस आयोजित कार्यक्रम में बिहार के 38 जिले से प्रतिनिधित्व के रूप में समाजसेवी, कलाकार ,डॉक्टर्स भाग लिये ।साथ ही देश विदेश के युवाओं का आगमन रहा । वही सिवान से जिले के चर्चित कैंसर स्पेशलिस्ट इलेक्ट्रो होम्योपैथी डॉक्टर मोहम्मद इंतखाब परवेज(डॉ नाज) को कलाम यूथ लीडरशिप अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया ।

डॉ मो. इंतखाब परवेज ने बताया इस कलाम यूथ लीडरशिप अवार्ड 2022 विज्ञान भवन पटना में प्राप्त होने पर मुझे गौरवान्वित महसूस हो रहा हैं । कहा कि कलाम साहब जैसे व्यक्ति शायद ही हमारे देशवासियों को मिल पायेगा इनके कार्य से देश के लोगों को प्रेणा लेना चाहिए। देश के हर कौने में पूर्व राष्ट्रपति कलाम साहब की पुण्यतिथि बड़े ही धूम धाम से मनाई गईं । और पटना के श्री कृष्ण विज्ञान भवन में कलाम यूथ लीडरशिप अवार्ड द्वारा सम्मना कार्यक्रम के आयोज में कौन कौन से समाजसेवी, डॉक्टर्स , इंजीनियर कलाकार, सभी क्षेत्र में काम करने वालो व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

इस तरह के कार्यक्रम से समाज मे काम करने वाले लोगो की हौसले बुलंद होंगे साथ ही समाज ऐसे लोगों के प्रति जागरूक होगी ।

## प्रवास कार्यक्रम के तहत रक्सौल पहुचे भाजपा नेताओं के द्वारा आज किया गया युवा संवाद

(संजय कुमार अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण) रक्सौल। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आज युवा संवाद का आयोजन रक्सौल ब्लॉक रोड स्थित एक निजी विवाह भवन में संपन्न हुआ. युवा संवाद की अध्यक्षता भाजयुमो के जिला अध्यक्ष प्रोफेसर मनीष दुबे ने किया. भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश मे चल रहे संयुक्त मोर्चा कार्यसमिति में आए हुए भाजयुमो के राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य रवि देसाई व छत्तीसगढ़ भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू ने युवा संवाद को संबोधित किया .अपने संबोधन में रवि देसाई ने कहा कि 2014 और 2019 में भारत की युवाओं ने देश में एक ऐसे प्रधान सेवक को चुना ,जिसने पूरी दुनिया में भारत का मान बढ़ाया है. चीन और पाकिस्तान जो कभी भारत को चुनौती देने का कार्य करते थे ,वह आज अपनी सीमा में सिमट कर रह गए हैं. पाकिस्तान कोई भी आतंकवादी घटना करने से पहले यह सोचता है कि भारत कहीं सर्जिकल स्ट्राइक व एयर स्ट्राइक न कर दे .भारत के युवाओं के लिए भाजपा की सरकार ने अग्निवीर योजना की शुरुआत की है, जिससे लाखों लाख युवकों को रोजगार दिया जा सके . अग्निवीर को लेकर विपक्ष की कुछ पार्टियों ने युवाओं को गुमराह करने का कार्य किया लेकिन अब भारत के युवा अग्निवीर योजना को समझ चुके हैं औरअब भारत सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़े हैं. श्री रवि देसाई ने सीमांचल के युवकों से आग्रह किया कि बड़ी से बड़ी संख्या में भाजपा से जुड़े और देश की सेवा करें .युवा संवाद को संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि राष्ट्रीय संयुक्त कार्यसमिति की बैठक में पूरे देश से कार्यकर्ता आज बिहार आए हैं, अभी बिहार में कोई चुनाव नहीं होना है लेकिन कोई केरल से आया है ,कोई मिजोरम से आया है, कोई छत्तीसगढ़ से आया है, कोई कर्नाटक से आया है सभी लोग बिहार के गांव गांव व शहर शहर घूम कर लोगो को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने की मुहिम जोर शोर से चला रहे हैं ताकि बिहार में भारतीय जनता पार्टीऔर अधिक मजबूत हो सके एवम 2025 के विधान सभा चुनाव में बिहार में भी भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बन सके. श्री शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश के युवकों से जो जो वादा किया था ,उसे पूरा करने का कार्य किया हैं. भाजपा ने कहा था कि हम सरकार बनाएंगे तो अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होगा . वही आज राम मंदिर निर्माण कार्य बहुत तेजी से हो रहा है. भाजपा ने कहा था कि हम सरकार बनाएंगे तो जम्मू कश्मीर से 370 की धारा को हटाने का कार्य करेंगे ,सरकार बनी तो 370 धारा भी हटा दी गई. पूरी दुनिया में भारत का युवा आज कहीं भी जाता है तो गर्व की अनुभूति महसूस करता है . देशवासियों के लिए लगातार बेहतर से बेहतर जनकल्याणकारी कार्य आज हो रहे हैं. यह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छाशक्ति का देन है. युवा संवाद को संबोधित करते हुए अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री दुबे ने कहा कि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक पूरे भारत में हर घर तिरंगा फहराने के अभियान चलाया जाएगा।

वही श्री दूबे ने सेल्फी विद तिरंगा से युवाओं को जोड़ने की अपील भी की . कार्यक्रम के प्रभारी श्री गुड्डू सिंह ने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जहां चाय बेचने वाला व्यक्ति भी प्रधानमंत्री बन सकता है. गरीब कार्यकर्ता का बेटा भी मंत्री व सांसद बन सकता है ,जो स्वतंत्रता भारतीय जनता पार्टी के काम करने में है ,वह किसी अन्य दल में आपको देखने को कभी नहीं मिलेगा. युवा संवाद कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन इंजीनियर जितेंद्र कुमार ने किया .युवा संवाद कार्यक्रम में रामबाबू शर्मा, मदन पटेल, विजय कुशवाहा, हार्दिक वर्णवाल, मनकेश्वर शर्मा, प्रेम गुप्ता, मोहम्मद इनामुल, राकेश रंजन वर्मा पिंटू गिरी, राकेश सिंह, इम्तियाज आलम, राजकिशोर राय, भगत जी, पिंटू सिंह, आदित्य तिवारी, एस कुमार, अभिषेक वर्णवाल, प्रभात कुमार आदि सैकड़ों की संख्या में युवकों ने भाग लिया.

## सभी साथी के सहयोग, सुझाव एवं समर्थन से संगठन होगा मजबूत : कामिनी पटेल

☒ नीतीश कुमार ने महिला सशक्तिकरण को दिया बढ़ावा : सत्येंद्र कुशवाहा

वीरेन्द्र कु. सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढ़ी। जिला जनता दल यू महिला प्रकोष्ठ, सीतामढ़ी की ष्सांगठनिक समीक्षा बैठकष् जिला जनता दल यू कार्यालय कर्पूरी सभागार में प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कामिनी पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विशेष तौर पर जिला जनता दल यू जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह कुशवाहा उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष कामिनी पटेल ने कहा कि जिले के जदयू के सभी साथी, जदयू महिला प्रकोष्ठ के साथियों के सहयोग, सुझाव एवं समर्थन से जिले में एक सशक्त एवं धारदार संगठन खड़ा करने का हर संभव प्रयास करूंगी। जिले के 17 प्रखंडों का दौरा करने के उपरांत सभी प्रखंड अध्यक्षों का मनोनयन की हूं। जिसकी स्वीकृति हेतु महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्वेता विश्वास के स्वीकृति उपरांत आप सभी को मनोनयन पत्र आवंटित किया जाएगा और यथाशीघ्र जिला कमेटी का भी 15 दिनों के अंदर गठन किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए जिला जनता दल यू अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा कि स्वतंत्र भारत के प्रथम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं, जिन्होंने पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनाव में महिलाओं को 50: आरक्षण एवं सरकारी नौकरियों में 33: आरक्षण देकर महिलाओं को सरकार एवं सत्ता में हिस्सेदारी एवं भागीदारी सुनिश्चित किया। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देकर के कुमार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, अंबेडकर, लोहिया, जयप्रकाश नारायण एवं जननायक कर्पूरी ठाकुर के अधूरे सपनों को पूरा करने का ऐतिहासिक कार्य किया। कुशवाहा ने कहा कि 17 वर्षों के कार्यकाल में नेता नीतीश कुमार ने महिलाओं के लिए शिक्षा, सुरक्षा के संकल्प के साथ बिहार के चौमुखी विकास, न्याय के साथ विकास, सामाजिक सद्भाव एवं समावेशी विकास पर काम करके देश और दुनिया में मिसाल कायम करने का काम किया। आज जरूरत है महिला सशक्तिकरण के प्रणेता नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत कर नए बिहार के निर्माण के सहयोग हेतु जनता दल यूनाइटेड को जिला, प्रखंड, पंचायत एवं बूथ स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लें।

बैठक में जदयू नेत्री पूनम पटेल, जिला जदयू महासचिव आदित्य मिश्रा, विजय कुमार पटेल, शोभा देवी, ललिता देवी, रेनू कुमारी, पूजा सिंह, कामिनी कंचन, अमृता कुमारी, संगीता देवी, रीना देवी, सुनीता देवी,शीतल पटेल, नूरजहां खातून, बीना देवी झा, राधा कुमारी, क्रांति कुमारी सहित दर्जनों महिलाओं कार्यकर्ताओं ने जिला जदयू महिला प्रकोष्ठ संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## शम्स के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री ईरानी का पुतला दहन

मो कमर अख्तर अयोध्या टाइमस स्वतंत्र संवाददाता सीतामढ़ी। लोकसभा में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ भाजपा सांसदों द्वारा की गई अभद्रता के खिलाफ सीतामढ़ी जिला युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार जिलाध्यक्ष मो. शम्स शाहनवाज के नेतृत्व में

डुमरा मुख्यालय के भीसा चौक पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी स्मृति ईरानी शर्म करो, महिला का अपमान करना बंद करो का नारा लगा रहे थे।

इस अवसर पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष शम्स शाहनवाज ने कहा कि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी जी के साथ गुरुवार को लोकसभा में अभद्र और अपमानजनक व्यवहार किया। श्रीमती गांधी वरिष्ठ सांसद होने के साथ यूपीए की अध्यक्ष हैं। भाजपा सांसदों ने सोनिया गांधी के साथ देश की करोड़ों महिलाओं का अपमान किया है। यह भाजपा के महिला विरोधी नीति को दर्शाता है। इसके लिए प्रधानमंत्री और भाजपा नेतृत्व को देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। चूंकि मानसून सत्र में सदन के अंदर इस तरफ की गंभीर, अमर्यादित, असंसदीय घटना घटी है, इसलिए स्पीकर महोदय को संज्ञान लेना चाहिए। विरोध प्रदर्शन में वीरेंद्र कुशवाहा, वैदेही शरण यादव, मनोज कुमार, भरत कुमार, रमेश कुमार जयसवाल, मो. अख्तर, शम्शे आलम, अमजद खान, तनवीर खान, अशरफ खान, विवेक कुमार, अख्तर रजा खान, संजय सिंह, राजा यादव, राम नाथ कुमार, रिंकू खान, शिव शंकर यादव, गगन राय, राजीव कुमार, मनोज राय, संजीत कुमार, जुनैद खान आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा किया गया संवाद

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी रक्सौल। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा शुक्रवार को रक्सौल के ब्लॉक रोड में युवा संवाद का आयोजन किया गया। युवा संवाद की अध्यक्षता भाजयुमो के जिला अध्यक्ष प्रोफेसर मनीष दुबे ने की। भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश में चल रहे संयुक्त मोर्चा कार्यसमिति में आए हुए भाजयुमो के राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य रवि देसाई क्यों छत्तीसगढ़ भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू ने युवा संवाद को संबोधित किया।अपने संबोधन में रवि देसाई ने कहा कि 2014 और 2019 में भारत की युवाओं ने देश में एक ऐसे प्रधान सेवक को चुना। जिसने पूरी दुनिया में भारत का मान बढ़ाया है।चाइना और पाकिस्तान जो कभी चुनौती देने का कार्य करते थे।वह आज अपनी सीमा में सिमट कर रह गए है।पाकिस्तान कोई भी आतंकवादी घटना करने से पहले यह सोचता है कि भारत कहीं सर्जिकल स्ट्राइक एयर स्ट्राइक मत कर दे। भारत के युवाओं के लिए भाजपा की सरकार ने अग्निवीर योजना की शुरुआत की है।जिससे लाखों लाख युवकों को रोजगार दिया जा सके।अग्निवीर को लेकर विपक्ष की कुछ पार्टियों ने युवाओं को गुमराह करने का कार्य किया, लेकिन अब भारत के युवा अग्निवीर योजना को समझ चुके हैं और भारत सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़े है। श्री देसाई ने सीमांचल के युवकों से आग्रह किया कि बड़ी से बड़ी संख्या में भाजपा से जुड़े और देश की सेवा करें युवा संवाद को संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि राष्ट्रीय संयुक्त कार्यसमिति की बैठक में पूरे देश से कार्यकर्ता आज बिहार आए है।अभी बिहार में कोई चुनाव नहीं होना है लेकिन कोई केरल से आया है कोई मिजोरम से आया है कोई छत्तीसगढ़ से आया है। कोई–कोई कर्नाटका से आया है, सभी लोग बिहार के गांव गांव शहर शहर घूम कर लोगो को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने की मुहिम में जुड़े है।ताकि

बिहार में भारतीय जनता पार्टी मजबूत हो सके और 2025 के में बिहार में भी भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बन सके। श्री शाह ने कहा कि भाजपा पार्टी चाहिए ऐसी सिद्धांत है जो अविरल और पवित्र गंगा की तरह होती रहती है भारतीय जनता पार्टी ने देश देश के युवकों से जो जो वादा किया था। उसे पूरा करने का कार्य किया भाजपा ने कहा था कि हम सरकार बनाएंगे तो अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होगा वाह कार्य हो रहा है। भाजपा ने कहा था कि हम सरकार बनाएंगे तो जम्मू कश्मीर से 370 की धारा को हटाने का कार्य करेंगे सरकार बनी तो 370 धारा भी हटा पूरी दुनिया में भारत का युवा आज कहीं भी जाता है तो गर्व की अनुभूति हो करता है।युवा संवाद कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन ई. जितेन्द्र कुमार ने किया।मौके पर रामबाबू शर्मा, मदन पटेल, विजय कुशवाहा, हार्दिक वर्णवाल, मंकेश्वर शर्मा, प्रेम गुप्ता, मो. एनामुल, राकेश रंजन वर्मा, पिंटू गिरी, राकेश सिंह, इम्तेयाज आलम, राजकिशोर राय उर्फ भगत जी, आदित्य तिवारी, एस कुमार, अभिषेक वर्णवाल, प्रभात कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## द्विदिवसीय प्रवासी पांडुचेरी प्रदेश से महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती जया लक्ष्मी विश्वनायन का अंतिम दिन का समापन कार्यक्रम

(सुवेश जी अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स सुपौल। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है ,एक से बढ़कर एक विकास की गाथाएं लिखी जा रही है । उक्त बातें पांडिचेरी के प्रदेश अध्यक्ष जयालक्ष्मी जी ने लाभुकों को संबोधित करते

हुए कहा। उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास और सब का प्रयासष्भारतीय जनता पार्टी का मूल मंत्र है और सभी कार्यकर्ताओं को इस मंत्र के सहारे संगठन का कार्य करना चाहिए। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला मोर्चा की क्षेत्रीय प्रभारी अनीता यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्य के बल पर ही कार्यकर्ता आगे बढ़ते है । उन्होंने बताया की प्रवास कार्यक्रम योजना के अंतर्गत विभिन्न सत्रों में अलग–अलग कार्यक्रम तय है जिसके अंतर्गत वृक्षारोपण, जनप्रतिनिधियों से मिलना , दर्शनीय स्थल पर प्रवास,विकास तीर्थ और कार्यकर्ताओं से मिलकर संवाद स्थापित करना है । वहीं कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए सुपौल विधानसभा के प्रभारी सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमन कुमार चंद ने कहा की प्रवास कार्यक्रम योजना का उद्देश्य किए गए विकासात्मक कार्य और संगठनात्मक कार्य की समीक्षा है और बूथों पर जनसम्बाद के माध्यम से अपने विचारों का आदान प्रदान करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अर्चना मेहता ने किया जबकि कार्यक्रम को मुख्य रूप से जिला महामंत्री सुरेश कुमार सुमन, जिला मंत्री सुमन कुमार, शक्ति सारिका, सोनी कुमारी ने संबोधित किया जबकि कार्यक्रम में मुख्य रूप से रंजु झा, उषा यादव, टुन्नी देवी, उषा सिंह, मंडल अद्यक्ष महेश देव, जयवीर यादव, सुमन कुमार सिंह, विमलेंदु ठाकुर, मिथिलेश यादव, जयंत मिश्रा, संतोष मिश्रा, अविनाश कुमार सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पारा मेडिकल स्टाफ एएनएम की प्रतिनियुक्ति एवं बालकों के लिए डाइट चार्ट का डीएम ने दिया निर्देश

वी.के. सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढ़ी। किशोर न्याय बालकों की (देखरेख एवं संरक्षण) की धारा 154 के अंतर्गत जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिला निरीक्षण समिति के सदस्यों द्वारा जिला अंतर्गत संचालित बाल देख रेख संस्थानों यथा बाल गृह(बालक) एवं विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का 28 जुलाई को निरीक्षण किया गया। किशोर न्याय बालकों की ( देखरेख एवं संरक्षण ) अधिक किशोर न्याय की धारा 65 के अंतर्गत संचालित विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थानों में निरीक्षण के दौरान कुल 4 बच्चे आश्वासित पाए गए जिसमें दो बच्चे सामान्य श्रेणी एवं दो बच्चे विशेष आवश्यकता वाले श्रेणी के अंतर्गत पाए गए। संस्थान में निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा विशेष दस्तक ग्रहण संस्थान में पारा मेडिकल स्टाफ एएनएम की प्रतिनियुक्त करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। एवं विशेष श्रेणी के बालकों के लिए डाइट चार्ट बनाने हेतु डाइटिशियन का भ्रमण सुनिश्चित करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया गया। गृहों में आवासित बच्चों का यथासंभव सरकारी दवा एवं सुविधाओं से बच्चों का इलाज कराने हेतु सीएस को निर्देश दिया गया। विशेष श्रेणी के दिव्यांग नेत्रहीन बालिका का विशेष चिकित्सक से जांच कराने का निर्देश भी दिया गया। दत्तक ग्रहण प्रक्रिया का अच्छे तरीके से देखरेख एवं अनुपालन करने का निर्देश प्रभारी समन्वयक को दिया गया। संस्था में आवासित बच्चों के लिए जिला पदाधिकारी द्वारा उपहार स्वरूप कपड़े एवं चॉकलेट प्रदान किए गए जिसे पाकर बच्चे काफी खुश दिखे। विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान निरीक्षण के उपरांत जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में जिला निरीक्षण कमिटी सीतामढ़ी के सदस्यों द्वारा किशोर न्याय बालकों की (देखरेख एवं संरक्षण) की धारा 50 के अंतर्गत संचालित बाल गृह (बालक) सीतामढ़ी का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी का स्वागत बच्चों द्वारा बुके एवं हस्त निर्मित पेंटिंग देकर किया गया जिसे देखकर जिला पदाधिकारी काफी प्रसन्न हुए उनके द्वारा गृह आवासित बच्चों से बातचीत हुए उनकी दिनचर्या शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन एवं खेलकूद संबंधित सामग्रियों की उपलब्धता पर जानकारी प्राप्त की गई।

जिला पदाधिकारी से इस प्रकार वार्तालाप के क्रम में गृह में आवासित बच्चे काफी प्रसन्न दिखाई दिए। गृह की अवसंरचना, शिक्षण व्यवस्था एवं स्वास्थ्य सुविधाओं में साफ–सफाई इत्यादि का जिला पदाधिकारी द्वारा अवलोकन किया गया। गृह निरीक्षण के क्रम में गर्मी की स्थिति के मद्देनजर बच्चों के शिक्षण संबंधी कक्ष में एडजॉस्ट फैन लगाने का निर्देश दिया गया। विशेष आवश्यकता के बच्चों को पढ़ने हेतु आर टी श्रेणी के शिक्षकों को गृह में भ्रमण सुनिश्चित कराने हेतु डीपीओ सर्व शिक्षा अभियान को निर्देश दिया गया। बच्चों के खेलने वाले मैदान में स्ट्रीट लाइट लगाने एवं मैदान की नियमित साफ–सफाई हेतु नगर निगम से सफाई कर्मी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश नगर आयुक्त सीतामढ़ी को दिया गया। विशेष श्रेणी के बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी उचित देखरेख हेतु चिकित्सकों का गृहों में नियमित भ्रमण सुनिश्चित करने तथा आवश्यकतानुसार बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य उपलब्धता हेतु विशेषज्ञ डॉक्टर से भी दिखाने का निदेश सिविल सर्जन सीतामढ़ी को दिया गया। गृह भ्रमण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा आवासित बच्चों को उपहार स्वरूप कपड़े एवं चॉकलेट प्रदान किए जिसे पाकर बच्चे काफी खुश हुए।

उक्त निरीक्षण में सिविल सर्जन, डीपीओ सर्व शिक्षा अभियान, बाल संरक्षण पदाधिकारी सोनी कुमारी, ओएसडी प्रशांत कुमार, डीएसपी मुख्यालय, डीपीएम अशीत रंजन उपस्थित थे।

# संक्षिप्त समाचार

### मोबाइल दुकान में हुए चोरी मामले का हुआ खुलासा चोरी के मोबाइल बरामद

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या दैनिक टाइम्स बिहार शरीफ (नालंदा)। बाढ़ थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड इलाके में 3 दिन पहले दुकान में सेंधमारी करते हुए अज्ञात चोरों ने मोबाइल दुकान में रखे लाखों रुपए के मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया था। घटना के बाद पीड़ित मोबाइल दुकानदार के द्वारा बाढ़ थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। लिहाजा पुलिस ने टीम गठित करते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर स्टेशन इलाके में ही छापेमारी करते हुए एलआईसी इलाके के एक मकान से 6 चोर को गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी के 12 नए मोबाइल 4 पुराना मोबाइल हेडफोन ब्लूटूथ सहित कई उपकरण बरामद हुए।इस दौरान पुलिस ने जब घर की तलाशी ली तो वहां 17 लीटर अंग्रेजी शराब पीते के साथ–साथ एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस भी पुलिस ने बरामद कि पकड़े गए।सारे चोर एनटीपीसी और पंडारक थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं जो कि पढ़ाई के नाम पर इलाके में किराए के मकान लेकर घटना को अंजाम देने का काम कर रहा था। पकड़े गए चोरों में गौतम कुमार,अभिषेक कुमार,चंदन कुमार, विकास कुमार, रौशन कुमार और निकेश कुमार है। जिसे पुलिस ने न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष राजनंदन ने बताया कि सभी चोर दिन में रेकी किया करता था और रात में घटना को अंजाम दिया करता था। दो युवक दिन में प्लास्टिक का बोतल चुनने के बहाने बंद घरों की रेकी किया करता था।

### रक्सौल मे खेतान सुपर मार्केट के ऊपरी तल्ला में हुई अगलगी, मची अफरा-तफरी

(संजय कुमार अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण)। रक्सौल शहर स्थित खेतान सुपर मार्केट के ऊपरी तल्ला में शुक्रवार को दोपहर में अचानक आग लग गई. आग लगने से सुपर मार्केट में आए सभी ग्राहकों में अफरा–तफरी मच गई! मौके पर तुरंत फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच कर आग को काबू में कर लिया. आग लगने से किसी की हताहत होने की खबर नहीं है।

### श्री कृष्ण कुमार धीरज प्रखंड संवाददाता किशनपुर सुपौल के द्वारा जिला जनसंपर्क कार्यालय एवं किशनपुर थाना को अपना ऑथराइजेशन लेटर प्राप्ति कराई गई

सुपौल। राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स कानपुर के द्वारा श्री रवि कुमार भार्गव राज्य कोऑर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार के अनुशंसा पर श्री कृष्ण कुमार धीरज को किशनपुर प्रखंड संवाददाता नियुक्त किया गया है। श्री कृष्ण कुमार धीरज ने अपने ऑथराइजेशन लेटर को आदरणीय श्रीमान सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी महोदय सुपौल एवं थाना अध्यक्ष महोदय किशनपुर को प्राप्ति कराया तथा अनुरोध किया कि श्रीमान समाचार और विज्ञापन समय–समय पर उपलब्ध कराते रहेंगे । इस अवसर पर श्री कृष्ण कुमार धीरज ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे अयोध्या टाइम्स बिहार परिवार द्वारा सौंपा गया है । मैं उसे विधिवत करते हुए 15 दिनों के अंदर अपने प्रखंड के अंतर्गत संवाददाताओं के नियुक्ति का निबंधन करवाने का कार्य करूंगा और दैनिक अयोध्या टाइम्स को हर घर में पहुंचा कर ही दम लूंगा।

### अनुमंडल पटोरी से प्रखंड मोहनपुर को जोड़ने वाली सड़क बन रहा दुर्घटना का केंद्र

अनुमंडल ब्यूरो चीफ, अश्विनी कुमार पाण्डेय,पटोरी समस्तीपुर।।

यह सड़क कोई आम सड़क नहीं,बल्कि अनुमंडल पटोरी से प्रखंड मोहनपुर को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण सड़क है।इसके बीच से बाया नदी का प्रवाह होता है।दोनों ओर की सड़कें बिल्कुल चकाचक होने के बाद भी इसके ऊपर एक पुल का निर्माण आज तक नहीं हो पाया है।इस

गड्ढे को पार करना सहज नहीं है,फिर भी प्रतिदिन लगभग हजारों ग्रामवासी के लिए बाजार जाने का ये एकमात्र साधन है। ज्ञात हो कि अनुमंडल पटोरी शिक्षा का एक अच्छा केंद्र है,जहां इसी रास्ते का होकर लगभग 5 गांव गढ़ी मोहनपुर,माधोपुर, डिह,मोहनपुर आदि के बच्चे प्रतिदिन अच्छी शिक्षा के लिए उपयोग करते हैं। साथ ही प्रखंड कार्यालय के कर्मचारी एवं अन्य कर्मचारी भी इस रास्ते का उपयोग करने के लिए विवश हैं। ग्रामवासियों के अनुसार,प्रत्येक चुनाव में बेहतर सड़क एवं पुल के वायदे किए जाते हैं,लेकिन जमीनी स्तर पर कोई विकास दिखाई नहीं देता है। बरसात के मौसम में, काली मिट्टी अपना रौद्र रूप दिखती है,जिससे होकर पार पाना लगभग असम्भव सा है,ऐसे में लोगों को दूसरे रास्ते,जो कि लगभग 6 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी पर है,उसका उपयोग करना पड़ता है।इसकी शिकायत कई बार प्रखंड से लेकर अनुमंडल तक में कि गई लेकिन आज तक पुल का नहीं बनना ग्रामवासियों के चिंता का एक प्रमुख विषय है।

### वाजिदपुर पंचायत में जल जमाव की समस्या से जूझता आम लोग

'संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता! दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर! विद्यापति प्रखंड के बाजिदपुर पंचायत वार्ड संख्या 11 बाजिदपुर बाजार में जल जमाव की समस्या सालों से बना हुआ है जिसके कारण बरसात के समय में लोगों के घरों एवं दुकानों में पानी प्रवेश कर जाता है। इस समस्या के बारे में वार्ड 11 के सभी आम लोग कई बार मुखिया जी को अवगत कराया है। लेकिन लोगों का कहना है कि चुनाव के समय सभी जनप्रतिनिधि बड़े – बड़े वादे करते हैं लेकिन चुनाव में वोट बैंक बना लेने के बाद पुनः अपने वादों को भूल जाते हैं।वहीं वार्ड 11 निवासी व्यवसाई पवन कुमार जी ने कहा कि पिछले बार जो हमारे बाजिदपुर पंचायत के मुखिया नंदकिशोर जी थे, उनसे भी हम लोगों ने इस समस्या के बारे में कहा था, लेकिन कोई निदान नहीं निकला और इस बार भी हम लोगों ने इस विश्वास के साथ मुकेश कुमार को मुखिया प्रतिनिधि के रूप में चुने हैं कि हम लोगों की इस समस्या से वे निदान कर सके वहीं मौजूद वृद्ध महिला शांति देवी ने कहा कि हम सभी को नवनिर्वाचित मुखिया मुकेश कुमार से यह आशा है कि वह निश्चित रूप से हम लोगों की इस समस्या के लिए कुछ ना कुछ निदान जरूर निकालेंगे। साथ ही मौके पर मौजूद वरिष्ठ पत्रकार सुबोध कुमार सिंह जी ने कहा कि इस समस्या का निदान तब तक संभव नहीं है जब तक कि पूरे बाजार के जल निकास की

व्यवस्था दुरुस्त न किया जाए। इससे पहले भी जो नाला बना हुआ है वह बर्षो से जाम पड़ा है वहीं मौके पर संजीव कुमार डॉ रजनीश कुमार, संतोष कुमार सिंह, विकास कुमार सिंह, मुन्नर देवी, जितेंद्र सिंह गौतम सिंह, रंजीत पंडित मनीष पंडित सुमित साह उमेश साह दृष्टि द साइंस विजन कोचिंग के चेयरमैन सोनी झा आदि वार्ड 11 की जनता मौजूद थे।

### अरेराज सब्जी मंडी के पास से एक गाड़ी चोरी

हर्षबर्धन संवाददाता अरेराज। आज सुबह 8:15 के करीब अरेराज सब्जी मंडी के पास से एक गाड़ी चोरी हो गया है, जिसका नंबर BR22AE4374 है ,अगर किसी भाई को दिखाई दे तो कृपया इस नंबर 7488 2359 89 पर कॉल करें, इनका नाम अजय कुमार पाण्डेय है जो की अरेराज प्रखंड के सलाहा विद्यालय में कार्यरत हैं।

# चिकित्सा के साथ साथ समाज सेवा में सक्रिय है : डॉ गुप्ता

वीरेन्द्र कु. सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढ़ी। प्रख्यात चर्म रोग विशेषज्ञ डा आर के गुप्ता चिकित्सा के साथ साथ विभन्न मोर्चा पर सक्रिय है। जन कल्याण के उद्देश्य से समाजसेवा और राजनीति में उनकी संलिप्तता हुई और वह जारी है। मोतिहारी शहर से 12 ज़ड की दूरी पर मुरारापुर के निवासी होमियोपैथिक फिजिशियन डा भगवान प्रसाद के पुत्र डा गुप्ता ने कोलकाता से पढ़ाई पुरा करने के बाद हरियाणा झझर के आर आर हॉस्पिटल एव दिल्ली के सिग्नस हॉस्पिटल से अपने कैरीयर की शुरुआत की। उसके पश्चात उन्होंने गोरखपुर के गोरखानाथ हॉस्पिटल मे अपनी सेवा दी। अपनी मातृभूमि से लगाव के कारण बिहार लौट अपनी सेवा दे रहे हैं। अभी नालंदा क्लीनिक के डायरेक्टर है जो पीएमसीएम गेट नंबर 2 के सामने स्थित है। पटना के साथ ही मोतिहारी एवं सीतामढ़ी मे भी सेवा दे रहे हैं। डा गुप्ता आयुषमान भारत फाउंडेशन डाक्टर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष है। उक्त संस्था देश अग्रिणी संगठन है। देश के विभिन्न स्थानों पर जाकर मुफ्त चिकित्सा शिविर लगा डा गुप्ता अपनी सेवा देते रहे हैं।

यही नही कोरोना काल में इन्होंने जन जागरूकता अभियान चला लोगों को कोरोना से बचने को जागरूक किया, वहीं कैंप लगा मास्क आदि का वितरण किया। राजनीति में दिलचस्पी के कारण इन्होंने जदयू की सदस्यता ली। गरीब जनता के आवाज को सरकार तक पहुंचाने का काम बखुबी कर रहे है। जनता जदयू कलमजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव रह चुके है। समय निकाल कलमजीवी संघ के माध्यम से आम जनता के लिए सेवा एवं कार्य करना इनके दिनचर्या में शामिल है। समाज के निचले तबके के लोगों की आवाज बन डा गुप्ता इनके समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत है।आर गुप्ता की प्राथमिकता जरूरतमन्द लोगों का सेवा करना है। लाइफ टाइम एचीवमेंट सहित अन्य अवार्ड से सम्मानित–काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सह डीएनए वैज्ञानिक ज्ञानेश्वर चौबे ने यह सम्मान डा गुप्ता को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया। वहीं कई संस्थाओं ने समाज सेवा में बेहतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया।

# आत्मनिर्भर भारत बनाने की जुगत मे नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट

☒ अखबार से डिब्बा बनाने मे जूटा,मिलेगा हर हाथ को काम

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। प्लास्टिक को ना कहें,कार्यक्रम को गति देने के लिए नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट ने आज दिनांक 29.07.22 से प्लास्टिक के कैरी बैग के रूप में यूज को पूरी तरह से बंद करने के लिए पेपर से तैयार पैकेट को बाजार तक

पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर अखबार के बैग बनाने के कार्यक्रम की शुरुआत सनफ्लावर चिल्ड्रेन्स एकेडमी से किया।नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट की महिला कला खेल संस्कृति संवर्धन विभाग की अध्यक्षा श्रीमती शशि पांडेय और श्रीमती लक्ष्मी खत्री प्रशिक्षक की भूमिका निभाई। ग्रामीण बच्चियों को एक बेहतर प्रशिक्षक की आवश्यकता थी।जिसको उन्होंने बखूबी निभाते हुए समझाया। सचिव निप्पू कुमार पाठक ने संबोधन मे कहा कि इसका लाभ भविष्य में तो दिखाई देगा ही पर प्लास्टिक के कारण होने वाले प्रदूषण से बचाव होगा। तरह से सामान को अलग–अलग रखने के लिए पेपर से तैयार किए जा रहे हैं। ताकि प्लास्टिक को पूरी तरह से हमारे समाजिक जीवन में रचा बसा है।उसे दूर किया जा सके।इसीलिए आज एक अच्छी शुरुआत हुई है, और इसे व्यापक रूप से 14 अगस्त को हम लोग बड़े पैमाने पर इस को दुकान तक पहुंचाने के लिए जुगत करेंगे। आइए हम सभी प्लास्टिक से दूरी बनाए। झोला लेकर बाजार चलें और कागज पत्ते बने सामानों के प्रयोग पर ध्यान दें।

# चौतरवां थाना परिसर में महावीरी झंडा व मुहर्रम को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा पुलिस जिला अंतर्गत चौतरवां थाना परिसर में महावीरी झंडा व मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक गुरुवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव के द्वारा की गई। थानाध्यक्ष ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि महावीरी झंडा व मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करे।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी गाईड लाईन का पालन अवश्य करें। अन्यथा शिकायत मिलने या फिर पकड़े जाने पर वैसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई तय है।उसे किसी भी कीमत पर वक्सा नहीं जाएगा। महावीरी झंडा व मुहर्रम पर्व मे डीजे पर प्रतिबंध लगाते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की जुलूस नही निकाली जाएगी।

तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पाबंदी रहेंगी। थानाध्यक्ष ने कहा कि किसी भी अफवाह के फिराक में नही रहे। तथा अफवाह फैलाने वाले असमाजिक तत्वों को चिन्हित कर थाना को सुचित अवश्य करें। ताकि वैसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। बैठक में उपस्थित सभी लोगों के द्वारा अपनी सहभागिता व्यक्त करते हुए ऐसे लोगों को चिन्हित करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर थाना के पुलिस पदाधिकारी के साथ बगहा अनुमंडल पदाधिकारी दिपक कुमार मिश्रा, डीएसपी कैलाश प्रसाद, प्रखंड बगहा एक बीडीओ कुमार प्रशांत,सीओ अभिषेक आनंद,हरदी नदवा पंचायत के मुखिया प्रेम चौधरी,पतिलार पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि डॉ अभिषेक मिश्र समेत दर्जनों की संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# स्नान करने के दौरान नदी में डूबने से युवक की मौत

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के बेलौड़ी गांव के समीप दुर्गावती नदी में स्नान करने गए एक युवक ओमप्रकाश सिंह (35) की पानी में डूबने से मौत हो गई। नदी के समीप खड़े लोगों ने पानी में युवक को डूबते

देखकर शोर मचाया। ग्रामीण दौड़कर नदी में कूदे। युवक को निकालकर इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बेलौड़ी ग्राम निवासी सुरेश सिंह के पुत्र ओमप्रकाश सिंह गुरुवार को गांव के समीप दुर्गावती नदी में स्नान करने गए थे। इसी दौरान वह पानी में डूब गए। अगल–बगल के लोगों ने नदी में युवक को डूबते देख शोर मचाया। जब तक लोग दौड़ कर नदी में गए तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। स्वजनों को लगा की शायद इलाज से उनकी जान बच जाए। ओमप्रकाश को लेकर अनुमंडल अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में रिश्तेदार और ग्रामीण अस्पताल पहुंच चुके थे। मौत की पुष्टि होते ही घर में कोहराम मच गया। माता, पत्नी, पुत्र व पुत्री का रो रोकर बुरा हाल था।

## जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय की संयुक्तअध्यक्षता में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की पूर्व तैयारी से संबंधित बैठक समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय की संयुक्त अध्यक्षता में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की पूर्व तैयारी से संबंधित बैठक समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में आयोजित की गई। जिलापदाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम बैठक को संबोधित करते हुए कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण के आलोक में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग बिहार सरकार से स्वतंत्रता दिवस के संबध में प्राप्त दिशा निर्देशों के संबध में विस्तार से जानकारी दी गई। झंडोतोलन का मुख्य समारोह कार्यक्रम डुमरा परेड मैदान में आयोजित होगा। समारोह में मात्र अतिविशिष्ट महानुभावों एवं वरीयतम पदाधिकारियों को ई–कार्ड के माध्यम से ही आमंत्रित किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह स्थल पर आम जनता को कोरोना संक्रमण के प्रभाव के कारण आमंत्रित नहीं किया जाएगा, साथ ही स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से स्वतंत्रता सेनानियों एवं विशिष्ट नागरिकों को आमंत्रित नहीं किया जाएगा। समारोह में भाग लेने हेतु महानुभावों को ई–आमंत्रण भेजा जाएगा। कोरोना को देखते हुए विभिन्न विभागों के द्वारा निकाली जाने वाली झाँकियों का प्रदर्शन को लेकर यह निर्णय लिया गया कि गाइडलाइन का पालन करते हुए सीमित संख्या में झांकिया निकाली जाएगी। समारोह परेड में भाग लेने वाले जवानों के बीच मास्क का उपयोग एवं सोशल डिस्टेसिंग कायम रखा जाएगा। परेड में सैप के जवान, पुरूष सशस्त्र बल, महिला सशस्त्र बल,बीएमपी एवं गृह रक्षा वाहिनी के जवान शामिल होंगे। बच्चों से संबंधित एन0सी0सी0 एवं स्कॉउट को परेड शामिल नहीं किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाला संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित रहेगा। समारोह स्थल पर आगन्तुकों, वाहन, स्टेज, पोडियम आदि के लिए सेनिटाईजेशन एवं थर्मल स्क्रीनिंग की समुचित व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किया जाएगा। समारोह के पूर्व एवम बाद में पूरे मुख्य स्थल का सेनेटाइजेशन किया जाएगा। शहरी क्षेत्र , मुख्य कार्यक्रम स्थल एवम महापुरषों की मूर्तियों, स्मारकों आदि की साफ–सफाई की जबाबदेही नगर आयुक्त नगर निगम सीतामढ़ी को दी गई है।महादलित टोलों में पूर्व की भांती पदाधिकारियो की उपस्थिति में महादलित टोलो के बुजुर्ग झंडोतोलन करेंगे। डीएम एसपी भी महादलित टोलो के झंडोतोलन समारोह में शामिल होंगे।मुख्य समारोह स्थलों के अतिरिक्त सभी प्रमुख कार्यालयों में पूर्ववत झंडोतोलन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मास्क उपयोग एवं सोशल डिस्टेंसिंग के साथ कार्यक्रम स्थल में भाग लेने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया । बैठक में उप

विकास आयुक्त विनय कुमार,अपर समाहर्ता विभागीय जाँच कृष्ण प्रसाद गुप्ता, अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी महेश कुमार दास, जिला परिवहन पदाधिकारी रविंद्र नाथ गुप्ता, सिविल सर्जन ,ओएसडी प्रशांत कुमार, डीएसपी मुख्यालय राम कृष्णा, राकेश रंजन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला नजारत उप समाहर्ता सौरभ कुमार, वरीय उप समाहर्ता नीलम कुमारी, सोनी कुमारी, इति चतुर्वेदी, शशि भूषण कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर राकेश कुमार सहित सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिला प्रबंधक, सीतामढी श्रम संसाधन विभाग के तहत् संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित को गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

बिहार राज्य प्रवासी दुर्घटना अनुदान योजना में मृत्यु, विकलांगता सहायता, विमुक्त कराए जा रहे बाल श्रमिकों का फिक्स डिपॉजिट योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, ई–श्रम में निबंधन, में अधिक से अधिक असंगठित कामगारों को विभिन्न योजनाओं से अच्छादित करने के संबंध में बैठक किया गया।

जिसके संबंध में शर्म अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि शताब्दी योजना से जिले के अबतक कुल 467 कामगार को लाभ दिया गया है वही प्रवासी योजना में अबतक कुल 36 प्रवासी कामगार को लाभ दिया गया है, अबतक कुल 48 बाल श्रमिकों का फिक्स डिपॉजिट किया है, आज तक मानधन पेंशन योजना में 10644 श्रमिकों का निबंधन किया गया है वही ई–श्रम में कुल 855958 श्रमिकों का निबंधन किया गया है। मानधन पेंशन योजना के लिए 18 से 40 वर्ष की आयु के सभी असंगठित कामगार अपना आधार कार्ड, बैंक खाता, तथा प्रथम किस्त की नगद राशि लेकर अपने नजदीकी वसुधा केंद्र (कॉमन सर्विस सेंटर) पर जाकर बनवा सकते हैं। 60 वर्ष की आयु पूरी करने के पश्चात न्यूनतम 3000 रुपये प्रतिमाह पेंशन की राशि उन्हें जीवन भर मिलेगी । ई–श्रम में निबंधन खुद से ऑनलाइन या नजदीकी बेब सेंटर पर निबंधन किया जा सकता हैं। निबंधन के संबंध में किसी भी समस्या के लिए बेब के जिला प्रबंधक के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं 7301573159, 9850767990,7004531568 जिला पदाधिकरी, द्वारा सभी उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा संचालित सभी योजना समाज के असंगठित क्षेत्रों में कार्य करने वाले लाखों–करोड़ों कामगारों के वृद्धावस्था को ध्यान में रखकर बनाई गई है, क्योंकि एक कामगार की शारीरिक एवं मानसिक क्षमता 60 वर्ष की आयु के पश्चात कम हो जाती है जिसकी वजह से उनकी उपार्जन क्षमता भी घट जाती है । उनके बेटे और बेटियां भी शादी विवाह या कार्य करने हेतु घर से दूर चले जाते हैं तथा बुढ़ापे में कामगारों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। असंगठित कामगारो के आश्रितों को जिससे न उनकी आर्थिक परेशानी दूर होगी बल्कि वे अपनी मूलभूत जरूरतों को भी आसानी से पूरा कर सकेंगे। उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को निदेशित किया की असंगठित कामगारों को विभाग द्वारा संचालित योजना का लाभ देना सुनिश्चित करें।

# अग्नि सुरक्षा को ले सृष्टि जीवन हॉस्पिटल एंड क्रिटिकल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार अग्नि सुरक्षा को ले सृष्टि जीवन हॉस्पिटल एंड क्रिटिकल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजनसहरसा जिला केसिमरी बख्तियारपुर। अग्नि सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से थाना रोड डाक बंगला चौक के समीप सृष्टि जीवन हॉस्पिटल एंड क्रिटिकल केयर में को अग्निशमन विभाग द्वारा एक कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर अग्निशमन विभाग की टीम ने अग्नि से बचाव, सावधानी बरतने, अग्निकांड से होने वाली क्षति, अग्निकांड को रोकने एवं इनसे बचाव के उपाय, सुरक्षित मार्ग की व्यवस्था, अग्निशामक उपकरणों का प्रयोग, उद्योगों में अग्नि सुरक्षा व सावधानियां, बहुमंजिले भवनों में अग्नि सुरक्षा आदि की जानकारियां दी गई। बिजली के शार्ट सर्किट, गैस सिलेंडर व अन्य कारणों से लगने वाली आग से बचाव के तरीकों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसके अलावा गैस सिलेंडर में लगी आग को किस तरह बुझाया जाए इसे प्रयोग कर दिखाया गया। कार्यक्रम में अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि हमेशा भवन सुरक्षा के नियमों व निर्देशों का पालन करें। आग लगने पर खुद को अलर्ट रखें और दूसरों को भी मार्गदर्शित करें। बचाव के रास्तों को हमेशा साफ रखें और इनमें किसी प्रकार की रुकावट ना हो। भंडारण और कार्य क्षेत्र को कूड़े–कचरे से दूर रखें। बताया कि खाना बनाते समय किचन में

अतिरिक्त सावधानी बरतें। प्राथमिक उपचार किट हमेशा तैयार रखें। प्राथमिक उपचार बाक्स को ऐसे स्थान पर रखें जहां आसानी से पहुंचा जा सके। मिट्टीतेल, गैस सिलेंडर आदि जैसे ज्वलनशील वस्तुओं को बच्चों की पहुंच से दूर रखें। बच्चों को अग्नि सुरक्षा नियम की जानकारी से जरूर अवगत कराएं। आग लगने पर शांत रहें, घबराएं नहीं। कार्यक्रम में अग्निशमन विभाग के कर्मी द्वारा जागरूक किया गया वही सृष्टि जीवन हॉस्पिटल एंड क्रिटिकल केयर के डॉक्टर मिथलेश कुमार, कर्मी वशिष्ट कुमार,बबलू सिंह, ब्रजेश कुमार, राहुल कुमार, छतीश सिंह, रंजीत,नीतीश,दिलीप,धीरज, गुलशन,संगीता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# उज्जवल भारत उज्जवल पावर 2047 महोत्सव का भव्य आयोजन आज स्थानीय हॉर्टिकल्चर कॉलेज सभागार पिपराकोठी,में किया गया कार्यक्रम में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्री शीर्षत कपिल अशोक के द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत उज्जवल भारत उज्जवल पावर/2047 महोत्सव का भव्य आयोजन आज स्थानीय हॉर्टिकल्चर कॉलेज सभागार पिपराकोठी, में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी , श्री शीर्षत कपिल अशोक, के द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर श्री पवन जयसवाल, माननीय विधायक ढाका, माननीय सांसद श्री राधामोहन सिंह के प्रतिनिधि भाजपा के डा. लालबाबू प्रसाद , डीपीआरओ पूर्वी चम्पारण, गुप्तेश्वर कुमार, जिला नोडल अधिकारी उपेंद्र प्रसाद सुमन, श्री आर के सिंह अधीक्षण अभियंता गौतम गोविंदा, एवं विद्युत आपूर्ति अंचल, मोतिहारी तथा NTPC काँटी के अधिकारीगण मौजूद थे। जिलाधिकारी महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार और बिहार सरकार के संयुक्त प्रयास से आज विद्युत के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन नजर आता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विद्युत विभाग की कई महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से करते हुए एक तरफ जहां आम लोगों के घरों में विद्युत की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है वही किसानों एवं उद्यमियों के लिए निर्बाध विद्युत की आपूर्ति वरदान साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि जन हितैषी केंद्र व प्रदेश सरकार अपने विकासात्मक योजनाओं से जन–जन को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के संकल्प ष्हर घर बिजलीष् की उपलब्धता की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ कार्य करते हुए जन आकांक्षाओं मूर्त रूप दिया गया है।उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मियों की भी भूरी –भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में उपस्थित, माननीय विधायक ढाका श्री पवन जयसवाल तथा अन्य वक्ताओं ने भी इस संबंध में अपने विचार रखे। नोडल पदाधिकारी उपेंद्र प्रसाद सुमन, प्रेम कुमार विद्युत कार्यपालक अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता गौतम गोविंदा ने अपने संबोधन में विधुत के क्षेत्र में जिले की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी बताया कि महोत्सव का उद्देश्य अधिक से अधिक जनभागीदारी एवं बिजली के क्षेत्र में हुए विकास को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लाभुकों ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार बिजली उनके जीवन में एक वरदान की तरह कार्य करती है। आज की जीवनशैली से जुड़ी हुई हर छोटी से छोटी बिजली के उपकरणों का इस्तेमाल करके हम अपने जीवन यापन को कितना सुगम बना सकते हैं। साथ ही हमारे बच्चे की शिक्षा में भी अब कोई बाधा नहीं होती है। उन्होंने कहा कि बिजली से हमारे गांव और घरों में खुशहाली का माहौल है। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के द्वारा विद्युत के महत्व , इसके उपयोग एवं विद्युत विभाग की विभिन्न उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। वहीं स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया।

# अनुश्रवण समिति की बैठक में लिए गए कई फैसले

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या दैनिक टाइम्स बिहार शरीफ (नालंदा)। बाढ़ में अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी कुंदन कुमार ने की बैठक में अनुमंडल के अनुश्रवण समिति के कई सदस्य एवं जिला पार्षद ने हिस्सा लिया।बैठक में अनुमंडल आपूर्ति पदाधिकारी से लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने हिस्सा लिया। इस मौके पर एसडीओ ने इलाके में जन वितरण व्यवस्था सही तरीके से चलाने के लिए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को इलाके के अनुश्रवण समिति के सदस्य के साथ जन वितरण दुकान वितरण व्यवस्था की जांच करके रिपोर्ट सौंपने को कहा।

# संक्षिप्त समाचार

## पताही में 82 जविप्र दुकान संचालित, प्रति दुकानदार 4 से 5 क्विंटल कम कर रहें राशन का वितरण

(मुरारी कुमार पताही अयोध्या टाइम)। पताही। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को भूखा न रहना पड़े। इसलिए प्रखंड में सरकार ने जन वितरण प्रणाली दुकान की व्यवस्था की। यहां पर 82 जनवितरण प्रणाली दुकान संचालित हैं। इसमें गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को पांच किलो अनाज देने की व्यवस्था है।

इनमें चावल व गेहूं दोनों शामिल हैं। लेकिन, गरीबों को 4 किलो या 4.50 ग्राम ही अनाज दिया जा रहा। इस प्रकार गरीबों के बीच प्रति दुकानदार द्वारा 4 से पांच क्विंटल कम राशन प्रतिमाह वितरित हो रहा। लाभुकों ने बताया कि सरकार द्वारा निर्धारित किए गए मूल्य से अधिक दामों पर जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों द्वारा राशन मुहैया कराया जा रहा। वहीं राशन प्राप्ति की पर्ची मांगे जाने पर शाम को आइए सुबह में आइए कहकर टाल दिया जाता है। इसको लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत भी की। लेकिन, इस दिशा में अब तक कोई कार्रवाई भी नहीं हुई। यह जांच का विषय है। जांच हो तो संबंधित अधिकारी व जनवितरण प्रणाली दुकानदार के सांठगांठ उजागर होने की संभावना का पर्दाफाश हो सकता है। जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों से बात की गई, तो नाम छापने के शर्त पर कहा कि हम लोगों को सही वजन से सामान की आपूर्ति नहीं किए जाने की वजह से लाभुकों के बीच उसी तरह से सामान का वितरण करना पड़ता है। इस संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को फोन किया गया, तो उनका फोन नोट रिचेवल बताया।

## कोरोना काल के दो साल बाद कांवरियों की बाबा मकेश्वरनाथ मढिया जलाभिषेक के लिए उमड़ी भीड़

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवादाता किशन कुमार। उप्रसिद्ध मढ़िया बाबा पर रविवार को जलाभिषेक के लिए कांवरियो की लंबी भीड़ कोरोना के दो साल बाद देखने को मिली है। आपको बता दे की मढ़िया धाम बाबा मानकेश्वर नाथ पर रविवार को जलाभिषेक करने की परंपरा है। इसे लेकर पवित्र श्रावण मास के शुभारंभ से ही है हर साल की तरह

सीमावर्ती नेपाल के बागमती से सामान्य बम शुक्रवार डाक बम शनिवार को जल लेकर लगभग 65 किमी की दूरी तय कर बोल बम के नारों के साथ अपनी कामना पूर्ण करने पहुंचते हैं। कोरोना काल के दो साल बाद कांवरियों व श्रद्धालुओं की अच्छी–खासी भीड़ उमड़ी है। जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं के लिए नेपाल व भारत के विभिन्न जगहों पर विविध समाज–संस्थाओं की ओर से स्वागत व जलपान की व्यवस्था की गई है ।

## सांसद व विधायक अपना इलाज सदर अस्पताल में कराए : अनिकेत

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता डॉ मनीष कुमार सिंह मोतिहारी पूर्वी चम्पारण। सदर अस्पताल में खुद अपना पेट दर्द का इलाज करवाते हुए बिहार नवयुवक सेना के संस्थापक अध्यक्ष सह लोकसभा के पूर्व प्रत्यासी अनिकेत रंजन ने कहा कि जिले के 12 विधायक व 3 सांसद को भी इस अस्पताल में ही अपना इलाज कराना चाहिए। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि एक भी

विधायक मंत्री सदर अस्पताल में अपना या अपने किसी स्वजनों का इलाज नही कराते हैं जो कि जनता के साथ एक छलावा है। उनके इलाज कराने से जहा अस्पताल की व्यवस्थाये सदैव सुदृढ रहेगी वही लोगो मे अस्पताल के प्रति आत्म विश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि अब 12 विधायक व 3 सांसद इस अस्पताल में अपना इलाज नही कराएंगे तो महाआंदोलन चलेगा।

## बाजपट्टी में मोहर्रम के लिए शांति समिति के बैठक का आयोजन किया गया

(संजय राय प्रखंड संवाददाता बाजपट्टी)। बाजपट्टी प्रखंड के सद्भावना मंडल परिसर में मोहर्रम को लेकर शांति समिति का बैठक आयोजन

किया गया जिसमें वी डि यो संजीत कुमार, सीईओ भोगेंद्र यादव, प्रमुख अफजल आलम, रमेश कुमार सिंह, मोहम्मद सनाउल्ला मौजूद थे उन्होंने कहा कि सभी सौहार्दपूर्ण तरीके से पर्व को मनाए साथ ही बहुत महत्वपूर्ण जानकारी भी दी जिसमें ताजिया का जुलूस जो निकाला जाए वह रूट का अनुपालन किया जाए जिसमें सीओ भोगेंद्र यादव ने कई निर्देश दिए जहां मौके पर धीरेंद्र कुवर, दिलीप कुमार मुखियां अनुज कुमार उर्फ राजू, संजय कुमार, ललित कापर मोहन, प्रवीण कुमार, लालजी कुमार अन्य कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

## अलग-अलग कांड में 5 गिरफ्तार

(प्रेमचंद साह प्रखंड संवाददाता अयोध्या टाइम्स मैनाटांड़ पश्चिमी चंपारण) मैनाटांड़। पुलिस अंचल क्षेत्र के अलग–अलग थाने की पुलिस ने अलग–अलग कांड में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनरवा थानाध्यक्ष प्रकाश कुमार ने बताया कि कांड संख्या 69ध्22 के इनरवा के जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपित कृष्णा प्रसाद व पत्नी ज्ञानती देवी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वही बारवा परसौनी गांव से मारपीट के आरोपी गूलेस गदी को जेल भेजा गया है। मानपुर थानाध्यक्ष सज्जाद गदी ने बताया कि जिंगना गांव से दो लीटर शराब के साथ लालू उरांव को जेल भेजा गया है। इधर भंगहा थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि धूमाटांड से वारंटी शमसुद्दीन मियां को जेल भेजा गया है।

## नदी किनारे मिली युवक की लाश परिजन परेशान

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ अयोध्या दैनिक टाइम्स बिहार शरीफ (नालंदा) बाढ़ के भदौर थाना क्षेत्र के घाटऔरा गांव निवासी 19 वर्षीय शंकर यादव की लाश भतनी खार नदी के किनारे गुरुवार की

संध्या मिली भदौर थाना की पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद शुक्रवार के दिन परिजनों को सौंप दिया है।घटना के बारे में परिजनों को भी संशय बना हुआ है। वही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है नदी के किनारे लाश मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है।

# पिपराही प्रखंड में प्रखंड स्तरीय बाल संरक्षण समिति का पुनर्गठन हुआ और हुई बैठक

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।)

शिवहर। जिला बाल संरक्षण इकाई के निर्देशानुसार पिपराही प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी वासिक हुसैन की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय बाल संरक्षण समिति के पुनर्गठन के लिए बैठक की गई। जिसमें बाल संरक्षण के मुद्दों के बारे में बात किया गया । जैसे 1–बाल विवाह 2–बाल श्रम, 3–बाल तश्करी 4–बाल कल्याण समिति, 5–किशोर न्याय परिषद 6–स्पॉन्सरशिप योजना, 7–परवरिश योजना 8–चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 9– महिला

हेल्प लाइन नंबर 181, 10–स्कूल से बाहर बच्चों को स्कूल से जोड़ने जैसे विषयों पर मीटिंग के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम किया गया। प्रखंड स्तरीय बाल संरक्षण समिति का पुनर्गठन यूनिसेफ की सहयोगी संस्था प्रथम के सहयोग से किया गया। बैठक के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी वासिक हुसैन और प्रथम संस्था के जिला समन्वयक रामशंकर के द्वारा समिति के ढांचा जिसमे जिला स्तरीय प्रखंड स्तरीय, पंचायत स्तरीय और वार्ड स्तरीय बाल संरक्षण समिति के बारे में जानकारी दी गयी। गठन के उद्देश्य और जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से सभी बाल संरक्षण के मुद्दों पर चर्चा किया गया जिसमे बाल श्रम, बाल विवाह और बाल तस्करी को रोक कर बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने, उन्हें स्कूल में नियमित भेजने ,उनका नियमित टीकाकरण, सामाजिक सुरक्षा योजना एवं उन्हें शोषण से सुरक्षा दिलाने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा किया गया। सभी जनप्रतिनिधियों को किसी भी बच्चे की मदद के लिए चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 पर फोन करके उनकी सहायता करने की जानकारी दी गयी ।बच्चों के खिलाफ हिंसा, नशा रोकथाम आदि पर प्रकाश डाला गया। प्रखंड स्तरीय बाल संरक्षण समिति के पुर्नगठन के समय प्रखंड विकास पदाधिकारी वासिक हुसैन, उपप्रमुख धनंजय कुमार यादव, प्रथम संस्था के जिला समन्वयक राम शंकर, मुखिया भाग्य नारायण, मुखिया संजीव कुमार , मुखिया रिंकू महतो, संजू देवी, पंचायत समिति सोनेलाल शाह, महिला सुपरवाइजर गीता देवी, रंजीता कुमारी, गौरी कुमारी, ,ब्लॉक के मेम्बर–श्याम विनय सिंह , प्रथम प्रखंड समन्वयक–अनिल कुमार ,बसाहिया पंचायत की किशोरी समूह अध्यक्ष रहमत परवीन, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुबोध कुमार, पंचायत समिति नाशिमा खातून,चंदा देवी उपस्थित रहे।

# मीनापुर स्थित महदेइया पंचायत के मुखिया ने लगाया परिवार नियोजन कैंप

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

☒ संस्था सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज ने परिवार नियोजन कैंप में दिया सहयोग

मुजफ्फरपुर। मीनापुर प्रखण्ड के महदेईया पंचायत में शुक्रवार को

परिवार नियोजन पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महदेइया मठ पर स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र पर मुखिया महदेइया गुड्डी देवी ने परिवार नियोजन जागरूकता कैंप लगवाया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित हुए। विदित हो कि 12 जुलाई को संस्था सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज द्वारा मीनापुर प्रखंड के मुखियागणों का एक दिवसीय अभिमुखीकरण स्वास्थ्य एवं अन्य सामाजिक मुद्दों पर कराया गया था। जिसमें परिवार नियोजन की आवश्यकता पर भी प्रशिक्षण दिया गया था। इसी कड़ी में मुखिया महदेईया गुड्डी देवी ने अपने पंचायत में जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया था, एवं आज के दिन उन्होंने यह जागरूकता कैंप लगवाया। इस आयोजन में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने मुखिया गुड्डी देवी को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह पहला ऐसा पंचायत है जिसमें मुझे इस तरह के कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। आज मैं यहां आकर बहुत प्रसन्न हूं। उनका कहना था कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम और भी होने चाहिए ताकि परिवार नियोजन कार्यक्रम के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके। उन्होंने जनसंख्या वृद्धि से संबंधित समस्याओं पर प्रकाश डाला । प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राकेश कुमार ने उपस्थित स्त्रियों एवं पुरुषों को परिवार नियोजन के साधनों के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने एक एक कर सभी साधनों को उपस्थित महिलाओं एवं पुरुषों को दिखाते हुए उसके इस्तेमाल के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। प्रभारी डा राकेश कुमार ने 11 से 31 जुलाई तक चल रहे जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा में सभी पंचायतों के मुखिया से इसी तरह का आयोजन कर यथा संभव सहयोग करने का भी आवाहन किया। इस आयोजन में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राकेश कुमार, मुखिया गुड्डी देवी सहित पंचायत के कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। संस्था सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज की टीम भी मौजूद थी, जिसमें जिला समन्वयक अभिषेक कुमार, क्षेत्रीय कार्यकर्ता विनय भूषण एवं पूनम कुमारी शामिल हैं।

# मुसरीघरारी थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय नाबालिग लड़की से, तीन युवकों के द्वारा सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर– निरंजन जायसवाल

समस्तीपुर,मुसरीघरारी। समस्तीपुर जिले के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को बीते देर रात घर से उठाकर ले गए तीन युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास किया गया। इस दौरान विरोध करने पर आरोपी युवकों ने नाबालिग लड़की के चेहरे पर चाकू मारकर जख्मी कर दिया। मामले को लेकर पुलिस अब तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पीड़िता ने बताया है कि सभी आरोपी घर के बगल के ही हैं। जमावड़ा लगा रहता है। बीते रात पीड़िता घर के आंगन में सोई हुई थी, तभी घर के बगल में दुकान चलाने वाले आरोपी व उसके अन्य दोस्तों ने मिलकर पीड़िता को घर से उठा लिया और दुकान में ले जाकर उसके साथ गलत काम करने का प्रयास किया। इस दौरान पीड़िता के चीखने चिल्लाने की आवाज सुन घर के लोग जगे तो देखा पीड़िता घर में नहीं थी और उसके चिल्लाने की आवाज बगल के दुकान से आ रही थी। मौके पर घर के सभी परिजन उस दुकान पर पहुंचा, तो आरोपी सभी युवक धमकी देते हुए वहां से

फरार हो गया। इसके बाद परिजनों ने इमरजेंसी नंबर 112 पर फोन किया जिसके बाद वहां पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। सभी आरोपी युवक अब तक फरार चल रहे हैं। पीड़ित परिजनों ने कहा अब तक पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नहीं की। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि वह बार–बार थाने का चक्कर लगा रहे है लेकिन मुसरीघरारी थाने की पुलिस आरोपी सभी युवकों के धरपकड़ के लिए एक बार भी छापेमारी नहीं की। हालांकि पीड़ित के घर के बगल में घटनास्थल वाले दुकान पर दो चौकीदारों की तैनाती कर दी गई है। मामले को लेकर मुसरीघरारी थानाध्यक्ष कुछ भी बोलने से परहेज करते रहे।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा है कि घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी आसपास ही घूम रहे हैं लेकिन मुसरीघरारी थाने की पुलिस के द्वारा अभी तक आरोपी को पकड़ा नही गया है।

परिजनों ने बताया कि आरोपी युवक घर के पास ही दुकान चलाता है। दुकान में अवैध रूप से वह शराब, गांजा समेत अन्य अवैध कारोबार भी करता है। आरोपी के दुकान पर हमेशा असामाजिक तत्वों का

# युवाओं के लिए मतदाता सूची का हिस्सा बनने के और अधिक मौके

☒ नामांकन के लिए एक वर्ष में चार मौके – सिर्फ 1 जनवरी की अर्हक तिथि की प्रतीक्षा करने की जरूरत नहीं रह गई।

☒ 17 वर्ष के युवाओं के लिए अग्रिम आवेदन सुविधा

☒ 01.08.2022 से मतदाता रजिस्ट्रेशन के लिए नए प्रयोक्तानुकूल प्ररूप (फार्म)'

☒ प्रविष्टियों में यदि शुद्धि अपेक्षित हो तो उसके लिए एकल प्ररूप – 8 तैयार किया गया।

☒ मतदाता कार्ड को आधार से जोड़ने के लिए उसका स्वैच्छिक संग्रहण

☒ नाम/फोटो की दृष्टि से समरूप प्रविष्टियों को हटाने पर जोर दिया जा रहा है।

☒ आयोग ने वार्षिक संक्षिप्त पुनरीक्षण का आदेश दियाय पुनरीक्षण–पूर्व कार्यकलाप अगस्त में शुरू

☒ त्रुटिमुक्त निर्वाचक नामावली सुनिश्चित करने के लिए जांच पर्यवेक्षण

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

किशनगंज। मतदाता सूची अद्यतन करने की प्रक्रिया के संबंध में डीएम किशनगंज श्री श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि 17 वर्ष के युवा अब मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं और इसके लिए उन्हें किसी वर्ष की 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने के पूर्वापेक्षित मानदंड की प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं है।

उल्लेखनीय है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार और निर्वाचन आयुक्त श्री अनूप चंद्र पाण्डेय के नेतृत्व में भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ)/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एईआरओ) को इस तरह के प्रौद्योगिकी–सक्षम समाधान तैयार करने के निर्देश दिए हैं कि युवाओं को न केवल 1 जनवरी को बल्कि तीन पश्चातवर्ती अर्हक तिथियों अर्थात 01 अप्रैल, 01 जुलाई और 01 अक्टूबर के संदर्भ में भी अपने अग्रिम आवेदन दाखिल करने की सुविधा मिल सके। अब से, निर्वाचक नामावली प्रत्येक तिमाही में अद्यतन की जाएगी और पात्र युवाओं को उस वर्ष की अगली तिमाही में पंजीकृत किया जा सकता है जिसमें उन्होंने 18 वर्ष की पात्रता आयु पूरी कर ली हो। पंजीकरण करवाने के बाद उन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (एपिक) जारी किया जाएगा। निर्वाचक नामावली, 2023 के वार्षिक पुनरीक्षण के चालू राउंड के लिए वर्ष 2023 के 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर तक 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाला कोई भी नागरिक मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाशन की तारीख से अग्रिम आवेदन जमा कर सकता है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 14(ख) में विधिक संशोधनों और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 में किए गए परिणामी संशोधनों के अनुसरण में, भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली को तैयार करनेध्उसका पुनरीक्षण करने के लिए आवश्यक परिवर्तन करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्मरण रहे कि भारत निर्वाचन आयोग की अनुशंसा पर, विधि एवं न्याय मंत्रालय ने हाल ही में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में संशोधन किया है, जिसमें निर्वाचक नामावलियों में युवाओं के लिए पंजीकृत होने की पात्रता के लिए केवल 01 जनवरी की पूर्ववर्ती सिर्फ एक अर्हक तिथि की पुरानी व्यवस्था के उलट चार अर्हक तिथियों अर्थात 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई और 01 अक्तूबर का उपबंध किया गया है। मौजूदा नीति के अनुसार, अर्हक तिथि के रूप में आने वाले वर्ष की पहली जनवरी के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण सामान्यतया सभी राज्योंध्संघ राज्य–क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष के उत्तरवर्ती भाग में (सामान्यतः वर्ष की अंतिम तिमाही में) किया जाता था ताकि निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन उत्तरवर्ती वर्ष की जनवरी के प्रथम सप्ताह में किया जा सके। इसका अर्थ यह हुआ कि 1 जनवरी के बाद बड़ी संख्या में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को नामांकन के लिए अगले वर्ष के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रतीक्षा करनी पड़ती थी और वे बीच की अवधि में हुए चुनावों में भाग लेने में सक्षम नहीं हो पाते थे। आयोग ने पंजीकरण प्ररूपों को भी प्रयोक्ता के लिए और अधिक अनुकूल तथा सरल बना दिया है। नव– संशोधित प्रारूप 1 अगस्त, 2022 से लागू होंगे। 01अगस्त, 2022 से पहले पुराने प्ररूपों में प्राप्त सभी आवेदनों (दावे और आपत्तियां) पर कार्रवाई की जाएगी और इनका निस्तारण किया जाएगा तथा ऐसे मामलों में नए प्रारूपों में आवेदन दाखिल करने की जरूरत नहीं है।

आयोग ने मतदान होने वाले राज्यों को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में अर्हक तिथि के रूप में 01.01.2023 के संदर्भ में वार्षिक संक्षिप्त पुनरीक्षण का आदेश दिया है। पुनरीक्षण–पूर्व सभी गतिविधियां आयोग के मौजूदा अनुदेशों और दिशानिर्देशों तथा निर्वाचक नामावली मैनुअल, 2016 और मतदान केंद्र मैनुअल, 2020 के अनुसार की जाती हैं। पुनरीक्षण और पुनरीक्षण–पूर्व गतिविधियां इस तरह से की जाती हैं कि निर्वाचक नामावलियां अंतिम रूप से राष्ट्रीय मतदाता दिवस (प्रत्येक वर्ष की 25 जनवरी) से काफी पहले प्रकाशित की जा सकें ताकि नए निर्वाचकों विशेषकर युवा मतदाताओं (18–19 वर्ष) के लिए तैयार एपिक राष्ट्रीय मतदाता दिवस (एनवीडी) के अवसर पर समारोह में उन्हें वितरित किए जा सकें। पुनरीक्षण–पूर्व गतिविधियों में मतदान केंद्रों का युक्तीकरण/पुनर्निधारणय समान नाम वाली प्रविष्टियों (Demogra phically Similar Entries)/ समान फोटो वाली प्रविष्टियों (Photo Similar Entrie) की विसंगतियों को दूर करना और 01. 10.2022 की अर्हक तिथि के रूप में संदर्भ में पूरक एवं एकीकृत प्रारूप नामावली तैयार करना शामिल है। आयोग ने पुनरीक्षण–पूर्व कार्यकलापों के वर्तमान चरण के दौरान यह सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया है कि डीएसई/पीएसई को निर्वाचक नामावली से 100: हटाए जाने और एपिक में विसंगतियों को दूर करने के लिए सभी प्रयास किए जाएं।

नवंबर में शुरू होने वाले पुनरीक्षण कार्यकलापों में एकीकृत प्रारूप निर्वाचक नामावली के प्रकाशन के बाद प्राप्त दावों और आपत्तियों का निपटान किया जाना शामिल है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत, प्रारूप निर्वाचक नामावली में दावे और आपत्तियां दाखिल करने के लिए एक माह की अवधि उपलब्ध है। मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) द्वारा सप्ताहांतों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसके लिए संबंधित सीईओ द्वारा तारीख का प्रचार–प्रसार किया जाएगा। अंतिम निर्वाचक नामावली 5 जनवरी, 2023 को प्रकाशित की जाएगी। मतदान केंद्र युक्तीकरण

वार्षिक संक्षिप्त पुनरीक्षण के भाग के रूप में, 1500 से अधिक निर्वाचकों वाले मतदान केन्द्रों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार और 'मतदान केंद्र मैनुअल, 2020 में निहित अनुदेशों के अनुसार प्रारूप निर्वाचक नामावलियों के प्रकाशन से पहले युक्तिसंगत बनाया आशोधित किया जाएगा। कोई नया मतदान केंद्र, सटे हुए मतदान केंद्रों के खंडों को यथासंभव सीमा तक युक्तिसंगत बनाने के बाद ही बनाया जाएगा। मतदान केंद्रों को युक्तिसंगत बनाने के अन्य उद्देश्य परिवार के सभी सदस्यों और पड़ोसियों को एक खंड में समूहबद्ध करना है। एपिक को आधार से जोड़ना (एपिक–आधार लिंकिंग)

आधार संख्या को निर्वाचक नामावली डाटा से जोड़ने के लिए, निर्वाचकों के आधार संबंधी विवरण मंगवाने के लिए आशोधित पंजीकरण प्रपत्रों में प्रावधान किया गया है। मौजूदा निर्वाचकों की आधार संख्या के संग्रहण के लिए एक नया प्रपत्र–6ख भी शुरू किया गया है। तथापि, किसी व्यक्ति द्वारा आधार संख्या नहीं देने या सूचित नहीं करने पर निर्वाचक नामावली में नाम शामिल करने संबंधी किसी भी आवेदन को अस्वीकार नहीं किया जाएगा और निर्वाचक नामावली से कोई प्रविष्टि नहीं हटाई जाएगी।

जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि इस बात पर जोर दिया गया है कि आवेदकों की आधार संख्या के संबंध में कार्रवाई करते समय, आधार (वित्तीय और अन्य रियायतें, लाभ और सेवाओं का लक्षित परिदान) अधिनियम, 2016 की धारा 37 के तहत दिए गए उपबंध का पालन अवश्य किया जाना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में इसे सार्वजनिक नहीं किया जाना चाहिए। यदि निर्वाचकों से संबंधित जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करनी अपेक्षित हो, तो आधार विवरण को अनिवार्यतः हटा या ढक दिया जाना चाहिए। मौजूदा निर्वाचकों की आधार संख्या के संग्रहण के लिए दिनांक 01.08. 2022 से एक समयबद्ध अभियान शुरू किया जा रहा है। आधार संख्या प्रदान करना, पूरी तरह से स्वैच्छिक है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य निर्वाचकों की पहचान स्थापित करना और निर्वाचक नामावली में प्रविष्टियों को अधिप्रमाणित करना है। पुनरावृत्त /एकाधिक प्रविष्टियों को हटाने की विस्तृत प्रक्रिया इंगित की गई है। किन्ही भी नागरिकों, राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) अथवा आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों द्वारा सूचित पुनरावृत्तध्एकाधिक प्रविष्टियों के संबंध में, प्रत्येक मामले में फील्ड सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाता है। निर्वाचक का नाम, निर्वाचक नामावली में से केवल उसी स्थान पर हटाया जाएगा, जहां वह सामान्य रूप से निवास करने वाले स्थान पर नहीं पाया जाएगा।

त्रुटिमुक्त निर्वाचक नामावली के लिए फील्ड सत्यापन और उच्चाधिकारियों द्वारा जांच (सुपरचेकिंग) निर्वाचक नामावली की स्थिति में उन्नयन के प्रयोजन से निर्वाचन आयोग ने बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा फील्ड सत्यापन की आवश्यकता पर जोर दिया है। निर्वाचन तंत्र के विभिन्न स्तरों जैसे पर्यवेक्षकों, ईआरओ एवं एईआरओ द्वारा फील्ड सत्यापन द्वारा किए गए कार्य की कड़ी जवाबदेही तय करने के लिए पर्यवेक्षण और जांच हेतु एक तंत्र विद्यमान है। इसी प्रकार, दावों और आपत्तियों पर अंतिम निर्णय लेने से पहले ईआरओ द्वारा किए गए कार्य की जांच डीईओ, नामावली प्रेक्षकों तथा सीईओ द्वारा भी की जाती है। इसके अतिरिक्त, और ज्यादा औचक जांच करने तथा पर्यवेक्षण के लिए भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारियों तथा सीईओ कार्यालय को भी नियोजित किया जाता है।

राजनीतिक दलों की आधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के दृष्टिगत, आयोग ने मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) को इस शर्त के अध्यधीन अधिक संख्या (बल्क) में आवेदन दाखिल करने की अनुमति दी है कि एक बीएलए बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) के पास एक बारध्एक दिन में 10 से अधिक प्ररूप (फॉर्म) जमा नहीं करेगा। यदि कोई बीएलए दावों और आपत्तियों को दाखिल करने की सम्पूर्ण अवधि के दौरान 30 से अधिक आवेदनध्प्ररूप दाखिल करता है, तो ईआरओ एईआरओ द्वारा स्वयं उनका अनिवार्यतः प्रतिसत्यापन किया जाना चाहिए। इसके अलावा, बीएलए आवेदन प्ररूपों की सूची भी इस घोषणा के साथ प्रस्तुत करेगा कि उसने आवेदन प्ररूपों के विवरणों का व्यक्तिगत रूप से सत्यापन कर लिया है और उसका यह समाधान हो गया है कि वे सही हैं।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक का संयुक्तटीम का विशेष बड़ा अभियान अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

सारण। जिलाधिकारी , सारण एवं पुलिस अधीक्षक , सारण के संयुक्त नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों, प्रशासनिक पदाधिकारियों , ए0 एल0 टी0 एफ0 एवं उत्पाद/मद्यनिषेध के पदाधिकारियों तथा भारी संख्या में पुलिस बल के साथ सारण जिला के गरखा थानान्तर्गत मीठेपुर गाँव में अवैध शराब भठ्ठी ध्वस्त करने एवं अवैध शराब के भण्डारण ६ परिवहन सेवन ६ बिक्री के विरुद्ध 28 जुलाई 2022 के अहले सुबह में विशेष अभियान चलाया गया। विशेष अभियान के दौरान श्वान दस्ता एवं ड्रोन कैमरा का प्रयोग कर मीठेपुर गाँव में छापामारी की गई।

विशेष अभियान के दौरान 14 शराब की भठ्ठी ध्वस्त कर लगभग 3000 लीटर अर्द्धनिर्मित शराब विनष्ट किया गया। इस दौरान 150 लीटर देशी शराब , 07 मोटरसाइकिल जप्त कर 09 शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया।

शराब के अवैध निर्माण/परिवहन /भण्डारण ६ सेवन एवं बिक्री पर रोक लगाने हेतु श्री राजेश मीणा , जिलाधिकारी , सारण एवं श्री संतोष कुमार , पुलिस अधीक्षक , सारण के नेतृत्व में सारण जिला के गरखा थानान्तर्गत मीठेपुर गाँव में दिनांक 28.07.2022 को सुबह 03:00 बजे से 09:00 बजे पूर्वाहन तक अनुमंडल पदाधिकारी,सदर,उत्पाद अधीक्षक , सारण तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,सदर,पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), सारण, पुलिस उपाधीक्षक (परिक्ष्यमान) एवं प्रभारी जिला स्तरीय ए0 एल0 टी0 एफ0 , सारण सहित 40 से अधिक पुलिस पदाधिकारी तथा करीब 200 से अधिक पुलिस बल के साथ विशेष छापामारी की गई। विशेष छापामारी /कार्रवाई के कम में सारण जिला के गरखा थानान्तर्गत मीठेपुर गाँव में छापामारी करते हुए 150 लीटर देशी शराब , 07 मोटर साइकिल , 07 ड्राम , 01 गैस चुल्हों , एवं 01 गैस सिलेण्डर जप्त कर 09 शराब कारोबारियों की गिरफ्तार की गई। इस दौरान 14 शराब की भठ्ठी ध्वस्त करते हुए लगभग 3000 लीटर अर्द्धनिर्मित शराब विनष्ट किया गया। इस संबंध में गरखा थाना कांड संख्या –496/22,दिनांक 28.07.2022 धारा 30 (ए) (सी)/38/41 बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। विशेष अभियान के दौरान की गई कार्रवाई का फलाफल निम्न प्रकार से है– विशेष छापामारी अभियान का फलाफल

1. कुल दर्ज कांड की संख्या –01
2. कुल गिरफ्तार अभियुक्तों की संख्या –09
3. ध्वस्त शराब भट्टी की संख्या –14
4. अर्द्धनिर्मित शराब विनष्ट –लगभग 3000 लीटर
5. जप्त शराब– 150 लीटर
6. अन्य जप्त – 07 मोटरसाइकिल , 07 ड्राम , 01 गैस चूल्हा, 01 गैस सिलेण्डर सारण जिलान्तर्गत शराब सेवन/बिक्री/भंडारण/निर्माण/परिवहन आदि पर पूर्णरूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए निरंतर शराब कारोबारियों के विरूद्ध सारण जिला प्रशासन एवं जिला पुलिस आगे भी अभियान जारी रखेगी।

## जिला पदाधिकारी किशनगंज,श्री श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला अंतर्गत संचालित सभी भू-अर्जन कार्य तथा वृहत परियोजनाओं में कार्य की प्रगति की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभाकक्ष मेंआहूत की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) जिला पदाधिकारी किशनगंज,श्री श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला अंतर्गत संचालित सभी भू–अर्जन कार्य तथा वृहत परियोजनाओं में कार्य की प्रगति की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभाकक्ष मेंआहूत की गई। सर्वप्रथम पूर्व बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन को लेकर समीक्षा की गई। भू–अर्जन परियोजनाआ अन्तर्गत भारत नेपाल सीमा सड़क परियोजना, अररिया –गलगलिया रेल लाइन परियोजना,जिलांतर्गत 4 लेन भारतमाला परियोजना, एनएच किशनगंज –बहादुरगंज सड़क मार्ग में अधिग्रहित होने वाली भूमि अर्जन,ठाकुरगंज – दिघलबैंक एनएच 327 इ (पैकेज 1),महानंदा बेसिनध्सब बेसिन अंतर्गत फेज पप ,रतवा नदी पर दायाध्बाया तटबंध निर्माण में भू अर्जन इत्यादि कार्यों की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित कार्यपालक अभियंता एवं प्राधिकृत एजेंसी(तंपसूंल) तथा संबंधित पदाधिकारियों को कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर तथा निर्धारित मापदंड के अनुसार गुणवत्तापूर्ण करने हेतु कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला भू अर्जन पदाधिकारी को तीनो प्रखंड टेढ़ागाछ,ठाकुरगंज,दिघलबैंक अंतर्गत जिन रैयतों का भुगतान लंबित है,में नियमानुसार भुगतान निर्धारित समय सीमा के अंदर करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला भू अर्जन पदाधिकारी,संदीप कुमार,प्राधिकृत एजेंसी एवं संबंधित कार्यपालक अभियंता, सभी संबंधित अंचलाधिकारी तथा संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# संक्षिप्त समाचार

## भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का केसरिया में हुआ स्वागत

दैनिक अयोध्या टाइम्स केसरिया अभिषेक कुमार पूर्वी.च। केसरिया में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ था। जिसमें मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद अकरम साहब एवं राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य मोहम्मद माजिद मलिक साहब का केसरिया के पावन पवित्र धरती पर जोरदार स्वागत हुआ,एवं पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। वही सभा को संबोधित करते हुए मोहम्मद अकरम साहब ने कहा की भाजपा ही एक वह पार्टी है जो राष्ट्रीयता क्या होती है इसकी पहचान कराई। उन्होंने यह भी कहा की हमारी पार्टी देश की आन,बान,और शान से कोई समझौता नही करता। उन्होंने अपने सभी कार्यकर्ताओं से अपील किए की आदरणीय प्रधानमंत्री कार्यो को व केंद्र सरकार के योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें। तो वही अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मोहम्मद इम्तेयाज ने सभा को संचालित किए, इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू महतो,जिला महामंत्री आनंद सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोहिबुल हक खा,पूर्व विस्तारक सुमित सिंह, नुसरत जहां,गुड्डी देवी समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नागपंचमी की पूजा 2 अगस्त को होगी

दैनिक अयोध्या टाइम्स केसरिया अभिषेक कुमार पूर्वी.च.केसरिया। इस साल नागपंचमी की पूजा 2 अगस्त मंगलवार के दिन मनाया जाएगा।एवं

पूजा का शुभ मुहूर्त 2 अगस्त प्रातः काल 5:43 से प्रातः काल 8:25 बजे तक होंगी। साथ ही पूजा की कुल अवधि 2 घंटे 42 मिनट की होगी। तो वही पंचमी तिथि प्रारंभ होगी 2 अगस्त प्रातः 5रू13 मिनट पर,वही पंचमी तिथि समाप्त होगी 3 अगस्त तक। इसकी जानकारी देते हुए ज्योतिषाचार्य डॉ बाल्मीकि प्रसाद जी ने कहा की धार्मिक मान्यता अनुसार नाग पंचमी के दिन नाग देवता को पूजा करने से जीवन के संकटो का नाश एवं मनोवांछित फलो की प्राप्ति अवश्य होती है।वही ज्योतिषाचार्य गुरू जी ने बताया की नागपंचमी के आराध्य देव नाग देवता है, इस दिन वासुकि महापद्म आदि नाग अष्टको की पूजा की जाती है।इस दिन प्रातः स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण कर पूजास्थल पर एक चौकी पर नाग देवता का एक चित्र स्थापित कर,सबसे पहले जल में कच्चा दूध,घी,चीनी मिलाकर उनका अभिषेक करें। बाद में हल्दी,चावल,रोली और फूल चढ़ाकर नाग देवता की पूजा करें,उसके बाद व्रत कथा पढ़ कर आरती करे।

## कारगिल शहीद मेजर चंद्रभूषण द्विवेदी को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।)

शिवहर। पूरनहिया प्रखंड क्षेत्र के बखार चंडीहा में शहीद मेजर चंद्रभूषण द्विवेदी जी के स्मारक पर पुष्पांजलि एवं उनके घर पर जा कर उनके बड़े भाई श्याम सुंदर द्विवेदी जी को सम्मानित करते हुए भाजपा जिला मंत्री डॉ नूतन ने कहा है कि देश के लिए शहीद होने वाले उत्तर बिहार की एकमात्र योद्धा शहीद मेजर चंद्र भूषण द्विवेदी है। भारतीय जनता पार्टी जिला किसान मोर्चा के बैनर तले दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत आज भाजपा जिला मंत्री डॉ नूतन माला सिंह ने भाजपा जिला

अध्यक्ष संजीव पांडे एवं किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामनाथ सुमन सहित भाजपा टीम के साथ उनके शहीद स्मारक पहुंचकर नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी है। उक्त अवसर पर भाजपा को संगठित करने ,पार्टी का विस्तार करने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए कार्यों को विस्तार पूर्वक कार्यकर्ताओं के बीच रखते हुए संगठन मजबूती पर बल दिया है।

## भारतीय जनता पार्टी की किशान मोर्चा द्वारा प्रवास कार्यक्रम पताही में आयोजित

दैनिक अयोध्या टाइम डॉ मनीष कुमार सिंह पूर्वी चम्पारण मोतिहारी।

भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय मोर्चा कार्यकारिणी बिहार द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के द्वितीय दिन चिरैया विधानसभा क्षेत्र के पताही मंडल में आयोजित हुआ, सोशलमीडियाबैठक एवं जनप्रतिनिधिसंपर्ककार्यक्रम में

## सिसहनी कन्या मध्य विद्यालय में मध्यान भोजन खाने से रसोईया सहित बच्चों बीमार होने के मुद्दों को जांच करने जिला एवं प्रखंड से पदाधिकारी स्कूल में पहुचे हुए थे-बीपीएम

पकडीदयाल, मनोहर कुमार सिंह

सिसहनी कन्या मध्य विद्यालय में मध्यान भोजन खाने से रसोईया सहित बच्चों बीमार होने के मुद्दों को जांच करने जिला एवं प्रखंड से पदाधिकारी स्कूल में पहुंचे हुए थे जिसमें। बीपीएम एमडीएम,साधन सेवी एमडीएम जितेंद्र कुमार , बी ई ओ शशि भूषण कुमार, बीआरपी राजीव कुमार द्वारा संयुक्त जांच किया गया। जिसमें बहुत सारी कमी

पाई गई चखना पणजी, बैठक पंजी, मध्यान्ह पंजी स्कूल में उपलब्ध नहीं पाया गया।साथ ही एमडीएम के सभी सामानों को दूसरा खरीदने का निर्देश दिया गया।स्कूल की विधि व्यवस्थाओं को सुचारू कर स्कूल को संचालन करने तथा जल्द से जल्द स्पष्टीकरण जमा करने का निर्देश दिया गया। जांच उपरांत बी ई ओ शशि भूषण कुमार ने बताया कि जांच के समय ग्रामीण अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि खाना मेनू के हिसाब से नहीं बनाई जाती है बच्चों एवं अभिभावकों को पूछने पर डांट फटकार कर हटाया जाता है। मंजू देवी द्वारा बताया गया कि मेरी पुत्री महिमा कुमारी खाना खाने से बीमार हुई थी जो पकड़ीदयाल हॉस्पिटल में इलाज उपरांत ठीक हुई है जिन्होंने प्रधानाध्यापक मोहन राम एवं सहायक अध्यापक अवधेश पंडित को स्कूल से हटाने की मांग की, वही दोनों शिक्षकों द्वारा स्कूल में मनमानी किया जाता है। स्कूल के छात्र अर्जुन कुमार स्कूल के संबंधित दोनों शिक्षकों को हटाने की बात कही।स्कूल के अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि विद्यालय की समय सं बं ठ क प्रधानाध्यापक द्वारा नहीं किया जाता। किसी भी बात के पूछने पर जवाब दिया जाता है कि आप बि ई ओ, वीडियो से जाकर मिले हम कुछ नहीं करेंगे अपने मनमानी से स्कूल को संचालित करते हैं। वहीं कुछ उपस्थित अभिभावकों ने प्रधानाचार्य पर प्रमाण पत्र में देने के लिए 200 रूपए देने का आरोप लगाया तथा कुछ अभिभावक ने500 रूपए का डिमांड करने कि बात कही गई,बिना पैसा लिए सर्टिफिकेट नहीं दिया जाता है।दुसीत सरसों तेल को लैब में जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्रधानाध्यापक से सभी बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा गया।जो जल्द से जल्द कार्यालय में प्रस्तुत करें।

## हाजत में बंद युवक की मौत, पुलिस महकमे में मचा हड़कंप

☒ दलसिंगसराय समस्तीपुर (विकास कुमार पाण्डेय, अनुमंडल ब्यूरो चीफ)! समस्तीपुर जिले के दलसिंह सराय थाना से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां पुलिस कस्टडी में बंद युवक की मौत हो गई ! मौत का कारण खुदकुशी बताया जा रहा है, इस घटना से जिले की पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है ! परिजनों ने पुलिस पर युवक की हत्या का आरोप लगाया है! मामले की गंभीरता को देखते हुए सूचना मिलते ही दलसिंगसराय के डीएसपी दिनेश पाण्डेय एवं पुलिस कप्तान ह्रदयकान्त घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए हैं! घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिले के मुफस्सिल थाना के मोहम्मद गुलाब का अपनी पत्नी के साथ विगत चार वर्षों से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था ! गुरुवार को किसी काम के सिलसिले में वह दलसिंहसराय आया था, इसी क्रम में ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे पकड़ लिया तथा घर ले जाकर उसके साथ मारपीट की बाद में उसे पुलिस को सौंप दिया गया, जहां उसकी मौत बीती रात हो गई ! युवक की मौत के संबंध में दलसिंहसराय थाना अध्यक्ष ने बताया कि युवक ने गले में फंदे लगाकर खुदकुशी का प्रयास किया, सूचना मिलने पर उसे अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई ! मृतक की पहचान समस्तीपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हकीमाबाद खराश निवासी मो. गुलाब के रूप में हुई है। घटना की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। वही डीएसपी दिनेश कुमार पाण्डेय थाना पहुँच कर मामले की छानबीन मे जुटे है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक मो. गुलाब की शादी चार वर्ष पूर्व दलसिंहसराय के नवादा में हुई थी। शादी के बाद से ही पत्नी के साथ किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था और मामला न्यायालय में विचाराधीन है । मृतक की बहन ने बताया कि मो. गुलाब गुरुवार को अपने काम से दलसिंहसराय आया था। जिसके बाद युवक का साला अपने दोस्तों को लेकर आया और उसे पकड़ कर ले गया। सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की तथा उसके कान मे तेजाब डाल दिया, बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई !पुलिस कस्टडी में युवक की मौत की खबर ने सबको सकते में डाल दिया है, घटना की सूचना मिलते ही दलसिंगसराय पहुंचे बिभूतिपुर के विधायक अजय कुमार ने अनुमंडलीय अस्पताल जाकर परिजनों से मुलाकात की तथा उन्हें उचित न्याय दिलवाने की बात कही! विधायक अजय कुमार ने इस घटना में पुलिस की लापरवाही जताते हुए जिला प्रशासन से मांग की है कि तत्काल दलसिंहसराय के थाना अध्यक्ष को बर्खास्त कर, उनके ऊपर हत्या का मुकदमा दर्ज करें ! श्री कुमार ने कहा कि यदि थाने में किसी की मौत होती है तो इसकी सीधी जवाबदेही थाना प्रभारी की होती हैं! पुलिस के द्वारा युवक को बर्बरता पूर्वक पीटा गया है तथा उसकी मौत के बाद आनन–फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया! यदि जिला प्रशासन थानाध्यक्ष को अबिलम्ब नहीं हटाती हैं, तो तमाम राजनीतिक दल इस घटना को लेकर आंदोलन करेगी और उसकी पूरी जवाबदेही जिला प्रशासन की होगी! इससे पूर्व विधायक अजय कुमार ने परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया तथा सरकार से पीड़ित परिवार को 20 लाख रुपए

मुआवजा देने की मांग की है! घटना की सूचना मिलते ही जिले के पुलिस कप्तान ह्रदयकान्त ने दलसिंहसराय पहुंचकर मामले की जानकारी ली! एस.पी. ह्रदयकान्त ने घटना के संबंध में मीडिया से बात करते हुए कहा कि मृतक मोहम्मद गुलाब का अपनी पत्नी के साथ किसी मामले को लेकर बिवाद था तथा मामला कोर्ट में विचाराधीन है ! कल पुलिस को सूचना मिली थी कि उसके साथ मारपीट हुई है, इसके बाद उसे थाना लाया गया, जहां उसने खुदकुशी कर ली ! प्रथम दृष्टया पुलिस की लापरवाही सामने आ रही हैं, मैंने सीसीटीवी फुटेज देखा है तथा दलसिंहसराय के एसडीपीओ दिनेश पाण्डेय को निर्देश दिया है कि मामले की गहनता से जांच की जाए तथा जो भी दोषी हैं उन्हें चिन्हित कर तत्काल कार्रवाई की जाय! बहरहाल जो भी हो युवक की पुलिस कस्टडी में मौत ने सबको सोचने पर मजबूर कर दिया है! परिवार के लोगों ने पुलिस पर ज्यादती का आरोप लगाया है ! उनका कहना है कि युवक का हाथ टूटा हुआ है, फिर वह खुदकुशी कैसे कर सकता है ? समाचार प्रेषण तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हो सकी है।

## बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य हेतु नियमित टीकाकरण जरुरी : डॉ शरत चन्द्र शर्मा

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

मोतिहारी। बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य हेतु नियमित टीकाकरण बेहद जरूरी होता है – यह कहना है जिले के डीआईओ डॉ शरत चंद्र शर्मा का। उन्होंने बताया कि बच्चों के जन्म के बाद उनको कई तरह की बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए टीकाकरण कराया जाना जरूरी होता है। टीकाकरण से बच्चों के शरीर के अंदर रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है जिससे वे विभिन्न प्रकार की बीमारियों से सुरक्षित होते हैं। बच्चों के नियमित टीकाकरण से वे जल्दी किसी भी बीमारी की चपेट में नहीं आते हैं। यदि बच्चा किसी बीमारी की चपेट में आ भी गया, तो वह उससे जल्द ही ठीक भी हो जाता है। वहीँ समय पर टीकाकरण नहीं कराने वाले बच्चों के बीमार होने का खतरा अधिक होता है, ऐसे बच्चे बार– बार बीमार होकर कमजोर व कुपोषित हो जाते हैं जिसका असर उनके शरीर एवं मन पर पड़ता है।

छह जानलेवा बीमारियों से बचाव के टीके लगाना सभी बच्चों के लिए जरूरी होता है। खसरा, टिटनस, पोलियो, क्षय रोग, गलघोंटू, काली खांसी और हेपेटाइटिस बी जैसे रोगों से बचने के लिए समय पर टीकाकरण जरूरी है। कुछ टीके गर्भवती महिलाओं को भी लगाए जाते हैं, जिससे उन्हें व होने वाले शिशु को टिटनस व अन्य गंभीर बीमारियों से बचाया जा सके। बच्चों को जुकाम, बुखार होने पर उन्हें टीका न लगवायें। आंगनबाड़ी केंद्रों व स्वास्थ्य केंद्रों पर नियमित टीकाकरण सत्रों का संचालन किया जाता है। साथ ही सभी सरकारी अस्पतालों में भी नियमित टीकाकरण के टीके निरूशुल्क उपलब्ध हैं। जो गर्भवती महिलाओं से आरंभ होकर शिशु के पांच साल तक होने तक के टीके नियमित रूप से दिये जाते हैं। ये टीके शिशुओं को कई प्रकार की जानलेवा बीमारियों से बचाते हैं।

जन्म होते ही दृ ओरल पोलियो, हेपेटाइटिस बी, बीसीजी

डेढ़ महीने बाद दृ ओरल पोलियो–1, पेंटावेलेंट–1, एफआईपीवी–1, पीसीवी–1, रोटा–1ढाई महीने बाद दृ ओरल पोलियो–2, पेंटावेलेंट–2, रोटा–2 साढ़े तीन महीने बाद दृ ओरल पोलियो–3, पेंटावेलेंट–3, एफआईपीवी–2, रोटा–3, पीसीवी 2 नौ से 12 माह में दृ मीजल्स–रुबेला 1, जेई 1, पीसीवी–बूस्टर, विटामिन ए 16 से 24 माह में मीजल्स–रुबेला 2, जेई 2, बूस्टर डीपीटी, पोलियो बूस्टर, जेई 2।

## समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री के जनता दरबार में प्राप्त आवेदन, सीएम डैशबोर्ड एवं सीपीग्राम योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री के जनता दरबार में प्राप्त आवेदन, सीएम डैशबोर्ड एवं सीपीग्राम योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राप्त एवं निष्पादित आवेदनों से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसमें जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि संबंधित विभाग के सक्षम प्राधिकार परिवाद का अपने स्तर से अंतिम निष्पादन करते हुए कृत कारवाई प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अगर संबंधित परिवाद उनके विभाग से संबंधित नहीं है तो उसे संबंधित विभाग को प्रेषित करते हुए कार्यालय को सूचित करें। एवं इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर जिला आईटी प्रबंधक से संपर्क करें। साथी ही एक सप्ताह के अंदर आवेदनों का निष्पादन करते हुए अगली बैठक में प्रतिवेदन के साथ उपस्थित हो। बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी द्वारा सरकार के विभिन्न पंचायत स्तरीय विकासात्मक योजनाओं के स्थलीय निरीक्षण हेतु प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों से जांच प्रतिवेदन की समीक्षा की गई एवं पाई गई अनियमितता की कार्रवाई को लेकर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की गई जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में जांच के दौरान मध्यान भोजन एवं विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था में अनियमितता पाए जाने पर जिले के 30 प्रधानाध्यापको पर कार्रवाई की गई है जिसमें 5 प्रधानाध्यापक को निलंबित किया गया है एवं अन्य प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण करते हुए वेतन कटौती की गई है साथ ही जांच की प्रक्रिया जारी है प्रक्रिया पूर्ण होने पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। स्वास्थ्य के क्षेत्र में जांच के दौरान अपने कर्तव्य स्थान पर उपस्थित नहीं होने को लेकर 50 चिकित्सक एवं एएनएम पर कार्रवाई की गई है। आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण के दौरान पोषाहार एवं केंद्र संचालन में अनियमितता पाए जाने पर 61 आंगनबाड़ी सेविकाओं के पोषाहार एवं वेतन की कटौती की गई है। हर घर नल का जल जांच के क्रम में दोषी पाए गए 7 लोगों पर कार्रवाई की गई है। वही आवास योजना के निरीक्षण के क्रम में कार्य में लापरवाही को लेकर एक आवास सहायक पर कार्रवाई हेतु अनुशंसा की गई है साथ ही विभिन्न योजनाओं के जांच में कार्रवाई की गई है वही उर्वरक के क्षेत्र में कालाबाजारी एवं खाद विक्रेताओं की शिकायत आने पर सभी अनुमंडल पदाधिकारी को तुरंत प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभ लेने वाले लाभुकों को लाभ देना सुनिश्चित करें लापरवाही बरते जाने पर कार्रवाई सुनिश्चित है। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त विनय कुमार, अपर समाहर्ता मनीष कुमार शर्मा, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी महेश कुमार दास, सिविल सर्जन, वरीय उप समाहर्ता शशि भूषण कुमार, डीसीएलआर पुपरी ललित कुमार सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अविनाश कुमार, ओएसडी प्रशांत कुमार के साथ संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी उपस्थित थे।

## जिला पदाधिकारी सीतामढ़ी की अध्यक्षता में जिला निरीक्षण समिति के सदस्यों द्वारा सीतामढ़ी जिला अंतर्गत संचालित बाल देख रेख संस्थानों यथा बाल गृह (बालक) सीतामढ़ी एवं विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान सीतामढ़ी का दिनांक 28. 07.2022 को निरीक्षण किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

किशोर न्याय बालकों की (देखरेख एवं संरक्षण) की धारा 154 के अंतर्गत जिला पदाधिकारी सीतामढ़ी की अध्यक्षता में जिला निरीक्षण समिति के सदस्यों द्वारा सीतामढ़ी जिला अंतर्गत संचालित बाल देख रेख संस्थानों यथा बाल गृह(बालक) सीतामढ़ी एवं विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान सीतामढ़ी का दिनांक 28. 07.2022 को निरीक्षण किया गया। किशोर न्याय बालकों की ( देखरेख एवं संरक्षण ) अधिक किशोर न्याय की धारा 65 के अंतर्गत संचालित विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थानों में निरीक्षण के दौरान कुल 4 बच्चे आश्वासित पाए गए जिसमें दो बच्चे सामान्य श्रेणी एवं दो बच्चे विशेष आवश्यकता वाले श्रेणी के अंतर्गत पाए गए। संस्थान में निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी सीतामढ़ी द्वारा विशेष दस्तक ग्रहण संस्थान सीतामढ़ी में पारा मेडिकल स्टाफ एएनएम की प्रतिनियुक्त करने का निर्देश सिविल सर्जन सीतामढ़ी को दिया गया। एवं विशेष श्रेणी के बालकों के लिए डाइट चार्ट बनाने हेतु डाइटिशियन का भ्रमण सुनिश्चित करने का निर्देश सिविल सर्जन सीतामढ़ी को दिया गया। गृहों में आवासित बच्चों का यथासंभव सरकारी दवा एवं सुविधाओं से बच्चों का इलाज कराने हेतु सीएस को निर्देश दिया गया। विशेष श्रेणी के दिव्यांग नेत्रहीन बालिका का विशेष चिकित्सक से जांच कराने का निर्देश भी दिया गया। दत्तक ग्रहण प्रक्रिया का अच्छे तरीके से देखरेख एवं अनुपालन करने का निर्देश प्रभारी समन्वयक को दिया गया। संस्था में आवासित बच्चों के लिए जिला पदाधिकारी द्वारा उपहार स्वरूप कपड़े एवं चॉकलेट प्रदान किए गए जिसे पाकर बच्चे काफी खुश दिखे। विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान निरीक्षण के उपरांत जिला निरीक्षण कमिटी सीतामढ़ी के सदस्यों द्वारा किशोर न्याय बालकों की (देखरेख एवं संरक्षण) की धारा 50 के अंतर्गत संचालित बाल गृह (बालक) सीतामढ़ी का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी का स्वागत बच्चों द्वारा बुके एवं हस्त निर्मित पेंटिंग देकर किया गया जिसे देखकर जिला पदाधिकारी काफी प्रसन्न हुए उनके द्वारा गृह आवासित बच्चों से बातचीत हुए उनकी दिनचर्या शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन एवं खेलकूद संबंधित सामग्रियों की उपलब्धता पर जानकारी प्राप्त की गई। जिला पदाधिकारी से इस प्रकार वार्तालाप के क्रम में गृह में आवासित बच्चे काफी प्रसन्न दिखाई दिए। गृह की अवसंरचना, शिक्षण व्यवस्था एवं स्वास्थ्य सुविधाओं में साफ–सफाई इत्यादि का जिला पदाधिकारी द्वारा अवलोकन किया गया। गृह निरीक्षण के क्रम में गर्मी की स्थिति के मद्देनजर बच्चों के शिक्षण संबंधी कक्ष में एडजॉस्ट फैन लगाने का निर्देश दिया गया। विशेष आवश्यकता के बच्चों को पढ़ने हेतु आर टी श्रेणी के शिक्षकों को गृह में भ्रमण सुनिश्चित कराने हेतु डीपीओ सर्व शिक्षा अभियान को निर्देश दिया गया। बच्चों के खेलने वाले मैदान में स्ट्रीट लाइट लगाने एवं मैदान की नियमित साफ–सफाई हेतु नगर निगम से सफाई कर्मी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश नगर आयुक्त सीतामढ़ी को दिया गया। विशेष श्रेणी के बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी उचित देखरेख हेतु चिकित्सकों का गृहों में नियमित भ्रमण सुनिश्चित करने तथा आवश्यकतानुसार बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य उपलब्धता हेतु विशेषज्ञ डॉक्टर से भी दिखाने का निदेश सिविल सर्जन सीतामढ़ी को दिया गया। गृह भ्रमण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा आवासित बच्चों को उपहार स्वरूप कपड़े एवं चॉकलेट प्रदान किए जिसे पाकर बच्चे काफी खुश हुए। उक्त निरीक्षण में सिविल सर्जन, डीपीओ सर्व शिक्षा अभियान, बाल संरक्षण पदाधिकारी सोनी कुमारी, ओएसडी प्रशांत कुमार, डीएसपी मुख्यालय, डीपीएम अशीत रंजन उपस्थित थे।

## प्रखंड सभागार मे पंचायत समिति सदस्यों की बैठक मे प्रखंड प्रमुख ने उठाए कई ज्वलंत सवाल

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा

पश्चिमी चंपारण। बगहा अनुमंडल अंतर्गत पिपरासी प्रखंड के सभागार मे शुक्रवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक प्रखंड प्रमुख अनीता कुमारी की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई।जिसमे पिपरासी प्रखंड के सभी पंचायतो की विधी व्यवस्था पर चर्चा की गई। प्रखंड प्रमुख ने कई ज्वलंत मुद्दा पर उठाए सवाल,जैसे ग्राम पंचायत राज सेमरा लबेदहा के कांटी टोला के लोगो के विस्थापन पर अंचलाधिकारी पिपरासी ललित कुमार सिंह ने रेलवे बांध से पच्चीस फिट नीचे भूमी आवंटित करने हेतु चिन्हित किया था,जो सही नही था। उन्हे दुसरी जगह विस्थापन के लिए अभी तक जमीन चिन्हित नही किया गया क्यो?वही दुसरी तरफ प्रखंड प्रमुख

ने सवाल उठाया कि ग्राम पंचायत राज बलुआ ठोरी नदी से घिरा हुआ है और जन वितरण प्रणाली की दुकान बगहा मे चलता है वह पंचायत अभी बाढ़ से घिरा है, मै चाहूंगी कि उस पंचायत का राशन मधुबनी अंचल कार्यालय के परिसर मे वितरित हो।

प्रखंड प्रमुख ने तीसरा सवाल रखा कि बाल विकास परियोजना पदाधिकारी लिखित मे प्रतिवेदन दे कि आगनबाणी केन्द्रों पर तालिका मेन्यू लिखा है या नही,तो ये भी स्पष्ट करे कि पोषाहार नियमित वितरित होता है या नही?उन्हो पुनः प्रश्न किया कि बरसात के दिनो मे चिकित्सा प्रभारी द्वारा दूरी वाले पंचायतों मे जैसे मंझरिया और सेमरा लबेदहा मे अतिरिक्त चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ती किये है या नही?प्रखंड प्रमुख ने ये भी प्रश्न किया कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी इस बात से अवगत है कि प्रखंड गंडक पार स्थित है और यहां नीजी विद्यालय भी नही है।

तो सभी सरकारी विद्यालयों मे छात्र छात्राओ की स्थिती ठीक है शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर बनाने के लिए आपने क्या क्या कदम उठाया है।आखरी सवाल पुनः अंचलाधिकारी से किया कि बाढ की तैयारी कहा तक हुई है सदन मे स्पष्ट करें तथा सिचाई विभाग ने तटबंध की सुरक्षा के लिए क्या तैयारी है।उत्त इन सभी ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा के बाद बैठक सम्पन्न हुई। मौके पर सभी पंचायत समिती सदस्य एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, सिंचाई विभाग के एस डी ओ और पिपरासी प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## चंडीगढ़ से रामगढ़वा पहुचे भाजपा नेताओं का प्रखंड अध्यक्ष श्री प्रमोद कुशवाहा के नेतृत्व में किया गया भव्य स्वागत

(संजय कुशवाहा अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वीचंपारण) रक्सौल। प्रखंड रामगढ़वा भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुशवाहा के नेतृत्व में शुक्रवार को रामगढ़वा प्रखंड के ग्राम पंचायत राज रघुनाथपुर के तिलकहनी ग्राम व चंपापुर पंचायत भवन में ओबीसी मोर्चा का एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंडीगढ़ से आए अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय कृष्ण कुमार जी, राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य आदरणीय जय भगवान कटारिया जी, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष आदरणीय अनिल राम जोशी जी का फूल माला एवं अंग वस्त्र के द्वारा भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया. इस कार्यक्रम में आए भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं से उपस्थित स्थानीय नेताओं सहित नेताओं को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ . इस बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर आपसी विचारों का आदान–प्रदान भी किया गया. कार्यक्रम मे उपस्थित मत्स्यजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक आदरणीय ललन चौधरी, वरिष्ठ नेता रामगोपाल खंडेलवाल, संजय संजू, मुरलीमनोहर प्रसाद, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष राजन गुप्ता, पंचायत अध्यक्ष हरिमोहन कुशवाहा, रामनिवास चौरसिया, सरपंच सदस्य अशोक प्रसाद, हरेंद्र चौरसिया, ग्राम पंचायत सदस्य आकाश पंडित, जितेंद्र प्रसाद सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

### प्रखंड बगहा दो सभागार में महावीरी झंडा और मोहर्रम को लेकर हुई शांति समिति कि बैठक

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। बगहा अनुमंडल अंतर्गत प्रखंड बगहा दो के सभागार भवन में नाग पंचमी,महावीरी झंडा और मोहर्रम को लेकर अनुमंडल स्तरीय शान्ति समिति की बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता बगहा अनुमंडल पदाधिकारी दीपक मिश्रा ने की।बैठक में सभी महावीरी झंडा और मोहर्रम के जुलूस के लिए लाइसेंस की नवीनीकरण और नए लाइसेंस के लिए सरकारी आदेश के अनुपालन के लिए निर्देश जारी किया गया।झंडा और मोहरम के जुलूस में धारदार हथियार पर शासन द्वारा मम एमएम रोक लगा दिया गया है,साथ ही प्रत्येक लाइसेंस धारी को इक्कीस लोगों की कमेटी गठित करने का भी निर्देश दिए गए।बैठक में विधान पार्षद श्री भीष्म सहनी, उप सभापति श्री जितेन्द्र राव, एसडीपीओ कैलाश चौधरी, बीडीओ बगहा दो, सीओ बगहा दो,पुलिस इन्स्पेक्टर अनिल कुमार सिन्हा, बुद्धिजीवी एवम सामाजिक कार्यकर्त्ता दया शंकर सिंह,राकेश सिंह,विनोद कुशवाहा,दीपक राही,आलमगीर रब्बानी,म.गयासुद्दीन,म. राशिद,मनोज सिंह,राजन गिरी,सतीश लाल श्रीवास्तव, मुनीन्द्र सिंह, सब इंस्पेक्टर लाल बाबु यादव,भूप नारायण यादव,जुगनू आलम, मोबीन अंसारी,सब्बीर अंसारी,म.साबिर, सुवास चौधरी,मयंक आलोक बाबा,म. इजहार समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### टेंपो पलटने से एक की मौत तथा सुपौल के दो पति पत्नी घायल

दिवाकर कुमार प्रखंड रिपोर्टर मानसी दैनिक अयोध्या टाइम्स। मानसी प्रखंड के अंतर्गत एनएच 31 चुकती ओवर ब्रिज के लगभग 500 मीटर पीछे मुख्तार शाह के बासा के सामने खगड़िया से महेशखूंट जा रही टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे एक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जिस शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल खगड़िया भेज दिया गया ।तथा सुपौल जिले के निवासी दो पति पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।

### दो अभियुक्त गिरफ्तार

साकेत राज दैनिक अयोध्या टाइम्स बेलछी बेलछी प्रखंड अंतर्गत सकसोहरा थाना क्षेत्र के दुर्जनचक ग्राम से दो अभियुक्त सकसोहरा कांड संख्या 53/22/9/7/22 धारा 323, 341,307,504,506,34 भा0 द0 वि0 कि तहत दीपक राम पिता– श्याम राम पूनम देवी पति –दीपक राम को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया!

### भाजपा संयुक्तमोर्चा की बैठक में मुद्दों पर चर्चा

दैनिक आयोध्या टाइम्स खगड़िया। खगड़िया जिला के बेलदौर बिधानसभा अंतर्गत गुरूवार को भाजपा के द्वारा संयुक्त मोर्चा की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से भाजयुमो के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य श्री आलोक डंगस और अक्षय बंसल जनालिया भाजयुमो जिलाध्यक्ष विनय भारती भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री अश्विनी सिंह प्रभारी नीरज नवीन एवं बजेश सिंह मौजूद रहे। इसके पूर्व राष्ट्रीय कार्यसमिति कार्यकताओं के साथ मंच मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ बैठक किये। और कन्हैया सरोवर में पौधा रोपन किये। बैठक का अध्यक्षता विनय भारती चौरसिया और संचालन जिला महामंत्री मृत्युंजय झा ने किया। मौके पर कार्यकताओं ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किये।राष्ट्रीय नेता ने केंद्रीय योजना को धरातल पर देख बहुत ही बढिया महसुस किया।और कुछ योजनाओं के बारे में आमलोगों को अवगत कराये। मौके पर भाजयुमो जिला महामंत्री सुमन चौरसिया मंडल अध्यक्ष मनोज भारती जिला उपाध्यक्ष प्रिंस भारती राजीव कुमार,शशि कुमार गुप्ता,मिथलेश गुप्ता इत्यादि मोजूद रहे।

### भूपभैरो मध्य विद्यालय के निरीक्षण में अनियमितता उजागर कानूनी कारवाई की अनुशंसा

वीरेन्द्र कु. सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढ़ी। जिला पदाधिकारी के निरीक्षण के क्रम में डुमरा प्रखंड के मध्य विद्यालय भूपभैरो मध्य में कई अनियमितता पाई गई। इस पर त्वरित कारवाई करते हुए डीपीओ कन्हैया ने प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कानूनी कारवाई करने की अनुशंसा जिला शिक्षा पदाधिकारी से कर दी है। जिला पदाधिकारी के निरीक्षण के उपरांत डीपीओ स्थापना के निदेशानुसार डीपीओ पीएम पोषण योजना संजय कुमार देव कन्हैया द्वारा उक्त विद्यालय का निरीक्षण किया गया। डीपीओ कन्हैया ने बताया कि जिला पदाधिकारी द्वारा मध्याह्न भोजन योजना की जानकारी ली जा रही थी, जिसमें प्रधानाध्यापक द्वारा अस्पष्टता बरती गई तथा यथोचित व्यवहार का अभाव था। निरीक्षण में प्रधानाध्यापक के विरुद्ध आरोप अधिरोपित किये गये है। उन्होंने बताया कि जिला पदाधिकारी के निरीक्षण के क्रम में मध्याह्न भोजन योजना के लाभान्वित छात्रों की संख्या नही बताना, अभिलेखों की मांग किये जाने पर उसका अनुपालन नही करना, नियमानुकूल अभिलेखों का संधारण नही करना, छात्रों की उपस्थिति पंजी उपस्थिति स्तंभ खाली रखना, शिक्षकों पर नियंत्रण नही रखना, प्रखंड शिक्षिका श्वेता कुमारी का उपस्थिति स्तंभ खाली रखना पाया गया है।

### निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाये जाने पर डीपीओ ने प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कारवाई की अनुशंसा

वीरेन्द्र कु. सिंह अयोध्या टाइम्स व्यूरो चीफ सीतामढी सोनबरसा। डीपीओ पीएम पोषण योजना संजय कुमार देव कन्हैया ने चिलरा मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक के विरुद्ध अनुसासनिक कारवाई की अनुशंसा डीईओ से की। 28जुलाई को निरीक्षण के क्रम में अनियमितता पाई जाने पर यह कारवाई की गई है। डीपीओ कन्हैया ने बताया कि निरीक्षण में पाया कि अप्रैल 2022 में अनाज उपलब्ध करा दिये जाने के बावजूद बच्चों के अभिभावको के बीच जनवरी एवं फरवरी 2022 का अनाज वितरण नही किया गया, लगभग 127 बोरा चावल विद्यालय में भंडारित रखा गया है, अनाज वितरण पंजी में अनाज की मात्रा एवं लाभान्वित होने वाले माह अंकित नही किया गया, नियमानुकूल अभिलेखों का संधारण नही किया जाना, बच्चों की दैनिक उपस्थिति पंजी में स्वयं अंकित करना पाया गया। वहीं उन्होंने बताया कि शिक्षक एवं शिक्षिका की लगातार की जा रही प्रतिनियुक्ति से शिक्षण कार्य बाधित होने की सूचना उच्चाधिकारी को नही दिया जाना है।

### स्वतंत्रता दिवस को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ने किया बैठक

रूपेश कुमार/बाढ़। अनुमंडल पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में बाढ़ अन